सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-349 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 14 जून 2025
17 जिलहिज्जा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com





# नेतन्याहू ने पीएम मोदी से की बात

## अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने की कूटनीति, तनाव पर भारत ने जताई चिंता

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शक्रवार को अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी सहित कई अन्य देशों के नेताओं से बातचीत की। यह जानकारी नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में दी गई। यह ईरान पर हवाई हमलों को लेकर नेतन्याहू की अंतरराष्ट्रीय समर्थन जुटाने की कूटनीति मानी जा रही है।

नेतन्याहू ने बीती रात से जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सहित कई विश्व नेताओं से बातचीत की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक संक्षिप्त बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि नेतन्याहू जल्द ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से भी बातचीत करेंगे। बयान के मुताबिक, इन नेताओं ने ईरान की ओर से मिल रही धमकियों के बीच इजरायल की सुरक्षा जरूरतों को समझा। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि वह आने वाले दिनों में भी इन नेताओं के संपर्क में रहेंगे। भारत सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह ईरान और इजरायल के बीच हालिया तनाव को लेकर





गंभीर रूप से चिंतित है और स्थिति पर करीबी से नजर बनाए हुए है। नई दिल्ली ने दोनों देशों से तनाव बढ़ाने वाले कदमों से बचने की अपील की है। इससे पहले, इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बताया कि उसने ईरान में एक सटीक और पहले से तय हमला किया है।

आईडीएफ के प्रवक्ता एफी डैफरीन ने कहा कि यह हमला ईरान के परमाणु कार्यक्रम को नुकसान पहुंचाने और इजरायल के खिलाफ ईरानी शासन की आक्रामक गतिविधियों के जवाब में किया गया है। यह हमला ईरान की ओर से बढ़ती धमकियों और हमलों को रोकने के लिए एक जरूरी और सुरक्षात्मक कदम था आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा, ईरानी शासन वर्षों से इजरायल को मिटाने की बात करता आया है और इसके लिए ठोस सैन्य योजनाएं बनाता रहा है। पिछले कुछ महीनों में मिले जानकारी से पता चला है कि ईरान पहले से कहीं अधिक परमाणु हथियार हासिल करने के करीब है। इसी को देखते हुए सुबह, आईडीएफ ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाकर सटीक और पहले से तय हमले शुरू किए, ताकि ईरानी शासन को निकट भविष्य में परमाणु बम बनाने से रोका जा सके।

उन्होंने कहा कि यह हवाई हमला इजरायल के अस्तित्व के अधिकार और उसके भविष्य की रक्षा के लिए किया गया है। उन्होंने कहा, हमारे पास कोई और विकल्प नहीं था। हम एक अस्तित्व को खतरे में डालने वाले संकट के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। हम ईरानी शासन को परमाणु हथियार हासिल करने की अनुमति नहीं दे सकते, क्योंकि यह सिर्फ इजरायल ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए खतरा होगा। उन्होंने आगे कहा, यह अभियान हमारे यहां जीने के अधिकार, हमारे भविष्य और हमारे बच्चों के भविष्य के लिए है।

### हमले में ईरान के 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख की मौत

**यरुशलम।** इजरायल के हमले में ईरान के अर्धसैनिक बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के प्रमुख जनरल हुसैन सलामी की मौत हो गई। देश के सरकारी टेलीविजन ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। टेलीविजन में समाचार प्रस्तोता ने एक बयान पढ़ा जिसमें कहा गया, ''जनरल हुसैन सलामी की हत्या कर दी गई है।'' हालांकि बयान में इसके अलावा कोई जानकारी नहीं दी गई। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को दावा किया कि नतांज स्थित ईरान के मुख्य संवर्धन केंद्र सहित अन्य ठिकानों पर हमला किया गया है।

## अमेरिका ने युद्धपोत पश्चिम एशिया भेजे

**वाशिंगटन।** इजरायल द्वारा ईरान के ठिकानों पर किए गए हमले के बाद खाड़ी देश की ओर से जवाबी कार्रवाई किए जाने की आशंका के मद्देनजर अमेरिका अपने युद्धपोतों सहित सैन्य संसाधनों को पश्चिम एशिया की ओर स्थानांतरित कर रहा है। अमेरिका के दो अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

नौसेना ने विध्वंसक पोत यूएसएस थॉमस हडनर को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर बढ़ने का निर्देश दिया है तथा दूसरे विध्वंसक पोत को भी आगे बढ़ने का निर्देश दिया गया है, ताकि व्हाइट हाउस द्वारा अनुरोध किए जाने पर वे उपलब्ध हो सकें। एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप स्थिति पर चर्चा करने के लिए अपने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुखों के साथ बैठक कर रहे हैं। दोनों अमेरिकी अधिकारियों ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह जानकारी दी क्योंकि अब तक इस जानकारी को सार्वजनिक नहीं किया गया है। क्षेत्र में सेनाएं कई दिनों से एहतियाती कदम उठा रही हैं, जिनमें सैनिकों के आश्रितों को स्वेच्छा से क्षेत्रीय सैन्य अड्डों से वापस बुलाना शामिल है।

## पात्र आवेदकों को 75 दिन में मिलेगा राष्ट्रीय पारिवारिक योजना का लाभ

- प्रदेश सरकार ने तय की समय सीमा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के पात्र आवेदकों को आवेदन की तारीख से 75 दिनों के भीतर ही सहायता राशि मुहैया करा दी जाएगी। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह समय सीमा तय की गई है।

बयान में बताया गया कि आवेदन से लेकर भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है और हर कदम पर जवाबदेही तय की गई है। बयान के मुताबिक, नई व्यवस्था के तहत पात्र आवेदकों को अब आवेदन की तारीख से 75 दिनों के भीतर सहायता राशि उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है।

बयान में बताया गया कि अगर किसी कारणवश तय सीमा पर राशि नहीं मिलती है, तो जिला स्तर पर ही समिति से मजूरी लेकर तुरंत भुगतान किया जाएगा। बयान के मुताबिक, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ऐसे परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है, जिनके घर में 18 वर्ष से अधिक व 60 वर्ष से कम आयु के एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी हो।

इस स्थिति में उनके आश्रितों को योजना का लाभ दिया जाता है। बयान में बताया गया कि शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये और ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 रुपये की राशि तय की गई है तथा सरकार ऐसे परिवार को 30,000 रुपये एक मुश्त भुगतान करती है। बयान के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1,08,883 निराश्रित परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाया गया है और सरकार ने इस संबंध में 326.64 करोड़ रुपये खर्च किये हैं।

## विमान हादसे में पुलिस ने दर्ज की आकस्मिक मौत की रिपोर्ट, एजेंसियों ने शुरू की जांच

**अहमदाबाद।** गुरुवार को हुए बड़े विमान हादसे में 265 लोगों की जान चली गई, जिनमें 241 यात्री और चालक दल के सदस्य शामिल थे। अब अहमदाबाद पुलिस ने इस हादसे में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है और कई एजेंसियों ने इसकी जांच शुरू कर दी है।



लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट - बोइंग 787 ड्रीमलाइनर ने अहमदाबाद हवाई अड्डे से दोपहर में उड़ान भरी थी। लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद यह विमान मेघाणी नगर इलाके में स्थित एक मेडिकल कॉलेज परिसर में क्रैश हो गया और उसमें आग लग गई। जहां हादसा हुआ वो बीजे मेडिकल कॉलेज से जुड़े एमबीबीएस छात्रों और रेजिडेंट डॉक्टरों के आवासीय क्वार्टर हैं। हादसे में इन क्वार्टरों में रहने वाले कई डॉक्टर और छात्र भी मारे गए।

मेघाणी नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार दोपहर करीब 1:44 बजे पुलिस को हादसे और आग लगने की जानकारी मिली। जब दमकल कर्मियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया, तो पता चला कि अधिकतर यात्री और चालक दल के सदस्य जलकर मौत के शिकार हो गए। सभी शवों को एंबुलेंस के जरिए सिविल अस्पताल ले जाया गया।

एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने हादसे की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों की टीमों ने भी शुक्रवार को घटनास्थल का दौरा किया। जानकारी के मुताबिक, ये टीमें किसी संभावित आतंकी या सुरक्षा खतरे के एंगल से भी जांच कर रही हैं।


## यूपी में पकड़ा गया खालिस्तानी फैन, टीशर्ट पर लिखा था जिंदाबाद

**लखीमपुर।** कोतवाली सदर पुलिस ने शुक्रवार शाम खालिस्तानी टी-शर्ट पहना दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है।

पता लगा रही है इनका खालिस्तान खालिस्तान संगठन से क्या रिश्ता है साथी यह भी पता लगाया जा रहा है कि जिले में और कितने युवक हैं जो इस पूरे संगठन में शामिल है। दो दिन पहले सोशल मीडिया पर एक बाइक पर सवार इन दोनों युवकों को खालिस्तान जिंदाबाद छपी हुई टी-शर्ट पहने देखा गया था। जिसकी फोटो शाहजहांपुर जिले से सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही थी। इनका पता लगाते लगाते पुलिस को जानकारी मिली कि यह दोनों लखीमपुर खीरी जिले के रहने वाले हैं। इन दोनों को शुक्रवार शाम पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

## भारत में लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद मई में रोजगार सृजन 8.9 प्रतिशत बढ़ा

- नौकरियों से जुड़ी वैश्विक स्तर पर वेबसाइट 'इनडीड' की रिपोर्ट
- भारत में रोजगार सृजन अन्य देशों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा



**नई दिल्ली।** भारत में रोजगार सृजन में लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद मई में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई। नौकरियों से जुड़ी वैश्विक स्तर पर वेबसाइट 'इनडीड' की रिपोर्ट के अनुसार, गिरावट के बावजूद भारत में रोजगार सृजन कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले के मुकाबले करीब 80 प्रतिशत से अधिक रहा। यह अन्य प्रमुख बाजारों की तुलना में अधिक है।

इनडीड के एशिया प्रशांत क्षेत्र के वरिष्ठ अर्थशास्त्री कैलम पिकरिंग ने कहा, ''भारत में रोजगार सृजन अन्य देशों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश अधिक औपचारिक आर्थिक व्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है।'' उन्होंने कहा, ''जैसे-जैसे देश में बदलाव आएगा, वैसे-वैसे औपचारिक क्षेत्र में रोजगार सृजन देश भर में समग्र रोजगार में वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक मजबूत होगा और हमने हाल के वर्षों में लगातार ऐसा देखा है। अन्य अर्थव्यवस्थाएं इस तरह के बदलाव से नहीं गुजर रही हैं।'

इनडीड की यह रिपोर्ट वैश्विक नौकरी वेबसाइट के मंच पर मई तक 2020 (वैश्विक महामारी अवधि), 2024 और 2025 के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है। इसमें कहा गया, रोजगार सृजन मुख्य रूप से बाल देखभाल (27 प्रतिशत), व्यक्तिगत देखभाल और गृह स्वास्थ्य (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) में हुआ। `बसाइट इनडीड के आंकड़ों के अनुसार, जनरेटिव एआई क्षेत्र में मई 2025 तक रोजगार सृजन 1.5 प्रतिशत रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में दोगुना से भी अधिक है।

## बिहार राजद प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नाम लगभग तय

**पटना।** नामांकन के दो दिन पहले तक राजद प्रदेश अध्यक्ष के पद की दौड़ में दो चेहरे थे। शुक्रवार दोपहर तक उनमें से एक नाम पीछे छूट गया। वे पार्टी के संकट-मोचक माने जाने वाले पूर्व मंत्री आलोक मेहता हैं। उसके बाद यह लगभग तय हो गया कि प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद के स्थानापन्न अब मंगनी लाल मंडल ही होंगे।



कारण यह कि प्रदेश अध्यक्ष का चयन अब तक निर्विरोध ही हुआ है। सुप्रीमो लालू प्रसाद की पसंद व अनुमति से मात्र एक नामांकन होता रहा है। इसकी संभावना प्रबल है कि शनिवार को एकमात्र मंडल का ही नामांकन हो। शुक्रवार तक किसी ने भी नामांकन-पत्र नहीं लिया था।

राजद नामांकन-पत्र भी उसे ही देता है, जिसके लिए सुप्रीमो लालू प्रसाद का संकेत होता है। अब तेजस्वी की पसंद का मान भी लालू की इच्छा से कम नहीं। सूत्र बता रहे कि दोनों का मानना है कि परंपरागत समीकरण (मुसलमान-यादव) के साथ अति-पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) को साधे बिना सत्ता तक पहुंच सहज नहीं। ईबीसी में धानुक जाति से आने वाले मंडल के साथ एक विशेषता मिथिला का निवासी होना भी है, जहां कभी राजद की स्थिति मजबूत हुआ करती थी।

## कुछ दिन और गर्मी, जल्द पूर्वी भारत में मानसून की एंट्री

- नया मानसूनी सिस्टम बंगाल की उत्तर खाड़ी में 14 जून के आसपास बनने जा रहा



**नई दिल्ली।** गर्मी की मार झेल रहे लोगों के लिए राहत खबर की है। आने वाले दिनों में जल्द ही कई राज्यों में मानसून दस्तक दे सकता हैं। एक नया मानसूनी सिस्टम बंगाल की उत्तर खाड़ी में 14 जून के आसपास बनने जा रहा है। यह एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन होगा जो अगले 48 घंटों में और मजबूत हो जाएगा। यह सिस्टम ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान की सीमा तक पहुंचेगा। इस रास्ते में यह कई राज्यों में बारिश की गतिविधियों को गति देगा।

2025 में दक्षिण-पश्चिम मानसून ने ज़बरदस्त और तेज शुरुआत की। 26 मई तक देश के 35 प्रतिशत हिस्से को कवर कर लिया था। यह मानसून आने की सामान्य तारीख से कहीं पहले है। हालांकि, इसके बाद यह पश्चिमी और पूर्वी दोनों दिशाओं में ठहर गया। पश्चिम तट पर मानसून मुंबई से आगे नहीं बढ़ा और पूर्वी भारत में यह बालुरघाट, दार्जिलिंग और कालिमपोंग तक ही सीमित रह गया। आमतौर पर 15 जून तक मानसून पूरे पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार में फैल जाता है, लेकिन इस बार थोड़ी देरी हुई है।

स्काईमेट वेदर का कहना है कि, नया मानसूनी सिस्टम बंगाल की उत्तर खाड़ी में 14 जून के आसपास बनने जा रहा है। यह एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन होगा जो अगले 48 घंटों में और मजबूत हो जाएगा। यह सिस्टम ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश होते हुए राजस्थान की सीमा तक पहुंचेगा। इस रास्ते में यह कई राज्यों में बारिश की गतिविधियों को गति देगा। मुख्य बारिश 16 जून के बाद ही शुरू होगी। पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार में 16 से 18 जून के बीच अच्छी मानसूनी बारिश देखने को मिलेगी। इन्हीं तारीखों में इन राज्यों में मानसून के पहुंचने की संभावना है।

एजेंसी का अनुमान है कि, जैसे ही यह सिस्टम पश्चिम की ओर बढ़ेगा, यह मानसून की धारा को और फैलाएगा। 19 से 21 जून के बीच मानसून छत्तीसगढ़, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पूर्वी मध्य प्रदेश को कवर कर लेगा। इसके बाद, सप्ताह के अंत तक मानसून की धारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम और उत्तर मध्य प्रदेश, दिल्ली और पूर्वी राजस्थान तक पहुंचने की संभावना है।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए पहला जत्था 15 जून को रवाना

- यूपी सरकार के व्यापक इंतजाम, पर्यटन मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

**लखनऊ।** 15 जून से शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा, पर्यटन मंत्री हरी झंडी दिखाकर करेंगे जत्थे को रवाना उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन में ठहरने वाले तीर्थयात्रियों/अतिथियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। आगंतुकों को शुद्ध सात्विक भोजन परोसने की व्यवस्था भू-तल पर स्थित भोजनालय में होगी।

यात्रियों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षित योग गुरुओं के सानिध्य में योग कराया जाएगा। तीर्थयात्रियों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने, शांति प्रदान करने तथा धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भजन संध्या का आयोजन भी होगा।

यूपीएसटीडीसी द्वारा यात्रा भवन परिसर में तीर्थयात्रियों के लिए आध्यात्मिक और सनातन साहित्य उपलब्ध करायी गई है। ताकि, यात्री स्वेच्छापूर्वक पसंद की पुस्तक पढ़ सकें। परिसर में स्वास्थ्य केंद्र भी स्थापित किया गया है, जहां डॉक्टरों की टीम मेडिकल जांच करेगी। भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के स्टाफ, जिला प्रशासन के अधिकारी एवं पर्यटन निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी भी सेवा भाव से उपलब्ध रहेंगे।

**अफसोस** विमान हादसे के एक दिन बाद बोले टाटा समूह के मुखिया

# टाटा समूह के इतिहास का सबसे काला दिन

**नई दिल्ली।** भले ही यह कठिन समय हो, लेकिन समूह अपनी जिम्मेदारियां निभाएगा और सही काम करने से पीछे नहीं हटेगा। अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के एक दिन बाद टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने विमान हादसे के दिन को एअर इंडिया के इतिहास का सबसे काला दिन भी बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एयर इंडिया का स्वामित्व रखने वाला समूह विमान हादसे से जुड़ी सूचना देने के लिए अपनी प्रणाली में पूरी पारदर्शिता रखेगा।



कर्मचारियों को भेजे गए एक आंतरिक संदेश में टाटा समूह के मुखिया ने कहा कि जब टाटा संस ने एअर इंडिया का अधिग्रहण किया था, तो यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता थी और इससे कोई समझौता नहीं किया गया। उन्होंने कहा भले ही यह कठिन समय हो, लेकिन समूह अपनी जिम्मेदारियां निभाएगा और सही काम करने से पीछे नहीं हटेगा। अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के एक दिन बाद टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने विमान हादसे के दिन को एअर इंडिया के इतिहास का सबसे काला दिन भी बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एयर इंडिया का स्वामित्व रखने वाला समूह विमान हादसे से जुड़ी सूचना देने के लिए अपनी प्रणाली में पारदर्शिता रखेगा।

टाटा समूह के प्रमुख की ओर से कर्मचारियों को भेजा गया यह संदेश एयर इंडिया के लंदन जाने वाले बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान के अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त होने के एक दिन बाद सामने आया है। इस विमान में सवार 242 लोगों में से 241 लोगों की मौत हो गई थी। यह देश की सबसे भीषण हवाई दुर्घटनाओं में से एक थी।

चंद्रशेखरन ने कहा कि कहा कि पिछले 24 घंटों में ब्रिटेन और अमेरिका से जांच दल दुर्घटना की जांच के लिए अहमदाबाद पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा, उन्हें हमारा पूरा सहयोग मिल रहा है और हम निष्कर्षों के बारे में पूरी पारदर्शिता बरतेंगे। हम परिवारों और प्रियजनों, अपने पायलटों और चालक दल के सदस्यों और आपके प्रति ऋणी हैं। टाटा समूह समाज के प्रति जिम्मेदारी को गंभीरता से लेता है और इसमें जो कुछ हुआ उसके बारे में बताना भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि इस समय समूह की कोशिश ऐसी व्याख्याओं की तलाश है जो इस आपदा के लिए सार्थक हों। चारों ओर इस बारे में बहुत सारी अटकलें हैं। इसमें से कुछ सही हो सकती हैं, कुछ गलत भी हो सकती हैं। इसलिए मैं धैर्य रखने का आग्रह करना चाहता हूं। चंद्रशेखरन ने कहा, यह नियमित उड़ान आपदा में क्यों बदल गई, यह जानने में प्रशिक्षित जांचकर्ता हमारी मदद करेंगे, जब उनका काम पूरा हो जाएगा। एक बार जब हम तथ्यों की पुष्टि कर लेंगे, तो हम इस त्रासदी के बारे में अपनी जानकारी में पारदर्शिता लाएंगे।

### जो कुछ हुआ, वह समझ से परे : टाटा समूह

चंद्रशेखरन ने कहा, यह बहुत कठिन क्षण है। जो कुछ हुआ, वह समझ से परे है, और हम सदमे और शोक में हैं। एक ऐसे व्यक्ति को खोना जिसे हम जानते हैं, एक त्रासदी है, लेकिन एक साथ इतनी मौतें होना समझ से परे है। चंद्रशेखरन ने कहा, यह टाटा समूह के इतिहास का काला दिन है। इस समय सांत्वना देने के लिए शब्द नहीं हैं, लेकिन मेरी संवेदनाएं दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के साथ हैं।

## राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने राजा रघुवंशी हत्याकांड को बताया जघन्य

**देहरादून।** लिव इन के लिए सख्त नियम बनाने की जरूरत है। देखने में आया है कि लंबे समय तक युवक व युवती एक साथ रहते हैं। आगे चलकर किसी बात को लेकर दोनों के बीच कोई विवाद होता है कि युवक युवती को छोड़ देता है, जिससे युवती को न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। यह बात राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पुलिस लाइन में आयोजित जन सुनवाई के दौरान कही।



इंदौर के बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में उन्होंने कहा कि यह गंभीर व जघन्य अपराध है। ईश्वर ने महिलाओं को ममता गिफ्ट के रूप में दी है, इसे संभालकर रखने की जरूरत है। यह मामला जघन्य है, लेकिन अन्य महिलाओं से हम सोनम की तुलना नहीं कर सकते। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) में उत्तराखंड में लगातार बढ़ रहे महिला उत्पीड़न के मामलों पर उन्होंने कहा कि महिलाएं अब काफी शिक्षित हो चुकी हैं। वह अपनी शिकायत पुलिस से कर रही है, जिसके चलते केस अधिक रिकार्ड किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि हर महिला शिकायत दर्ज करने के लिए दिल्ली तक नहीं आ पाती, ऐसे में राजधानी स्तर पर महिला जनसुनवाई की शुरुआत की गई है। गांवों में रहने वाली महिलाएं राजधानी तक नहीं पहुंच पाती ऐसे में उनके लिए आयोग आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया गया है। आयोग डिवीजन स्तर पर जाकर महिलाओं की समस्याओं का समाधान करेगी।

# विद्युत व्यवस्था को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** धौरहरा विधानसभा क्षेत्र में बदहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम धौरहरा को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि उत्तम वर्मा एवं सपा विधानसभा अध्यक्ष विकास यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बिजली आपूर्ति में लापरवाही और कटौती को लेकर नाराजगी जताई ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में भीषण गर्मी के चलते जनता बिजली की समस्या से बेहाल है। जर्जर तार और टूटे पोलों के कारण जान-माल का खतरा बना हुआ है, जिन्हें अविलंब बदला जाना चाहिए। साथ ही, अघोषित बिजली कटौती को तुरंत बंद करने, लो-वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए उपकेन्द्र स्थापित करने की मांग की गई।सपा कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि कई ग्रामों व कस्बों में ट्रांसफार्मर की क्षमता कम है जबकि कनेक्शन अधिक हैं, ऐसे में उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाए जाएं। किसानों की फसलें सूख रही हैं, जबकि सरकार बिजली फ्री देने की बात कर रही है लेकिन धरातल पर किसान बिजली को तरस रहा है। सिंचाई के लिए उचित समय और वोल्टेज तय किया जाए। इसके अलावा हटाए गए बिजली कर्मचारियों का समायोजन भी किया जाए। इस दौरान समाजवादी पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर शीघ्र अमल नहीं हुआ, तो पार्टी को जनहित में बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस दौरान ओम प्रकाश यादव, ललित यादव, यज्ञ प्रताप मिश्रा, अमन वर्मा, ऋषिराज गौतम, योगेश प्रताप, राधेश्याम, शिव कुमार भार्गव, इंद्रेश वर्मा, विनोद कुमार,मातादीन, सुकई, श्यामू, अरविंद वर्मा, अरविंद यादव, मोहम्मद शमशाद, विवेक कटियार, सर्वेश कुमार सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला पंचायत, नगर निकाय व आवास विकास परिषद के कार्यों की हुई समीक्षा

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** उप्र विधान परिषद की विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, जिला पंचायतों, नगर निगमों में अनियमितताओं पर अंकुश लगाने, जाँच किये जाने सम्बन्धी समिति के सभापति बृजेश कुमार सिंह प्रिन्सू की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में लखीमपुर खीरी एवं सीतापुर जनपदों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति के सदस्य समिति सदस्य रवि शंकर सिंह %पप्पू भैया%, डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, विशेष आमंत्रित सदस्य अनूप कुमार गुप्ता, शशांक यादव भी उपस्थित रहे बैठक की शुरुआत में दोनों जिलों के अफसरो से उनका परिचय और कार्य दायित्व जाना। बैठक में समिति द्वारा संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली, विकास योजनाओं की प्रगति और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के विषय में विस्तार से चर्चा की गई बैठक के दौरान जिला पंचायत से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की गई सभापति ने राजस्व संग्रह बढ़ाने हेतु स्पष्ट कार्ययोजना की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सालयों व मैरिज लॉन्स को चिह्नित कर उनसे राजस्व संग्रह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बजट एवं पंचम वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष व्यय की प्रगति, संसाधनों के विकास की कार्य योजना तथा भूमि की उपलब्धता की जानकारी भी प्राप्त की। इसके साथ ही, जिला पंचायत द्वारा संचालित विद्यालयों में नामांकित छात्रों की संख्या एवं उपलब्ध शिक्षकों की स्थिति भी जानी नगर निकायों की समीक्षा के दौरान सभापति ने साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि सफाईकर्मियों की मॉनिटरिंग टेक्नोलॉजी के साथ-साथ मौके पर भी की जाए। बरसात से पहले नालों की सफाई की प्रगति, फॉगिंग मशीनों की उपलब्धता व उनकी क्रियाशीलता की जानकारी ली गई। इसके साथ ही, नगर निकायों की राजस्व सृजन से जुड़ी कार्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। आवास विकास परिषद से संबंधित योजनाओं तथा उनके विस्तार की प्रगति पर भी विचार-विमर्श हुआ बैठक के समापन पर सीडीओ अभिषेक कुमार ने समिति के सभापति, सदस्यों और आमंत्रित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि समिति द्वारा दिए गए सभी सुझावों, मार्गदर्शन और दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा बैठक में खीरी से एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह, सभी नगर पंचायत के ईओ और सीतापुर से सीडीओ निधि बंसल, एडीएम नीतीश कुमार सिंह, एएसपी दुर्गेश प्रताप सिंह, अपर मुख्य अधिकारी अभिषेक कुमार सिंह एवं सभी अधिशासी अधिकारी नगरीय निकाय और समिति की निजी सचिव धर्मेंद्र सिंह, समिति अधिकारी अनुसचिव धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, सहायक समिति अधिकारी अभिषेक पांडेय, वृत्तलेखक अर्चित बाजपेई, एपीएस अजय चौहान मौजूद रहे।

# बच्चे कल के भविष्य निर्माता, बाल श्रमिक नियोजित न होने दें: श्वेता

## अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध सप्ताह के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती श्वेता ने बाल श्रम कुरीति को समाप्त करने पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी व आमजन को जागरूक होना होगा कि हम कहीं पर भी बाल श्रमिक नियोजित न होने दें, क्योंकि आज का बच्चा कल का भविष्य निर्माता है इसलिए बच्चों को शिक्षा दिलया जाना अनिवार्य है। डिप्टी कलेक्टर श्रीमती श्वेता आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध सप्ताह पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रही थी। उप श्रमायुक्त ने बाल श्रम बाल और किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 यथा संशोधित अधिनियम 2016 में विनिर्दिष्ट प्रावधानों तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी और कहा कि हम सबको बच्चों से कार्य नहीं कराया जाना चाहिए तथा हमें प्रण करना है कि हमें जनमानस में जागरूकता लानी है कि वे बच्चों से कार्य न करायें, बल्कि उनको स्कूल में शिक्षा दिलायें। श्रीमती वन्दना गुप्ता ने कहा कि बाल श्रम का मुख्य कारण गरीबी है। बच्चों के माता-पिता को भी यह सोचना होगा कि बच्चों से कार्य न कराकर उन्हें स्कूल में शिक्षा दिलायें। श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिकों के बच्चो के लिए मण्डल सहारनपुर में अटल आवासीय विद्यालय, मुजफ्फरनगर में संचालित है, जिसमें कक्षा-6 से कक्षा-12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा दी जा रही है। जिलाधिकारी के प्रयास से सहारनपुर में भी अटल आवासीय विद्यालय हेतु भूमि का चिन्हांकन कर लिया गया है, जल्द ही जनपद सहारनपुर में भी अटल आवासीय विद्यालय बनाया जायेगा। उन्होंने दुकानदारों व औद्योगिक प्रतिष्ठानों के स्वामियों से अपील की कि वह बच्चों को रोजगार पर न रखकर वयस्क पुरूष व स्त्री को ही रोजगार पर रखें।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी शैलेन्द्र शिवम त्रिपाठी ने मजदूरों के हितार्थ सरकार द्वारा चालायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। जिला स्वच्छता सलाहकार देवभास्कर पाण्डेय ने सुझाव दिया कि ग्राम पंचायत स्तर पर श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, जिला महिला एवं बाल कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत राज विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित कर अपने विभाग की योजना की जानकारी दी जानी चाहिए तथा बाल श्रमिक यदि कहीं हो, तो उन्हें चिन्हित कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की कार्यवाही करायी जानी चाहिए। चैम्बर ऑफ इण्डस्ट्रीज एण्ड सर्विस अध्यक्ष रविन्द्र मिगलानी ने कहा कि बाल श्रम जैसी कुरूति को समाप्त करने हेतु आमजन को जनजागरूकता लाया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि हमारे संगठन से सम्बन्धित कोई भी औद्योगिक इकाई बाल व किशोर श्रमिक नियोजित नहीं करती है। संगोष्ठी में सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष अनिल कुमार, व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष शीतल टण्डन, सुरेन्द्र कुमार ने भी बाल श्रमिक नियोजन न करने पर अपने विचार व्यक्त किये गये। संगोष्ठी में प्रतिनिधि बीएसए श्रीमती श्रेया, जिला स्वच्छता सलाहकार देवभास्कर, सीडीपीओ कंवरजहां त्यागी, जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती शिवांका गौर, सीडीपीओ नानौता श्रीमती रेखा, एसआई एएचटीयू सन्दीप कुमार, चैम्बर ऑफ इण्डस्ट्रीज एण्ड सर्विस के अध्यक्ष रविन्द्र मिगलानी, मंजित सिंह अरोड़ा, संजय गुप्ता, विजय वशिष्ट, श्रवण सिंह, सुरेन्द्र कुमार, निशान्त, सुरेन्द्र मोहन, रविन्द्र कालरा आदि उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म के मुकदमें वांछित आरोपी को भेजा जेल

**सहारनपुर।** थाना तीतरो पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना तीतरो प्रभारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि विगत् 12 जून को वादिया की तहरीर पर आरोपी जावेद पुत्र आस मौहम्मद उर्फ आशू निवासी ग्राम धानवा थाना तीतरों के खिलाफ वादिया की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने की सूचना के सम्बन्ध में थाना तीतरो पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री कुमार ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित चल रहे आरोपी जावेद पुत्र आस मौहम्मद को फूसगढ़ पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त विनोद पुत्र अवधराध को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वांरटी अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

# ट्रैक्टर से बाइक चालक को कुचलने की कोशिश की, पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** कोतवाली सदर के गांव परसिया घाट में पहले से घात लगाए बैठे हमलावरों ने ट्रैक्टर से बाइक चालक को कुचलने की कोशिश की। इससे उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है कोतवाली सदर के गांव परसिया घाट निवासी रामपाल ने बताया कि वह सुबह करीब पांच बजे अपने खेत पर जा रहा था। तभी रास्ते में प्रताप के कोल्हू के पास गांव के ही तीन भाई रास्ते में प्रताप के कोल्हू के पास पहले से घात लगाए बैठे थे। जैसे ही आरोपियों ने उसे देखा तो अपने ट्रैक्टर से उसकी बाइक में कई बार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उसकी बाइक भी टूट गई गाली गलौज करते हुए जान से मार देने की धमकी दी और ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग गए। घायल ने तीनों आरोपियों के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

# नेपाल बॉर्डर पर बसा चौगुर्जी गांव बदलेगा अपनी पहचान

## सोलर लाइट से जगमगाया, अब हर घर तक पहुंचेगा पेयजल



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** नेपाल सीमा से सटे निघासन तहसील के सुदूरवर्ती गांव चौगुर्जी, जिसे अब तक कटे हुए गांव के रूप में जाना जाता था, अब विकास की नई कहानी लिख रहा है। मोहाना नदी की वजह से अलग-थलग पड़ा यह गांव अब ना तो अंधेरे में रहेगा और ना ही प्यासा बीते दिनों डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक शशांक वर्मा मोटरबोट से गांव में पहुंचे। उन्होंने केवल समस्याएं नहीं सुनीं, बल्कि उनके समाधान की शुरुआत भी की। उसी का नतीजा है कि गांव की गलियों में अब 20 सोलर स्ट्रीट लाइट्स की रौशनी अंधेरे को चीरती दिख रही है। पेयजल संकट को भी गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने गांव में बोरिंग कार्य शुरू करा दिया है। जल्द ही हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा।बीते दिनों मोटर वोट पर सवार होकर ग्राम चौपाल में पहुंची डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और विधायक शशांक वर्मा ने ग्रामीणों की बातों को सिर्फ सुना नहीं, बल्कि उन्हें योजनाओं में बदलकर धरातल पर उतारने की ठान ली। इस प्रतिबद्धता का पहला असर गांव की गलियों में दिखा, जहां अब 20 सोलर स्ट्रीट लाइट्स की रौशनी अंधेरे को पराजित कर रही है डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर विधायक शशांक वर्मा ने व्यक्तिगत रुचि लेकर अपनी विधायक निधि से इन लाइटों की स्थापना सुनिश्चित कराई। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का असली असर तब दिखता है जब अफसर और जनप्रतिनिधि एकजुट होकर जमीन पर उतरें। चौगुर्जी इसका उदाहरण है।

# पीड़ित महिलाओं को दिलाएं त्वरित न्याय: सपना कश्यप

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती सपना कश्यप ने आज महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए जनसुनवाई की।

सर्किट हाउस सभागार में उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती सपना कश्यप ने महिलाओं व बालिकाओं के अधिकारों की जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारित किया। उनके द्वारा 15 प्रकरणों को सुना गया, जिसमें से 05 प्रकरण घरेलू हिंसा (महिला थाना) तथा 05 प्रकरण पुलिस विभाग व 03 प्रकरण राजस्व विभाग, 01 प्रकरण आबकारी विभाग तथा 01 बिजली विभाग से सम्बन्धित प्राप्त हुए हैं जिनमें से 01 प्रकरण को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। सभी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये तथा प्रकरण में फालोअप लेते हुए निस्तारण आख्या से उन्हें अवगत कराने के निर्देश



पुलिस अधिकारियों को दिये गये। सदस्या द्वारा महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछडा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ के विषय मे समीक्षा की गयी।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय ने महिलाओं को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानाकरी प्रदान करते हुए उप्र शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिलाओं को पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, कन्या सुमंगला योजना से अच्छादित बालिकाओं को लाभ दिलाये जाने, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना से जनपद में उप्र बाल सेवा योजना तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न, कन्या भ्रूण हत्या, मानव तस्करी के विषय में जानकारी प्रदान की गयी।

जनसुनवाई कार्यक्रम के उपरान्त सदस्या, राज्य महिला आयोग द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करते हुए अवगत कराया गया कि राज्य महिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत प्रकरणों में से ज्यादातर प्रकरण पुलिस विभाग से सम्बन्धित होते है इसलिए उनके त्वरित निस्तारण हेतु समस्त थानाध्यक्षों को अपने स्तर से निर्देशित किया जाये। अपने-अपने थानों में महिलाओं से सम्बन्धित प्रकरणों को गम्भीरतापूर्वक लेते हुए उन्हें भी सर्वोच्च प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाये। सदस्या द्वारा महिला सहायता प्रकोष्ठ का निरीक्षण करते हुए प्रभारी महिला अधिकारी को महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं में दोनों पक्षों को सामने बैठाकर समझौता कराते हुए समस्याओं का अधिक से अधिक निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी गंगोह सुश्री रूचि गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी महिला थाना श्रीमती बबीता तोमर, पूर्ति निरीक्षक सदर नरेश कुमार, आपूर्ति लिपिक नागेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने जिला मुख्यालय पर दिया धरना

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय आंगनबाड़ी कर्मचारी महासभा से जुड़ी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने आज फोटो कैप्चर व लाभार्थियों के केवाईसी करने में आ रही परेशानियों को लेकर प्रदर्शन कर धरना दिया और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। आज आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने हकीकत नगर के रामलीला मैदान पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने फोटो कैप्चर एवं लाभार्थियों की केवाईसी में आ रही दिक्कतों का समाधान न होने पर अपना विरोध व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास भारत सरकार के आदेशानुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को यह निर्देशित किया गया है कि वह पोषाहार वितरण हेतु लाभार्थियों के फोटो कैप्चर एवं उनकी केवाईसी स्वयं करें, जिस लाभार्थी के परिजन का फोटो कैप्चर किया जाएगा। पोषाहार केवल उसी व्यक्ति या महिला को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव देहात में अधिकांश लाभार्थियों के अलग-अलग परिजन पोषाहार लेने केंद्रों पर आते हैं, ऐसी स्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए फोटो कैप्चर एवं लाभार्थियों की केवाईसी करना संभव हो रहा है, क्योंकि विभाग द्वारा जो फोन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किए गए हैं, वह 2जी फोन है और वह फोन उस ऐप को खोल ही नहीं रहा है। दूसरी तरफ हमारे अधिकांश आंगनवाड़ी इतनी ज्यादा शिक्षित भी नहीं है, उनके लिए फोन पर काम करना असंभव हो रहा है और विभाग रोजाना नए-नए आदेशों के जरिए उन पर काम का बोझ बढ़ाता जा रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में वृद्धि की जाए और सभी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उनका निस्तारण किया जाए। इस दौरान पूनम शर्मा, गुलशन खान, शाहिद, गुलशन अंसारी, कोमल, गीता, पुष्पा, रीता, अनीता, राकेश, बबीता, अनुराधा, मधु, डोली, ओमवती, पूनम देवी, किरण सैनी, राजवती, रविता, संजीता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रही।

# योगाचार्यो ने लोगों को सिखायी योग की विभिन्न क्रियाएं

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** जेवी जैन कॉलेज में आयोजित योग महोत्सव में योगाचार्यो ने सभी बच्चों व लोगों को योग के विभिन्न मुद्राओं के आसन्न समेत प्राणायाम के बारे में जानकारी दी। जेवी जैन कॉलेज में चल रहे योग महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि मेरठ प्रांत के क्रीड़ा भारती के प्रांत संयोजक उमेश कुमार ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर फूल अर्पित कर किया। इस अवसर पर कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर हरिओम गुप्ता ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पहनकर तथा तुलसी का पौधा भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी ने योग के यम तथा नियम के बारे में विस्तार रूप से बच्चों को बताया। योगाचार्य आचार्य भीम ने सभी बच्चों व उपस्थित लोगों को विभिन्न मुद्राओं के आसान तथा प्राणायाम के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्रशिक्षित योग खिलाड़ियों ने विभिन्न मुद्राओं में अपने आसन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार, सुश्री प्राची जैन, सचिन कुमार, नारायण शर्मा, मनीष कुमार, सुश्री यशिका गुप्ता, श्रीमती सुषमा, प्रदीप जैन, शिव जैन, श्रीमती चिंतन, राकेश कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर संदीप गुप्ता ने किया।

# पीसीएल 11 में दिखेगा क्रिकेट का रोमांच

## लाजियो सहारनपुर टाइगर्स करेगी प्रतिभाग



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** लाजियो सहारनपुर टाइगर्स द्वारा ग्रेटर नोएडा में आयोजित पीसीएल 11 किक्रेट लीग में भाग लिया जायेगा। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोटर्स कांप्लेक्स के मैदान पर प्रो क्रिकेट लीग (पीसीएल ) 11 का आयोजन होगा। लीग का आयोजन 14 से 22 जून तक होगा। इसमें पीसीएल एलीट व पीसीएल कारपोरेट लीग के मैच एक साथ खेले जाएंगे। एक दिन में आठ मैच खेले जाएंगे।

लीग के संस्थापक सचिन गुप्ता ने बताया कि लीग का प्रसारण सोनी लिव पर होगा। पीसीएल एलीट लीग मैच सोमवार से शुक्रवार को खेले जाएंगे। पीसीएल एलीट लीग में 28 मैच खेले जाएंगे। वही पीसीएल कारपोरेट लीग मैच शनिवार व रविवार को खेले जाएंगे। लाजियो सहारनपुर टाइगर्स की डायरेक्टर प्रेरणा शर्मा ने कहा कि लीग के माध्यम से खिलाडियों को बडा मंच प्रदान करना है। लाजियो सहारनपुर टाइगर्स के चेयरमैन नितिन गोयल ने बताया कि लीग की ट्राफी व टीशर्ट की लांचिंग क्रिस गेल ने की। लाजियो सहारनपुर टाइगर्स की ओर से आदिल खान कप्तान नियुक्त किये गये एवं मोहम्मद शोएब कोच नियुक्त किये गये। सहारनपुर की टीम में विनीत, सन्नी, मेहर धवन, आशू, मयंक देशवाल, अमरीश चौधरी, मयंक शर्मा, आयुष कौशिक, साजिद, रमीज मलिक, हेमन्त सैनी , फैसल, आयुष तलवार, अमन पुंडीर और आदर्श सिंह खेलते नजर आयेंगे। उन्होंने बताया कि पीसीएल एलीट लीग में लाजियो सहारनपुर टाइगर्स, गाजियाबाद भवानी टाइगर्स, गाजियाबाद भव्य रायल्स, रेड कार्पेट गाजियाबाद किंग्स, साउथ दिल्ली टाइगर्स, यूनिवर्सल राइडर्स, ज्यू स्पोटर्स व लेफोर्ड अल्फा किंग्स की टीम भाग लेगी। लीग में कई रणजी प्लेयर पवन नेगी, सुबोध भाटी, शाऊल, अमित मिश्रा, शिवम शर्मा, परमिंदर सिंह, उमंग शर्मा व अन्य खिलाडी खेलते नजर आयेंगे। उन्होंने बताया कि लीग में एक जैकपाट ओवर बल्लेबाजी टीम को मिलेगा। जैकपाट ओवर में जितने रन बनेंगे, उसके दोगुने रन टीम को मिलेंगे। हालांकि जैकपाट ओवर में आउट होने की स्थिति में टीम को कोई रन नही मिलेगा। वही शाट बाउंड्री पार जाने पर बल्लेबाज को 12 रन मिलेंगे।

# कांग्रेसियों ने विमान दुर्घटना में मारे गऐ लोगों को किए श्रद्धासुमन अर्पित



**सहारनपुर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मोमबत्तियां जलाकर 2 मिनट का मौन रख भगवान से प्रार्थना की।

महानगर कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित शोक सभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मिक शांति के लिए मोमबत्तियां जलाकर 2 मिनट का मौन रखा। महानगर उपाध्यक्ष अमरदीप जैन व पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी ने इस हादसे को हृदय विदारक और बेहद दुखी करने वाला हादसा बताया। अमरदीप जैन ने कहा कि किसी तकनीकी चूक और खराबी के चलते इस बड़े विमान हादसे ने सैकड़ो परिवारों की खुशियां छीन ली और मृतकों के परिवारों की जिंदगी को दोराहे पर लाकर खड़ा कर दिया। प्रवीण चौधरी ने सभी मृतकों के परिजनों के प्रति सांत्वना प्रकट करते हुए कहा की पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ा है और हम उनके दुख में पूरी तरह शामिल है। इस दौरान संगठनात्मक कार्यो की व्यवस्था के चलते और जनपद से बाहर होने के कारण जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा और महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकें।

# बाईक चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने बाईक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से चोरी की एक बाईक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना सरसावा प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 16 मई को वादी मौ.रिहान पुत्र मौ.मुस्तकीम की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ वादी की बाईक चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना सरसावा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। श्री शर्मा ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक चन्द्रपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गश्त व चैकिंग के दौरान एक शातिर बाईक चोर आशु उर्फ आस मौहम्मद पुत्र अल्लारक्खा निवासी हरपाल थाना रामपुर मनिहारान को ग्राम नसीरपुरा से किशनपुरा की ओर जाने वाली पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# पार्षद सुनील ने विभिन्न क्षेत्रों में चलाया नाला सफाई अभियान

**सहारनपुर।** नगर निगम के वार्ड 2 में आज में पार्षद सुनील पवार के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान अस्थाई अतिक्रमण को भी हटाया गया। आज नगर निगम वार्ड 2 के पार्षद सुनील पंवार के नेतृत्व में नगर निगम की टीम द्वारा नालों की सफाई का अभियान चलाया गया। इस दौरान अस्थाई अतिक्रमण भी हटाया गया। महापौर डॉक्टर अजय सिंह एवं नगर आयुक्त शिबू गिरी के निर्देशानुसार नगर निगम के वार्डों में साफ-सफाई अभियान के साथ-साथ अतिक्रमण भी हटाया जा रहा है।

# निजीकरण के विरोध में 22 जून को लखनऊ में पंचायत की तैयारी

**ऊर्जा मंत्री द्वारा निजीकरण के पक्ष में दिये गये बयान से बिजली कर्मियों में रोष**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने निजीकरण के विरोध में आगामी 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री और पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन को बुलाने का निर्णय लिया है। महापंचायत में किसानों, आम उपभोक्ताओं और सामाजिक संगठनों के राष्ट्रीय नेता सम्मिलित होंगे। ऊर्जा मंत्री द्वारा निजीकरण के पक्ष में कल दिये गये बयान से बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो रहा है। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार 198वें दिन प्रान्तव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, गोरखपुर ने ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा निजीकरण के पक्ष में दिये गये बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। संघर्ष समिति ने आगामी 22 जून को लखनऊ में आयोजित बिजली महापंचायत में ऊर्जा मंत्री को आमंत्रित करते हुए कहा है कि ऊर्जा मंत्री महापंचायत में आकर बिजली कर्मियों, किसानों और आम उपभोक्ताओं को बिजली के निजीकरण का लाभ समझाये तो बेहतर होगा। संघर्ष समिति ने कहा कि ऊर्जा मंत्री ने कल दिये गये बयान में ग्रेटर नोएडा और आगरा में बिजली के निजीकरण की प्रशंसा करते हुए कहा है कि आगरा और ग्रेटर नोएडा में निजीकरण के बाद बहुत सुधार हुआ है।

संघर्ष समिति ने कहा कि आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत 44 हजार करोड़ रूपये खर्च करने के बाद जब प्रदेश की बिजली व्यवस्था सुदृढ़ हो गयी है तब सरकारी पैसे से बिजली व्यवस्था सुधार कर निजी घरानों को देना किस सुधार प्रक्रिया का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि सरकारी क्षेत्र में घाटे की परवाह न करते हुए किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों में इस भीषण गर्मी में बिजली कर्मी रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति कर रहे हैं। ऊर्जा मंत्री आये दिन श्रेय ले रहे हैं किन्तु वकालत निजी घरानों की कर रहे हैं।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों इं. जीवेश नन्दन , इं. जितेन्द्र कुमार गुप्त, इं. शिवमनाथ तिवारी, इं. अमित आनंद, इं. सौरभ श्रीवास्तव, इं. सुधीर कुमार राव, सर्वश्री प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, इस्माइल खान, संदीप श्रीवास्तव, राकेश चौरसिया, विजय बहादुर सिंह, राजकुमार सागर, करुणेश त्रिपाठी, विकास श्रीवास्तव, जगन्नाथ यादव, ओम गुप्ता, एवं सत्यव्रत पांडे आदि तथा जे ई संगठन के पदाधिकारियों इं. शिवम चौधरी, इं. अमित यादव, इं. विजय सिंह, इं. श्याम सिंह, इं. एन के सिंह , इं. प्रमोद यादव एवं इं. रणंजय पटेल ने ऊर्जा मंत्री के वक्तव्य पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि आगरा में जब 01 अप्रैल 2010 को बिजली व्यवस्था टोरेंट पॉवर कम्पनी को सौंपी गयी थी तब पावर कारपोरेशन का 2200 करोड़ रूपये का उपभोक्ताओं पर बकाया था। इस 2200 करोड़ रूपये को टोरेंट पॉवर कम्पनी को एकत्र कर पॉवर कारपोरेशन को देना था। पॉवर कारपोरेशन इसके एवज में टोरेंट पॉवर कम्पनी को 10 प्रतिशत प्रोत्साहन धनराशि देती। आज 15 वर्ष से अधिक व्यतीत हो गया है किन्तु टोरेंट पॉवर कम्पनी ने इस 2200 करोड़ रूपये के बकाये का एक पैसा भी पॉवर कारपोरेशन को नहीं दिया है। इसके अतिरिक्त पॉवर कारपोरेशन रूपये 5.55 प्रति यूनिट की दर पर बिजली खरीद कर रूपये 4.36 प्रति यूनिट की दर पर टोरेंट पॉवर कम्पनी को देता है। इस प्रकार 1 वर्ष में लगभग 2300 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति करने में पॉवर कारपोरेशन को सालाना 274 करोड़ रूपये का घाटा हो रहा है। विगत 15 वर्ष में यह घाटा 2500 करोड़ रूपये से अधिक का हो चुका है। ऊर्जा मंत्री इसे उपलब्धि मानते हैं तो उन्हें बताना चाहिए कि पूर्वांचल विद्युत वितनण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण से और कितना घाटा होने वाला है। नोएडा पॉवर कम्पनी लि. 1993 से काम कर रही है। नोएडा पॉवर कम्पनी लि. के रवैये से किसान और आम उपभोक्ता काफी नाराज हैं। स्वयं उप्र सरकार नोएडा पॉवर कम्पनी लि. का लाईसेंस समाप्त कराने के लिए मा. सर्वोच्च न्यायालय में मुकदमा लड़ रही है। संघर्ष समिति ने ऊर्जा मंत्री से सवाल पूछा कि यदि ग्रेटर नोएडा में निजी कम्पनी इतना अच्छा काम कर रही है तो उप्र सरकार उसका लाईसेंस समाप्त कराने के लिए मा. सर्वोच्च न्यायालय में क्यों मुकदमा लड़ रही है?

संघर्ष समिति ने बताया कि आज यह विदित हुआ है कि दिल्ली में 53 लाख घरों में बिजली आपूर्ति करने वाले निजी कम्पनियों बीएसईएस राजधानी पॉवर लि. एवं बीएसईएस यमुना पॉवर लि. का लाईसेंस निरस्त कराने के लिए दिल्ली की भाजपा सरकार कार्यवाही करने जा रही है। सरकार का यह कहना है कि बीएसईएस की कम्पनियों पर सरकारी विभागों का 25 हजार करोड़ रूपये से अधिक का बकाया हो गया है जिसमें प्रगति पॉवर कारपोरेशन लि. का 15 हजार करोड़ रूपये आईपीजीसीएल का 5400 करोड़ रूपये और दिल्ली ट्रांस्को का 5000 करोड़ रूपये बकाया है।

# सप्ताहभर योगमय रहेगा गोरखनाथ मंदिर

अवधनामा संवाददाता



**योग दिवस के उपलक्ष्य में होगा योग शिविर एवं शैक्षिक कार्यशाला**

**गोरखपुर ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस ( 21 जून ) के उपलक्ष्य में गोरखनाथ मंदिर सप्ताहभर योग की व्यावहारिक और सैद्धांतिक गतिविधियों से परिपूर्ण रहेगा। योग को लोक कल्याण का ध्येय मानने वाले इस मंदिर के परिसर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 15 जून से 21 जून तक साप्ताहिक योग शिविर और शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन होगा। गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में महायोगी गुरु गोरखनाथ योग संस्थान, गोरखनाथ मंदिर और महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित होने वाले इस इस योग शिविर में न केवल योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया जाएगा बल्कि उसके सिद्धांतों पर विद्वानों का व्याख्यान भी कराया जाएगा। समस्त आयोजन मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में होगा।

यह जानकारी गोरखनाथ मन्दिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने दी। योग शिविर और कार्यशाला का शुभारंभ 15 जून को सुबह साढ़े 10 बजे होगा। शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. रामचंद्र रेड्डी और विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य व महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के वरिष्ठ सदस्य राम जन्म सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरखनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी योगी कमलनाथ करेंगे। पहले दिन प्रस्ताविकी डॉ. अरविंद चतुर्वेदी प्रस्तुत करेंगे। योग शिविर में प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से 8 बजे तथा सायंकाल 6 बजे से 7-30 बजे तक योग के आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। जबकि सुबह 10 बजे से 11 बजे तक व्याख्यान और रात में व्याख्यान पर चर्चा कराई जाएगी। शिविर के शुभारंभ के दिन 15 जून को केवल शाम को और अंतिम दिन केवल सुबह साढ़े पांच बजे से योगाभ्यास कराया जाएगा। योगी कमलनाथ ने बताया कि शिविर में हिस्सा लेने के लिए गोरखनाथ मंदिर में पंजीकरण प्रक्रिया जारी है। शिविरार्थियों को इस दौरान पूरे सात दिन मंदिर में निवास करना होगा। उन्होंने बताया कि 16 जून को योग व मर्मदाब चिकित्सा (एक्यूप्रेशर चिकित्सा) विषय पर एक्यूप्रेशर शोध प्रशिक्षण एवं उपचार संस्थान, प्रयागराज के डॉ. संजय सिंह, 17 जून को नैतिक मूल्यों के संरक्षण में नाथपंथ की भूमिका विषय पर योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉ. जयंतनाथ का व्याख्यान होगा। 18 जून के व्याख्यान में संघर्षपूर्ण विश्व परिदृश्य में योग की उपादेयता विषय पर रक्षा अध्ययन विषय के विशेषज्ञ डॉ. बलवान सिंह अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। 19 जून को महायोगी गोरखनाथ द्वारा प्रतिपादित हठयोग की विवेचना एवं उपायदेयता विषय पर लखनऊ के डॉ. दीनानाथ राय और 20 जून को आतंकवाद के उन्मूलन में योग की उपादेयता विषय पर दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रो. द्वारिकानाथ का व्याख्यान होगा।

# नदियों के पुनरोद्धार एवं जल संरक्षण को लेकर डीएम ने दिए सख्त निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**प्रस्तावित वृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारी अभी से प्रारंभ की जाए**

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में जिले के सभी खण्ड विकास अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर नदियों के पुनरोद्धार, जल संरक्षण एवं वृहद वृक्षारोपण अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी और जल संकट से निपटने के लिए सबसे प्रभावी उपाय प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और वृहद पौधरोपण है। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल संरक्षण एवं नदियों के पुनर्जीवन को जनभागीदारी से जोड़कर एक जन आंदोलन का स्वरूप दें।

उन्होंने कहा कि जुलाई माह में प्रस्तावित वृहद वृक्षारोपण अभियान की तैयारी अभी से प्रारंभ की जाए। सभी बीडीओ समय से वन विभाग को पौधों की खरीद के लिए इंडेंट उपलब्ध कराएं। नदियों के किनारे उगी झाड़ियों और अवरुद्ध सहयोगी नालों की सफाई कर निर्बाध जल प्रवाह सुनिश्चित किया जाए। तालाबों को पुनर्जीवित कर जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जाए। मियांवाकी पद्धति से वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त स्थानों का चिन्हांकन कर लिया जाए। अमृत सरोवर, सार्वजनिक स्थल, अंत्येष्टि स्थल एवं अन्य उपयुक्त स्थानों पर वृक्षारोपण के लिए ठोस कार्य योजना बनाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह कार्य केवल औपचारिकता न होकर पर्यावरणीय सुधार की दिशा में एक ठोस प्रयास होना चाहिए। जनसहभागिता और विभागीय समन्वय से ही यह लक्ष्य पूर्ण रूप से सफल हो सकेगा।

# लिंक एक्सप्रेसवे से विकास को मिलेगी तेज रफ्तार

अवधनामा संवाददाता



- एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ आकार ले रहा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर
- हजारों करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करने में मददगार बना एक्सप्रेसवे
- लिंक एक्सप्रेसवे के स्टार्टिंग पॉइंट पर खुल चुका है एमएनसी पेप्सिको का बॉटलिंग प्लांट
- एक्सप्रेसवे के समीप ही कोका कोला और बिसलेरी को यूनिट लगाने को दी जा रही जमीन
- प्लास्टिक पार्क का विकास भी इसी कॉरिडोर में, 60 इकाइयों को जमीन आवंटित
- सिर्फ रास्ता नहीं बल्कि पूर्वांचल का औद्योगिक भविष्य भी है गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे सिर्फ आवागमन सुगमता में ही मील का पत्थर नहीं बनेगा बल्कि यह औद्योगिक विकास की रफ्तार को भी तेज करेगा। यह एक्सप्रेसवे हजारों करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करने में भी मददगार बना है। शानदार कनेक्टिविटी की सौगात देने के फैसले के साथ ही योगी सरकार ने इस लिंक एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बसाना शुरू कर दिया था। एक्सप्रेसवे के निर्माण के साथ ही इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (औद्योगिक गलियारा) भी आकार लेता गया। इसका नतीजा यह है कि देश और दुनिया की नामी कंपनियों की दस्तक यहां होने लगी। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे बसे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में हजारों करोड़ रुपये के निवेश और हजारों नौजवानों को रोजगार मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे सिर्फ एक रास्ता नहीं बल्कि पूर्वांचल का औद्योगिक भविष्य भी है।

91 किमी से अधिक लंबा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे बनकर तैयार है और 17 जून को इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों प्रस्तावित है। यह एक्सप्रेसवे सिर्फ रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिहाज से तो बेमिसाल है ही, यह गोरखपुर को केंद्रित करते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश में औद्योगिक प्रगति का सुनहरा अवसर देने का सशक्त माध्यम भी बना है। मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच से जब इस एक्सप्रेसवे के निर्माण को परिकल्पित किया गया तभी इसके समानांतर औद्योगिक गलियारा विकसित करने के विचार को भी मूर्त देने की कार्ययोजना बनी। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने अपने दो महत्वपूर्ण इंडस्ट्रियल सेक्टर (27 और 28) लिंक एक्सप्रेसवे के दोनों किनारों पर ही विकसित किए हैं।

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति के साथ ही औद्योगिक प्रगति भी साथ चलती रही। इसका प्रमाण है एक्सप्रेसवे के शुरुआती बिंदु पर ही बहुराष्ट्रीय कंपनी (एमएनसी) पेप्सिको का बॉटलिंग प्लांट। करीब 1100 करोड़ रुपये के निवेश वाले इस प्लांट का शिलान्यास और उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। आज यहां उत्पादन जारी है और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार मिला है। लिंक एक्सप्रेसवे के समीप बसाए गए इंडस्ट्रियल सेक्टर में ही एमएनसी कोका कोला और बिसलेरी ने भी प्लांट लगाने के लिए जमीन की मांग गीडा से की है। जल्द ही उन्हें जमीन मुहैया हो जाएगी। गीडा की देखरेख में 92 यूनिट्स वाला प्लास्टिक पार्क भी लिंक एक्सप्रेसवे के इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में विकसित हो रहा है। यहां 60 यूनिट्स के लिए जमीन का आवंटन हो चुका है और इनमें से कई के प्लांट का निर्माण जारी है। लिंक एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी ने बड़ी संख्या में निवेशकों को आकर्षित किया है। इसी की देन है कि कपिला कृषि उद्योग, एपीएल अपोलो ट्यूब्स, एसएलएमजी, टेक्नोप्लास्ट सहित करीब सौ उद्योगों के लिए जमीन या तो दे दी गई है, या आवंटन की प्रक्रिया में है। कई इकाइयों के निर्माण हो गए हैं और कुछ के जारी हैं।

## उद्योग व्यापार मंडल जालौन ने शर्बत पिला कर गर्मी से राहत दिलाई

**उरई (जालौन)।** सेवा संकल्प दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जालौन नगर एवं भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के कार्यकर्ताओं ने शीतल शर्बत का वितरण किया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जालौन नगर के अध्यक्ष श्यामजी गुप्ता, महामंत्री दीपू लाला पुरवार, भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन के अध्यक्ष मृत्युंजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव सचिव प्रेम कुमार गुप्ता कल्लू बजाज, संरक्षक सुनील गुप्ता, संतोष सोनी, विश्नोई जी, पवन कुमार अग्रवाल, गौरव गुप्ता, अनुरुद्ध विश्नोई नीटू, आशीष अग्रवाल, देवांशु अग्रवाल रामजी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भीषण गर्मी से पीड़ित राहगीरों को शीतल शर्बत उपलब्ध कराया। आयोजन नगर के व्यस्ततम देवनगर चौराहे के पटेल चौक, एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित किया गया।

## मनरेगा मजदूरी फीडिंग कराने के लिए सीएम पोर्टल पर प्रधान ने किया शिकायत

**गोरखपुर ।** सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत सीहापार की प्रधान मांडवी शुक्ला आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत कराए गए विकास कार्यों में मजदूरी करने वाले श्रमिकों का ब्लाक कर्मियों द्वारा फीडिंग न करने से श्रमिकों के सामने भुखमरी का संकट उत्पन्न हो चुका है। जिसको ले कर प्रधान ने बीडीओ सहजनवा और एपीओ सहजनवा पर कमीशन न मिलने पर फीडिंग न कराने का आरोप लगाते हुए सीएम पोर्टल पर शिकायत किया है। वित्तीय वर्ष 2025- 26 में गुजरहा पोखरे पर 7 मई से 16 मई तक 10 मजदूरों द्वारा लगातार कार्य किया गया है। लेकिन कमीशन न मिलने पर बीडीओ और एपीओ ने ब्लाक के कर्मियों को मजदूरी फीडिंग नहीं करने दिया गया है। उन्होंने मांग किया है कि कार्य स्थल की जांच कराकर मजदूरों की मजदूरी फीडिंग कराया जाय। तथा भ्रष्ट इन अधिकारियों पर कारवाई की जाय।

## नाली निर्माण की मांग को लेकर प्रधान ने बीडीओ से किया शिकायत

**गोरखपुर ।** सहजनवा तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली के राजस्व ग्राम माधोपुर - कररिया की ग्राम प्रधान रीना यादव ने खण्ड विकास अधिकारी पाली बृजेश यादव से कररिया हरिजन बस्ती से माधोपुर की ओर जा रही नाली जो टूट गई है।इस कारण लगभग 150 घरों का पानी उस नाली में जाता है।ग्राम प्रधान रीना यादव ने अपने पत्रक में लिखा है कि नाली जर्जर हो चुकी है, जिससे जलजमाव और गंदगी की समस्या बनी हुई है।जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है।उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी पाली से अनुरोध किया है कि जनहित में नाली निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू कराया जाए।ताकि स्थानीय लोगो को इस समस्या से निजात मिल सके। इस संदर्भ में खण्ड विकास अधिकारी पाली बृजेश यादव ने कहा कि प्रधान का शिकायत मिला है वर्तमान समय में ग्राम सचिव से बाद हुई हैं। धन खाते में नहीं है। समाधान आते ही कार्य शुरू करा दिया जायेगा।

## भैंस बांधने को लेकर मनबढ़ो ने युवक को पीटा चार पर केस दर्ज

**गोरखपुर ।** गीडा थाना क्षेत्र के जैतपुर टोला गौसपुर में भैंस बांधने को लेकर मनबढ़ो ने युवक और पीड़ित को मार पीटकर घायल कर दिए। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के जैतपुर टोला गौसपुर निवासी गुलाम नबी पुत्र शाकीर अली फैजल खान पड़ोस के एक व्यक्ति से पूछ उसकी जमीन में भैंस बांध रखा था। उसी दौरान पड़ोसी का भाई आया और भैंस बांधने को लेकर गाली गलौज करने लगा जब भांजा से विरोध किया तो आरोपी के परिजन आ गए और युवक की मारने पीटने लगे। जानकारी मिलने पर जब पहुंचा तो आरोपी पीड़ित को पीटकर घायल कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बिलाल,मंसूर अली, सलीम,आदिल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पूर्व प्रधान आशाराम यादव के निधन पर क्षेत्र मे शोक की लहर

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** थाना सम्मनपुर क्षेत्र अंतर्गत सिकंदरपुर ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान आसाराम यादव का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका इलाज चल रहा था। वह लंबे समय तक सिकंदरपुर ग्राम पंचायत के प्रधान रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने गांव के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले आसाराम यादव की छवि एक मिलनसार और कर्मठ जनप्रतिनिधि की रही।उनके निधन की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## गर्मी और उमस से परेशान हैं लोग

**अमेठी।**पिछले एक सप्ताह से लगातार गर्मी और उमस बढ़ रही है। गर्मी से बचने के लिए लोग कूलर ,पंखे और ए सी का सहारा ले रहे हैं। ग्रामीण अंचल में बिजली की कटौती से परेशान होकर लोग पेड़ों के नीचे बैठकर गर्मी भगाने का काम कर रहे हैं।

गर्मी से बचने के लिए लोग पेड़ों के नीचे बैठकर टाइम पास करते देखे गए। बढ़ती गर्मी से हर परिवार में लोग बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर इस समय चांदी काट रहे हैं। आषाढ़ माह की पहले सप्ताह में कड़की की गर्मी से लोग राहत पाने के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं। पहले सप्ताह में सूरज की तपिश से परेशान लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं।जिन किसानों की धान की नर्सरी तैयार है,वे भी गर्मी अधिक होने के कारण रोपाई नहीं शुरू कर पा रहे हैं।

# एआरटीओ कार्यालय पर डीएम-एसपी का औचक निरीक्षण, दो संदिग्ध गिरफ्तार



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जैसे ही जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक का अमला एआरटीओ कार्यालय तक पहुंचा उसी समय कार्यालय के बाहर स्थित कैफे सेंटर का शटर बंद कर कुछ लोग भाग निकले। मौके पर मौजूद नगर मजिस्ट्रेट और एसएचओ ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है।

जिलाधिकारी ने प्रवर्तन शाखा, कैश काउंटर, वाहन पंजीयन काउंटर, कॉमर्शियल सेक्शन और ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया। उन्होंने सभी पटलों पर लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए और बार-बार आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों व दलालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि स्वयं कार्यालय आकर कार्य संपादित करें और किसी भी दलाल के झांसे में न आएं। यदि कोई व्यक्ति कार्य के नाम पर पैसे की मांग करता है या दलाली की पेशकश करता है, तो उसकी शिकायत कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम नंबर 05162-257090 पर दर्ज कराएं। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार, एसएचओ अरुण राय आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान-5 के अन्तर्गत महिलाओं को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**महिलाओं से वार्ता कर सुरक्षा सम्बन्धी उपायों पर जागरूक किया जाए**

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ श्री संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान-5 के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/ गांव/कस्बा/ स्कूल/ कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, साइबर सम्बन्धी एवं सीयूजी नम्बरों के बारे में जानकारी दे जागरुक किया जा रहा है ।

# राजस्व वसूली में लाएं गति, बनाएं ठोस योजना : डीएम




अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को राजस्व वसूली, अतिक्रमण हटाने एवं प्रवर्तन कार्यों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने भू-राजस्व, परिवहन, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, नगर निकाय, वाणिज्य कर, मंडी तथा विद्युत विभाग की राजस्व वसूली की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वाणिज्य कर व स्टांप विभाग की वसूली प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष कम पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने निर्देशित किया कि जीएसटी विभाग द्वारा जारी की गई आरसी का मिलान तत्काल किया जाए तथा स्टांप आरसी की वसूली में ठोस प्रगति सुनिश्चित की जाए।

## पांच हजार रुपए रिश्वत लेते दरोगा गिरफ्तार



**गोंडा।** एंटी करप्शन टीम देवीपाटन मंडल में घूस लेते हुए दरोगा को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दरोगा के गिरफ्तारी से हड़कंप मच गया।

मामला धानेपुर थाना का है जहां बुधवार को थाने में तैनात उप निरीक्षक अंकित यादव ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले उपेंद्र प्रसाद के विरुद्ध दर्ज की विवेचना हल्का के दरोगा अंकित यादव को मिली थी। उप निरीक्षक ने उपेंद्र कुमार को डरा कर विवेचना को हल्का कर देने के नाम पर 5 हजार रुपए की मांग की थी उसने रुपए की व्यवस्था करने के लिए दरोगा से समय की मांग कर दी। जिसे दरोगा ने स्वीकार करते हुए समय दे दिया, तब उपेंद्र ने एंटी करप्शन टीम से संपर्क कर-के पूरे मामले से अवगत कराया। इसके बाद एंटी करप्शन टीम के दिशा निर्देश पर उपेंद्र ने प्राइवेट कमरा लेकर रहने वाले दरोगा को फोन किया, दरोगा ने कहा कि कमरे पर आ जाओ। जैसे ही उपेंद्र ने दरोगा के हाथ में 5 हजार रुपए रिश्वत दी तभी बाहर मौजूद एंटी करप्शन के सदस्यों ने रंगे हाथों पकड़ लिया।

# नियमित रूप से चेक हो छात्रों का सीखने का स्तर : आयुक्त

अवधनामा संवाददाता

**कंप्यूटर शिक्षक के अनुबंध विस्तार के संबंध में भी चर्चा की गयी**

**गोंडा।** शुक्रवार को आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में अटल आवासीय विद्यालय के वर्तमान शैक्षिक क्षेत्र के संचालन के संबंध में मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में विद्यालय संचालन के लिए विभिन्न सामग्रियों जैसे फर्नीचर, आईटी उपकरण, दैनिक उपयोग, खेल सामग्री, यूनिफॉर्म, पुस्तकें , लेखन सामग्री, लाइब्रेरी की पुस्तकें , दवायें एवं मेस मैनेजमेंट सर्विस, फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विस आदि को जेम पोर्टल के माध्यम से किये जाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा अटल आवासीय विद्यालय समिति के माध्यम से कंप्यूटर शिक्षक के अनुबंध विस्तार एवं नवीकरण के संबंध में भी चर्चा की गयी।

उप श्रमायुक्त अनुभव वर्मा ने बताया डेस्क, टेबल चेयर, हास्टल फर्नीचर, अलमारी, स्मार्ट क्लास, आडियो विजुअल सेटअप, फोटोकापी मशीन , कम्प्यूटर गेस्ट फैकल्टी शिक्षक मानदेय, मेस मेंनेजमेन्ट सर्विसेज, यूनीफार्म एवं अन्य सामग्री, छात्र छात्राओं की पुस्तकें, छात्रावास एवं दैनिक उपभोग सामग्री, विद्युत व्यय, फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विसेज, पुस्तकालय सामग्री ,छात्रावास बेडिंग सामग्री, छात्र-छात्राओं हेतु लेखन सामग्री, खेल कूद सामग्री हेतु बजट प्राप्त हो गया है। वर्तमान सत्र में चयनित बच्चों के संबंध में आयुक्त द्वारा जानकारी करने पर उप श्रमायुक्त ने बताया कि इस शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश परीक्षा के आधार पर 280 बच्चों का चयन हुआ है। इसमें कक्षा 6 स्तर पर 140 एवं कक्षा 9 स्तर पर 140 बच्चों सहित कुल 280 बच्चों का चयन हुआ है।

बच्चों के चयन हेतु विगत 16 फरवरी को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। वर्तमान शैक्षिक सत्र का शुभारंभ 1 मई को हो चुका है। बैठक में आयुक्त ने कहा कि विद्यालय में बच्चों के लर्निंग का लेवल नियमित रूप से चेक किया जाए, जो बच्चे कमजोर हो उन पर विशेष ध्यान देकर उनकी शिक्षा का स्तर बेहतर किया जाए।

## सीडीओ ने किया शाहगढ़ ब्लाक का निरीक्षण

**अमेठी/शाहगढ़।** सी डी ओ सूरज पटेल ने विकास खंड कार्यालय शाहगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भ्रमण पंजिका अपूर्ण मिली। एक दर्जन ग्राम पंचायतों में मनरेगा के काम बंद मिले।सी डी ओ ने कार्यालय परिसर में काम करने वाले सभी कार्मिकों को आई डी धारण करने और क्षेत्रीय भ्रमण पर जाने वाले कर्मचारियों को भ्रमण पंजिका में विवरण भरने के बाद ही भ्रमण पर निकलने के निर्देश दिए। विकास खंड की 39ग्राम पंचायतों में से 27ग्राम पंचायतों में ही मनरेगा के काम संचालित मिले। खंड विकास अधिकारी को हर ग्राम पंचायत में कम से कम एक परियोजना का काम शुरू कराने के निर्देश दिए।

## दिव्यांग शिविर में आए 85 दिव्यांग

**जामों।** विकास खंड में दिव्यांग चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 85दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया गया है। शिविर में ट्राइसाइकिल के 29, वैशाखी के 19, मानसिक मंदित किट हेतु 8व्हील चेयर के चार,कान मशीन के एक , स्मार्ट केन के दो,छड़ी के एक, पेंशन के नौ और यू डी आई डी कार्ड के19दिव्यांग जनों को चिंहित किया गया है।

# राम पथ से जुड़ी 27 गलियों का निर्माण कार्य पूराः महापौर



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** नगर निगम अयोध्या की कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने बताया कि रामपथ से जुड़ी 27 गलियों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बैठक का संचालन किया। बैठक में फैंसी लाइट लगाने के दौरान नगर निगम की सड़कों की मानक से अधिक कटाई और उसकी मरम्मत न कराए जाने को लेकर नाराजगी जताई गई। इस दौरान जोनल कार्यालय को और अधिक प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया तथा डस्टबिन आपूर्ति में अनियमितता की 15 दिन के अंदर जांच करने की निर्देश भी दिए गए।

बैठक में स्वीकृति के सापेक्ष बची हुई फैंसी फैंसी लाइट लगवाने के लिए पत्राचार करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र को जोनल कार्यालय स्तर पर अलग करने के लिए पत्राचार करने का फैसला किया गया।

पार्षद सूर्यकुमार तिवारी सूर्य ने जोनल स्तर पर वार्डो के संबंध करने में बरती गई विसंगतियों की ओर ध्यान आकर्षण किया। जोनल कार्यालय में टैक्स निर्धारण संबंधी कर्मचारियों की नियमित तैनाती की मांग की, जिस पर नगर आयुक्त ने कर विभाग को निर्देश दिया। नामांतरण प्रक्रिया की लंबे समय तक लंबित रहने पर जिम्मेदार हमले को फटकार भी लगाई गई। इस दौरान पार्षद विशाल पाल ने एक मीटर से अधिक चौड़े नाले की सफाई व्यवस्था का मसला उठाया तथा अभिनव पांडे ने झूलेलाल वार्ड में नालों की सफाई सही ढंग से न होने की शिकायत दर्ज कराई । महापौर ने निर्माण खंड एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पार्षदों के माध्यम से मौके पर वेरीफाई करने सफाई व्यवस्था पुष्टि करवाने तथा तथा श्रमिक आपूर्ति के माध्यम से न्यायालय की सफाई करने का निर्देश दिया ।

पार्षदों ने बताया कि अयोध्या प्राधिकरण एवं लोक निर्माण विभाग ने निर्माण कार्य के चलते जल निकासी व्यवस्था को ठप कर दिया है। इससे बारिश के समय विशेष रूप से जल भराव की समस्या उत्पन्न हो सकती है। महापौर ने जलवानपुरा अश्विनीपुरम जौरा गद्दोपुर शिवनगर टकसाल बड़ी देवकाली कांति नगर ऋषि टोला आदि जल भराव की दृष्टि से संवेदनशील इलाकों को चिन्हित करने का निर्देश दिया । उन्होंने बताया कि जनौरा, गद्दोपुर, जलवानपुरा में नाला निर्मित हो चुका है । यहां पंप की स्थापना की जा रही है, ताकि लोगों को जल भराव की समस्या से का सामना न करना पड़े। महापौर ने पार्षद हरिश्चंद्र गुप्त के सुझाव पर रामजानकी मंदिर ऋषि टोला में एक सप्ताह के भीतर रैंप बनवाने का निर्देश दिया। इस दौरान विकास रजिस्टर भी आदतन कंप्लीट करने का निर्देश दिया गया । नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि बैठक में 851 कमर्शियल भवनों को कर संबधी नोटिस भेजने डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण व्यवस्था सही करने, ख़राब हैण्ड पंप रिबोर करवाने, वृहद पौध रोपण से समाज से जोड़ने, सफाई व्यवस्था के लिए वाहनों की संख्या बढ़ने, अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव पास किया गया । यह भी तय किया गया कि राज्य सभा सदस्य दिनेश शर्मा की सहायता से सिंदूर तिराहा विकसित किया जायेगा।

इस दौरान उपसभापति श्री राजेश गौड़, सुल्तान अंसारी, गरिमा, प्रिया शुक्ला, अपर नगर आयुक्त वागीश शुक्ल, नागेंद्र नाथ यादव, सुमित कुमार, मुख्य अभियंता पुनीत ओझा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 आरएम शुक्ला सहित नगर निगम के अधिकारी और कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**अयोध्या।** पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी (खब्बू) ने लखनऊ स्थित कालिदास मार्ग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने शहीद लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी की स्मृति में स्मारक, प्रेरणा स्थल, संग्रहालय सहित अन्य रचनात्मक व सृजनात्मक कार्यों की आवश्यकता पर जोर दिया।

श्री तिवारी ने मुख्यमंत्री को गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं और लंबित कार्यों की भी जानकारी दी तथा उनके शीघ्र निष्पादन की मांग की। बैठक में क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क विकास जैसे अहम मुद्दों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

# लेफ्टिनेंट तिवारी के स्मृति में लगा रक्तदान शिविर



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** लेफ्टिनेट शशांक तिवारी जी के स्मृति व विश्व रक्तदाता दिवस के पूर्व दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन प्रेस क्लब परिसर में राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित किया गया। पीजीआई हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से होने वाले इस रक्तदान कैम्प में 42 युवाओं ने रक्तदान कर महादानी बनें जिन्हे संस्था की ओर से अंगवस्त्र, प्रमाणपत्र व मेमोटो देकर सम्मानित किया गया।शिविर का शुभारम्भ सीओ सदर योगेंद्र कुमार ने रिवन काटकर किया। समाजसेवी राजेश चौबे, उद्यमी मुन्ना गुप्ता, सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इण्डिया के पूर्व प्रबंधक राम बहल, भाजपा नेता जितेंद्र कुमार दूबे मिंटू प्रधान ने शहीद लेफ्टिनेट शशाक तिवारी जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि शहीद शशांक तिवारी जी भारत माता के सच्चे सपूत थे जो हमारे दिलों में हमेशा जिन्दा रहेंगे और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौक़े पर संस्था के संरक्षक राजेश चौबे ने कहा कि सेवा भावना को लेकर हमारी संस्था निरंतर जनहित कार्य कर रही हैं और अयोध्या जिले में किसी की मौत खून के अभाव में न हो इसके लिए संस्था निरंतर रक्तदान शिविर लगवा रही हैं। पूर्व बैंक प्रबंधक राम बहल ने कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं हैं लिहाजा युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।अन्नपूर्णा सेवा संस्थान के अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता ने कहा कि रक्तदान महादान हैं और सबसे पुनीत कार्य हैं संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्ता ने कहा कि संस्था द्वारा अभी तक डेढ़ सौ से ज्यादा रक्तदान शिविर का आयोजन कर करीब दस हजार मरीजों को संस्था से खून मुहैया कराया जा चूका हैं। रक्तदान शिविर में शैल कुमारी द्वारा बनाई गयी मार्मिक रंगोली खूब सराही गयी और कैम्प में आरक्षी मो अहद के नेतृत्व में एक दर्जन पुलिस के जवानों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश किया। रक्तदान करने वालों में शाकिब रिज़्वी, सूर्य प्रकाश शुक्ला, अशोक यादव, सचिन शुक्ला, श्याम बहादुर, आश्चर्य दीपक गुप्ता, श्याम वर्मा, गौरव श्रीवास्तव, संजय यादव, मोहित सोनकर, अवधेश विश्वकर्मा, दीपक पाण्डेय, घनश्याम मौर्य, अभिषेक यादव, नीरज श्रीवास्तव, दिव्यांशु द्विवेदी, अरुणेश वर्मा, ठाकुर प्रसाद मांझी, राज कुमार वर्मा, ऋषभ राज रावत, अली हैदर, संदीप यादव फौजी, आनंद, दुर्गेश तिवारी, जितेंद्र कुमार, विजय कुमार, शिवम् प्रजापति, रियाउल हक, सैयद हसन अब्बास, निशा, रिंकी यादव आदि लोगों ने रक्तदान किया इस मौक़े पर विजय वर्मा,सचिन तिवारी, प्रदीप गुप्ता, अनुराग तिवारी, आलोक सिंह, मो फरजान, एच पी यादव,पुष्पा गुप्ता, इंद्र प्रीत सिंह वेदी, शैल कुमारी, आशीष कौर व अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा। समापन पर अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना में मरने वाले सभी यात्रियों की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।

# हृदय रोगियों के लिए जीवनदायिनी बनी जिला अस्पताल की आपात सेवाएं



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** योगी सरकार के निर्देशों को जमीन पर उतारते हुए अयोध्या के जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने दो गंभीर हृदय रोगियों की जान बचा कर सरकारी चिकित्सा व्यवस्था पर जनता का विश्वास और भी मजबूत कर दिया है। बीते दिनों दो अलग-अलग मामलों में जिला अस्पताल के इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर द्वारा तत्परता दिखाते हुए 50 हजार रुपये कीमत का जीवन रक्षक इंजेक्शन टेनेक्टा प्लास लोकल परचेज के जरिए मंगवाकर रोगियों को नई जिंदगी दी गई।जिला अस्पताल में भर्ती श्रीचंद नामक मरीज, जो हृदयाघात से पीड़ित था, की हालत गंभीर देख ईएमओ डॉ. आशीष पाठक ने बिना समय गंवाए 8 एमएल की डोज वाला टेनेक्टा प्लास इंजेक्शन मंगवाया, जिसकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये थी। इंजेक्शन लगते ही 10 मिनट में मरीज की स्थिति में सुधार हुआ। इसके बाद डॉ. पाठक ने अपने सीनियर चिकित्सकों से परामर्श कर मरीज को आरएमएल लखनऊ रेफर कर दिया।डॉ. पाठक ने बताया, ÷शासन का स्पष्ट निर्देश है कि ऐसे जीवन रक्षक इंजेक्शन की जरूरत पड़ने पर लोकल परचेज के माध्यम से तत्काल मरीज को उपलब्ध कराना अनिवार्य है। यह प्रक्रिया आपात स्थिति में मरीज की जान बचाने के लिए अत्यंत जरूरी है।शुक्रवार की सुबह मसौधा ब्लॉक के ग्राम भारतीपुर निवासी 54 वर्षीय रौशन लाल को सीने में तेज़ दर्द की शिकायत पर उनके पुत्र द्वारा जिला अस्पताल लाया गया। ड्यूटी पर तैनात ईएमओ डॉ. विशाल चौधरी ने शुरुआती जांच के बाद लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान के हृदय रोग विशेषज्ञों से फोन पर परामर्श लिया। विशेषज्ञों की सलाह पर फार्मासिस्ट विजय प्रकाश वर्मा की मदद से टेनेक्टा प्लास इंजेक्शन लोकल परचेज कर तत्काल मंगवाया गया। इंजेक्शन लगते ही 10 मिनट में मरीज की हालत स्थिर हो गई। इसके बाद डॉ. चौधरी ने मरीज को 108 एंबुलेंस से आरएमएल लखनऊ रेफर कर दिया।दोनों ही मामलों में परिजनों और उपस्थित लोगों ने डॉक्टरों की तत्परता और समर्पण की खुले दिल से सराहना की।

# सिविल कोर्ट का स्टे आदेश भी बेअसरः प्रधान व जिला पंचायत सदस्य की दबंगई के आगे बेबस हैदरगंज पुलिस

*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगंज -अयोध्या।** न्यायपालिका के आदेशों की अवहेलना और दबंगों की दबंगई का एक ताजा मामला हैदरगंज थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां सिविल कोर्ट द्वारा जारी स्थगन आदेश (स्टे) को पुलिस और राजस्व अधिकारियों ने नजरअंदाज कर दिया है। पीड़ित विधवा महिला कुसुम सिंह न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रही है, लेकिन अब तक उसे राहत नहीं मिल सकी है।ग्राम बैंतीकला निवासी कुसुम सिंह, जिनके पति और ससुर की मृत्यु 16 वर्ष पूर्व हो चुकी है, अपनी पैतृक जमीन गाटा संख्या 742 पर वर्षों से काबिज हैं। लेकिन आरोप है कि गांव के ही प्रधान अनिल सिंह और जिला पंचायत सदस्य सुनील सिंह राजपूत ने दबंगई और राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए बगल की गाटा संख्या 742 में जबरन निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। कुसुम सिंह का आरोप है कि उनके भूखंड पर लगभग 5M40 मीटर क्षेत्र में अतिक्रमण किया गया है।

इस मामले में कुसुम सिंह ने न्यायालय की शरण ली और वाद संख्या 926/2024 में दीवानी न्यायालय से विपक्षियों के विरुद्ध 22 अगस्त 2024 को स्टे आदेश प्राप्त किया, जिसमें अदालत ने विपक्षी राम आधार सिंह व अन्य को कुसुम सिंह के कब्जे में हस्तक्षेप न करने और किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करने का स्पष्ट निर्देश दिया। अगली सुनवाई की तारीख 5 जुलाई 2025 निर्धारित है। अदालत के आदेश के बावजूद न तो हैदरगंज पुलिस और न ही बीकापुर तहसील प्रशासन ने निर्माण कार्य रुकवाने की कोशिश की। जब पीड़िता थानाध्यक्ष विवेक राय से मिलीं तो उन्होंने स्टे आदेश को पुराना बता कर दुबारा लाने की बात कहते हुए कथित रूप से पीड़िता को थाने से डांटकर भगा दिया।पीड़िता द्वारा प्रस्तुत सिविल कोर्ट की अमीन माप रिपोर्ट में भी यह स्पष्ट हुआ कि गाटा संख्या 742 में 5M40 मीटर का अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया गया है। यह माप दोनों पक्षों की उपस्थिति में अदालत के निर्देश पर की गई थी और रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जा चुकी है।हालात यह हैं कि प्रशासन और पुलिस दोनों ही दबंगों के सामने मौन साधे बैठे हैं। पीड़िता दर-दर की ठोकरें खा रही है, लेकिन न्याय अब तक उससे कोसों दूर है। इस मसले पर एसओ हैदरगंज से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया, जिससे उनका पक्ष नहीं मिल सका।

# पुलिस अलर्ट, नियुक्ति कार्यक्रम की सख्त निगरानी



**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023÷ में चयनित अभ्यर्थियों को 15 जून को लखनऊ में नियुक्ति पत्र मिलने हैं। इसे लेकर बाराबंकी पुलिस हाई अलर्ट मोड में है। शुक्रवार को एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने पुलिस लाइन सभागार में गोष्ठी कर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की।अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों के रात्रि प्रवास स्थलों पर सुरक्षा बल मुस्तैद रहें। सौहार्दपूर्ण व्यवहार, भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और महिला अभ्यर्थियों के लिए विशेष व्यवस्था के आदेश दिए गए।एसपी ने प्रवास स्थलों का लगातार निरीक्षण करने व लखनऊ यात्रा के दौरान सुरक्षा समन्वय बनाए रखने के निर्देश भी दिए। पुलिस की यह तैयारी अभ्यर्थियों की सुरक्षा और आयोजन की सफलता की गारंटी होगी।

# दो अलग अलग सड़क हादसे में तीन मौत, पोस्टमार्टम भेजा



**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** अलग अलग स्थानों पर हुए हादसों मे 3 लोगो की मौत हो गयी पुलिस ने पंचनामा कर शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्लहरी के निकट गुरुवार को अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से बड़ागांव निवासी रईश पुर्त्शमशुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया इलाज के दौरान घायल की मृत्यु हो गयी। इसी क्रम मे गुरुवार की देर रात्रि करीब 10 बजे सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्यारेपुर निवासी 25 वर्षीय बरातीलाल पुत्र रामकेवट घर से निकला था जिसका शव शुक्रवार की सुबह गाँव के बाहर स्थित पानी टंकी परिसर मे पड़ा मिला सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक घनश्याम वर्मा ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तीसरी घटना जहाँगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम करन्द के निकट ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गयी मृतक की पहचान बिहार प्रांत के धर्मेंद्र के रुप् मे हुई है। पूर्वमंत्री अरविन्द सिंह गोप पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, अजय वर्मा पोस्टमार्टम हाऊस पहुंच कर मृतक परिजनों को सांत्वना दी।

# विमान दुर्घटना में मारे गए यात्रियों को काग्रेस सांसद ने दी श्रद्धांजलि



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** अहमदाबाद की विमान दुर्घटना हृदय विदारक आपदा है इसमें सैंकड़ों यात्रियों तथा दर्जनों डाक्टरों को अपनी जान गवानी पड़ी। इस त्रासदी ने हमें बहुत पीड़ा दी है। हादसे सिर्फ संयोग नही होते वे लापरवाही और व्यवस्था की कमजोरी का परिणाम होते है अहमदाबाद विमान दुर्घटना ने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता को सामने ला दिया है। प्रत्येक जान अनमोल है और उसकी सुरक्षा सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है इस दुःख की घड़ी में मेरी शोक संवेदनायें प्रभावित परिवारों के साथ है। उक्त शोक संवेदना आज पूर्व सांसद डा0पी0एल0 पुनिया ने अपने ओबरी आवास पर अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या ए1-171 जो टेक ऑफ के दौरान भीषण हादसे का शिकार हो गयी जिसमें सैंकड़ों यात्रियों तथा निर्दोष लोगों की मौत हो गयी इस हृदय विदारक घटना पर जिला कांग्रेस परिवार द्वारा अयोजित श्रद्धांजलि सभा में व्यक्त की। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से स्थानीय सांसद तनुज पुनिया तथा कांग्रेस पार्टी के जिला तथा नगर अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे जिन्होने दो मिनट का मौन रखकर दिवगंज आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायल लोगों को शीघ्र स्वास्थ होने की कामना की। श्रद्धांजलि सभा में स्थानीय सांसद तनुज पुनिया ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुये कहा कि अहमदाबाद में ए1-171 विमान हादसा देश के नागरिक उड्डयन के इतिहास की सबसे दुखद घटनाओं में से एक है इस दुर्घटना ने देश एवं विदेश के अनेक परिवारों को हमेशा के लिए तोड़कर असहनीय पीड़ा दी है। ऐसी संकट की घड़ी मं हमें पीड़ित परिवारों के साथ एकजुट होकर मजबूती से खड़े रहना होगा और केन्द्र सरकार तथा एयर इण्डिया को चाहिये कि इस दर्दनाक हादसे की उच्च स्तरीय जांच कराकर तकनीकी तथा मानवीय त्रुटियों को उजागर करें ताकि भविष्य में ऐसे हादसे ना हो। कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन तथा नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त करते हुये कहा कि, कांग्रेस पार्टी इस दर्दनाक हादसे से प्रभावित प्रत्येक परिवार के साथ मजबूती के साथ खड़ी है और उनके दुःख में शामिल होकर हर सम्भव सहायता के लिये तत्पर रहेगी साथ ही भारत सरकार से दर्दनाक घटना की सभी पहलुओं की निस्पक्ष और वैज्ञानिक जांच कराने का अनुरोध करती है।

# भाकियू दशहरी सगठन ने सदस्यता अभियान चलाया

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन कार्यालय पर सदस्यता अभियान चलाया गया। सगठन के जिलाध्यक्ष निहाल अहमद सिद्दीकी व अयोध्या मंडल महामंत्री सुशील कुमार यादव व युवा जिला मोहम्मद अलीम ने नवाबगंज नगर अध्यक्ष के पद पर मुकेश कुमार व नगर उपाध्यक्ष अशोक कुमार अवस्थी व नगर उपाध्यक्ष जियाउद्दीन को मनोनीत किया प्रदेश सचिव व जिलाध्यक्ष बाराबंकी निहाल अहमद सिद्दीकी ने कहा जल्द ही बाराबंकी शहर में हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा जिसमें नगर की टीम का सबसे बड़ा महत्त्व है आंदोलन को सफल बनाने का जिम्मा दशहरी संगठन के सभी पदाधिकारी व सदस्य की जिम्मेदारी है और संगठन का काम है लोगों को जागरूक करना और उनके हक के लिए आवाज उठाना और उस कार्य को कर कर ही दम लेना यह दशहरी संगठन की पहचान है।

# विश्वविद्यालयों में पंजाबी विषय का विभाग न होने से छात्र छात्राएं शिक्षा से वंचितः प्रो सीताराम




**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** पीजी कालेज के सभागार में उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी, लख़नऊ एवं जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पी. जी. कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी पंजाबी भाषा, साहित्य और संस्कृति एवं वर्तमान चुनौतियाँ एवं संभावनाएं विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 डॉ सीताराम सिंह ने की। संगोष्ठी में पंजाबी भाषा की चुनौतियाँ और संभावनाओं पर वक्ताओं ने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किया। प्राचार्य प्रो0 डॉ सीताराम सिंह ने विश्वविद्यालयों में पंजाबी विषय का विभाग न होने पर चिंता व्यक्त की और कहा की नगर के पंजाबी भाषी लोगों का सर्वे करवा कर जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पी.जी. कालेज में पंजाबी विषय की पढ़ाई प्रारंभ करने के लिए विश्वविद्यालय, यूपीआरटीयू, एवं इग्नू अध्ययन के लिए प्रयास करेंगे। क्योंकि भारतीय भाषाओं का संरक्षण और संवर्धन हम सभी का धर्म है। पंजाबी भाषा, साहित्य और संस्कृति को इंटेरनेट, यूट्यूब और सोशल मीडिया द्वारा अधिक से अधिक प्रसारित किया जाय। विजय कुमार वर्मा ने पंजाबी भाषा, साहित्य और संस्कृति के एतिहासिक परिदृश्य का विवरण प्रस्तुत किया। प्रो0 रंजीत कौर ने पंजाबी भाषा के वर्तमान परिस्थितियों को समझाया। मुख्य अतिथि ओम प्रकाश सिंह ने प्रदेश शासन द्वारा संचालित पंजाबी भाषा, साहित्य और संस्कृति के उत्थान के लिए किये जा रहे कार्यों को बताया।

# लखनऊ कारागार में बंद कमरूद्दीन की इलाज के दौरान मौत, परिजनों से संपर्क नहीं

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** जिला कारागार लखनऊ में निरुद्ध विचाराधीन बंदी कमरूद्दीन उम्र लगभग 50 वर्ष, निवासी खाना बदोश फुटपाथ, थाना कोतवाली नगर, जनपद बाराबंकी की गुरुवार को केजीएमयू लखनऊ में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। वह कई स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित था तथा 14 मई से कारागार में निरुद्ध था। कारागार प्रशासन के अनुसार, बंदी को 5 जून को बलरामपुर चिकित्सालय भेजा गया था, जहाँ से उसे 7 जून को केजीएमयू रेफर किया गया। उपचार के दौरान 12 जून को अपराह्न 5:12 बजे उसकी मृत्यु हो गई।

# विधि विधान से पोखरा सुंदरीकरण कार्य का हुआ शुभारंभ



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीय नगर के वार्ड नंबर 25 मीराबाई नगर स्थित पोखरे का सुंदरीकरण के लिए शुक्रवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष एवं उनके प्रतिनिधि द्वारा भूमि पूजन करने के साथ सुंदरीकरण का कार्य प्रारंभ कराया गया। नवंबर 2025 तक लगभग एक करोड़ 80 लख रुपए की लागत से इस पोखरे का सुंदरीकरण का कार्य पूरा किए जाने का लक्ष्य है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शकुंतला जायसवाल एवं उनके प्रतिनिधि गिरीजेश जायसवाल द्वारा ब्लॉक रोड स्थित पोखर के सुंदरीकरण के लिए विधिवत पूजा अर्चना के साथ सुंदरीकरण का कार्य प्रारंभ कराया गया। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष ने बताया कि शासन के अमृत 2.0 योजना अंतर्गत इस पोखरी के सुंदरीकरण के लिए शासन से एक करोड़ 79 लाख 90 हजार रुपए स्वीकृत है। जिसके तहत आज से सुंदरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। कार्यदायी संस्था नगर पालिका परिषद के माध्यम से मे.दीपक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा नवंबर 2025 तक इस सुंदरीकरण का कार्य पूरा किया जाना है।इस दौरान लिपिक विष्णु रौनियार,कपिलदेव भारती, शकील अहमद,मोतीलाल,दीपक सिंह,धर्मेन्द्र,गुलाब,घुरहू सहित सैकड़ों नागरिक एव कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला अस्पताल में बढ़ेगी सुविधा, मरीजों को मिलेगा राहत

## जिला अस्पताल में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिला संयुक्त अस्पताल का शुक्रवार को जिलाधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। साथ ही मुख्य गेट को बंद कराकर संदिग्धो से पूछताछ करते ही पूरे अस्पताल में अफरातफरी मच गया। जिलाधिकारी को पहचानते ही संदिग्ध परिसर से भागने लगे। एक व्यक्ति दिव्यांश को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया और कार्यवाही का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री शर्मा ने ओपीडी, वरिष्ठ नागरिक वार्ड, रेडियोलॉजी रजिस्ट्रेशन कक्ष, सीटी स्कैन व अल्ट्रासाउंड कक्ष, डायलिसिस यूनिट, ब्लड बैंक आदि को देखा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ प्रशांत कुमार, एसडीएम सदर रमेश कुमार, सीएमएस डॉ अरुण कुमार द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### मरीजों और तीमारदारों के लिए बढ़ेगा सुविधा

जिलाधिकारी श्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों की गर्मी से हो रही परेशानी को भी महसूस किया। उन्होंने मरीजों और तीमारदारों के राहत के लिए सीएमएस को वेंटिलेशन सुनिश्चित करने और कूलर व पंखों की संख्या बढ़ाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने ब्लड बैंक में रक्त दाता और रक्त प्राप्तकर्ता पंजिका को देखा और विद्यावती देवी से बात की। महिला द्वारा रक्त प्राप्त करने की बात बताई गई। मेडिसिन कक्ष में 48 मरीज और हड्डी रोग कक्ष में 110 मरीज देखे गए थे। जिलाधिकारी ने सीटी स्कैन वेटिंग कक्ष और रैन बसेरा का निरीक्षण किया गया।

### डॉ को जारी हुआ कारण बताओ नोटिस

जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति प्रमोद निवासी गोन्हा, पनियरा द्वारा बाहर से जांच करवाने की शिकायत की गई। जिलाधिकारी ने अस्पताल में ब्लड टेस्ट की व्यवस्था होने के बावजूद बाहर से जांच करवाने पर मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने सीएमएस को निर्देशित किया कि अस्पताल में मौजूद सुविधाएं हर हाल में मिलनी चाहिए।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने लिया सड़क निर्माण का जायजा

**नौतनवा महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** क्षेत्र के बृजमनगंज नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने वार्ड नं 2 वाल्मीकि नगर, वार्ड नं 14 महात्मा गांधी नगर, वार्ड नं 15 महंत अवेद्यनाथ नगर में ठेकेदारों द्वारा बनाए जा रहे सड़क को बारीकी से देखा व कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया । श्री राकेश जायसवाल ने कहा कि मेरा उद्देश्य बृजमनगंज को एक आदर्श नगर पंचायत बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों की तुलना में नगर पंचायत बनने के बाद इस नगर का तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने इस विकास का श्रेय डबल इंजन की सरकार व पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह को दिया। उन्होंने बिजली, पानी, सड़क के माध्यम से इस नगर को मजबूत बनाने के लिए हर स्तर से लग कर काम करने की बात कही।

## कृषि संगोष्ठी मेला किसानों को दी गई जानकारी

# सिसवा ब्लॉक में कृषि मेला संपन्न हुआ



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** क्षेत्र पंचायत कार्यालय परिसर में कृषि संगोष्ठी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमरेंद्र प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत प्रमुख कोदई निषाद ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसान एवं कृषि को सुदृढ़ बनाने की दिशा में तमाम तरह की योजनाएं चल रही है। जिसका लाभ किसानों को प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि को और समृद्धशाली बनाने की दिशा में सरकार किसानों को कृषि से संबंधित तमाम जानकारी विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से दे रही है। किसानों के लिए चलाई गई किसान सम्मान योजना के तहत सरकार किसानों को प्रतिवर्ष छः हजार रुपए किसानों के खाते में भेज रही है। राजकीय कृषि रक्षा इकाइयों के माध्यम से कई प्रकार के निशुल्क उन्नतशील बीज भी समय-समय पर सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस ब्लॉक स्तरीय किसान गोष्ठी एवं कृषि मेला में कृषि आदि से संबंधित स्टाल भी लगाए गए । मुख्य अतिथि कोदई निषाद, विशिष्ट अतिथि अमरेंद्र प्रताप सिंह ,कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर बीबी सिंह ,संचालक संजय पटेल, मुनीर आलम ,राहुल पटेल भूपेंद्र प्रताप, बलबीर सिंह, सतपाल गोड मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार द्वारा वितरित स्मार्टफोन/टेबलेट से छात्र-छात्राओं को मिल रही है तकनीकी शिक्षा

अवधनामा संवाददाता

**यह योजना युवाओं को कौशल विकास और शिक्षा प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने पर केन्द्रित**

**शाहजहांपुर :** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के युवाओं को तकनीकी सशक्तीकरण हेतु टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना लागू की है। इस योजना को ''स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना'' के नाम से संचालित किया गया है। प्रदेश सरकार का ध्येय है कि छात्र/छात्राओं किसी भी आर्थिक समस्या के कारण तकनीकी शिक्षा में पीछे न रहें। उन्हें आधुनिक तकनीक का ज्ञान होना जरूरी है।

यह योजना युवाओं को कौशल विकास और शिक्षा प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाने पर केन्द्रित है। इस योजना का उद्देश्य है कि युवाओं को नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के लिए आवश्यक संसाधन और अवसर प्रदान किया जाये। युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करते हुए रोजगार से लगाना तथा व्यावसायिक कौशल/ शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनाना है। यह योजना युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार का महत्वपूर्ण कदम है और युवाओं के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता है। स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत उच्च/उच्चतर शिक्षण संस्थाओं स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, कौशल विकास, पैरामेडिकल तथा नर्सिंग आदि के अन्तर्गत अध्ययनरत छात्र, छात्राओं को बिना पंजीकरण के लाभान्वित किया जाता है। प्रदेश की परिधि में आने वाले केन्द्रीय विश्वद्यिालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भी बिना पंजीकरण के लाभान्वित किया जाता है। लाभार्थियों का डिजीशक्ति पोर्टल पर डाटा अपलोड एवं सत्यापन की त्रिस्तरीय व्यवस्था की गई है। लाभार्थियों की पात्रता हेतु संबंधित संस्थान द्वारा लाभार्थियों का डाटा अपलोड वेरीफाई संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा अप्रूव करते हुए संबंधित विभाग द्वारा लॉक किया जाता है। लॉक होने के पश्चात लाभार्थी द्वारा आधार प्रमाणीकरण किये जाने के उपरान्त लाभार्थी को उपकरण प्राप्त कराया जाता है। लाभार्थियों को टेबलेट/स्मार्टफोन संबंधित जनपद के शिक्षण संस्थान के माध्यम से वितरित किया जाता है।

उत्तर प्रदेश देश में सबसे बड़ी युवा शक्ति वाला राज्य है। प्रदेश की युवा शक्ति को सशक्त बनाने और उसे वर्तमान व भविष्य की जरूरतों के अनुसार कौशल प्रदान करने की दिशा में प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाये है। यह योजना युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रभावी साबित हो रही है। यह योजना वर्ष 2022-23 से 05 वर्षों हेतु लागू की गई है। इसका प्रबन्धन और पूरी प्रक्रिया को पेपरलेस संचालन के लिए डिजीशक्ति वेब पोर्टल विकसित किया गया है। वितरित किये जा रहे उपकरण में ऐप का उपयोग विभागों द्वारा शैक्षणिक, कैरियर और रोजगार संबंधी जानकारी लिंक के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के उपकरणों पर फ्लैस सन्देश प्रारूप में भेजने का प्राविधान है। वितरित उपकरणों में बूट लोगो पर वॉलपेपर उपलब्ध एवं एम0डी0एम0 के माध्यम से बूट लोगो एवं वॉलपेपर उपलब्ध है इस योजना के तहत प्रदेश के 2 करोड़ छात्र/छात्राओं को स्मार्टफोन/टेबलेट वितरित किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत लगभग 58 लाख स्मार्टफोन/टेबलेट वितरित किये जा चुके है। शिक्षा प्राप्त कर रहें छात्र-छात्रायें स्मार्टफोन/टेबलेट प्राप्त कर प्रसन्न होते हुए अपना गुणवत्तायुक्त शैक्षणिक विकास कर रहें है।

## ई रिक्शा पलटने से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

**पुवायां/शाहजहांपुर।** पुवायां से थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव लखराम से लेबर धान की पौध लगाने के लिए पुवायां थाना क्षेत्र के गांव करनापुर जा रहे थे जैसे ही ई रिक्शा बड़ा गांव के तुलाराम बाबा मंदिर के समीप पहुंचा तभी ई रिक्शा पलटने से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए घायलों को पुवायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां घायलों का उपचार किया गया।

घायलों में उर्मिला देवी पत्नी विष्णु दयाल और रीना देवी पत्नी पप्पू की हालत को गंभीर देखते हुए शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं लेबरों ने बताया कि ई-रिक्शा ड्राइवर जनशिव पुत्र पच्चू निवासी पुवायां थाना क्षेत्र के सकरापुर फोन चला रहा था जिस कारण ध्यान भटकने से ई-रिक्शा रोड के नीचे उतर गया और पलट गया जिससे ई रिक्शा पर बैठे लेबर घायल हो गए। बाकी लेबरों को प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया है।

# कटका थाना पुलिस ने नजायज़ हीरोइन के साथ तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अंबेडकरनगर।** थाना कटका व एसओजी/सर्विलान्स/स्वाट पुलिस टीम द्वारा मु0अ0स0 108/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित 03 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 02 किलो 105 ग्राम नजायज हिरोइन (अनुमानित कीमत लगभग 4.5 करोड़ रू0) बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 13.06.2025 को थाना कटका व एसओजी/सर्विलान्स/स्वाट पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 108/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना कटका जनपद अम्बेडकरनगर से सम्बन्धित 03 नफर अभियुक्त 01.बृजभूषण पुत्र कमला प्रसाद गौतम निवासी ग्राम लारपुर दक्षिण थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर 02. राजेश निषाद पुत्र रामू निषाद निवासी ग्राम अतरौलिया थाना अतरौलिया जनपद आजमगढ़ 03.प्रमोद कुमार पुत्र रामतीरथ निवासी ग्राम रन्नापुर थाना आलापुर जनपद अम्बेडकरनगर को निरीक्षण भवन गेट के सामने बहद ग्राम अहिरौली गोविन्द साहब से समय 05.20 बजे सुबह गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 02 किलो 105 ग्राम नाजायज हिरोइन (अनुमानित कीमत लगभग 4.5 करोड़ रूपये) बरामद किया गया।

# कार व मोटरसाइकिल में टक्कर में मां बेटा गंभीर रूप से घायल



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** एन एच 28 पर कस्बे के नरकटहा स्थित फल मंडी के पास बृहस्पतिवार की रात नौ बजे कार व मोटरसाइकिल में टक्कर हो जाने से मोटरसाइकिल सवार मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए है।

घायलों को इलाज के लिए उच्चीकृत संयुक्त अस्पताल बांसी पहुंचाया जहां डा अश्वनी चौधरी ने दोनों का प्राथमिक इलाज कर मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया है। कस्बे के नरकटहा निवासी 22 वर्षीय विशाल अग्रहरि ऊर्फ मोनू पुत्र विश्वनाथ प्रसाद अग्रहरि और बेबी 45 वर्ष पत्नी विश्वनाथ प्रसाद अग्रहरि मोटरसाइकिल से नौगढ़ गए थे और वहां से लौटकर घर आ रहे थे जैसे ही फल मंडी के पास पहुंचे सामने से आ रही कार से टक्कर हो गया। जिससे मां बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तत्काल एंबुलेंस से बांसी अस्पताल पहुंचाया गया।

## हीट वेव से लोग हुए हलकान , 40 डिग्री से ऊपर तापमान

**शाहजहांपुर :** जनपद भी हीट वेव की चपेट में है. यहां बच्चे बुजुर्ग महिलाएं और खासकर कामकाजी लोग गर्मी से बचने के तरीके खोज रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से तापमान 40,41,42 पार कर रहा है फिलहाल शुक्रवार को बादल छाए रहे फिर भी तापमान 40 डिग्री से ऊपर होने के कारण लोग भीषण गर्मी से हलकान रहे. हालांकि तापमान में गिरावट की उम्मीद लगाए बैठे लोगों को सूरज की तपन से तो कुछ राहत मिली लेकिन गर्मी से कोई राहत देखने को नहीं मिली। यहां छात्र महिलाएं बुजुर्ग सभी गर्मी से त्रस्त नजर आ रहे हैं। खासकर बच्चे घरों से निकलकर स्विमिंग पूल की ओर जाते दिखाई दिए। वही सर पर गमछा और कपड़ा ढक कर महिलाएं और युवा सड़कों पर निकले। ट्रैफिक व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मी भी गर्मी से राहत पाने के लिए सड़क के किनारे छांव ढूंढते नजर आए। सूरज की तपिश कम होने के बावजूद उमस भरी गर्मी से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।

# ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त, पुलिस मस्त, जनता त्रस्त



**शाहजहांपुरः** जनपद में ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, यहां अवैध रूप से संचालित टाटा मैजिक टेंपो ई रिक्शा ऑटो आदि में क्षमता से अधिक सवारियां भरकर आम जनमानस की जिंदगी को खतरे में डाला जा रहा है। यही नहीं जब कोई सड़क हादसा होता है तब पुलिस प्रशासन भी कुम्भकरणी नींद से जागता है। इससे पहले हुए हादसों की अगर बात की जाए तो बर्ष 2019 अगस्त माह में थाना रोजा क्षेत्र के जमुका दोराहा मोड़ पर टैप्पू के ऊपर ट्रक पलटने से 16 लोगों की मौत हो गई, जनवरी 2024 में

अल्लाहगंज फर्रुखाबाद रोड पर टेंपो में सवार 12 लोग गंगा स्नान को जा रहे थे जिनकी ट्रक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई थी इससे पहले थाना रोजा क्षेत्र के गुर्री चौकी के पास टैप्पू पर टैंकर पलटने से 16 लोग सड़क हादसे के शिकार हो चुके हैं। इसके बावजूद पुलिस प्रशासन अवैध रूप से संचालित हो रहे टैक्सी वाहनों पर आंखे मूंदे हुए बैठा हुआ है। जब कोई सड़क हादसा होता है तो आम जनमानस भी पुलिस प्रशासन को ही जिम्मेदार ठहराता है जबकि बराबर की भागीदारी अनजान मानस की भी है। अवैध रूप से चल रहे इन टैक्सी वाहनों में सवारियों को ठूंस ठूंस कर भरा जाता है।

## शाहजहांपुर सेल्फी प्वाइंट बना टैक्सी स्टैंड, होती है ठेका वसूली

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद का सेल्फी प्वाइंट जीआईसी तिराहा टैक्सी स्टैंड बन चुका है, यहां खुलेआम खड़े होकर टैप्पू, मैजिक, ठूंस ठूंस कर सवारी भरते हैं, और टैक्सी स्टैंड ठेकेदार द्वारा वसूली की जाती है और प्रशासन तमाशाबीन बना हुआ है।

वगल में खड़ी ट्राफिक पुलिस के आगे क्या मजबूरी है तो विभाग ही जानता होगा लेकिन शुक्रवार को रियल्टी चेक के दौरान एक मैजिक में अठारह सवारी ठूंस ठूंस कर भरी गई थी जिसका चालक अपनी जिम्मेदारी से बचते हए , स्पष्ट बोला यातायात के नियमों का पालन करेंगें तो खर्चा भी नहीं निकलेगा अब ड्राइवर कौन से खर्चे की बात कर रहा था यह तो ड्राइवर ही जानता होगा लेकिन सम्बंधित यातायात विभाग के पास इसका कोई जबाब नहीं है।

# जुमे की नमाज़ में मांगी देश मे अमन-चैन के लिए दुआ



अवधनामा संवाददाता

**अहमदाबाद विमान हादसे के मृतकों और ईरान हमले के शहीदों को किया याद**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज क्षेत्र के हल्लौर गांव स्थित जामा मस्जिद में जुमा की नमाज के बाद एक विशेष दुआ का आयोजन किया गया। पेश इमाम मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नमाजियों ने संयुक्त रूप से देश में अमन-चैन और शांति बनाए रखने की दुआ मांगी। इस अवसर पर, नमाजियों ने हाल ही में अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में जान गंवाने वाले सभी मृतकों की आत्मा की शांति के लिए भी विशेष प्रार्थना की साथ ही उनके परिवार वालों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए दुआ हुई। मौलाना जैदी ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

साथ ही शिया बाहुल्य गांव हल्लौर में ईरान में इज़राइल द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा की गई। नमाजियों ने एकजुट होकर इस हमले में शहीद हुए लोगों की मगफिरत के लिए दुआएं मांगीं और हमले की निंदा करते हुए शांति की अपील की। मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने नमाजियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हर मुश्किल घड़ी में एकजुट रहना चाहिए।

# ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का संगम है श्रीमद्भागवत कथा : पं दयानन्द द्विवेदी



अवधनामा संवाददाता

**कथा सुनने से व्यक्ति को मिलती है पापों, तापों और संतापों से मुक्ति**

**सिद्धार्थनगर।** श्रीमद्भागवत कथा जीवन का रहस्य सिखाती है और ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का संगम है। यह कथा सुनने से व्यक्ति को परमानंद की प्राप्ति होती है, ईश्वर की निष्काम भक्ति प्राप्त होती है और कलिकाल के पापों, तापों और संतापों से मुक्ति मिलती है।

उक्त बातें पं दयानन्द द्विवेदी जी ने कही। वह शुक्रवार को उसका बाज़ार विकास क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तिघरा में आयोजित 9 दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। श्रीमद्भागवत कथा में, आचार्य ने पुराणों का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत पुराण को सभी पुराणों में सर्वश्रेष्ठ बताया गया है।

उन्होंने श्रीमद्भागवत पुराण के महत्व पर जोर दिया और कहा कि यह पुराण न केवल आत्मिक शांति प्रदान करता है, बल्कि मन को शुद्ध भी करता है. कथा में, आचार्य ने बताया कि कैसे भागवत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य भवसागर से पार हो जाता है। श्रीमद्भागवत कथा में, वेदों और पुराणों को एक साथ महत्व दिया गया है। पुराणों को वेदों की व्याख्या और विस्तार के रूप में स्वीकार किया जाता है। कथा में, आचार्य यह भी बताते हैं कि कलयुग में लोगों की आयु कम हो जाती है, और वे धर्म के मार्ग से भटक जाते हैं. कलयुग में, लोग केवल अपनी इच्छाओं और भोगों के पीछे भागते है। कथाव्यास ने कलयुग के अंत में भगवान विष्णु के कल्कि अवतार के आगमन और सतयुग की पुनः स्थापना का भी वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भागवत कथाओं का महत्व कैसे बढ़ता है। इस दौरान मुख्य यजमान श्रीमती कमलावती देवी एवं पं जनार्दन दूबे सहित आयोजक श्रीमती नीलम एवं नरेन्द्र दूबे, श्रीमती कीर्ति एवं मानवेन्द्र दूबे व बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही।

# समतामूलक समाज की संस्थापना के लिए बसपा सरकार जरूरी : शमीम



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर ने समभिधान में जो समतामूलक समाज की संस्थापना की है उसे लागू करवाने के लिए देश व प्रदेश में सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय वाली बसपा सरकार जरूरी है।

उक्त बातें बसपा नेता पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने कहा कि आजकल अपराधियों के हौसले बुलंद हैं आयें दिन हत्या लोट बलात्कार आम बात हो गई है कानून नाम की कोई चीज नहीं है लेकिन सरकार द्वारा डिस्टल इन्डिया का सपना दिखाया जा रहा है बेरोजगारी चर्म पर हैं किसान नौजवान मजदूर सब परेशान हैं दलितों पिछड़ों और खास तौर अल्पसंख्यकों को परेशान किया जा रहा मस्जिद मदरसों को अवैध बता कर बुल्डोजर चलाने में सरकार लगी है इन सब से छुटकारा पाने के लिए आने वाले 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाना है। पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार में समाज का हर तबका परेशान हैं। प्रदेश की जनता पांचवीं बार बहन कु मायावती जी को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला कर लिया है। इस मौके पर पूर्व मंडल प्रभारी बस्ती इन्द्रजीत गौतम कहां की कार्यकर्ता बूथ करो मजबूत अभियान में लग जायें आने वाला दिन बसपा का होगा उक्त दौरान शुभकरन चौधरी प्रिन्स अम्बेडकर विजयपाल कन्नौजिया मोहम्मद कैफ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए दिव्यांगजन से 25 जून तक प्रस्ताव आमंत्रित

**देवरिया।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने जानकारी दी है कि आगामी विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार के लिए निर्धारित श्रेणियों में पात्रता रखने वाले इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं अपने प्रस्ताव 25 जून 2028 तक जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, विकास भवन, देवरिया के कार्यालय में आवश्यक प्रपत्रों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

राज्य स्तरीय पुरस्कार नियमावली-2017 के तहत कुल 12 श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी या स्वनियोजित दिव्यांगजन, दिव्यांगजनों को रोजगार देने वाले श्रेष्ठ नियोक्ता, प्लेसमेंट एजेंसियां अथवा अधिकारी, दिव्यांगजन के हित में कार्य करने वाले व्यक्ति और संस्थाएं, प्रेरणास्रोत व्यक्तित्व, श्रेष्ठ मीडिया प्रकाशन तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु कार्यरत अधिकारी को पुरस्कृत किया जाएगा।

# प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ लोटन ब्लाक के समस्त पदाधिकारी नवागत खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार शुक्ल का ब्लॉक संसाधन केंद्र लोटन पर स्वागत किया गया ।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र मिश्र, मंत्री राम शंकर पांडेय, कोषाध्यक्ष महेश प्रधान ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेंद्र पाण्डेय , मोहम्मद शकील, टाइगर सिंह,अहमद,कुंवर परवेज सहित सोनू वर्मा,अभय कुमार त्रिपाठी,सलीम सहित तमाम पदाधिकारी और संगठन के तमाम सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छ और माल्यार्पण करके बी आर सी पर स्वागत किया गया ।

इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व लोटन के खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह के स्थानांतरण के पश्चात् शोहरतगढ़ में खंड शिक्षा अधिकारी रहे संतोष कुमार शुक्ल का स्थानांतरण लोटन में हुआ है। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वस्थ वातावरण में पठन पाठन और निपुण लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मिलकर कार्य करने और जनपद में लोटन को शीर्ष पर ले जाने की बात कही गई।

# जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** 13 जून 2025/जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सहायक महानिरीक्षक निबन्धन राजेश कुमार सिंह के साथ बड़े लेखपत्र संख्या-2044/19.05.2025 वी कोड-1262 ग्राम की श्रेणी नगरीय, ग्राम छतहरा तप्पा बरहो तहसील शोहरतगढ़ का निरीक्षण किया गया ।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा मौके पर स्थलीसय निरीक्षण किया गया। उक्त का विक्रय मूल्य- 80,00,000-00 गाटा सं0 414 रकबा 0.130 है। विक्रीत भूमि की में विक्रीत सम्पत्ति दो मार्ग पर स्थित होने के कारण मूल्यांकन सूची के सामान्य निर्देश क्रमांक 20 के अनुसार मूल्यांकन में 20 प्रतिशत वृद्धि करने पर मूल्यांकन रू0 1,17,93,600। सम्पत्ति सड़क एवं आबादी से सटी होने के कारण मूल्यांकन सूची के सामान्य निर्देश कमांक 13 के अनुसार मूल्यांकन में 20 प्रतिशत वृद्धि करने पर मूल्यांकन रू0 14152320/- अर्थात 1,41,53,000 जिसका अदा स्टाम्प 9,91,000 तथा अदा निबन्धन शुल्क- 1,41,530 है।

## भू माफिया के खिलाफ शिकायत पर डीएम ने गठित की जांच टीम

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने बताया कि बीते 9 जून को तहसील तमकुहीराज में आयोजित तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में विनय चौरसिया पुत्र गजेन्द्र ग्राम पड़री राजा, शुभकर शुक्ला ग्राम मेंहदिया बुजुर्ग, विद्याधर शुक्ल पुत्र लक्ष्मी शुक्ल ग्राम मेंहदिया बुजुर्ग, हीरा गुप्ता पुत्र गोपाल ग्राम परड़ी राजा, बनारसी गुप्ता परड़ी राजा व गजेन्द्र पुत्र श्रीनाथ ग्राम परड़ी राजा द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है कि उनके प्रार्थना पत्र के अनुसार भू-माफिया धनंजय पुत्र रामायण उपाध्याय ग्राम मेंहदिया बुजुर्ग ने बैनामे की भूमि/अन्य जमीनों को अधिकारियों के मिली भगत से हड़पने के लिए की गई जालसाजी की जा रही है। उक्त प्रार्थना पत्रों की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने हेतु अनुरोध किया गया है। जॉच हेतु अधिकारियों की जॉच टीम गठित कर उन्हें इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रकरणों की जांच कर अपनी आख्या सात दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## सैयद रिजवान मुस्तफा ने पीएमओ, एनआईए और विदेश मंत्रालय को लिखा पत्र

**इज़राइली राजदूत को खतरनाक डिप्लोमैट करार देते हुए भारत से निष्कासित करने की मांग की**

**नई दिल्ली/लखनऊ।** एनआई पॉडकास्ट में दिए इज़राइली राजदूत रेउवेन अज़ार के बयान जिसमें उन्होंने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के ज़रिए ईरान, पाकिस्तान और उत्तर कोरिया के एक गुप्त न्यूक्लियर गठबंधन का दावा किया और संभावित तीसरे विश्व युद्ध की चेतावनी दी को लेकर भारत में जबरदस्त विरोध शुरू हो गया है।

प्रेस फाउंडेशन ट्रस्ट के नेशनल प्रेसिडेंट सैयद रिजवान मुस्तफा ने इस बयान को भारत की संप्रभुता, गुटनिरपेक्ष नीति और आंतरिक शांति पर सीधा हमला बताते हुए पीएमओ, एनआईए और विदेश मंत्रालय को तत्काल पत्र लिखा है। उन्होंने इज़राइली राजदूत को खतरनाक डिप्लोमैट करार देते हुए भारत से निष्कासित करने की मांग की है।

उन्होंने हृद्ध को भी कठघरे में खड़ा करते हुए मांग की है कि विवादास्पद पॉडकास्ट एपिसोड को तुरंत रोक दिया जाए, क्योंकि इससे भारत में सांप्रदायिक तनाव और अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक असंतुलन पैदा हो सकता है। सैयद रिजवान मुस्तफा का कहना है भारत कोई उपनिवेश नहीं कि विदेशी राजदूत यहाँ बैठकर युद्ध भड़काने वाले बयान दें। भारत गुटनिरपेक्षता की नीति पर चलता है और ऐसे उत्तेजक बयान हमारे संविधान और विदेश नीति के खिलाफ हैं। इस बयान के बाद डिप्लोमैटिक और मीडिया हलकों में हड़कंप मच गया है। सोशल मीडिया पर भी जनता हृद्ध और इज़राइली दूतावास से जवाब मांग रही है कि आखिर भारत की ज़मीन का इस्तेमाल कर किसके इशारे पर युद्धोन्मादी बयान दिए जा रहे हैं। अब सबकी निगाहें भारत सरकार की प्रतिक्रिया और हृद्ध की अगली चाल पर टिकी हैं। क्या सरकार इज़राइली दूतावास को तलब करेगी? क्या पॉडकास्ट एपिसोड रोका जाएगा? इस विवाद ने एक बार फिर विदेशी दखल और मीडिया की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# रजिस्ट्री के माध्यम से खरीदी गयी भूमि निर्माण कार्य करते विक्रेता द्वारा किया जा रहा अवरोध

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** तहसील के वाजिदपुर देहात में एक जमीन विवाद ने नया मोड़ ले लिया है, जहां 11 वर्ष पूर्व रजिस्ट्री के माध्यम से खरीदी गई भूमि पर निर्माण कार्य करते समय विक्रेता पक्ष द्वारा अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। पीड़ित ने एक बार उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वाजिदपुर देहात निवासी पुष्पलता देवी ने 11 वर्ष पूर्व गांव के ही राम निहोर पुत्र लौटू से लगभग एक बिस्वा भूमि का बैनामा कराया था। रजिस्ट्री के बाद खारिज दाखिल की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जमीन पर चारों ओर पिलर व बाउंड्री वॉल का निर्माण भी कराया गया था।

वर्तमान समय में परिवार में सदस्यों की संख्या बढ़ने के कारण जब पीड़ित पक्ष ने उक्त भूमि पर आवासीय निर्माण कार्य शुरू किया, तो रामनिहोर सहित अन्य परिजनों द्वारा निर्माण में जबरन हस्तक्षेप किया जाने लगा। विरोध इतना बढ़ गया कि मामला आमदा फौजदारी तक पहुंच गया, जिससे निर्माण कार्य बाधित हो गया है। पीड़ित का कहना है कि ज़मीन पर उनका वैध कब्जा है और पिछले एक दशक से कोई विवाद नहीं रहा। अब अचानक विक्रेता पक्ष द्वारा जबरदस्ती कब्जे की कोशिश की जा रही है, जो पूरी तरह गैरकानूनी और अनुचित है। इस विवाद को लेकर पीड़ित पक्ष पहले भी तहसील स्तर से लेकर जिला प्रशासन तक कई बार शिकायत कर चुका है, जिस पर मामला सत्य पाया गया। लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। फिर भी न्याय से वंचित है।

## दक्षिण के राज्यों की चिन्ता

दक्षिण के राज्यों की सोच है कि कम आबादी की वजह से उनके राजनैतिक हैसियत में कमी आयी है। इसी सोच के अन्तर्गत आन्ध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू ने घोषणा की है कि ज्यादा बच्चे पैदा करने वालो को वित्तीय इन्सेन्टिवस योजना बनाई है। चन्द्रा बाबू का यह फैसला राजनीतिक वजहों से है। मुख्यमंत्री का कहना है परिवार जितना बड़ा होगा उतना ही बड़ा आर्थिक सहायता मिलेगा। पर नायडू शायद यह भूल रहे है कि इसी अन्ध्रप्रदेश में ऐसे लोगो को निकाय चुनावों में खड़े होने से रोकने के लिये बदलाव किया गया था जिनके दो से ज्यादा बच्चे है चुनाव नहीं लड़ सकते। दक्षिण राज्य इसीलिये परिसीमन का विरोध कर रहे है। उत्तर के राज्यों की तुलना में की वजह से देश में सियासत में वे कमजोर पड़ जायेगे। चन्द्राबाबू इसीलिये दक्षिण के राज्यों से संख्या रणनीति पर फिर से विचार करने को कह रहे है। जनसंख्या इस तरह के मोड़ में काम नही करती है। इसका ज्वलन्त नमूना चीन है। चार दशकों तक एक बच्चा पालसी का सख्ती से पालन किया। इसका असर उसके वर्क फोर्स पर पड़ रहा है। 2015 से उसने पालसी बदलते हुये दो से फिर तीन बच्चों तक की छूट दे दी। पर इससे उसके जन्म दर पर कोई फर्क नही पड़ा। क्योकि शिक्षा का स्तर बढ़ने के साथ ही लोगो का ध्यान क्वालिटी लाइफ स्टाइल तरफ मुड गया।

दक्षिण का डर की उसकी आबादी गिर रही है। पर वास्तविकता पर गौर करे तो देश की आबादी में गिरावट आई है। 2021 की सैम्पल रजिस्टेऊशन की स्कीम के अनुसार देश में फर्टिलिटी रेट 2.0 यानी हर कपल औसतन दो बच्चे पैदा कर रहा है। सबसे कम फटिलिटी रेट 1.4 दिल्ली और पश्चिम बंगाल का था। तमिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश और केरल में फटिलिटी रेट 1.5 जबकि तेलंगाना और कर्नाटक में 1.6 दर्ज है।

शिक्षा के साथ आई जागरूकता की वजह से पिछले दस साल में आबादी में बढोत्तरी पर नियन्त्रण कायम हुआ है। भारत में जनसंख्या बढ़ने की नहीं है बल्कि यह है ज्यादा से ज्यादा संख्या बढ़ने की नही है बल्कि यह है ज्यादा से ज्यादा लोगो को किस तरह स्किल्ड बनाया जाये ताकि वे भी विकास में भागीदार हो और जीवन स्तर में सुधार आ जाये।

भारत में शिक्षा के स्तर के साथ स्कूल में शिक्षित नौजवानों की संख्या बढ़ती जा रही है। स्किल्ड नौजवान विदेशी और देशी कम्पनियों में महत्पूर्ण योगदान दे रहे है। अमेरिका तक कुछ अन्य देशो की सम्पन्नता इन्ही स्किल्ड भारतीय नौजवानों की वजह से है जिस पर अमेरिकी प्रेसिडेन्ट ट्रम्प आज कल कैची लगाने में जुटे है। सबसे सुखद बात यह है कि भारतीय स्त्रियों ने इस मामले में महत्वपूर्ण विकास किया है और कर रही है। कई बहुत बड़ी बड़ी देशी विदेशी कम्पनियो की मुख्य बने कम्पनी का बेहतर विकास कर रही है। मोदी को भारत को आर्थिक रूप से बड़ा सपना पूरा करने में ये महिलायें प्रशंसनीय योगदान दे रही है। भारत की विदेशी मुद्रा भन्डार बढ़ाने में विदेश में गये हमारे नौजवान स्त्री या पुरूष महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है। पश्चिमी देशो के हालात कार्य संस्कृति में भारत से बेहतर है इसीलिये हाइली प्रशिक्षित बाहर भागते जा रहे है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिये।

## लगातार आ रहा है निवेश,मोहन के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ता मध्यप्रदेश


हर्षवर्धन पान्डे

देश का हृदयस्थल कहा जाने वाला मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में निवेश और विकास के क्षेत्र में नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है। बीते डेढ़ बरस के छोटे से समय में उनकी दूरदर्शी नीतियों, स्पष्ट प्रशासनिक दृष्टिकोण और निवेशक-अनुकूल रणनीतियों ने प्रदेश को औद्योगिक और आर्थिक प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है। डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में निवेश की गति धुआंधार रही है और विकास तेजी से हो रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को निवेश के लिए आदर्श गंतव्य बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट इसका जीता जागता उदाहरण रहा जहाँ मोहन का मैजिक इस कदर चला कि इस समिट में 30 लाख 77 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जो प्रदेश के आर्थिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे पहले भी एमपी में निवेशक सम्मेलन आयोजित होते रहे लेकिन बड़े निवेश के प्रस्ताव राज्य को नहीं मिल पाए। डॉ. मोहन यादव की मजबूत इच्छा शक्ति का परिणाम है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से उन्होनें देश और दुनिया में एमपी की पताका फहरा दी। इन निवेश प्रस्तावों से लगभग 21 लाख रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है,जो एक रिकार्ड है। इस समिट में विभिन्न क्षेत्रों जैसे एविएशन, आईटी, कृषि और शहरी विकास में निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। मोहन के नेतृत्व में मध्यप्रदेश अब केवल स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि वैश्विक निवेशकों के लिए भी एक आकर्षक गंतव्य बन रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेश को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य प्रदेश के हर कोने में औद्योगिक विकास को गति देना है। उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, सागर, नर्मदापुरम जैसे शहरों में आयोजित इन कॉन्क्लेव्स ने स्थानीय स्तर पर निवेशकों को आकर्षित किया है। ये कॉन्क्लेव न केवल राज्य में व्यापक निवेश को प्रोत्साहित कर रहे हैं, बल्कि इससे स्थानीय उद्यमियों और छोटे-मध्यम उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने एमएसएमई सेक्टर के लिए 5000 करोड़ रुपये के अनुदान की घोषणा की है, जिससे छोटे निवेशकों की बांछे खिल गई हैं। मोहन सरकार ने अपने कार्यकाल में औद्योगिक विकास के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार कर लिया है जिसमें औद्योगिक पार्कों को बढ़ावा देने के साथ स्मार्ट औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने पर जोर दिया गया है। इस पहल से रोजगार के नए अवसर न केवल मिलेंगे बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

मध्यप्रदेश बहुत जल्द ड्रोन निर्माण का बड़ा हब भी बनने जा रहा है। इस लक्ष्य को पाने के लिए मोहन सरकार ने पिछले दिनों मध्यप्रदेश ड्रोन संवर्धन एवं उपयोग नीति 2025 को मंजूरी दी है जिससे नए स्टार्ट अप कंपनियों और उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने ड्रोन स्कूल खोने की बड़ी कार्ययोजना भी तैयार की है जिसके माध्यम से युवाओं को ड्रोन तकनीक का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे राज्य में रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगे।

डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को न केवल औद्योगिक, बल्कि आध्यात्मिक और वेलनेस हब के रूप में भी स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। पिछले दिनों उज्जैन में आयोजित स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट 2025 में 1950 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इस समिट ने मध्यप्रदेश को भारत के वेलनेस मिशन का नेतृत्व करने वाला राज्य बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम उठाया। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में मेडिसिटी की स्थापना और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च के साथ समझौता इस दिशा में उनकी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित परमार्थ निकेतन जैसे आध्यात्मिक संगठनों ने भी उज्जैन में केंद्र स्थापित करने के लिए पत्र सौंपा है जो प्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को और समृद्ध करेगा। मध्यप्रदेश शहरी विकास के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत सात स्मार्ट सिटी, 80 फीसदी पाइप जलापूर्ति और 6000 किलोमीटर शहरी सड़कों का विकास इसकी गवाही देता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**22 मई 2010 को एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812 दुबई से कर्नाटक आ रही थी। विमान में 166 लोग सवार थे। लैंडिंग के समय मौसम ठीक था, लेकिन रनवे छोटा और थोड़ा ऊंचाई पर बना हुआ था। पायलट ने विमान को जमीन पर देर से उतारा, जिससे ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची। नतीजा यह हुआ कि विमान रनवे से आगे फिसलता चला गया और खाई में गिरकर दो हिस्सों में टूट गया। हादसे में 158 लोगों की मौत हो गई। जांच में सामने आया कि पायलट बहुत थके हुए थे और समय पर निर्णय नहीं ले सके।**

# सुरक्षित हवाई यात्रा के लिए ठोस कदम उठाने होंगे


राजेश माहेश्वरी

गुजरात के अहमदाबाद में जो भयानक दर्दनाक हादसा हुआ, उसने देश के हर शख्स को गमगीन कर दिया। एअर इंडिया का ड्रीमलाइनर प्लेन अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के लिए मिनट बाद ही बेहद खतरनाक ढंग से क्रैश हो गया। इस घातक प्लेन क्रैश में अभी तक 265 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। जिस बिल्डिंग से प्लेन क्रैश हुआ, उसमें मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट खाना खा रहे थे, वो भी हादसे का शिकार हो गए। प्लेन हादसे का मंजर इतना खौफनाक है कि जिसने भी इसे देखा उसका कलेजा मुंह में आ गय। लोगों के शव कई हिस्सों में बिखरे हुए थे, लोगों के शव इतनी बुरी तरह जले कि उनकी पहचान तक नहीं हो पा रही, इसलिए डीएनए जांच का सहारा लिया जा रहा है। प्लेन में कुल 242 लोग सवार थे, जिसमें 230 पैसेंजर्स, 10 क्रू और दो अनुभवी पायलट सवार थे। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी सहित 242 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार थे। प्लेन में सवार बस एक ही यात्री चमत्कारिक ढंग से बच निकला, जिसका अब अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में उस जगह का दौरा किया, जहां एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। भारत का अब तक का सबसे बड़ा प्लेन हादसा 12 नवम्बर 1996 को हुआ, जिसे चरखी दादरी विमान हादसा कहा जाता है। यह हादसा हरियाणा के चरखी दादरी के पास उस समय हुआ, जब दो प्लेन एक-दूसरे से टकरा गए। इस टक्कर में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोग मारे गए थे। यह दुर्घटना पायलट और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के बीच गलतफहमी और ऊंचाई की जानकारी सही से न समझ पाने के कारण हुई थी। 1 जनवरी 1978 को मुंबई से उड़ान भरते ही बोइंग 747 अरब सागर में गिर गया। दिशा भ्रम और तकनीकी खराबी की वजह से हुए इस हादसे में 213 लोगों की जान चली गई। प्लेन मुंबई से दुबई जा रहा था। 22 मई 2010 को एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812 दुबई से कर्नाटक आ रही थी। विमान में 166 लोग सवार थे। लैंडिंग के समय मौसम ठीक था, लेकिन रनवे छोटा और थोड़ा ऊंचाई पर बना हुआ था। पायलट ने विमान को जमीन पर देर से उतारा, जिससे ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची। नतीजा यह हुआ कि विमान रनवे से आगे फिसलता चला गया और खाई में गिरकर दो हिस्सों में टूट गया। हादसे में 158 लोगों की मौत हो गई। जांच में सामने आया कि पायलट बहुत थके हुए थे और समय पर निर्णय नहीं ले सके, जिससे यह गंभीर दुर्घटना हुई। 26 अप्रैल 1993 को इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 491 औरंगाबाद से मुंबई जा रही थी। जैसे ही विमान ने उड़ान भरना शुरू किया, उसी समय रनवे पर एक ट्रक मौजूद था। पायलट को ट्रक समय पर दिखाई नहीं दिया और विमान उससे टकरा गया। टक्कर के बाद विमान में आग लग गई और वह टूट गया। हादसे में 55 लोगों की जान चली गई, जबकि कई लोग घायल हुए। केरल के कोझिकोड में 7 अगस्त 2020 को एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया था। इसमें 21 यात्रियों की मौत हुई थी, जबकि 110 लोग घायल हुए थे। इ



दुनिया का सबसे सेफ विमान माने जाने वाला बोइंग 787 आखिर किस वजह से क्रैश हुआ है। इस सवाल का सभी सवाल खोज रहे हैं। अब इसी का पता लगाने की कोशिश शुरू हो चुकी है। फोरेंसिक टीम अहमदाबाद में प्लेन क्रैश वाली जगह पहुंच चुकी है। यहां से हर वो सबूत जुटाया जाएगा, जिससे पता चल सकेगा कि हादसा कैसे हुआ। अब विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को गुरुवार को बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच का काम सौंपा गया है। एएआईबी के पास अब यह पता लगाने की जिम्मेदारी होगी कि दुर्घटना के असल कारण क्या थे। बल्कि निकट भविष्य में हवाई यात्राओं को सुरक्षित बनाने के लिए भी सुझाव दिए जा सकेंगे। इसके अंतर्गत ब्यूरो बोइंग के सुरक्षा रिकॉर्ड और परिचालन निरीक्षण की भी गहराई से जांच करेगा। निश्चित रूप से परिचालन प्रक्रिया कड़ी जांच के दायरे में होगी। उल्लखनीय है कि तकनीकी खामियों के चलते बोइंग के कई अन्य 787 ड्रीमलाइनरों की सुरक्षा प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए जाते रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बोइंग की सुविधाओं के एफएए द्वारा ऑडिट करने पर निर्माण की प्रक्रिया में अनियमितताओं और कंपनी की सुरक्षा संस्कृति में खामियों का पता चला था। बल्कि व्हिसल ब्लोअर्स ने तो यहां तक भी आरोप लगाए थे कि बोइंग की कार्यप्रणाली में खामियों को उजागर करने के लिए उन्हें बदले की कार्रवाई का सामना भी करना पड़ा था। उल्लेखनीय है कि रिपब्लिक एयरवेज के सीईओ ब्रायन बेडफोर्ड, जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा एफएए का प्रमुख नियुक्त किया गया है, ने बुधवार को कहा था कि वर्ष 2018 और 2019 में दो बोइंग 737 मैक्स दुर्घटनाओं से जुड़ी एक प्रमुख सुरक्षा प्रणाली की विफलता के बारे में कुछ वास्तविक व गंभीर सबक सीखे गए हैं, जिसमें 346 लोगों की मृत्यु हो गई थी।

निश्चित रूप से अहमदाबाद विमान हादसे के बाद भारतीय अधिकारियों को अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ गंभीर विमर्श करना चाहिए। उससे मिले इनपुट गुजरात दुर्घटना की गहन जांच करने में सहायक साबित हो सकते हैं। बहरहाल, अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 के हादसे ने सैकड़ों परिवारों को गहरे जख्म दे दिए हैं। हादसे में दो सौ से अधिक लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है, वहीं एक व्यक्ति के जीवित बचने को कुदरत का करिश्मा माना जा रहा है। दूसरी ओर रिहायशी इलाके में विमान के गिरने से हुई क्षति भी दुखद है। पुलिस द्वारा चालीस लोगों के अस्पताल में उपचाराधीन होने की बात भी कही जा रही है। निश्चय ही यह विमान हादसा हवाई यात्राओं से जुड़ी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत को बताता है। हवाई हादसे के कारणों की हकीकत जांच के बाद सामने आएगी लेकिन यदि हवाई यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक हुई है, तो उसकी जवाबदेही तय करने की जरूरत है। हाल के वर्षों में हुई यह बड़ी दुखद दुर्घटना हवाई यात्रा से जुड़े जोखिमों पर नये सिरे से गंभीर मंथन की जरूरत को बताती है। निश्चित रूप से यह हादसा नागरिक उड्डयन के लिये भी एक बड़ा झटका है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में शामिल है। आज भारत दुनिया के अग्रणी विमानन बाजारों में शुमार है। विडंबना यह है कि अभी दो महीने पहले ही नई दिल्ली में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो यानी एएआईबी में अत्याधुनिक डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया था।

# गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से खत्म करना होगा!

**स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में तेज और सतत आर्थिक विकास के लिए नीतियों और कार्यक्रमों का विकास और क्रियान्वयन करना, जिससे गरीबों को विकास में भाग लेने और योगदान देने का अवसर मिले। अध्ययनों के अनुसार, किसी देश की औसत आय में 10 फीसदी की वृद्धि से गरीबी 20-30 फीसदी कम हो जाती है। जल और अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में सरकार सुधार करें।**


तारकेश्वर मिश्र

सतत विकास लक्ष्य-1 के तहत 2030 तक दुनियाभर से गरीबी का उन्मूलन करना है लेकिन इससे आठ साल पहले दुनिया गरीबी के विरुद्ध छेड़े गए युद्ध में हताशा भरी स्थिति में पहुंच गई है। इसके अलावा यह भी निश्चित नहीं है कि दुनिया कब तक कुल आबादी के मुकाबले चरम गरीबी में रह रहे लोगों की संख्या को तीन प्रतिशत की निर्धारित सीमा तक रख पाएगी। इसके विपरीत विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट भारत में अत्यधिक गरीबी में आई उल्लेखनीय कमी को दर्शाती है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022-23 में यह दर 5.3 प्रतिशत रह गई है, जो वर्ष 2011-12 में 27.1 फीसदी थी। रिपोर्ट के निष्कर्षों के अनुसार भारत ने लगभग एक दशक से कुछ कम समय में 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो पैमाने और गति के मामले में उल्लेखनीय उपलब्धि कही जा सकती है।

निश्चित रूप से इस उपलब्धि में विभिन्न कल्याण कार्यक्रमों मसलन आर्थिक विकास और ग्रामीण रोजगार योजनाओं की बड़ी भूमिका रही है। निस्संदेह, इसने सबसे गरीब तबके के लोगों की आय बढ़ाने में मदद की है। निश्चित रूप से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, बिजली, शौचालयों और आवास तक इस तबके की पहुंच बढ़ाने जैसी पहल ने ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में जीवन की गुणवत्ता बेहतर बनाने में योगदान दिया है। गरीबी को एक ऐसी स्थिति के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसमें किसी व्यक्ति या परिवार के पास जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वित्तीय संसाधनों की कमी होती है। गरीबी को गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या से मापा जा सकता है। गरीबी की गहराई इंगित करती है कि गरीब गरीबी रेखा से कितने नीचे हैं। अब तक, छह आधिकारिक समितियों ने भारत में गरीबी का अनुमान लगाया हैः 1962 का कार्य समूह, 1971 में वीएन दांडेकर और एन रथ आदि। क्योंकि सरकार ने रंगराजन समिति की रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं की, इसलिए तेंदुलकर गरीबी रेखा का उपयोग करके गरीबी को मापा जाता है। इसके अनुसार, 21.9 प्रतिशत भारतीय गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं।

इसमें दो राय नहीं कि वैश्वीकरण और उदारीकरण की नीतियों से देश में आर्थिक असमानता को बढ़ावा मिला है। वहीं तकनीकी प्रेरित सेवाओं में उछाल के चलते, वर्ष 2000 के बाद विकास मॉडल ने एक छोटे वर्ग को असंगत रूप से लाभान्वित किया है। निश्चित रूप से नई आर्थिक नीतियों की विसंगतियों से उपजे असमान परिदृश्य में लाखों लोग गरीबी की रेखा से ऊपर तो उठ गए,लेकिन वे बीमारी, नौकरी छूटने या जलवायु परिवर्तन से उपजी आपदाओं जैसे संकटों के प्रति संवेदनशील बने हुए हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार गरीबी कम करने वाले उपायों में कई तत्व शामिल हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में तेज और सतत आर्थिक विकास के लिए नीतियों और कार्यक्रमों का विकास और क्रियान्वयन करना, जिससे गरीबों को विकास में भाग लेने और योगदान देने का अवसर मिले। अध्ययनों के अनुसार, किसी देश की औसत आय में 10 फीसदी की वृद्धि से गरीबी 20-30 फीसदी कम हो जाती है। जल और अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में सरकार सुधार करें। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले अधिकांश गरीब लोग जीवनयापन के लिए कृषि या अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। नतीजतन, उन्हें अपने संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करने के लिए उन संसाधनों तक अधिक न्यायसंगत पहुंच की आवश्यकता होती है। अगर देश में गरीबी उन्मूलन अभियान को सार्थक बनाना है, तो जनता को सिर्फ साक्षर नहीं शिक्षित करना होगा। ऐसी गुणवत्ता वाली शिक्षा दी जानी चाहिए, जिससे वे समर्थ बनें और अपना जीवन निर्वाह कर लें। जितने अधिक रोजगार निर्मित होंगे, उतनी ही गरीबी दूर होगी। शासन को चाहिए की वे समझें कि सिर्फ अनाज व रुपए देकर गरीबी दूर नहीं की जा सकती। ऐसी योजनाएं ज्यादा काम न करने की प्रवृत्ति जगाती हैं। हालांकि ये सरकार की जिम्मेदारी है कि कोई भी व्यक्ति आहार से वंचित न रहे। इसके लिए आवश्यक है कि सिर्फ असहाय बुजुर्ग व दिव्यांगों को ही मुफ्त अनाज की सुविधा दी जाए। बाकी लोगों के लिए मनरेगा की तर्ज पर अनाज के लिए 5 से 10 दिन का काम अनिवार्य कर देना चाहिए। इससे लोगों में काम करने की प्रवृत्ति जागेगी और निश्चित ही गरीबी कम होगी।



सरकारी नीतियां ऐसी हों, जो गरीबी, अज्ञानता, बीमारी एवं अवसरों के अभाव का शिकार हैं, उनके आंसू पौंछ सकें। समाज में व्याप्त असमानताओं को दूर करने और ग्रामीण विकास के लिए आवंटित धन की बंदरबांट रोकने की जरूरत है। विभिन्न लघु उद्योगों में प्रशिक्षण कर युवा वर्ग को स्वावलंबी बनाने पर ध्यान देना चाहिए। निर्विवाद रूप से सामाजिक न्याय के लिये गरीबी कम करने के साथ, कमजोर तबकों के लिये सम्मान,समानता और नीतियों में लचीलापन जरूरी है। वास्तव में गरीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब सरकार की कल्याणकारी नीतियां न केवल उन्हें गरीबी के दलदल से बाहर निकालें, बल्कि उन्हें स्वावलंबी भी बनाएं। आर्थिक कल्याणकारी नीतियों का मकसद मुफ्त की रेवड़ियां बांटना न होकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना होना चाहिए। निर्धन आबादी के लिये जनकल्याण की योजनाएं जरूर चलायी जानी चाहिए, लेकिन एक वक्त के बाद सरकारी सहायता पर उनकी निर्भरता को कम करना भी उतना ही जरूरी है। वहीं दूसरी ओर, शिक्षा के प्रसार से इस वर्ग की उत्पादकता बढ़ाने की भी कोशिश की जानी चाहिए। तभी गरीबी का कुचक्र स्थायी रूप से कम किया जा सकता है। लेकिन जहां हम गरीबी उन्मूलन में मिली सफलता पर आत्ममुग्ध हैं तो वहीं समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। पिछले साल जारी की गई विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 से पता चलता है कि भारत में शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की संपत्ति में बड़ा उछाल आया है। वे लोग देश की चालीस फीसदी संपत्ति नियंत्रित करते हैं। गरीबी जीवन स्तर के कई नकारात्मक मापनीय पहलुओं से अत्यधिक सहसंबद्ध है, और इस प्रकार गरीबी को कम करने से लाखों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। गरीबी उन्मूलन दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है, और यह प्रस्तावित है कि निजी क्षेत्र महत्वपूर्ण गरीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक आर्थिक विकास, रोजगार और खरीद विकल्पों को उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। गरीबी की समस्या से निपटने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय आवश्यक है, ताकिविभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा सके। यह सुनिश्चित हो कि सभी को रोजगार मिले। लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए।

# दूध की दिव्यता का स्रोत है डेयरी

**दूध में प्रोटीन का 80 प्रतिशत हिस्सा केसिन के रूप में होता है और बाकी 20 प्रतिशत हिस्सा व्हे का होता है। दूध में व्याप्त केसिन प्रोटीन, कैल्शियम और फॉस्फेट के साथ मिलकर छोटे छोटे कण बनाते हैं जिन्हें मिसेल्स कहा जाता है। जब प्रकाश इन मिसेल्स से टकराता है तो यह प्रकाश अपरिवर्तित होकर फ़ैल जाता है। दूध में पाए जाने वाला वसा के कण (फैट ग्लोबुल्स) भी प्रकाश के प्रकीर्णन का कारण बनते हैं। अतएव दूध का रंग सफ़ेद दिखाई देता है।**


डॉ. शंकर सुवन सिंह

दूध सेहत का सार है। दूध वो दरिया है जिसमे सभी को डूब के जाना है। कहने का तातपर्य यह है कि दूध एक विशाल नदी की तरह है जिसमे प्रत्येक स्तनधारियों को पैदा होने के बाद एक बार डुबकी लगानी ही पड़ती है। अर्थात पैदा होते ही बच्चे सर्वप्रथम अपनी माँ का दूध अवश्य पीते है। दूध को क्षीर, दुग्ध, पय, गोरस,और दोहज आदि नामों से भी जाना जाता है। दूध स्तनधारियों की स्तन ग्रंथियों द्वारा उत्पादित होता है। दूध पोषकता से भरपूर होता है। स्तनधारी प्राणियों का पृथ्वी पर अवतरण होते ही उनके बच्चों के जीवन की शुरुआत दूध से होती है। दूध जीवन को जीवंत करने का विशिष्ट गुण रखता है। अतएव दूध स्तनधारियों के बच्चों के जीवन के विकास के लिए एक मुख्य पोषण स्रोत है। दूध के पोषक तत्व बच्चों के निरोगी भविष्य के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आउटलाइन्स ऑफ़ डेयरी टेक्नोलॉजी पुस्तक के लेखक सुकुमार डे. के अनुसार दूध की संरचना में पानी, वसा, प्रोटीन, लैक्टोज (दूध की चीनी) और खनिज (लवण) शामिल हैं। इनके अलावा, दूध में अन्य पदार्थ जैसे वर्णक (पिगमेंट), एंजाइम, विटामिन, फॉस्फोलिपिड और गैसें भी मौजूद होती हैं। सामान्यतः पानी की मात्रा लगभग 87.34 फीसदी होती है। वसा लगभग 3.75 फीसदी और प्रोटीन लगभग 3.45 फीसदी, लैक्टोज लगभग 4.6 फीसदी और खनिज लगभग 1 फीसदी से कम होता है। सामान्यतः दूध में व्याप्त पूर्ण ठोस (टोटल सॉलिड) जो लगभग 12.66 प्रतिशत है उसी की वजह से दूध अपारदर्शी है और दूध में व्याप्त पानी जो लगभग 87.34 प्रतिशत है उसकी वजह से दूध तरल है। अगर हम दूध में मौजूद पानी की बात करें तो सबसे ज्यादा पानी गधी के दूध में 91.5 फीसदी होता है। पानी की मात्रा घोड़ी में 90.1 फीसदी, मनुष्य में 87.4 फीसदी, गाय में 87.2 फीसदी, ऊंटनी में 86.5 फीसदी और बकरी में 86.9 फीसदी होता है। दूध में कैल्शियम, मैग्नीशियम, ज़िंक, फास्फोरस, आयोडीन, आयरन, पोटैशियम, फोलेट्स, विटामिन ए, विटामिन डी, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी-12, प्रोटीन आदि मौजूद होते हैं। गाय के वसा रहित दूध (स्किम्ड मिल्क) में कोलेस्ट्रॉल 2-5 मिलीग्राम प्रति 100 मिलीलीटर होता है। पूर्ण वसा (फुल क्रीम) वाले दूध में कोलेस्ट्रॉल 10-15 मिलीग्राम प्रति 100 मिलीलीटर होता है। आंकड़ों के अनुसार एक स्वस्थ्य व्यक्ति 300 मिलीग्राम कोलेस्ट्रॉल प्रतिदिन ले सकता है। अतएव दूध पीने से हृदयघात होने की संभावना नगण्य होती है। दूध में मुख्यतः केसिन और व्हेय नामक दो प्रोटीन पाए जाते हैं। दूध में प्रोटीन का 80 प्रतिशत हिस्सा केसिन के रूप में होता है और बाकी 20 प्रतिशत हिस्सा व्हे का होता है। दूध में व्याप्त केसिन प्रोटीन, कैल्शियम और फॉस्फेट के साथ मिलकर छोटे छोटे कण बनाते हैं जिन्हें मिसेल्स कहा जाता है। जब प्रकाश इन मिसेल्स से टकराता है तो यह प्रकाश अपरिवर्तित होकर फ़ैल जाता है। दूध में पाए जाने वाला वसा के कण (फैट ग्लोबुल्स) भी प्रकाश के प्रकीर्णन का कारण बनते हैं। अतएव दूध का रंग सफ़ेद दिखाई देता है। कहने का तात्पर्य यह है कि जिस दूध में जितना ज्यादा वसा (फैट) होगा उसका रंग उतना ही सफ़ेद दिखाई देगा। गाय के दूध में भैंस के दूध की अपेक्षा वसा (फैट) कम होता है और केसिन नामक प्रोटीन भी कम होता है। इसलिए गाय का दूध हल्का पीला दिखाई देता है। दूध में कैरोटीन और कैसिन नामक दो



वर्णक (पिगमेंट) होते हैं जो उसके रंग को प्रभावित करते हैं। अतएव कैरोटीन की वजह से गाय के दूध में हल्का पीला रंग होता है, जबकि कैसिन की वजह से दूध का रंग सफेद होता है। भैंस के दूध में केरोटीन कम होता है और फैट ज्यादा। जबकि गाय के दूध में केरोटीन ज्यादा और फैट अपेक्षाकृत कम होता है। अतएव हम कह सकते हैं कि दूध एक अपारदर्शी, सफेद तरल उत्पाद है।

दूध दिव्य है। यह एक संपूर्ण आहार है। डेयरी (दुग्धशाला), दूध का स्रोत हैं। दूध पोषक तत्वों का स्रोत है। डेयरी (दुग्धशाला) वो शब्द है जिसमे दूध और दूध से बने सभी उत्पाद के रखरखाव, संरक्षण और पैकेजिंग आदि की व्यवस्था होती है। डेयरी शब्द को दुग्ध उद्योग से जोड़ कर देख सकते हैं। दूध को विभिन्न डेरी उत्पादों में परिवर्तन के लिए प्रसंस्करण किया जाता है। दूध के विभिन्न उप उत्पाद भी होते हैं जिन्हे तकनीकी भाषा में मिल्क बाई प्रोडक्ट (दूध के उप उत्पाद) भी कहा जाता है। डेयरी उत्पाद में दूध प्राथमिक घटक के रूप में प्रयोग होता है। जैसे की दूध, दही, पनीर, आइसक्रीम। डेयरी उप उत्पादों में व्हेय, छाछ, स्किम मिल्क, घी के अवशेष (घी रेज़िड्यू) आदि आते हैं। दूधऔर डेयरी (दुग्धशाला) का सम्बन्ध बगिया और माली जैसा है। जिस प्रकार एक माली अपनी बगिया को सींचता और सम्हालता है। उसी प्रकार एक माली रूपी डेयरी (दुग्धशाला), बगियारूपी दूध को सम्हालता और संरक्षित करता है। डेयरी (दुग्धशालाएँ) दूध की सुंदरता और उनकी दिव्यता का द्योतक है। दूध का रखरखाव और उसको ताजा बनाए रखने की जिम्मेदारी डेयरी (दुग्धशाला) की होती है। जिसको तकनीकी भाषा में शेल्फ लाइफ ऑफ़ मिल्क कहा जाता है। अर्थात दूध की पोषकता को लम्बे समय तक बनाए रखना। पोषकता का सम्बन्ध शुद्धता से होना चाहिए। शुद्ध दूध ही एक स्वस्थ्य शरीर का परिचायक है। आज कल दूध की पोषकता को बढ़ाने के लिए या उसे संरक्षित करने के लिए दूध में रासायनिक पदार्थों या अपशिष्ट पदार्थों का प्रयोग किया जाता है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफ एस एस ए आई) ने दुग्ध उद्योगों को मेलामाइन मिलाने की अनुमति दी। जिसके अनुसार सूखे दूध का इन्फेंट फार्मूला (शिशु दूध) बनाने वाली कोई भी कंपनी 1 किलोग्राम सूखे दूध में 1 मिली ग्राम मेलामाइन मिला सकती है। लिक्विड इन्फेंट फार्मूला जैसे कि लिक्विड मिल्क (तरल दूध) में यह 0.15 मिली ग्राम प्रति लीटर और अन्य खाद्य पदार्थों में 2.5 मिली ग्राम प्रति किलोग्राम के हिसाब से मेलामाइन नाम का जहर मिलाने की खुली छूट है। एफ एस एस आई कि छूट के आधार पर डेयरी उद्योग चोरी छुपे मेलामाइन की अधिक मात्रा मिला देता है। जिससे दूध और दूध से बने उत्पाद सेहत के लिए खतरा बन जाते हैं। सरकार को मेलामाइन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर देना चाहिए।

# बाल श्रम कराना एक अपराध : डीएम

## हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार : अक्षय त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार जनपद में बाल श्रम को रोकने और हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान का अधिकार दिलाये जाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने हेतु शुक्रवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में श्रम विभाग एवं यूनिसेफ के पदाधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्रम विभाग के अतिरिक्त सरकार के अन्य विभाग जैसे शिक्षा, पंचायती राज, महिला कल्याण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पुलिस, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, ग्राम्य विकास व सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग भी उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त बाल श्रम उन्मूलन व पुनर्वासन कार्यों में स्थानीय स्तर पर गैर सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों श्रमिक एवं नियोक्ता संगठनों व अन्य स्टेकहोल्डर्स भी शामिल रहे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि 17 जून तक विशेष



जागरूकता अभियान जनपद में बाल श्रम के विरूद्ध चलाया जायेगा जिसमें यूनिसेफ द्वारा भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा। शादी-विवाह कार्यक्रमों में बाल श्रम को रोकने हेतु टेण्ट संचालक, डीजे/बैण्ड संचालक, हलवाई, शादी घर मालिकों एवं वर/वधू से लिखित प्रमाण-पत्र समारोह से पूर्व लिया जाये कि उनके द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का बाल श्रम नहीं कराया जायेगा, यदि कहीं भी बाल श्रम होता पाया गया तो तत्काल दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। जनपद में बेकरी संचालकों व अन्य प्रतिष्ठानों में प्राय: कार्यवाही की जाती रही है। निर्देश दिये गये कि खाद्य सामग्री प्रतिष्ठानों में बाल श्रम कराये जाने वाले सेवायोजकों/दुकानदारों के विरूद्ध लाईसेंस निरस्त की कार्यवाही भी की जाये, छापेमारी के दौरान सहायक खाद्य आयुक्त भी शामिल रहें। नगर पालिका/नगर पंचायतों में भी बाल श्रम कराने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये, जिससे जनपद को बाल श्रम मुक्त कराया जा सके। शिक्षा विभाग के यूडायस कोड में पंजीकृत छात्र/छात्राओं का सर्वेक्षण कराया जाये जो 15 से 20 दिन निरन्तर अनुपस्थित रहे हों, यदि वह बाल श्रम में नियोजित हों तो उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाये और

**■ नगर की जनता ने की सराहना**

सेवायोजकों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि बाल श्रम रोको विशेष अभियान के दौरान छापेमारी टीम, जनपद स्तरीय अधिकारियों, नामित निरीक्षकों, टास्क फोर्स के लक्ष्य निर्धारित कर ग्राम पंचायत स्तर पर कराये जा रहे बाल श्रम को रोका जाये। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि एक्ट् में जिसको निरीक्षक घोषित किया गया हो उसको तहसील-वार, ब्लाक-वार, लक्ष्य दिया जाये ताकि अधिक से अधिक बच्चों को अवमुक्त कराया जा सके। बताया गया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2016 के अन्तर्गत सभी प्रकार के कार्यों में बच्चों (14 वर्ष से कम) के कार्य करने पर प्रतिबन्ध के साथ ही किशोरों (14-18 वर्ष) तक के खतरनाक व्यवसायों व प्रक्रियाओं में प्रतिबन्धित होगा।

# कानपुर मजदूरी कराने ले गये युवक की मौत

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** कानपुर में मजदूरी कराने ले गये ठेकेदार ने युवक की संदिग्ध मौत होने के बाद एम्ब्युलेंस से शव को गांव में छोड़ जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने ग्रामीणों के साथ लामबंद होकर नेशनल हाई-वे 44 को दोनों ओर से जाम कर दिया, जिससे सैकड़ों की संख्या में खड़े वाहनों का कई किमी लम्बा जाम लग गया।

करीब दो घण्टे बाद भी मौके पर पहुंचे अधिकारी परिजनों को समुचित कार्यवाही का आश्वासन देते रहे, लेकिन परिजन मानने को तैयार नहीं थे। परिजनों की मांग थी कि ठेकेदार को तत्काल गिरफ्तार कर एफआईआर दर्ज करते हुये ठोस कार्यवाही की जाये। बताया जा रहा है कि जमालपुर निवासी 32 वर्षीय शुक्लू पुत्र धर्मो को गांव में रहने वाला अशोक बरार अपने साथ मजदूरी कराने के लिए कानपुर ले गया था। कानपुर में ऐसा कोई घटनाक्रम हुआ, जिससे शुक्लू की संदिग्धावस्था में मौत हो गयी।

# राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन पुस्तकालय में समस्याएं व्याप्त

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन पुस्तकालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर छात्रों ने लामबंद होकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भेजा है। हालांकि इस समस्या को लेकर छात्रों को कार्यवाही का आश्वासन मिला है। अब देखना होगा कि निकट भविष्य में क्या कार्यवाही की जाती है। डीएम को भेजे ज्ञापन में छात्रों ने बताया कि राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन पुस्तकालय में पिछले एक वर्ष से एयर कंडीशनर खराब पड़ा है, जिसे शीघ्र सुधरवाया जाये, पिछले छह माह से आर.ओ. खराब पड़ा है, जिससे पेयजल समस्या उत्पन्न है। इसके अलावा कुछ कुर्सियां टूटी हैं और उनके स्थान पर नई कुर्सियां भी नहीं आ पा रहीं हैं। इसके अलावा लड़कों व लड़कियों के शौचालय की दीवाल क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिसे सुधरवाया जाये। वहीं उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुये पंखे



**■ आक्रोशित छात्रों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को भेजा ज्ञापन**

लगवाये जाने की भी मांग उठायी है। ज्ञापन में आगे बताया कि पुस्तकालय में कई महीनों से इन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बताया कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और असुविधाओं के चलते वह अपना शिक्षण कार्य ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने नगर पालिका प्रशासन को इस सम्बन्ध में कई बार शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुयी। उन्होंने डीएम से सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुये समस्याओं का समाधान करने की मांग उठायी है।

### इनका कहना है

"राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन पुस्तकालय की इन समस्याओं के बारे में पहले विद्यार्थियों ने कुछ भी अवगत नहीं कराया है। अब चूंकि समस्यायें प्रकाश में आयीं हैं, तो शीघ्र ही उनका निस्तारण कराया जायेगा। **दिनेश कुमार विश्वकर्मा**, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद

ज्ञापन देते समय अरविन्द रैकवार, राजा सिंह, अंशुल साहू, आशीष सेन, अंकित, आयुष, प्रजात सिंह, अभी, तिलक राम, प्रवीन, राकेश, रिषी, विकास, शिवम सेन, विवेक साहू, नितिन साहू, देवेन्द्र कुमार के अलावा अनेकों विद्यार्थी मौजूद रहे।

# जन सुनवाई में पात्र बुजुर्गों के बने आयुष्मान कार्ड

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने लोगों की समस्याओं को सुना। आज कुल 108 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके तत्काल निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मौके पर ही पात्र लोगों की वृद्धावस्था, विधवा व दिव्यांग पेंशन बनाई गयी। उन्होंने कहा कि लोगों की पात्रता पूछकर पात्रों को लाभान्वित कराया जाये। एक व्यक्ति से जब उन्होंने पूछा कि उसकी वृद्धावस्था पेंशन बनी है या नहीं। जब उस व्यक्ति ने बताया कि उसकी पेंशन नहीं बनी है तो उन्होंने तत्काल सम्बंधित समाज कल्याण विभाग के लिपिक के देरी से आने व जानकारी न करने पर एक दिन का वेतन काटने तथा समाज कल्याण अधिकारी को सम्बंधित लिपिक को देरी से भेजने पर कारण बताओ

**■ लोगों की पात्रता पूछकर पात्रों को लाभान्वित कराया जाये : डीएम**

नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के मौके पर ही आयुष्मान कार्ड जारी किये गए। आज 06 बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड जारी किये गए। इसके साथ ही जिलाधिकारी अनुनय झा के आगमन के उपरांत अब तक जन सुनवाई के दौरान 66 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। राजस्व से सम्बंधित शिकायतों को सुनते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि अंश निर्धारण के प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई की जाये। अविवादित वरासत का कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाये। भूमि सम्बन्धी विवादों के मामले में उन्होंने कहा कि राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर मामले का समाधान कराये।

# बाढ़ से निपटने के लिए डीएम ने दिए निर्देश

## बोले- प्रभावित आबादी तथा कृषि व आबादी प्रभावित ग्रामों की अलग अलग सूची बनाई जाये

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में तटबंध प्रबंधन की कार्य योजना बनाई जाये। बाढ़ निरोधक कार्यों को ससमय पूर्ण किया जाये। प्रति वर्ष प्रभावित होने वाले 56 ग्रामों की अलग से कार्य योजना बनाई जाये। प्रभावित कृषि, प्रभावित आबादी तथा कृषि व आबादी प्रभावित ग्रामों की अलग अलग सूची बनाई जाये। कटाव से प्रभावित ग्रामों में ड्रेजिंग का कार्य कराया जाये। बाढ़ की दशा में लोगों को राहत पहुँचाने की तैयारी कर ली जाये। बाढ़ के दौरान बाढ़ कंट्रोल रूम स्थापित किया जाये। प्रत्येक प्रभावित तहसील में विकेंद्रीकृत स्टोर रूम जल्द स्थापित



कराया जाये। नदी की धार के अत्यंत निकट रहने वाले लोगों को अन्य स्थान पर स्थापित किया जाये। पूर्व में जिन गावों में बाढ़ आयी थी, वहाँ की चुनौतियों को सूचीबद्ध किया जाये। इन गावों का जोखिम विश्लेषण अभी से कर लिया जाये तथा आवश्यकतानुसार तैयारियां कर ली जाएं। स्थानीय स्तर पर कार्य करने वाले सरकारी व गैर सरकारी लोगों से संवाद कर लिया जाये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों व बाढ़ चौकियों पर एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। पर्याप्त संख्या में प्राथमिक स्वास्थ्य किट रखीं जाएं। एंटी वेनम वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। गर्भवती महिलाओं के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था रखी जाये। प्रत्येक बाढ़ चौकी पर 24 घंटे स्वास्थ्य टीम की तैनाती की जाये। बाढ़ प्रभावित आबादी क्षेत्रों में हैण्डपम्प की ऊंचाई बढ़ाई जाये। आपदा प्रबंध समितियों को सक्रिय किया जाये। स्कूलों में शौचालयों की व्यवस्था देख ली जाये। पंचायत घरों में व्यवस्था रखी जाये।

### जिलाधिकारी ने किया कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण

**हरदोई।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने कलेक्ट्रेट परिसर का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सबसे पहले नगर मजिस्ट्रेट कोर्ट का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने आपदा प्रबंधन कक्ष को देखा। उन्होंने कहा कि आपदा कंट्रोल रुम का आवश्यकतानुसार अन्य आकस्मिक उद्देश्यों हेतु कंट्रोल रुम के रूप में किया जाये। उन्होंने पूछा कि कक्ष में लगे सभी एलईडी स्क्रीन सक्रिय हैं या नहीं। इस पर कर्मचारियों ने बताया कि सभी स्क्रीन सक्रिय हैं। जिलाधिकारी आपदा कक्ष की व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आये। यहाँ से वह शस्त्र अनुभाग पहुँचे। इसके बाद उन्होंने अंग्रेजी अभिलेखागार को देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि दस्तावेजों का रखरखाव अच्छी तरह से किया जाये।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवा सप्ताह में सैनिकों को किया रक्तदान



**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** विश्व हिन्दू महासंघ संरक्षक योगी आदित्यनाथ महाराज के 54 वें जन्म दिवस को हिन्दू स्वाभिमान सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के आह्वान पर संपूर्ण प्रदेश में सैनिकों के लिए रक्तदान के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत जिला अस्पताल में रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष संतोष पुरी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, मण्डल प्रभारी सोनू ठाकुर, जिला महामंत्री हरिकिशन झां प्रधान बांसी मौजूद रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि सैनिक एवं आम जरूरतमंदों को गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के 54वें वर्ष में प्रवेश करने पर विहिम के प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में सभी जनपदों में रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मण्डल प्रभारी ने कहा कि झांसी मण्डल के अंतर्गत झांसी, ललितपुर, जालौन में सेवा सप्ताह को बड़े धूमधाम से मनाया गया।

### शातिर बदमाश को पुलिस ने धर दबोचा



**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** विगत दिनों खुलेआम मारपीट करते हुये लोगों में भय व आतंक का माहौल व्याप्त करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने धर दबोचा है। बताया जा रहा है कि पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली में दर्ज मामला धारा 191(2), 191(3), 352, 109, 324(4), 125, 351(3), 115(2), 3(5), 190, 117(2) बीएनएस के अभियोग में वांछित चल रहे मोहल्ला झांसीपुरा जेल चौराहा निवासी खित्ता उर्फ खेतिक करौसिया पुत्र चन्द्रभान पुलिस ने पानी टंकी का तिराहा से हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि खित्ता का आपराधिक इतिहास लम्बा है। इसके खिलाफ वर्ष 2019 से अब तक आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमें दर्ज किये जा चुके हैं।

### विमान हादसा : दी श्रद्धांजलि, शोक सभा का आयोजन

**संभल।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आलम सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय पर अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में लोगों को श्रद्धांजलि देने हेतु एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें मृत लोगों की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा गया इस सभा में जिला अध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने मृत परिवारों के लिए शोक संवेदना व्यक्त की साथ ही शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम जी ने कहा की इस विमान हादसे की सरकार जल्दी जल्दी ही जांच कराई जाए जिससे ऐसे हादसे भविष्य में ना हो शोक सभा में फुरकान कुरेशी सुमानी मोअज्जम भाई मुशीर तारीन, जयप्रकाश सहगल कौस्तुभ रस्तोगी तहसीन मुल्ला जी राहत जान खा निसार हुसैन नफीस भाई नईम नफीस खा कलीम,वासुदेव, शिशुपाल जाटव डॉ मरगूब,सोनू कुमार, सुनील कुमार,बब्बू खा,महताब, दानिश, अंकुर कुमार,आदि शामिल हुए।

### राशन की रिक्त लंबित दुकानों को लेकर हुई चर्चा

**सम्भल, बहजोई।** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा, रिक्त दुकान,खाद्य विपणन एवं मंडी की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिला पूर्ति अधिकारी ने राशन कार्डों के सत्यापन के विषय में अपर जिलाधिकारी को अवगत कराया जिसको लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# कृषकों को दी गई जैवकि खेती, फसल बीमा, डिजिटल क्राप की जानकारी

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** उपनिदेशक कृषि ने बताया है कि भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में कृषको को विकसित कृषि सकंल्प अभियान का आयोजन 29 मई से 12 जून 25 तक किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको एंव कृषि के सहयोगी विभाग के अधिकारियो व कर्मचारियों द्वारा कृषको को नयी तकनीकी जानकारी व उपरोक्त कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रयोगशाला से खेत तक है। अभियान के अन्तर्गत जनपद की कुल 137 ग्राम पंचायतो में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक सवायजपुर मानवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक साण्डी प्रभाष कुमार विधायक बालामऊ, रामपाल वर्मा, विधायक बिलग्राम मल्लावां आशीष सिंह आशू विधायक के साथ ही व्लाक प्रमुख हरपालपुर अनोखे लाल व्लाक प्रमुख भरावन रविप्रकाश, व्लाक प्रमुख



मल्लावां, गीता वर्मा, व्लाक प्रमुख शाहाबाद त्रिपुरेश मिश्रा, व्लाक प्रमुख माधौगंज अशोक सिंह के साथ ही समस्त ग्राम प्रधानो, मण्डल अध्यक्षों एवं प्रगतिशील कृषको ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। इसके अतिरिक्त जिला कृषि अधिकारी, कृषि रक्षा अधिकारी, उप सम्भंगीय कृषि प्रसार अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, जनसेवा केन्द्र संचालक के साथ ही कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा एके तिवारी, डा पंकज नौटियाल, डा त्रिलोकी नाथ डा त्रिलोक सिंह डा अंजली साहू, डा डीवी सिंह डा प्रिया वशिष्ठ व डा मोहित सिंह के अतिरिक्त, सीएसएसआरआई संस्थान लखनऊ के निदेशक एके दुबे जी के साथ ही प्रमुख वैज्ञानिक डा संजय अरोरा, डा चन्द्रशेखर सिंह एवं डा अर्जुन सिंह द्वारा भी उपरोक्त कार्यकमों में कृषको को नयी व उपयोगी जानकारी देने के साथ कृषको को अधिक से अधिक, जैविक खेती, गौ आधारित प्राकृति खेती करने के लिए प्ररित किया।

# सावधानी ही है लू और गर्मी से बचाव

**हरदोई।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि तेज धूप और लू के चलते सावधानी बरतने की जरूरत है इस प्रचंड गर्मी और लू से सावधानी बरतकर ही बचा जा सकता है । थोड़ी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है । बचाव के लिए .जब भी घर से निकलें तो नाश्ता करके निकलें । बाहर निकलते समय सिर को गीले कपड़े से ढंके, छाता और धूप का चश्मा लगायें क्योंकि आँखें सूरज की रोशनी के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होती हैं। पानी की बोतल अवश्य साथ में रखें, सूती हलके रंग के और पूरी बांह के कपड़े पहने,.शरीर को हाइड्रेट करने के लिए खूब पानी पीयें, ठंडे पानी से नहायें, ताजा खाना खाएं, थोड़ी-थोड़ी देर में नीबू पानी, तरबूज,खरबूजा, खीर, ककड़ी, ओआरएस छांछ, मट्ठा, आम पना, लस्सी आदि का सेवन करें । पाचन दुरुस्त रखने के लिए प्रोबायोटिक्स लें खुले हवादार कमरे में रहें। घर/कार्यस्थल पर सूर्य की सीधी रौशनी से बचने के लिए पर्दे लगायें। जानवरों को छायादार स्थानों पर रखें।

# मां के नाम पर सैकड़ों पौधे सूखने पर मजबूर



अवधनामा संवाददाता

**बिलग्राम हरदोई।** बिलग्राम तहसील, जो पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के बड़े-बड़े दावे करती थी, आज अपनी लापरवाही के कारण चर्चा में है। पिछले साल तहसील परिसर में मां के नाम पर सैकड़ों पौधे लगाए गए थे, लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों की उदासीनता ने इन सभी पौधों को सूखने पर मजबूर कर दिया। न तो समय पर पानी दिया गया और न ही इनकी देखभाल की गई, जिसके चलते हरियाली का सपना धरा का धरा रह गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि तहसील प्रशासन पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भूल चुका है। दूसरों को पेड़ लगाने की नसीहत देने वाले अधिकारी खुद इस मामले में पूरी तरह फिसड्डी साबित हुए हैं। जब इस बाबत तहसीलदार बिलग्राम अमित कुमार से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझा। यह लापरवाही न केवल पर्यावरण के लिए नुकसानदेह है, बल्कि उन भावनाओं का भी अपमान है, जो मां के नाम पर पौधे लगाने के पीछे थीं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में ऐसे आयोजनों को मात्र दिखावा न बनाया जाए।

# दिवंगत शिक्षिका के परिजनों को टीचर सेल्फ केयर टीम देगी आर्थिक सहयोग



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश बेसिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा के शिक्षकों एवं कार्मिकों की संस्था टीचर्स सेल्फ केयर टीम जो दिवंगत शिक्षकों एवं कार्मिकों के परिवार को आर्थिक मदद प्रदान करती है।अब तक यह संस्था 336 दिवंगत शिक्षकों के परिवार को 138 करोड़ 37 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान कर चुकी है। प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है।

बताते चलें टीचर सेल्फ केयर टीम के प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक विवेकानंद के निर्देश पर टीएससीटी ललितपुर के जिला संयोजक आदर्श रावत के नेतृत्व में जिला टीम व ब्लॉक टीम के सदस्यों ने विकास खंड - बिरधा में पदस्थ दिवंगत शिक्षिका स्व0 श्रीमती अलका जैन के निवास बाहुबली नगर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। टीम के सदस्यों ने स्थलीय निरीक्षण भी किया।दिवंगत शिक्षिका ने पति वीर कुमार जैन को नॉमिनी बनाया था।टीएससीटी टीम ने दिवंगत शिक्षिका अलका जैन के परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। परिवार काफी भावुक हो गया। टीम के सदस्यों ने परिवार को सान्त्वना दी और कहा कि हर सुख दुःख में टीचर्स सेल्फ केअर टीम उत्तर प्रदेश आपके परिवार के साथ है और टीम के सदस्यों ने आर्थिक सहयोग का आश्वासन दिया।

# जिला गंगा समिति के तत्वाधान में एक दिवसीय प्राकृतिक खेती की कार्यशाला सम्पन्न

**हरदोई।** जिला गंगा समिति, हरदोई के तत्वावधान में आज नमामि गंगे योजनान्तर्गत प्राकृतिक खेती पर एक कार्यशाला का आयोजन कृषक सभागर, निकट बिलग्राम चुंगी, हरदोई में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक सिंह, अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक हरदोई के द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा सतीष कुमार उप कृषि निदेशक, सतीष कुमार पाठक जिला कृषि अधिकारी, सोनालिका सिंह यूनिट हेड, कम्युनिकेशन एंड आउटरीच, शिवांग वर्मा जिला परियोजना अधिकारी, लखनऊ प्रभात वर्मा अध्यक्ष, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला हरदोई, राधवेन्द्र सिंह सहायक प्रबन्धक यूपी डास्प एवं जयराम सिंह से0नि0 उप परियोजना निदेषक, मुकेश सिंह से0 नि0 वरिष्ठ वैज्ञानिक के0वी0के0 हरदोई एवं 150 से अधिक कृषक उक्त कार्यशाला में उपस्थित रहे ।

# गेवरा गुन्देरा प्रधान प्रतिनिधि पर सीएम आवास की धनराशि छीनकर हड़पने का आरोप

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पर मुख्यमंत्री आवास के तहत खाते में शासन से भेजी गयी धनराशि को जबरन निकलवाकर छीन लेने और भवन निर्माण के लिए रुपये पर गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी है। इस प्रकरण को विशेष रूप से संज्ञान लेते हुये सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने जिलाधिकारी को प्रेषित पत्र में अधूरे पड़े आवास की धनराशि प्रधान प्रतिनिधि से दिलाये जाने एवं जांच कर समस्या निस्तारण के निर्देश दिये हैं।

तालबेहट के ग्राम गेवरा गुन्देरा निवासी रामदेवी पत्नी लल्लू सहरिया ने सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को दिये शिकायती पत्र में बताया कि वह मेहनत-मजदूरी करके अपना व परिवार का भरण पोषण करती है। बताया कि उसके नाम से मुख्यमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था, जिसकी पहली किस्त 40 हजार रुपये उसके खाते में आयी



**■ पात्र लाभार्थी महिला ने सदर विधायक को सौंपा शिकायती पत्र, विधायक ने डीएम को लिखा पत्र**

थी। आरोप है कि उक्त धनराशि को तालबेहट में रहने वाले ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने खाते से निकलवा लिये और रुपये देने की जिद करते हुये धमकाया कि यदि रुपये नहीं देगी तो आवास नहीं बनवा पाओगी। यह भी आरोप है कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने अपने रिश्तेदार को भेजकर उससे 40 हजार रुपये मंगवा लिये। इसके बाद पीड़िता ने प्रधान प्रतिनिधि व उसके रिश्तेदार से आवास निर्माण के लिए रुपयों की मांग की तो प्रधान प्रतिनिधि ने 5 हजार रुपये दिये और उसके साथ चार पत्थर, दो गेस्ट सस्ते वाले, 2 खिड़की दीं। बताया कि उसने नींव भरवाई और 4-5 फुट दीवाल बनायी, लेकिन जो ईंट दी गयी हैं, वह गल गयी और सिर्फ 15 बोरी सीमेंट दिया। बताया कि दूसरी किस्त में 70 हजार रुपये आये तो प्रधान प्रतिनिधि ने कहा कि भवन निर्माण वह करायेगा और उसने जबरन धमकाते हुये रुपये छीन लिये और अब पात्र लाभार्थी पीड़िता अपना मकान बनाने के लिए परेशान हो रही है।

# प्रो. अनुराग की झोली में गैस्ट्रोरिटेंटिव फॉर्मूलेशन पर इंडियन पेटेंट

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा को बड़ी उपलब्धि मिली है। प्रो. वर्मा को कार्बोक्सीमिथाइलेटेड गम स्टर्कुलिया के संग गैस्ट्रोरिटेंटिव फॉर्मूलेशन पर प्रथम भारतीय पेटेंट प्राप्त हुआ है। इस पेटेंट का उद्देश्य एक ऐसी औषधि वितरण प्रणाली विकसित करना है, जो पेट में लंबे समय तक ठहर सके। साथ ही सक्रिय औषधीय घटकों की अवशोषण प्रक्रिया को बेहतर बनाकर उपचार की प्रभावशीलता को बढ़ा सके। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन ने प्रो. वर्मा को इस वैज्ञानिक उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा, यह पेटेंट यूनिवर्सिटी की अनुसंधान संस्कृति का प्रतीक है। इंडियन पेटेंट ने इस शोध कार्य को पेटेंट संख्या 551569 के अंतर्गत स्वीकृति दी है। यह पेटेंट

**■ यह पेटेंट यूनिवर्सिटी की अनुसंधान संस्कृति का प्रतीक : चांसलर**

फार्मास्युटिकल फॉर्मूलेशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अनुसंधान में डॉ. वर्मा के साथ महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी, बरेली की सीनियर फैकल्टी डॉ. अमित कुमार वर्मा सह-पेटेंटधारी के रूप में जुड़े हैं।

टीएमयू फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वर्मा बताते हैं, इस फॉर्मुलेशन में प्राकृतिक गम स्टर्कुलिया को कार्बोक्सीमिथाइलेट करके एक नवीन मैट्रिक्स तैयार किया गया है। यह औषधि को नियंत्रित गति से रिलीज करने में सक्षम है। यह तकनीक विशेष रूप से उन रोगों के उपचार में सहायक हो सकती है, जिनमें दीर्घकालिक औषधि प्रभाव की आवश्यकता होती है, जैसे कि गैस्ट्रिक अल्सर, हाइपरएसिडिटी या क्रॉनिक संक्रमण।

# डीएम ने चंद्रावल नदी का लिया जायजा



■ चरखारी के तालाबों और थियेटर के निर्माण कार्यों को भी जाकर देखा

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत चांदो, बगरौन एवं नथुपुरा में चंद्रावल नदी खुदाई कार्य का मौके पर जाकर जायजा लिया। इसके बाद चरखारी के गुमान बिहारी मंदिर तालाब, जय सागर तालाब तथा मेला परिसर में चल रहे थिएटर के जीर्णोद्धार कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान कराये गये कार्य का भौतिक सत्यापन करते हुए चंद्रावल नदी के आसपास वृक्षारोपण कराकर रास्ता बनाए जाने के संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चंद्रावल नदी खुदाई कार्य पूर्ण करने तथा खुदाई कार्य की ड्रोन कैमरे से वीडीयोग्राफी कराने के साथ नदी के आस पास वृक्षारोपण करने, टीलों को समतल करने एवं पाइप डालकर रास्ता बनाने के निर्देश दिए, जिससे नदी में पानी आने में अवरोध न हो और ग्रामीणों को आवागमन में भी कोई दिक्कत न हो। डीएम ने किए जा रहे कार्यों के बावत श्रमिकों से भी वार्ता की। जिलाधिकारी ने चरखारी स्थित गुमान बिहारी मन्दिर के दर्शन किये एवं तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने उप जिलाधिकारी चरखारी को तालाब को संरक्षित करने तथा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका चरखारी को तालाब की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने नगर पालिका परिषद चरखारी क्षेत्रान्तर्गत मेला परिसर में चल रहे थियेटर हॉल के जीर्णोद्धार कार्य को भी देखा। निरीक्षण दौरान थियेटर हॉल के पुराने स्वरूप को कायम रखते हुये कार्य को गुणवत्तापूर्ण ससमय पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। इसके बाद जय सागर तालाब में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य को भी समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हरेन्द्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ प्रदीप कुमार, तहसीलदार चरखारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद चरखारी, सहायक विकास अधिकारी सनत कुमार, सहायक विकास अधिकारी ओंकारनाथ, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार, सचिव अनमोल वर्मा, ग्राम प्रधान सन्तोष कुमार एवं तकनीकी सहायक मुहम्मद अनीस उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य परीक्षण कराकर आयुर्वेदिक पद्धति को अपनायें



■ आयुर्वेदिक चिकित्सालय में मरीजों को मिला निःशुल्क उपचार और परामर्श

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के चौराहा के निकट स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय में प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. दीपिका दीवान द्वारा मरीजों को निःशुल्क दवा वितरण एवं परामर्श सेवा प्रदान की गई। चिकित्सालय में आए दर्जनों मरीजों ने आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार कराते हुए लाभ प्राप्त किया। शुक्रवार को स्थानीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में कार्यरत आयुर्वेदिक चिकित्सक डा. दीपिका दीवान ने करीब तीन दर्जन से अधिक पेट संबन्धित समस्यायें, बबासीर, खुजली, चर्म रोग समेत अन्य सामान्य रोगों से पीड़ित मरीजों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनकर उन्हें निःशुल्क उचित परामर्श और औषधियां उपलब्ध कराई। वही मौजूद मरीजों ने सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित इस पहल की सराहना की और कहा कि आयुर्वेदिक चिकित्सा के माध्यम से उन्हें राहत मिल रही है। वहीं चिकित्सालय प्रभारी ने लोगों से अपील की कि वे समय पर स्वास्थ्य जांच कराते रहें और आयुर्वेदिक पद्धति को अपनाकर निरोगी जीवन जीएं। इस दौरान बार्ड बॉय सुशील परिहार सहित तमाम मरीज मौजूद रहे।

# मायके से पत्नी के न आने से आहत पति ने खाया जहर, भर्ती

■ पत्नी को लेने उसके मायके गया था पति, पत्नी ने आने से किया इन्कार



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** पत्नी को ससुराल लेने गए पति के साथ पत्नी ने आने से साफ मना कर दिया। काफी मान मनव्वल के बाद भी पत्नी ससुराल आने को तैयार नही हुई। इससे आहत होकर अपने घर लौटकर पति ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर युवक को परिजन आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीनगर ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। युवक का इलाज जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है। थाना श्रीनगर क्षेत्र के बिलरही गांव निवासी संतोष प्रकाश की कुछ दिन पहले अपनी पत्नी से कहासुनी हो गई थी, जिससे वह अपने मायके चली गई थी। पति अपनी पत्नी आरती को लेने मध्यप्रदेश के बारी गांव स्थित ससुराल गया था। शुक्रवार सुबह वह पत्नी को साथ ले जाना चाहता था। लेकिन पत्नी ने ससुराल आने पर आनाकानी की। पति के काफी समझाने के बाद भी पत्नी नही आई। इससे आहत होकर पति ने अपने घर पर जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां पर उसका उपचार चल रहा है। युवक की हालत में सुधार बताया जा रहा है। युवक के जहर खाने की खबर मिलते ही ग्रामीण भारी संख्या में जिला अस्पताल पहुंच गए। युवक की हालत नाजुक देख परिजनों का बुरा हाल है। जहर खाने के बाद अस्पताल आए मरीज की जानकारी डॉक्टरों ने पुलिस को दी। सुचना मिलते ही पुलिस मौक पर पहुंच गई और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। उधर पति के जहर खाने की खबर मिलते ही पत्नी का बुरा हाल हो गया है।

# पुलिस ने छापा मार कार्रवाई कर सात जुआरियों को दबोचा



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिले में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए संचालित अवैध जुआ,सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इससे लोगों में दहशत का माहौल है। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर एंव अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कबरई सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया ने टीम गठित कर उपनिरीक्षक अनुज कुमार सिह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम रिवई के पास ताश के पत्ते से हार.जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे सात अभियुक्तों चुनुवाद कुशवाहा, रामसेवक साहू, बलवीर अनुरागी, जगरुप यादव, सुरेश कुशवाहा, सुधीर यादव समस्त निवासी ग्राम रिवई थाना कबरई, गजराज यादव, निवासी ग्राम रागौलिया बुजुर्ग थाना कुलपहाड़ को पुलिस हिरासत में लिया गया। पुलिस ने जुआ खेल रहे लोगों की जामा तलाशी के दौरान 6020 रुपये, माल फड 9450 रुपये एंव 52 ताश के पत्ते बरामद किए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर 13 जी एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की गई।

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान से आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में हड़कंप मचा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक अनुज कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अभिनव सिंह, कांसटेबिल अंकित पटेल, कांसटेबिल धर्मेन्द्र कुमार, कांसटेबिल अनूप कुमार रत्ना, शामिल थे।

# स्वयं आय अर्जित करने वाली पंचायतों की मदद को आगे आया शासन

अवधनामा संवाददाता

■ पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना के माध्यम से लाभांवित होंगी पंचायतें

■ 500 की आबादी वाली पंचायतें होंगी लाभांवितः डीएम

■ डीएम ने पंचायतों से मांगी स्वयं से अर्जित आय की गणना रिपोर्ट

**मथुरा।** अब शासन जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर 1500 तक आबादी काली ग्राम पंचायतें जिन्हें केन्द्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत कम धनराशि प्राप्त हो रही है, ऐसी ग्राम पंचायतों को ओएसआर (स्वयं के संसाधन से आय अर्जित करने पर) पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना का लाभ देगा। इसके अंतर्गत अतिरिक्त धनराशि गतवर्ष में ग्राम पंचायतों द्वारा प्राप्त ओएसआर के आधार पर पांच गुनी प्रोहत्सान राशि आवंटित की जायेगी। जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने बताया कि जनपद में ग्राम सचिवालय के सफल संचालन हेतु समस्त ग्राम सचिवालयों में पंचायत सहायक /एकाउन्टेण्ट-कम-डाटा इन्ट्री आपरेटर की तैनाती की गई है। उक्त के अतिरिक्त ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है जिसमें स्वयं सहायता समूह माध्यम से केयर टेकर की तैनाती की गई है। ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान पंचायत सहायक एवं वोयर टेकर को मानदेय ग्राम पंचायत द्वारा वहन किया जाता है जिसके कारण प्रदेश की कम आबादी की ग्राम पंचायतों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा पंचायतों द्वारा स्वयं के संसाधन से आय अर्जित करने हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा है। उक्त हेतु ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित्त किया जाना आवश्यक है। ग्राम पंचायतों के लिए स्वयं के संसाधन से आय आधारित पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना लागू किया गया है। जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर 1500 तक आबादी वाली ग्राम पंचायतें जिन्हें केन्द्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत कम धनराशि प्राप्त हो रही है, ऐसी ग्राम पंचायतों को ओएसआर (स्वयं के संसाधन से आय अर्जित करने पर पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत अतिरिक्त धनराशि गतवर्ष में ग्राम पंचायतों द्वारा प्राप्त ओएसआर के आधार पर आवंटित की जायेगी। ओएसआर (स्वयं की संसाधन से आय की गणना ग्राम पंचायतों द्वारा जनसेवा केन्द्र शुल्क, कुड़ा कचरा संवहन, खाद विक्री आरआरसी सेन्टर से आय, जल शुल्क, तालाब के पट्टे नीलामी इत्यादि हेतु राजस्व विभाग से प्राप्त आय, दुकानों / शॉपिंग काम्पलेक्स के किराये से प्राप्त आय ग्राम पंचायत के अन्य संसाधनों से प्राप्त आय के अतिरिक्त पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा-37 में वर्णित करों एवं शुल्क के आरोपण के आधार पर आय की गणना की जायेगी। यह आय ग्राम पंचायत के ओएसआर खाते/ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के संचालन एवं अनुरक्षण निधि खाते में प्रदर्शित होनी भाहिए। उक्त खातों में प्राप्त ब्याज की भी गणना ओएसआर में की जायेगा।

पंचायत प्रतिपूर्ति एवं प्रोत्साहन योजना से आच्छादित 1500 तक आबादी वाली समस्त ग्राम पंचायतों को गत वित्तीय वर्ष में स्वयं के जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के माध्यम से तालाबों आदि के पटटों/ आवंटन से प्राप्त धनराशि ग्राम निधि खाते में ससमय जमा करायेंगे।

जिलाधिकारी ने सभी ब्लाकों समस्त सहायक विकास अधिकारी (पंचायत ) को निर्देशित किया है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त प्रधानों व सचिवों को अवगत कराते हुए ग्राम पंचायतों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वयं के संशाधनों से अर्जित आय की सूचना मय प्रमाण सहित एक पक्ष के भीतर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।संसाधन से अर्जित आय की पांच गुणा धनराशि सम्बन्धित ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहन राशि के रूप में दी जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिया इस्तीफा



**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन को उस समय बड़ा झटका लगा। जब संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंनें आंतरिक मतभेदों, संगठन में पारदर्शिता की कमी और नीतिगत असहमति के चलते अपना त्यागपत्र प्रदेश नेतृत्व को सौंपा। शुक्रवार को नगर के जीटीरोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन युवा प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बताया कि लंबे समय से संगठन के अंदर कुछ अहम निर्णयों को लेकर वह असहज महसूस कर रहे थे। उन्होंने कई बार नेतृत्व के समक्ष अपने विचार और सुझाव रखे, लेकिन उन्हें अनदेखा किया गया। इससे क्षुब्ध होकर उन्होंने स्वेच्छा से अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। उन्होंनें इस्तीफे की पुष्टि करते हुए कहा कि अपने आत्मसम्मान के साथ कोई समझौता नहीं कर सकता। मेरे लिए जनसेवा सर्वोपरि है, चाहे वह किसी भी माध्यम से हो। उनके इस्तीफे से संगठन में हलचल मच गई है। कई युवा कार्यकर्ताओं ने उनके समर्थन में एकजुटता जताई है और नेतृत्व से सवाल किए हैं।

### श्रम विभाग ने एक बाल श्रमिक मुक्त कराया



**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** उ0प्र0 शासन द्वारा चलाये जा रहे बाल श्रम अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में प्रमोद कुमार तिवारी प्रभारी थाना ए0एच0टी0 मय ए0एच0टी0 टीम व श्रम प्रवर्तन अधिकारी गुरसहायगंज कीर्ति कुरील द्वारा नगर में कई दुकानों के निरीक्षण दौरान एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। जिससे दुकानदारों में हडकम्प मच गया। शुक्रवार को प्रभारी थाना ए0एच0टी0 प्रमोद कुमार तिवारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी गुरसहायगंज कीर्ति कुरील ने एएचटी टीम के साथ नगर के बस स्टैंड, मैकेनिक की दुकानों, रेलवे स्टेशन, मैन बाजार इत्यादि स्थानों पर बाल श्रम रोकथाम के अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवयोजकों को बालश्रम अधिनियम के बारे में अवगत कराकर जागरूक किया गया। उक्त अभियान के दौरान बाल श्रम प्रवर्तन अधिकारी कन्नौज के द्वारा 01 बच्चे को बाल श्रम से मुक्त कराकर नियमानुसार कार्यवाही की गई। ए.एच.टी टीम व श्रम प्रवर्तन अधिकारी मय टीम द्वारा शासन एंव प्रशासन जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर-1090, 1098, 108, 112, 1076 व 181 आदि के सम्बन्ध मे जानकारी देकर जागरूक किया गया।

### छाता तहसील में हुआ हादसाः न्यायिक मजिस्ट्रेट के भवन की छत का गिरा प्लास्टर

**मथुरा, अवधनामा संवाददाता।** मथुरा तहसील के छाता परिसर में न्यायिक मजिस्ट्रेट की छत का प्लास्टर भरभरा कर गिर गया, न्यायिक मजिस्ट्रेट के छुट्टी पर चलने के कारण लोगों की जान माल का नुकसान नहीं हुआ फिर भी मजिस्ट्रेट का स्टेनो इस हादसे में बाल बाल बच गया। हादसे के वक्त स्टेनो कमरे में बैठकर अपने कंप्यूटर पर कार्य कर रहे थे तभी अचानक कमरे का प्लास्टर भरभरा कर गिर गया आवाज सुनकर कर्मचारी और अधिवक्ता दौड़ कर मजिस्ट्रेट के कक्ष की ओर भागे तथा स्टेनो को तत्काल कमरे से बाहर निकाला गया। अचानक हुए इस हादसे में कमरे में लगे पंखे और लाइटों के साथ साथ रखा फर्नीचर भी छती ग्रस्त हो गया , छाता तहसील की बिल्डिंग काफी पुरानी और खस्ताहाल हो चुकी है, इसी जर्जर भवन में तहसील का कार्य चल रहा है। हादसे के बाद स्टेनो भगवान का शुक्रिया करते नजर आए स्थानीय लोगों का कहना है कि भगवान की कृपा से आज मजिस्ट्रेट साहब छुट्टी पर थे वरना बड़ी दुर्घटना होने की संभावना थी।

### एसपी ने बांगरमऊ कोतवाली का किया निरीक्षण

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था को अक्षुण्य बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा क्षेत्राधिकारी सफीपुर मधुपनाथ मिश्रा एवं प्रभारी निरीक्षक बांगरमऊ मय पुलिस बल के साथ कस्बा बांगरमऊ मे पैदल गश्त की गई। तत्पश्चात एसपी द्वारा थाना बांगरमऊ का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस, महिला हेल्पडेस्क, भोजनालय, बैरक एवं थाना परिसर का निरीक्षण किया गया एवं अभिलेखों की प्रविष्टियों को चेक कर संबन्धित का आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### विमान हादसे के मृतकों को पालिका अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि



**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** पूर्व निर्धारित स्वच्छता जागरूक अभियान के अंतर्गत आज नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती श्वेता भानू मिश्रा कचौडी गली मे निर्धारित कार्यक्रम के लिए पहुची। जहाँ अहमदाबाद विमान हादसे की हृदय विदारक घटना की जानकारी प्राप्त हुई। जिस कारण कार्यक्रम स्थगित कर उपस्थित मातु शक्तियों के साथ दुर्घटना में दिवंगत हुई पुण्यात्माओं की शांति के लिए ईश्वर पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान दें, मौन संवेदना व्यक्त कीं। इस दौरान भाजपा नेत्री पुनीता दीक्षित, गुड़िया चौहान, उमा शुक्ला, सविता शुक्ला, दीपिका पाण्डेय, निर्मला, उर्मिला, पुष्पलता, रेखा यादव, कल्पना, जयंती शुक्ला सहित अन्य सम्मानितजन उपस्थित रहे।

# पेयजल समस्या से त्रस्त लोगों ने ईओ आवास घेरा

■ पालिका के बड़े बाबू को टैंकर से भेजना पड़ा मोहल्लों में पानी



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के कई मोहल्लों में भीषण गर्मी के चलते पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई। कई दिनों से पेयजल संकट का समाना कर रहे लोगों का गुस्सा फूट गया और ईओ के आवास का घेराव कर नाराजगी जाहिर की। टैंकर से पानी भिजवाए जाने के आश्वासन पर लोग शांत हुए।

शुक्रवार को नगर मोहल्ला विजयनगर, मीराबाई नगर में पिछले कई दिनों से पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों के सब्र का बांध अंततः टूट ही गया और उन्होंने पालिका के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार का आवास न सिर्फ घेर लिया बल्कि पेयजल संकट को लेकर आक्रोश व्यक्त किया है। सभासद सुनील सैनी ने बताया कि कई बार इस संबंध में नगर पालिका में जलकल विभाग में सूचना दी लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। कई दिनों से पानी की किल्लत से जूझ रहे बाबू ठाकुर, राजीव पाठक, इरशाद, परमानंद आदि ने बताया कि पिछले कई दिनों से वह लोग पानी के संकट से जूझ रहे थे समस्या का समाधान न होने पर महिलाओं के भी सब्र का बांध टूट गया। घेराव के दौरान ईओ अनिल कुमार ने मोहल्ले में टैंकर से पानी भिजवाने का आश्वासन दिया जिस पर लोग शांत हुए। उन्होंने बताया कि बिजली के संकट के कारण नलकूप नहीं चल पा रहे हैं जिससे पानी का संकट पैदा हो गया है। नागरिकों ने आरोप लगाया है कि नलकूपों पर लगे जनरेटर सिर्फ अधिकारियों की सुविधा के लिए चलाए जाते हैं। बिजली न आने पर जनरेटर से भी मोटर चला कर पानी की आपूर्ति की जा सकती है। वही मोहल्ला अशोक नगर के सभासद जीतू गुप्ता और मुजाहिद नगर के सभासद प्रतिनिधि धर्मेंद्र गुप्ता उर्फ बडे ने बताया कि मोहल्ले में भी पानी की किल्लत है और लोग परेशान हैं। उधर अधिशासी अधिकारी के निर्देश पर बड़े बाबू आरपी सिंह ने टैंकरों से पानी भेज कर मोहल्ले वासी लोगों को राहत दी है।

### छह लोगों के विरुद्ध दहेज एक्ट का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी तनु पुत्री राजीव कुमार द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि उसकी शादी 25 फरवरी 2022 को पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना शमशाबाद के मोहल्ला चौखंडा गंगा रोड आकाश पुत्र जितेंद्र के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराली जनों पति आकाश, ससुर जितेंद्र, सास मीरा देवी, देवर विकास एवं विमल, ननंद कंचन द्वारा अतिरिक्त दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल एवं एक लाख रुपये की मांग की गई उसके द्वारा असमर्थता जताने पर उपरोक्तगण आए दिन गाली गलौज व मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। इसी दौरान गर्भवती होने पर उसे मायके भेज दिया गया। जहां एक पुत्र पैदा हुआ। करीब एक महापूर्व उपरोक्तगणों ने अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी ना होने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए पुत्र सहित घर से निकाल दिया और दूसरी शादी करने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई।

# दो चोर चौकी से फरार



अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** जिला अस्पताल की पुलिस चौकी से एयर कंडीशनर चोरी करने के दो आरोपी गुरुवार को फरार हो गए. पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है, वहीं दूसरा अब भी फरार बताया जा रहा है. उन्नाव पुलिस एसी चोरी के आरोपियों से पूछताछ कर रही थी. इसी दौरान पुलिस की लापरवाही का लाभ उठाकर दोनों आरोपी पुलिस चौकी से भाग निकले. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को कुछ ही दूरी पर से पकड़ लिया.दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस कई जगहों पर दबिश दे रही है. अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है. सदर कोतवाली के इंस्पेक्टर अवनीश सिंह ने कहा कि मामले की जानकारी ली जा रही है. वहीं कांग्रेस ने इस मामले को लेकर कानून व्यवस्था पर निशाना साधा है.यूपी कांग्रेस ने इस मामले में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तंज कसा है. कांग्रेस ने फिल्म खलनायक का डायलॉग शेयर करते हुए लिखा-बल्लू तुम्हारी जेल से फरार, साथ ही योगी सरकार पर कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए।. जिला अस्पताल एक संवेदनशील और भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है. यहां स्थित पुलिस चौकी से आरोपियों का फरार होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।. पुलिस की इस लापरवाही से कानून व्यवस्था की स्थिति पर भी सवाल उठ रहे हैं. इंस्पेक्टर सदर अवनीश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है. जांच और करवाई की जा रही है. जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेसियों ने दी प्लेन क्रेश के मृतकों को श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** छिबरामऊ स्थित आवास विकास पार्क में गाँधी प्रतिमा पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने विगत दिन अहमदाबाद में डॉक्टर्स हॉस्टल पर आग लगने से गिरने वाले हवाई जहाज में मृत यात्री, बच्चे, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी और डॉक्टर्स को दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गयी। शुक्रवार को अहमदाबाद में प्लेन क्रेश के मृतकों को श्रद्धांजलि देनें के उपरान्त पीसीसी सदस्य व प्रदेश महासचिव संजय पौल ने उक्त दुघर्टना की केन्द्र सरकार से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिये जानें की मांग की। श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ नेता ओ.पी त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शाक्य, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष अमीर खान, पूर्व नगर अध्यक्ष बहार कुरैशी, जिला महासचिव प्रियंका दुबे, एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सी.बी.सिंह, आशीष चौहान, मेराज वारसी, आसिफ तालिब कुरैशी, अरबाज, गोलू वारसी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बांके बिहारी कॉरिडोर मामलाः अलग थलग पड़े मंदिर सेवायत

अवधनामा संवाददाता

■ बिहारीजी कोरिडोर निर्माण के पक्ष में आए दर्जन भर सामाजिक संगठन

**मथुरा।** वृंदावन में बिहारीजी कोरिडोर के पक्ष में अब सामाजिक संगठन खुलकर सामने आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए कोरिडोर को आवश्य बताते हुए निर्माण की मांग कर रहे हैं। शुक्रवार को दर्जन भर संगठनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को वृंदावन में कोरिडोर बनाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिए।

जिलाधिकारी कार्यालय पर बांके बिहारी कॉरिडोर के समर्थन में संयुक्त किसान संगठन के बैनर तले भाकियू टिकैत, भाकियू सुनील, कियू अजय, भाकियू अराजनैतिक, भाकियू चौ चरणसिंह के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की।

इनके आलावा सामाजिक संगठनों में महाराजा सूरजमल स्मृति न्यास, शहीद भगत सिंह संगठन, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति, अखिल भारतीय प्रधान संगठन आदि के जिला मंडल एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। सभी के स्तर पर कॉरिडोर बनवाने की मांग की गयी।

मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में प्रतिनिधि मंडलों में शामिल पदाधिकारियों ने कहा कि ब्रह्मांड नायक योगिराज भगवान श्री कृष्ण की जन्म एवं क्रीड़ा स्थली ब्रजभूमि में करोड़ों देश विदेश एवं स्थानीय श्रद्धालुओं की आस्था है। आज अपने आराध्य की झलक मात्र पाने के लिए यहां करोड़ों श्रद्धालुओ को अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ना चुका है। भीड़ का दबाव और संकरा रास्ता श्रद्धालुओं का हाल बेहाल कर देता है। आए दिन श्रद्धालु बेहोश होकर गिरते है। महिला और बुजुर्ग की हालत दर्शन की लम्बी कतार में खराब हो जाती है। इस स्थितियों से निजात दिलाने सहित अन्य सुविधाओं के लिए कोरिडोर की अत्यंत आवश्यकता है। पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय की मांग एवं जनभावनाओं के अनुसार वृहद कॉरिडोर का निर्माण कराया जाना अवश्यंभावी हो गया है। पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा है कि ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध हैं कि श्री बांकेबिहारी मंदिर की स्थापना 1863 में भरतपुर के राजा रतन सिंह ( महाराजा सूरजमल के वंशज ) द्वारा कराई गई थी। पदाधिकारियों ने कहा कि कॉरिडोर निर्माण से समूचे ब्रज क्षेत्र के धार्मिक/आध्यात्मिक पर्यटन, व्यापार को नए पंख प्राप्त होंगे वहीं न केवल मथुरा वृंदावन वरन दिल्ली एनसीआर और आसपास के जनपदों में लाखों लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

ज्ञापन देने वालों में किसान नेता बुद्धा सिंह प्रधान राजकुमार तोमर भरत अग्रवाल डॉ प्रवीण भास्कर एड. विपिन कुमार डॉ नरेंद्र चौधरी डॉ नत्थी सिंह तोमर चौ बलवीर सिंह चौ विनोद कुमार सोनवीर चौ. समाजसेवी चौ विजय आर्य हितेंद्र सिंह चौधरी आरबी चौधरी वेदपाल सिंह तोमर चौ पुष्पेंद्र सिंह बघेल गजेन्द्र सिंह बीके चौधरी जगदीश चौधरी दिलीप कुमार सूरजमल पूरन सिंह दिलीप कुमार ओंकार सिंह भगवान सिंह देवेंद्र कुमार रघुवंशी चौ कन्हैया सिकरवार सुभाष चौधरी दिनेश कुमार फौजी सूबेदार सिंह उमेश चंद्रभान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## लो बीपी मरीज को भूलकर भी नहीं पीना चाहिए चुकंदर का जूस



चुकंदर के जूस के तमाम फायदे होने के बाद भी यह हर किसी के लिए सही नहीं माना जाता है। अगर किसी को लो बीपी की समस्या होती है, तो ऐसे व्यक्ति को चुकंदर के जूस का सेवन नहीं करना चाहिए।

चुकंदर का रस अपने जबरदस्त फायदों के लिए जाना जाता है। जो लोग खून की कमी से जूझ रहे होते हैं, जैसे जिन लोगों में एनीमिया या ऊर्जा की कमी होती है। वह लोग चुकंदर के जूस का सेवन करते हैं। वहीं चुकंदर का जूस हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए भी जाना जाता है। हालांकि इस जूस के तमाम फायदे होने के बाद भी यह हर किसी के लिए सही नहीं माना जाता है। अगर किसी को लो बीपी की समस्या होती है, तो ऐसे व्यक्ति को चुकंदर के जूस का सेवन नहीं करना चाहिए।

**लो बीपी मरीजों को नहीं पीना चाहिए ये जूस**

चुकंदर में नाइट्रेट होता है, ऐसे में जब आप चुकंदर का जूस पीते हैं। तो यह बॉडी में नाइट्रिक ऑक्साइड में बदल जाता है। नाइट्रिक ऑक्साइड रक्त वाहिकाओं को आराम देने और चौड़ा करने का काम करता है। जिसके कारण रक्तचाप कम होता है। बता दें कि यह गुण उन लोगों के लिए काम करता है, जिनको हाई बीपी की समस्या है। लेकिन जिनके रक्तचाप का लेवल पहले से ही कम है, उनके लिए चुकदंर का जूस खतरनाक साबित हो सकता है। लो बीपी में यदि चुकंदर का जूस पीते हैं, तो आपका बीपी और भी ज्यादा लो हो सकता है। इससे आपको कमजोरी महसूस हो सकती है। वहीं ब्लड प्रेशर अचानक से लो होने पर मस्तिष्क में ब्लड सर्कुलेशन कम हो सकता है। जिसकी वजह से आपको चक्कर आ सकता है। आप बेहोश हो सकते हैं और बीपी लो होने से आपको चोट लगने का खतरा बढ़ सकता है। इससे कमजोरी और थकान में वृद्धि हो सकती है। तो वहीं कुछ लोगों को मतली या फिर उल्टी का अनुभव हो सकता है। इससे शरीर में और भी अधिक कमजोरी हो सकती है। कम ब्लड सर्कुलेशन से शरीर के पर्याप्त अंगों तक ऑक्सीजन और पोषक तत्व नहीं पहुंच पाते हैं।

## किडनी स्टोन के इन लक्षणों को भूलकर भी न करें इग्नोर, हाइड्रेशन और हेल्दी डाइट से कम कर सकते हैं रिस्क

तेजी से बढ़ते तापमान के साथ किडनी स्टोन के मामलों में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, तेलंगाना में हर दिन करीब 300-400 मरीज किडनी स्टोन की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। जोकि सामान्य की तुलना में करीब दोगुना है। वहीं परेशानी की बात है कि यह मामले 40त्न की दर से तेजी से बढ़ रहे हैं और इसका सबसे ज्यादा असर 20 से 40 साल के युवाओं पर पड़ रहा है।ढ्ढह के एक्सपर्ट्स के मुताबिक, युवाओं में गर्मी में किडनी स्टोन के मामले बढ़ने के पीछे कई कारण हो सकते हैं। इनमें से एक मुख्य वजह शरीर में पानी की कमी होता है। वहीं खराब लाइफस्टाइल भी इस खतरे को बढ़ा रही है। ठ्ठएक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 12% से अधिक लोगों को किडनी स्टोन की समस्या है। हालांकि आप अपनी लाइफस्टाइल में कुछ आसान से बदलाव करके किडनी स्टोन के खतरे को कम किया जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि गर्मी के मौसम में किडनी स्टोन का खतरा क्यों बढ़ जाता है। साथ ही यह भी जानेंगे कि किडनी स्टोन के लक्षण क्या हैं और कैसे इस समस्या से बचा सकता है।

**किडनी स्टोन का खतरा**

एक रिपोर्ट के मुताबिक गर्मियों में किडनी स्टोन का खतरा अधिक बढ़ जाता है। क्योंकि गर्मी में शरीर से पसीने के रूप में बड़ी मात्रा में पानी, इलेक्ट्रोलाइट्स और नमक बाहर निकल जाते हैं। जिसके कारण शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है और यूनिर का फ्लो घट जाता है। ऐसे में यूरिन में मौजूद ऑक्सलेट, कैल्शियम और यूरिक एसिड जैसे मिनरल्स आपस में जुड़कर छोटे-छोटे क्रिस्टल्स बनाते हैं। यह क्रिस्टल धीरे-धीरे बड़े होकर किडनी स्टोन बन जाते हैं। क्योंकि यह सामान्य रूप से शरीर से बाहर नहीं निकल पाते हैं। वहीं यूरिन रोकना, अनहेल्दी खानपान और कुछ जेनेटिक फैक्टर भी किडनी स्टोन के कारण हो सकते हैं।

किडनी स्टोन होने के कारण, वजन ज्यादा होने या फिर मोटापे की वजह से, परिवार में पहले से किसी को किडनी स्टोन होना, शुगरी ड्रिंक ज्यादा पीने से, ज्यादा नमक वाली चीजें खाने से, फास्ट फूड और जंक फूड का अधिक सेवन, कुछ खास दवाओं के कारण, लंबे समय तक धूप में रहने के कारण, शरीर में पानी की कमी होना, इन लोगों को होता है किडनी स्टोन का ज्यादा खतरा, खराब खानपान और अनहेल्दी लाइफस्टाइल वाले लोगों को यह समस्या होती है।, फैमिली में किसी को पहले से किडनी स्टोन की समस्या रही हो।, तेज धूप में ज्यादा समय बिताने वाले लोगों को भी इस समस्या का खतरा अधिक होता है।, (यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन) से पीड़ित लोगों को।, मोटापे से ग्रस्त लोगों को।, डाइयुरेटिक्स, एंटीबायोटिक या एंटी-एसिड दवाएं लेने वालों लोगों को।

**इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज**

किडनी स्टोन की शुरूआत में बार-बार यूनिर आना, यूरिन पास करते समय जलन होना या पेट में दर्द आदि के लक्षण दिखाई देते हैं। हालांकि यह सभी लक्षण एक साथ नहीं दिखते हैं। कुछ लोगों में यह लक्षण हल्के हो सकते हैं। ऐसे में इनमें से कोई भी लक्षण महसूस होने पर फौरन डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

## क्या आम खाने से स्किन को नुकसांन पहुंच सकता है! आमे खाने का सही तरीका?

गर्मियों के मौसम में फलों का राजा आम आने लगता है। आम खाना लगभग हर किसी को पसंद होता है। क्योंकि यह रसीला फल न सिर्फ स्वाद में अच्छा होता है, बल्कि यह पोषण से भी भरपूर होता है। आम में विटामिन सी, पोटेशियम, मैग्नीशियम और फाइबर जैसे जरूरी तत्व पाए जाते हैं। जोकि स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद माने जाते हैं। लेकिन कुछ लोग 2-3 आम खाने के बाद या लगातार कुछ दिन आम खाते हैं, तो उनके फेस पर पिंपल्स यानी की मुंहासे निकल आते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्या वाकई आम खाने से स्किन को नुकसांन पहुंच सकता है।

हालांकि इस बाद का कोई साइंटिफिक प्रूफ नहीं है, जो यह साबित करे कि आम खाने से पिंपल्स की समस्या होती है। लेकिन कुछ कारणों की वजह से आम खाने से स्किन पर पिंपल्स हो सकते हैं।

**पिंपल्स निकलने का कारण**

बता दें कि आम के छिलके और रस में 5-रेसोर्सिनॉल नामक केमिकल पाया जाता है। जोकि स्किन पर लगने से पिंपल्स जैसे निशान बना सकता है। वहीं यह मुंह में जाने पर स्टोमेटाइटिस यानी की जलन और छोटे-छोटे घाव हो सकते हैं।

हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स

आम का GI लेवल ज्यादा होता है।

जिससे शुगर और इंसुलिन लेवल तेजी से बढ़ता है।

आम खाने से सीबम का प्रोडक्शन बढ़ जाता है।

इससे स्किन पोर्स ब्लॉक हो जाते हैं, जोकि मुहांसे का कारण बन सकते हैं।

केमिकल से पके आम

कैल्शियम कार्बाइड से पकाए गए आम खाने से एसिटिलीन गैस बनती है। इस गैस की वजह से मुंह में छाले या फिर जलन की समस्या हो सकती है। वहीं अगर किसी व्यक्ति में विटामिन की कमी है, तो आम खाने से मुंह में छाले हो सकते हैं।



**किन लोगों को नहीं खाना चाहिए आम**

डायबिटीज के मरीज

मोटापे से जूझ रहे लोगों को

पाचन संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों को

स्किन एलर्जी वाले लोगों को

किडनी मरीजों को

4 साल से कम उम्र के बच्चों को

किन चीजों के साथ न खाएं आम

अगर आप खट्टे फलों के साथ आम का सेवन करते हैं, तो आपके पाचन में गड़बड़ी हो सकती है।

मसालेदार खाने के साथ आम का सेवन नहीं करना चाहिए।

दही के साथ भी आम का सेवन नहीं करना चाहिए।

शराब आदि के साथ आम नहीं खाना चाहिए।

आम खाने के बाद ठंडा पानी नहीं पीना चाहिए।

**पानी में भिगाएं आम**

आम खाने से पहले हमेशा इसको 2-3 घंटे ताजे पानी में भिगोकर रखना चाहिए। इससे इसमें मौजूद फाइटिक एसिड और कीटनाशक हट जाते हैं। यह न्यूट्रिएंट्स के अवशोषण और पाचन में बाधा बन सकते हैं।

**ठंडा आम न खाएं**

फ्रिज से निकालकर फौरन ठंडा आम खाने से बचना चाहिए। इससे गले में खराश या पाचन तंत्र बिगड़ सकता है। इसे सामान्य तापमान में कुछ देर के लिए रखना चाहिए।

**खाली पेट न खाएं**

कभी भी खाली पेट आम नहीं खाना चाहिए। क्योंकि इससे आपको एसिडिटी हो सकती है। इसलिए कुछ खाने के बाद ही इसको खाना बेहतर है।

**शुद्ध और पका आम खाएं**

मार्केट से आम खरीदने के दौरान ध्यान रखें कि वह कार्बाइड से पका हुआ न हो। क्योंकि ऐसा आम खाने से आपके शरीर से नुकसान पहुंच सकता है।

**पानी में भिगोकर आम खाना फायदेमंद**

आम में फाइटिक एसिड पाया जाता है, जो एक एंटी-न्यूट्रिएंट होता है। यह शरीर में जरूरी न्यूट्रिएंट्स जैसे कैल्शियम, आयरन को अच्छे से एब्जॉर्ब नहीं होने देता है। वहीं जब आप 2-3 घंटे पानी में भिगोते हैं, तो इससे फाइटिक एसिड कम हो जाता है। वहीं शरीर को भी आम से मिलने वाले न्यूट्रिएंट्स अच्छे से मिलते हैं।

आम में मौजूद फाइटोकेमिकल्स भी कम हो जाते हैं। जिससे नेचुरल फैट बस्टर की तरह काम करता है। वहीं आम को भिगोने से इस पर लगे कीटनाशक, धूल-मिट्टी और गंदगी भी हट जाती है। जिससे बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।

**रोजाना कितने आम खाएं**

यह आपके स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। आमतौर पर रोजाना एक मध्यम आकार का आम खाना सबसे बेहतर है। इससे जरूरी न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। इससे ब्लड शुगर लेवल संतुलित रहता है और इससे मुंहासों या शुगर स्पाइक्स का खतरा कम होता है।

## 28 दिनों से कम समय में पीरियड आना है खतरे की घंटी?



पीरियड्स से जुड़े कई सवाल महिलाओं के मन में होते हैं और उनको परेशान करते हैं। अमूमन महिलाएं पीरियड्स लेट होने के कारण चिंतित रहती हैं। लेकिन समय से पहले पीरियड्स आने को नजरअंदाज कर देती हैं। एक्सपर्ट की मानें, तो पीरियड साइकिल 28 दिनों की होनी चाहिए। वहीं अगर पीरियड 28-35 दिनों के बीच आते हैं, तो यह नॉर्मल माना जाता है। वहीं 28 दिन से 1-2 दिन पहले पीरियड्स आना भी नॉर्मल होता है। लेकिन कई बार 21-22 दिनों में पीरियड्स आ जाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि पीरियड्स 21-22 दिनों में आना नॉर्मल है या फिर इसके पीछे कोई हेल्थ कंडीशन हो सकती है।

**28 दिनों से कम में पीरियड्स आना**

एक्सपर्ट की मानें, तो शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलावों के कारण 28 दिनों से कम में पीरियड्स आ सकते हैं। अगर किसी महिला को 21 दिनों से कम पीरियड साइकिल हो रही है, तो इसका मतलब है कि शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन का लेवल सही नहीं है।

वहीं थायराइड की समस्या होने पर भी पीरियड्स जल्दी आ सकते हैं। थायराइड हार्मोन पीरियड्स को रेगुलेट करने में अहम होते हैं। ऐसे में जब शरीर में इसका सीक्रेशन सही तरीके से नहीं होता है, तो पीरियड्स पर भी इसका असर होता है।

अगर आप लंबे समय से किसी बात को लेकर स्ट्रेस में हैं, तो भी इसका असर आपकी पीरियड साइकिल पर हो सकता है। महिलाओं को लगता है कि स्ट्रेस के कारण पीरियड्स डिले होते हैं, लेकिन स्ट्रेस के कारण पीरियड्स समय से पहले आ सकते हैं।

इसके अलावा कॉन्ट्रासेप्शन जैसे बर्थ कंट्रोल पिल्स का इस्तेमाल करने पर भी आपकी पीरियड साइकिल प्रभावित हो सकती है।

अचानक से वेट या फिर लाइफस्टाइल में होने वाले बदलाव के कारण भी पीरियड्स जल्दी आ सकते हैं।

अगर आपको 21 दिनों से कम में पीरियड्स होते हैं, इस दौरान अधिक या कम ब्लीडिंग होती है, तो इसको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

वहीं अगर पीरियड्स सिर्फ 1-2 दिन के लिए आ रहे हैं, या ब्लीडिंग 7-8 दिनों तक या उससे ज्यादा हो रही है। तो यह सही नहीं माना जाता है। ऐसी स्थिति में आपको डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

## रैशेज नहीं हैं, लेकिन फिर भी हो रही खुजली तो लिवर से जुड़ी दिक्कत का हो सकता है संकेत

अगर आपकी स्किन पर लगातार खुजली हो रही है, लेकिन कहीं लालिमा, दाने या फिर रैशेज दिखाई नहीं दे रहे हैं। तो यह एक चेतावनी की ओर संकेत हो सकता है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि बिना रैशेज वाली खुजली को नजरअंदाज क्यों नहीं करना चाहिए।

गर्मियों में स्किन पर दाने और रैशेज होना आम बात है। वहीं हमारी लाइफस्टाइल भी कुछ ऐसी है कि ऐसा होना तय होता है। जब दाने निकल आते हैं, तो बार-बार खुजली होती रहती है। वहीं बार-बार हाथ चेहरे पर जाता है। वहीं अगर आपकी स्किन पर लगातार खुजली हो रही है, लेकिन कहीं लालिमा, दाने या फिर रैशेज दिखाई नहीं दे रहे हैं। तो यह एक चेतावनी की ओर संकेत हो सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बिना रैशेज वाली खुजली को नजरअंदाज क्यों नहीं करना चाहिए। साथ ही यह भी जानेंगे कि यह लिवर में गड़बड़ी की ओर क्या इशारा करती है।




हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो लिवर हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग होता है। लिवर पित्त बनाने, खून को साफ करने, वसा और प्रोटीन को मेटाबोलाइज्ड करने का काम करता है। जब लिवर में किसी तरह की समस्या आती है, खासकर पित्त प्रवाह बाधित होने पर शरीर में पदार्थ जमने लगते हैं। त्वचा के नीचे पित्त या पित्त से संबंधित अन्य यौगिकों का जमा होने के कारण खुजली हो सकती है। वहीं जब यह संकेत मिलता है कि लिवर ठीक से काम नहीं कर रहा है, जब उसको डिटॉक्स करने में समस्या आती है।

**ऐसे डिटॉक्स करें लिवर**

लिवर को डिटॉक्स करने के लिए हाइड्रेशन का पूरा ध्यान रखना चाहिए। इसलिए दिन भर में कम से कम 8 से 10 गिलास पानी जरूर पिएं। वहीं आप टमाटर का भी सेवन कर सकते हैं।

क्योंकि टमाटर में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जोकि लिवर को डिटॉक्स करने में मदद करता है।

## तपती गर्मी में भी दिखना है सुंदर तो बैग में रखें ट्रैवल-फ्रेंडली मेकअप, कभी भी पड़ सकती है जरूरत

अगर आप मई-जून की छुट्टियों में कहीं पहाड़ों पर या फिर बीच साइड जा रही हैं, तो सही ट्रैवल-फ्रेंडली मेकअप आपके लिए बेस्ट ट्रैवल पार्टनर साबित हो सकता है। ऐसे में आज हम आपको ट्रैवल-फ्रेंडली मेकअप के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आप आसानी से कैरी कर सकती हैं।

गर्मियों में पैकिंग करना एक मुश्किल टास्क बन जाता है। नई जगह की खोज, तेज धूप और अचानक से की गई रोमांचक एक्टिविटी हमारे फेस को खराब कर सकती है। ऐसे में आपको एक ऐसा ट्रैवल मेकअप किट साथ रखना चाहिए, जो आपकी स्किन को फ्रेश और ग्लोइंग बनाकर रखें। जिससे कि आपका चेहरा फोटो के लिए हमेशा रेडी रहे। ऐसे में अगर आप मई-जून की छुट्टियों में कहीं पहाड़ों पर या फिर बीच साइड जा रही हैं, तो सही ट्रैवल-फ्रेंडली मेकअप आपके लिए बेस्ट ट्रैवल पार्टनर साबित हो सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको



ट्रैवल-फ्रेंडली मेकअप के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आप आसानी से कैरी कर सकती हैं।

**टिंटेड मॉइस्चराइजर**

अगर आप ट्रैवल-फ्रेंडली मेकअप साथ लेकर चलना चाहती हैं, तो भारी फाउंडेशन की बजाय लाइटवेट टिंटेड मॉइस्चराइजर का चुनाव करें। जिसमें स्क्न्न हो। यह आपकी स्किन टोन को समान बनाता है, स्किन को हाइड्रेट करता है और सूरज की हानिकारण किरणों से स्किन को बचाता है।

**क्रीम ब्लश**

आपके चेहरे के लिए क्रीमी ब्लश एक मल्टी टास्किंग हीरो होता है। आप लिप के लिए या हल्के आईशैडो की तरह भी इसका उपयोग कर सकती हैं। वहीं क्रीमी ब्लश फिंगर से आसानी से ब्लेंड हो जाता है और ट्रैवल बैग में यह अधिक जगह भी नहीं लेता है।

**मिनी मस्कारा**

थकी हुई आंखों को जगाने और अट्रैक्टिव बनाने के लिए मस्कारा जरूरी होता है। इसलिए आप मिनी साइज मस्कारा कैरी कर सकती हैं। साथ ही यह आपके लुक को डे टूर से लेकर नाइट डिनर तक स्मज प्रूफ बनाए रखेगा।

**कम्पैक्ट आईशैडो**

आप एक छोटी सी आईशैडो पैलेट चुनें, जिसमें शिमरी और न्यूट्रल शेड्स शामिल हों। इससे आप अपने लुक को आसानी से डे से नाइट लुक में बदल सकेंगी। वहीं इसके साथ डार्क शेड लिपस्टिक जरूर ट्राई करें।

**ट्रैवल-साइज सेटिंग स्प्रे**

बता दें कि सेटिंग स्प्रे आपके मेकअप को लंबे समय तक फ्रेश बनाए रखने में मदद करता है। इसलिए ऐसा प्रोडक्ट चुनें, जिससे कि आपकी स्किन भी हाइड्रेट हो और मेकअप भी स्किन को ड्राय किए बिना लॉक करे।

## चेहरे पर मुल्तानी मिट्टी लगाते समय ना करें ये छोटी-छोटी गलतियां



मुल्तानी मिट्टी के मास्क को बहुत देर तक स्किन पर लगाकर छोड़ने की गलती नहीं करनी चाहिए। दरअसल, जब मिट्टी पूरी तरह सूख जाती है, तो वो त्वचा की सारी नमी खींच लेती है। ध्यान रखें कि जैसे ही मिट्टी हल्की सूखी दिखे, तो उसे धो लो। मास्क के लिए 10-15 मिनट काफी होते हैं।

अपनी स्किन की केयर करने के लिए हम सभी कई तरह के इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करते हैं। इन्हीं में से एक है मुल्तानी मिट्टी। खासतौर से, ऑयली स्किन के लिए मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। इससे ना केवल चेहरे को ताजगी मिलती है, बल्कि एक चमक भी आती है। अक्सर अपनी स्किन को ठंडक देने और उसे पैम्पर करने के लिए हम मुल्तानी मिट्टी को अपने स्किन केयर रूटीन में शामिल करते हैं।

इस बात में कोई दोराय नहीं है कि मुल्तानी मिट्टी आपकी स्किन के लिए बहुत अधिक फायदेमंद है। लेकिन इसे सही तरह से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। अगर आप इसे गलत तरीके से अपनी स्किन पर अप्लाई करती हैं, तो ये चेहरे को निखारने के बजाय और ज़्यादा रूखा-सूखा और बेजान बना सकती है। जी हां, मुल्तानी मिट्टी भले ही नेचुरल हो, लेकिन इसे लगाने का भी एक सही तरीका होता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको मुल्तानी मिट्टी को चेहरे पर लगाते समय की जाने वाली कुछ छोटी-छोटी गलतियों के बारे में बता रहे हैं, जिनसे आपको वास्तव में बचना चाहिए-

**मास्क को बहुत देर तक लगाए रखना**

मुल्तानी मिट्टी के मास्क को बहुत देर तक स्किन पर लगाकर छोड़ने की गलती नहीं करनी चाहिए। दरअसल, जब मिट्टी पूरी तरह सूख जाती है, तो वो त्वचा की सारी नमी खींच लेती है। ध्यान रखें कि जैसे ही मिट्टी हल्की सूखी दिखे, तो उसे धो लो। मास्क के लिए 10-15 मिनट काफी होते हैं।

**बिना टेस्ट किए लगाना**

हर किसी की त्वचा अलग होती है। किसी को एलर्जी भी हो सकती है। इसलिए पहली बार में ही मुल्तानी मिट्टी को पूरे चेहरे पर लगाने से बचना चाहिए। हमेशा पहले थोड़ा सा पेस्ट हाथ या कान के पीछे लगाकर देखो। अगर आपको किसी तरह की जलन या रेडनेस का अहसास हो रहा है तो इसे अवॉयड करें।

**हर दिन मुल्तानी मिट्टी लगाना**

यह सच है कि मुल्तानी मिट्टी स्किन को फायदा पहुंचाती है, लेकिन इसे हर दिन लगोन से बचना चाहिए। मुल्तानी मिट्टी रोज़ाना लगाने वाली चीज़ नहीं है, खासकर अगर त्वचा ड्राय या सेंसिटिव हो। इससे आपकी स्किन को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, मास्क को हफ्ते में 1 या 2 बार ही लगाएं।

**सिर्फ मुल्तानी मिट्टी ही लगाना**

भले ही आप मुल्तानी मिट्टी का मास्क बना रही हैं, लेकिन उसमें सिर्फ पानी मिक्स करके नहीं लगाना चाहिए। यह आपकी स्किन पर थोड़ा हार्श हो सकता है। हमेशा अपने स्किन टाइप के हिसाब से कुछ इंग्रीडिएंट्स मिक्स करों। मसलन, अगर आपकी स्किन ड्राई है तो आप शहद, दूध या एलोवेरा मिक्स करें। ऑयली स्किन के लिए मुल्तानी मिट्टी के साथ गुलाब जल, नींबू का रस, चंदन पाउडर का इस्तेमाल करना अच्छा माना जाता है। अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में खीरे का रस या दही इस्तेमाल करें।

## सिर्फ 5 रुपए की इस चीज से पसीने की बदबू होगी छूमंतर, स्किन भी करेगी शाइन

अगर आप चाहते हैं कि शरीर से पसीना कम आए और पसीने की बदबू भी कंट्रोल में रहे। तो इसके लिए आप नींबू का इस्तेमाल कर सकती हैं। नींबू एरोमैटिक होता है और इसकी महक काफी डॉमिनेटिंग होती है। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि नींबू का कैसे इस्तेमाल करना है।

गर्मियों में पसीने की समस्या का लगभग सभी को सामना करना पड़ता है। किसी-किसी को इतना ज्यादा पसीना आता है कि पूरे समय कपड़े पसीने से भीगे रहते हैं। ऐसे में पसीने के कारण शरीर से बदबू आना लाजमी है। शरीर से पसीने की बदबू आने से असहज लगता है। हालांकि मार्केट में बहुत सारे अच्छे परफ्यूम आते हैं, जो लंबे समय तक चलते हैं। लेकिन इनसे शरीर की बदबू नहीं जाती है। हालांकि परफ्यूम के कारण कपड़ों से अच्छी महक जरूर आने लग जाती है।

अगर आप चाहते हैं कि शरीर से पसीना कम आए और पसीने की बदबू भी कंट्रोल में रहे। तो इसके लिए आप नींबू का इस्तेमाल कर सकती हैं। नींबू एरोमैटिक होता है और इसकी महक काफी डॉमिनेटिंग होती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि नींबू का कैसे इस्तेमाल करना है। जिससे शरीर की गंध को कम किया जा सके।



**नींबू का जेल**

बता दें कि घर पर नींबू का जेल तैयार करना बहुत आसान है। नींबू का जेल तैयार करने के लिए आपको बस मुट्ठीभर नींबू के छिलकों की जरूरत होगी।

**सामग्री**

नींबू के छिलके- 20 से 25

गुलाब जल- 1 बड़ा चम्मच

विटामिन-ई कैप्सूल- 1

**विधि**

सबसे पहले एक बाउल में पानी लें और उसमें नींबू का छिलका डालें। इसको तब तक उबालें, जब तक नींबू के छिलके जेल जैसे न लगने लगें।

अब इस मिश्रण में विटामिन ई कैप्सूल और गुलाबजल डालें। फिर इसको एक शीशी में भरें। वहीं जब आप नहाने जाएं, तो इससे पहले 1 घंटे पहले इस मिश्रण को शरीर के उन हिस्सों पर लगाएं, जहां पर सबसे ज्यादा पसीना आता है।

फिर थोड़ी देर बाद पानी से नहा लें। अगर आप रोजाना ऐसा करती हैं, तो कुछ ही दिनों में आपको रिजल्ट्स देखने को मिलेंगे।

**नहाने के पानी में डालें नींबू का रस**

नींबू के रस को पानी में डालकर रोजाना नहाने से आपको शरीर से निकलने वाला एक्स्ट्रा ऑयल कंट्रोल होगा। साथ ही इससे शरीर से आने वाली बदबू भी दूर होगी। इससे आपकी स्किन में ग्लो आएगा और स्किन शाइन करेगी। इस बात का ध्यान रखें कि अगर आपकी बॉडी में किसी तरह का इंफेक्शन है, या फिर किसी तरह का शरीर का घाव है, तो आपको नींबू का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। क्योंकि इससे आपके शरीर में छरछराहट भी होती है।

## अनारकली सूट में दिखना है स्टनिंग तो अपनाएं ये फैशन हैक्स



अनारकली सूट के साथ दुपट्टा कैरी करते समय थोड़ा स्मार्टली प्ले करें। मसलन, अगर अनारकली पर हैवी एंब्रायडरी है, दुपट्टा लाइट रखें। वहीं, अगर अनारकली सिंपल या एक रंग की है, तो उस पर बनारसी, फुलकारी, गोटा-पट्टी या मिरर वर्क वाला दुपट्टा बहुत अच्छा लगता है।

जब भी किसी वेडिंग फंक्शन या फैमिली पार्टी के लिए तैयार होने की बात होती है तो अक्सर हम सभी एथनिक वियर पहनना पसंद करती है। इन एथनिक वियर में अनारकली सूट भी एक बेहतरीन एथनिक वियर ऑप्शन माना जाता है। यह एक ऐसा आउटफिट है, जो आपको एलीगेंट लेकिन रॉयल लुक देता है और शायद यही वजह है कि हर लड़की की वार्डरोब में अनारकली सूट होता ही है।

**दुपट्टे को यूं करें स्टाइल**

अनारकली सूट के साथ दुपट्टा कैरी करते समय थोड़ा स्मार्टली प्ले करें। मसलन, अगर अनारकली पर हैवी एंब्रायडरी है, दुपट्टा लाइट रखें। वहीं, अगर अनारकली सिंपल या एक रंग की है, तो उस पर बनारसी, फुलकारी, गोटा-पट्टी या मिरर वर्क वाला दुपट्टा बहुत अच्छा लगता है। आप दुपट्टे को एक तरफ कंधे पर पिन कर दो और दूसरी तरफ ढीला छोड़ दो। इससे एक रॉयल लुक मिलता है। या फिर अगर आप चाहें तो कमर पर बेल्ट लगाकर दुपट्टा फिक्स किया जा सकता है। यह ना केवल स्टाइलिश लगता है, बल्कि दुपट्टे को मैनेजर करना भी आसान हो जाता है।

## कोरोना फिर फैला रहा कहरः देश में सात हजार से ज्यादा एक्टिव केस




**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के सक्रिय मामले सात हजार पार पहुंच गए हैं। नए वैरिएंट से अब तक 77 मौतें हुईं, जिनमें 21 महाराष्ट्र में। केरल में मास्क अनिवार्य किया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को अलर्ट पर रहने और जरूरी तैयारियां रखने के निर्देश दिए हैं।

देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 7 हजार से ज्यादा पहुंच चुकी है। बीते बुधवार को 33 मामले सामने आए। अब भी केरल देशभर में कोरोना संक्रमण के मामलों में सबसे आगे है। अब तक नए वेरिएंट से देश में 77 लोगों की मौत हुई है। इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र में 21 लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बीते एक हफ्ते में 30 लोगों की जान जा चुकी है। सिर्फ बुधवार को ही कोरोना के कारण 3 लोगों ने दम तोड़ा। जम्मू-कश्मीर में भी अब तक 12 लोग संक्रमित मिले हैं। महाराष्ट्र में कोरोना से 615 लोग संक्रमित हो चुके हैं। वहीं गोवा में छह, गुजरात में 1,281 मामले सामने आए हैं। केरल में अस्पतालों में मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं, कोई भी मंत्री अगर प्रधानमंत्री से मिलने जाएगा तो उनका आरटी-पीसीआर अनिवार्य कर दिया गया है। गौरतलब है कि कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों व अस्पतालों से स्थिति से निपटने को तैयार रहने के लिए कहा है। मीडिया रिपोर्टर्स के अनुसार कई राज्यों में कोविड-19 के नए वेरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, जिसमें एलएफ-7, एक्सएफजी , जेएन-1 व एनबी-1.8.1 के बारे में जानकारी मिली है।

## भारत 131वें पायदान पर, शिक्षा-आर्थिक मोर्चे पर सुधार

**समानता**

**डब्ल्यूईएफ की प्रबंध निदेशक सादिया जाहिदी ने कहा कि लैंगिक समानता सिर्फ नैतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि आर्थिक मजबूती का जरिया भी है।**



**नई दिल्ली।** ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत दो स्थान गिरकर 131वें स्थान पर पहुंच गया है। हालांकि, रिपोर्ट में आर्थिक भागीदारी और शैक्षिक उपलब्धि जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति में सुधार दिखा है। श्रम बल में भागीदारी 45.9त्न रही, जो अब तक का सर्वोच्च है। लेकिन राजनीतिक सशक्तीकरण के मामले में भारत पिछड़ गया है।

ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट, 2025 में भारत पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान फिसलकर 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर पहुंच गया। हालांकि रिपोर्ट पर गहन नजर डालें तो पता चलता है कि देश में शैक्षिक व आर्थिक मोर्चे पर महिलाओं की स्थिति सुधरी है। श्रम बल में भागीदारी भी बढ़ी है। लेकिन, राजनीतिक स्तर पर समानता के मामले में महिलाएं पीछे रह गई हैं। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में मात्र 64.1 प्रतिशत के स्कोर के साथ भारत दक्षिण एशिया में सबसे निचली रैंक वाले देशों में रहा। पिछले वर्ष भारत 129वें स्थान पर रहा था। महिलाओं-पुरुषों के बीच समानता के स्तर को दर्शाने वाले वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में लैंगिक समानता को चार आयामों आर्थिक भागीदारी एवं अवसर, शैक्षिक उपलब्धि, स्वास्थ्य एवं जीवन रक्षा व राजनीतिक सशक्तीकरण के आधार पर आंका जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में अर्थव्यवस्था के लिहाज से समग्र प्रदर्शन में +0.3 अंकों का सुधार हुआ। भारत में जिन आयामों में समानता बढ़ी है, उनमें एक आर्थिक भागीदारी व अवसर है, जहां इसका स्कोर +.9 प्रतिशत अंक बढ़कर 40.7 प्रतिशत हो गया है। अनुमानित अर्जित आय में समानता 28.6 से बढ़कर 29.9 प्रतिशत हो गई है। श्रम बल भागीदारी दर में अंक पिछले वर्ष के समान (45.9 प्रतिशत) रहे जो भारत में अब तक का सर्वोच्च है।

शैक्षिक प्रगति में भारत के 97.1 प्रतिशत अंक हैं, जो साक्षरता व उच्च शिक्षा प्राप्ति में महिलाओं की हिस्सेदारी सकारात्मक ढंग से बढ़ने का संकेत है। भारत में स्वास्थ्य व जीवन रक्षा में उच्च समानता दर्ज की गई है। यह जन्म के समय लिंगानुपात एवं स्वस्थ जीवन प्रत्याशा में सुधार के कारण संभव हुआ। एजेंसी

डब्ल्यूईएफ की प्रबंध निदेशक सादिया जाहिदी ने कहा कि लैंगिक समानता सिर्फ नैतिक मुद्दा नहीं है, बल्कि आर्थिक मजबूती का जरिया भी है। वह कहती हैं, आज जब दुनिया आर्थिक अनिश्चितता और धीमी वृद्धि के दौर में है, लैंगिक समानता से नवाचार, मजबूती और तेज विकास संभव है।

इस बीच देश की श्रम बल में भागीदारी दर अब भी 45.9 फीसदी पर स्थिर है। यह भारत का अब तक का सबसे ऊंचा स्कोर है। भारत को शैक्षिक उपलब्धि में 97.1 फीसदी स्कोर मिला है, जो एक सकारात्मक संकेत है।

## हृदय विदारक हादसे में मासूम अनाथ



**नई दिल्ली।** अमरेली के वाडिया निवासी अर्जुनभाई मनुभाई पटोलिया भी अहमदाबाद में हुए विमान हादसे का शिकार हो गए। वह लंदन से अपनी पत्नी की आखिरी इच्छा पूरी करने के लिए गुजरात आए थे। सात दिन पहले उनकी पत्नी का निधन हो गया था। पत्नी की आखिरी इच्छा थी कि उनकी अस्थियां उनके पैतृक गांव में विसर्जित की जाएं। अहमदाबाद में बृस्पतिवार को एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद कई दर्दनाक कहानियां सामने आ रही हैं। विमान दुर्घटना में किसी ने अपनी पत्नी को खो दिया तो किसी ने पति और बच्चों को। ऐसी ही एक दर्द भरी कहानी लंदन से पत्नी की अस्थि विसर्जन करने भारत आए पति की है, जिसने विमान दुर्घटना में अपनी जान गंवा दी। उसके दो मासूम बेटियां हैं, जो लंदन में अपने पिता का इंतजार कर रही हैं। जानकारी के अनुसार, अमरेली के वाडिया निवासी अर्जुनभाई मनुभाई पटोलिया अपने परिवार के साथ लंदन में रहते थे। उनकी पत्नी भारतीबेन का सात दिन पहले लंदन में निधन हो गया था। पत्नी की आखिरी इच्छा थी कि उनकी अस्थियां अमरेली जिले के उनके पैतृक गांव की नदी में विसर्जित की जाएं। पत्नी की आखिरी इच्छा को पूरा करने के लिए अर्जुनभाई गुजरात आए थे। अर्जुनभाई ने अमरेली स्थित गांव में अपने रिश्तेदारों के साथ अस्थि कलश विसर्जन से जुड़ा पूजा-पाठ किया। इसके बाद उन्होंने पत्नी की अस्थियों को विसर्जित किया। पत्नी की पैतृक गांव अस्थि विसर्जन की इच्छा को पूरा करने के बाद अर्जुनभाई बृहस्पतिवार को एअर इंडिया के विमान से लंदन वापस लौट रहे थे। हालांकि, अहमदाबाद से उड़ान भरते ही विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। विमान में सवार क्रू मेंबर के साथ 242 यात्रियो में अर्जुनभाई भी शामिल थे। उनकी भी इस दुर्घटना में मौत हो गई।

## रामापुरम के पास निर्माणाधीन ट्रैक का हिस्सा गिरा

**चेन्नई।** चेन्नई मेट्रो के निर्माणाधीन ट्रैक गिरने से एक बाइक सवार की मौत हो गई। चेन्नई मेट्रो ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह पता लगाया जा रहा है कि बाइक पर कोई और भी सवार था या नहीं। साथ ही मेट्रो प्रशासन ने मामले की गहराई से जांच कराने की बात कही है। चेन्नई से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां मेट्रो रेल के फेज-2 कॉरिडोर के अंतर्गत बन रहा एक ट्रैक सेक्शन शुक्रवार को डीएलएफ रामापुरम के पास गिर गया। यह हादसा उस समय हुआ जब ट्रैक का निर्माण कार्य जारी था। जानकारी के अनुसार इस हादसे में अबतक एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई है। घटनास्थल पर राहत कार्य जारी है।

# छह माह में खुद खत्म हो जाएगा प्लास्टिक कचरे के सबसे बड़े स्रोत पर लगाम

**समस्या**

**दिल्ली-मुंबई हो या दुनिया का कोई दूसरा शहर, प्लास्टिक से पैदा होने वाला कचरा सबके लिए सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरा है।**



**नई दिल्ली।** किसानों की आय बढाना हमेशा से केंद्र सरकार की प्राथमिकता रहा है। विशेषकर गन्ना किसानों को बेहतर मूल्य उपलब्ध कराना सरकार के लिए एक चुनौती रहा है। लेकिन यदि गन्ने से चीनी बनाने के साथ-साथ इसे प्लास्टिक उत्पादन से भी जोड़ा जाए तो इससे किसानों की समस्या कम हो सकती है। दिल्ली-मुंबई हो या दुनिया का कोई दूसरा शहर, प्लास्टिक से पैदा होने वाला कचरा सबके लिए सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरा है। देश में 26,000 टन प्लास्टिक कचरा प्रतिदिन पैदा होता है। अकेले दिल्ली में प्रतिदिन 1117 टन प्लास्टिक कचरा पैदा होता है, लेकिन लगभग 23त्न कचरे का कोई प्रबंधन नहीं होता। प्लास्टिक-पॉलीथिन से पैदा होने वाला कचरा हजारों वर्षों तक नष्ट नहीं होता और किसी शहर के कुल कचरे में सबसे बड़ी और खतरनाक भूमिका निभाता है। इसके कारण नालियों-नालों में जाम की समस्या पैदा होती है जिसके कारण बारिश का पानी भी नहीं निकल पाता और हल्की सी बारिश में भी दिल्ली-बंगलुरू जैसे शहर अपने ही पानी में डूबने लगते हैं। लेकिन दुनिया की यह सबसे बड़ी समस्या जल्द ही गुजरे जमाने की बात हो सकती है। बायो प्लास्टिक निर्माता कंपनियों ने दावा किया है कि उन्होंने ऐसा प्लास्टिक बनाने में सफलता हासिल कर ली है जो छः महीने में ही अपने आप नष्ट हो जाएंगे। यूपी के बलरामपुर की एक चीनी मिल ने इस विधि से प्लास्टिक उत्पादन का प्रयोग करना शुरू कर दिया है। केंद्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अभय करंदीकर ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि बायो प्लास्टिक प्रदूषण से जूझती दुनिया के लिए एक नई उम्मीद बनकर उभरे हैं। गन्ना, चीनी, मक्के, घास जैसी चीजों से बनने वाले ये प्लास्टिक एक सीमित अवधि के बाद स्वयं समाप्त हो जाएंगे। इससे प्लास्टिक कचरे की समस्या से मुक्ति मिलेगी। इसका सबसे अधिक लाभ खाद्य पदार्थों की सप्लाई करने, वस्तुओं की पैकिंग और फार्मा सेक्टर में पैकिंग में उपयोग हो सकता है। उखी इंडिया के प्रबंध निदेशक विशाल विवेक ने बताया कि सामान्य दिनचर्या में उपयोग होने वाली प्लास्टिक कभी नष्ट नहीं होती, बल्कि देश और पर्यावरण के लिए समस्या बन जाती है। जबकि बायो प्लास्टिक किसानों द्वारा उत्पादित भूसी और उच्छ घास जैसी चीजों से बनाई जाती है। इस तरह से उत्पादित प्लास्टिक का उपयोग सामान्य प्लास्टिक के जैसा ही होता है, लेकिन ये एक समय के बाद स्वतः नष्ट हो जाती है। इससे पर्यावरण को बचाने में मदद मिलती है। ये चीजें भारतीय किसानों के पास पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहती हैं। यह उनके लिए अतिरिक्त आय का माध्यम बन सकता है। किसानों की आय बढाना हमेशा से केंद्र सरकार की प्राथमिकता रहा है। विशेषकर गन्ना किसानों को बेहतर मूल्य उपलब्ध कराना सरकार के लिए एक चुनौती रहा है।

## दो बार हत्या पर लगातार आजीवन कारावास संभव

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दोहरे हत्याकांड में दोषी को लगातार दो आजीवन कारावास देने की वैधता पर विचार करने का फैसला किया है। कोर्ट ने 2016 की संविधान पीठ के फैसले का हवाला देते हुए नोटिस जारी किया है। अब आठ हफ्ते में पक्षों को अपना जवाब दाखिल करना होगा।

सुप्रीम कोर्ट इस बात पर विचार करने को तैयार हो गया है कि क्या हत्या के अपराध में दो बार दोषी ठहराए गए व्यक्ति को लगातार आजीवन कारावास की सजा दी जा सकती है। शीर्ष अदालत 2010 के दोहरे हत्याकांड मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 2015 के फैसले से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मामले में सुनवाई के दौरान जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा व जस्टिस मनमोहन की पीठ को बताया गया कि जुलाई 2016 में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि कई हत्याओं या आजीवन कारावास से दंडनीय अन्य अपराधों के लिए आजीवन कारावास की कई सजाएं दी जा सकती हैं। लेकिन उन्हें लगातार चलाने का निर्देश नहीं दिया जा सकता। पीठ ने कहा, इस प्रश्न पर नोटिस जारी किया जाता है कि क्या धारा 302 (दो बार) के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने पर लगातार आजीवन कारावास की सजा देना (संविधान पीठ के फैसले) में की गई टिप्पणियों के मद्देनजर वैध है। इस पर नोटिस पर आठ हफ्ते में जवाब दाखिल करना होगा। हाईकोर्ट ने इस मामले में एक व्यक्ति की दोषसिद्धि को बरकरार रखते हुए, उसे ट्रायल कोर्ट की ओर से दी गई मौत की सजा को खारिज कर दिया था।

## दक्षिण अफ्रीका में बाढ़ से अब तक 78 मौतें, प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे राष्ट्रपति रामाफोसा



**केप टाउन** दक्षिण अफ्रीका के पूर्वी केप प्रांत में बाढ़ से मरने वालों की संख्या 78 पहुंच चुकी है। यह देश के सबसे गरीब क्षेत्रों में से एक है। राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे।

दक्षिण। अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा शुक्रवार को देश के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र के उन इलाकों का दौरा करेंगे, जहां हाल की विनाशकारी बाढ़ में अब तक 78 लोगों की मौत हो चुकी है। राहत और बचाव कार्य चौथे दिन भी जारी है। अधिकारियों का कहना है कि मृतकों की संख्या और अधिक बढ़ सकती है।

राष्ट्रपति रामाफोसा पूर्वी केप प्रांत के म्थाथा शहर जाएंगे, जहां मंगलवार की सुबह बाढ़ ने सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। रामाफोसा की यह यात्रा उस समय हो रही है, जब आपदा के शुरुआत में प्रशासन की प्रतिक्रिया को लेकर आलोचना हो रही है। अत्यधिक खराब मौसम को आपदा का कारण माना जा रहा है। तीव्र बारिश, तेज हवाएं और कुछ इलाकों में बर्फबारी भी हुई। मौसम विभाग ने पिछले हफ्ते ही खराम मौसम की चेतावनी दी थी। प्रांतीय सरकार के प्रमुख ने बताया कि बाढ़ आने के बाद शुरुआती कुछ घंटों में राहत कार्य लगभग रुक गया था क्योंकि वहां विशेष बचाव दल, गोताखोर और खोजी कुत्तों वाली टीम जैसे पर्याप्त संसाधन नहीं थे। पूर्वी केप प्रांत देश के सबसे गरीब इलाकों में से एक है। पूर्वी केप प्रांत के प्रमुख ऑस्कर माबुयाने ने बताया कि इस 72 लाख की आबादी वाले प्रदेश में केवल एक ही बचाव हेलीकॉप्टर है, जो भी 500 किलोमीटर दूर एक अन्य शहर से लाया गया।

बाढ़ सुबह के समय आई, जब अधिकांश लोग सो रहे थे। कई लोग बाढ़ में बह गए और उनके घर व सामान भी बह गए। अधिकारियों ने कहा कि जैसे-जैसे खोज जारी है, और शव मिल सकते हैं क्योंकि बचावकर्मी बाढ़ के पानी और तबाह हुए घरों की जांच कर रहे हैं। मरने वालों में कई बच्चे भी शामिल हैं। म्थाथा की एक निवासी जिनाथी वुसो ने कहा, मुझे मानसिक तौर मदद की जरूरत है, क्योंकि मैंने अपने सामने लोगों को मरते देखा। वे टिन की चादरों और मलबे के साथ पानी के साथ बह गए। उन्होंने बताया कि कुछ लोग किसी चीज को पकड़ने या चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वह टूट गई और वे भी मर गए। इसीलिए अभी भी शव मिल रहे हैं और कुछ लोग अब भी लापता हैं।

संघीय सरकार की ओर से भेजी गई टीम का नेतृत्व कर रहे सहकारी शासन और पारंपरिक मामलों के मंत्री वेलेंकोसिनी हलबीसा ने गुरुवार देर रात राष्ट्रीय प्रसारक %एसएबीसी%से कहा कि प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे लापता व्यक्तियों की सूचना दें, ताकि बचाव दल को पता चल सके कि उनके कितने और लोगों की तलाश करनी है। हलबीसा ने कहा, हम एक संकट में हैं।

## अहमदाबाद हादसे में 32 साल की भारतवंशी ने भी जान गंवाई

**ओटावा।** अहमदाबाद विमान हादसे में एक 32 वर्षीय भारतवंशी ने भी जान गंवाई। हादसे में जान गंवाने वाली एकमात्र कनाडाई नागरिक निराली पटेल भारतीय मूल की दंत चिकित्सक थीं। वह मिसिसॉगा डेंटल क्लिनिक में काम करती थीं। निराली भारत में एक सामाजिक यात्रा से कनाडा वापस लौट रही थीं।

अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान में जान गंवाने वाली एकमात्र कनाडाई नागरिक निराली पटेल भारतीय मूल की दंत चिकित्सक थीं। 32 वर्षीय निराली टोरंटो के एटोबिकोक में रहती थीं। वह भारत में एक सामाजिक यात्रा से कनाडा वापस लौट रही थीं, लेकिन दुर्भाग्य से वह दुर्घटना का शिकार हो गईं। सीटीवी न्यूज टोरंटो की रिपोर्ट के मुताबिक, निराली के पति भी अपने एक साल के बच्चे के साथ भारत आने की योजना बना रहे थे। निराली के परिवार को जानने वाले समुदाय के नेता डॉन पटेल ने कहा कि विमान दुर्घटना चौंकाने वाली है। इसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक,

**निराली**

**अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान में जान गंवाने वाली एकमात्र कनाडाई नागरिक निराली पटेल भारतीय मूल की दंत चिकित्सक थीं।**

निराली पटेल चार-पांच दिनों के लिए भारत आई थीं। समुदाय के नेता डॉन ने बताया कि उनके माता-पिता, भाई-भाई ब्रैम्पटन में रहते हैं। उन्होंने बताया कि जब विमान दुर्घटना की खबर मिली तो उन्होंने निराली के भाई से बहुत संक्षेप में बात की। डॉन ने बताया कि उनका भाई सदमे में था और ज्यादा बात नहीं कर पा रहा था।

रिपोर्ट के मुताबिक, निराली पटेल ने 2016 में भारत में डेंटल की डिग्री ली थी। उसके बाद, 2019 में



कनाडा में अपना लाइसेंस प्राप्त किया। वह मिसिसॉगा डेंटल क्लिनिक में काम करती थीं।

ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने निराली की मौत और विमान दुर्घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने बृहस्पतिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, %मुझे यह जानकर दुख हुआ कि मिसिसॉगा, ओंटारियो की कनाडाई नागरिक अहमदाबाद के पास हुए दुखद एअर इंडिया विमान हादसे में जान गंवाने वालों में से एक थीं। ओंटारियो के लोगों की ओर से, मैं सभी पीड़ित के परिवारों और प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। इससे पहले, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भी विमान हादसे को लेकर दुख जताया। उन्होंने कहा कि वह विमान दुर्घटना के बारे में जानकर बेहद दुखी हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरी संवेदनाएं विमान में सवार सभी लोगों के प्रियजनों के साथ हैं। कनाडा के परिवहन अधिकारी अपने समकक्षों के साथ निकट संपर्क में हैं और मैं इस त्रासदी के बारे में नियमित अपडेट प्राप्त कर रहा हूं। कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने भी अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना पर दुख जताया है। उन्होंने इस दुर्घटना को विनाशकारी बताया।

## थाईलैंड से दिल्ली आ रहे एअर इंडिया विमान को मिली बम की धमकी

**उड़ान**

**फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइटरडार24 के अनुसार विमान ने शुक्रवार को सुबह 9ः30 बजे फुकेट हवाई अड्डे से भारत की राजधानी दिल्ली के लिए उड़ान भरी।**




**थाईलैंड।** थाईलैंड में एअर इंडिया के विमान में बम होने की धमकी मिली। इसके बाद फ्लाइट की आपात लैंडिंग कराई गई। खबरों के मुताबिक विमान संख्या एआई-379 थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रहा था। थाईलैंड में एअर इंडिया के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्लाइट की आपात लैंडिंग बम की धमकी मिलने के बाद कराई गई। खबरों के मुताबिक विमान संख्या एआई-379 थाईलैंड के फुकेट से दिल्ली आ रहा था। विमान में 156 यात्री सवार थे। यात्रियों को विमान से सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया है। थाईलैंड हवाई अड्डा अधिकारियों ने बताया कि फुकेट से भारत की राजधानी नई दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान को शुक्रवार को बम की धमकी मिली। फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइटरडार24 के अनुसार विमान ने शुक्रवार को सुबह 9ः30 बजे फुकेट हवाई अड्डे से भारत की राजधानी दिल्ली के लिए उड़ान भरी। इसे 12:40 बजे दिल्ली उतरना था। लेकिन अंडमान सागर के चारों ओर चक्कर लगाते हुए विमान 11ः40 बजे वापस फुकेट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतर गया। विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद अफसरों ने पूरे विमान को खाली कराया और जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान उडान भरते ही भयावह हादसे में क्रैश हो गया और डॉक्टरों के छात्रावास व नर्सिंग स्टाफ के आवासीय परिसर से टकरा गया। हादसे में कुल 266 लोगों की मौत हो गई। विमान में चालक देख समेत कुल 242 लोग सवार थे, जिनमें से 241 लोगों की मौत हो गई। विमान से कूद जाने के कारण सिर्फ एक यात्री जिंदा बचा है। विमान में सवार गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी मौत हो गई। 1996 के बाद देश में यह दूसरा बडा विमान हादसा है।

## गूगल क्लाउड में आई बड़ी तकनीकी गड़बड़ी



**नई दिल्ली।** गूगल क्लाउड की तकनीकी समस्या से दुनियाभर में Spotif4, Snapchat, Gmail, YouTube जैसी सेवाएं प्रभावित रहीं। समस्या 'आइडेंटिटी एंड एक्सेस मैनेजमेंट' सर्विस में आई। गूगल ने समस्या की जड़ पहचान कर सुधार तेज किया है। ताजा अपडेट के अनुसार अमेरिका के एक क्षेत्र को छोड़कर कई जगह सेवाएं फिर से बहाल हो चुकी हैं। गूगल क्लाउड में गुरुवार को आई बड़ी तकनीकी समस्या के कारण दुनियाभर में लाखों यूज़र्स को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस आउटेज से स्पॉटिफाई, डिस्कॉर्ड, स्नैपचैट, ट्विच, शॉपिफाई और एआई कंपनी एंथ्रोपिक जैसी बड़ी सेवाएं प्रभावित हुईं। इसके अलावा गूगल की अपनी सेवाएं जैसे जीमेल, गूगल मीट, यूट्यूब और गूगल सर्च भी कुछ देर के लिए ठप हो गईं। मामले में गूगल क्लाउड की स्टेटस वेबसाइट पर बताया गया कि यह दिक्कत आइडेंटिटी एंड एक्सेस मैनेजमेंट सर्विस में आई गड़बड़ी के कारण हुई। कंपनी ने बताया कि उनके इंजीनियर इस मुद्दे को ठीक करने में जुटे हैं और कुछ लोकेशनों में सेवाएं बहाल हो चुकी हैं, हालांकि अब भी कई जगह असर बना हुआ है। सामने आ रही सैकड़ों शिकायतों के बाद गूगल ने अपने ताजा अपडेट में कहा कि हमारी टीम ने समस्या की जड़ पहचान ली है और सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गूगल ने बताया कि अमेरिका के यूएस-सेंट्रल1 रीजन को छोड़कर बाकी सभी लोकेशनों में सेवाएं काफी हद तक ठीक हो चुकी हैं। हालांकि अब भी कई यूजर्स को अलग-अलग सेवाओं में दिक्कत आ रही है।

## लॉस एंजिलिस में विरोध प्रदर्शन के दौरान नेशनल गार्ड की तैनाती अवैध; संघीय जज का आदेश



**सैन फ्रांसिस्को।** लॉस एंजिलिस में आव्रजन के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चार हजार नेशनल गार्डों की तैनाती की है। इसे कोर्ट ने अवैध और ट्रंप के अधिकारों का अतिक्रमण करार दिया है। लॉस एंजिलिस में आव्रजन के विरोध में चल रहे प्रदर्शनों के दौरान नेशनल गार्ड की तैनाती के फैसले को संघीय अदालत ने खारिज कर दिया है। संघीय न्यायाधीश ने एक आदेश में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैलिफोर्निया से नेशनल गार्ड हटाने के लिए कहा है। आदेश में कहा गया कि गार्ड की तैनाती अवैध है। यह 10वें संशोधन का उल्लंघन है तथा ट्रंप के वैधानिक अधिकार का अतिक्रमण है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश चार्ल्स ब्रेयर ने कहा कि आव्रजन दमन के विरोध में शुरू हुए विरोध प्रदर्शनों के बाद ट्रंप ने लॉस एंजिलिस में करीब चार हजार नेशनल गार्ड की तैनाती का आदेश देकर अपनी सीमा का अतिक्रमण किया है। कोर्ट ने कहा कि ट्रंप ने पहले ही गार्ड को उचित तरीके से नहीं बुलाया था। जज ने कहा कि इस देश की स्थापना एक राजा के प्रति सम्मान के रूप में की गई थी, और संविधान सीमाओं का एक दस्तावेज है। मैं यह पता लगाने का प्रयास कर रहा हूं कि सीमाएं कहां खींची गई हैं? कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने नेशनल गार्ड की तैनाती को रोकने के लिए मुकदमा दायर किया था। उन्होंने आपातकालीन याचिका दायर कर जज से गार्ड को आव्रजन छापों में सहायता करने से रोकने का अनुरोध किया। गवर्नर ने तर्क दिया कि सैनिकों को संघीय भवनों की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। कोर्ट से अपील की गई थी कि सैनिकों को छापों के दौरान आव्रजन एजेंटों की सुरक्षा करने से रोके। उन्होंने कहा कि गार्ड को शामिल करने से केवल तनाव बढ़ेगा और नागरिक अशांति को बढ़ावा मिलेगा। मेजर जनरल स्कॉट शेरमैन ने कहा कि बुधवार तक लगभग 500 गार्ड सैनिकों को आव्रजन अभियानों में एजेंटों के साथ जाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। एजेंटों को सुरक्षा प्रदान करने वाले गार्ड सैनिकों की तस्वीरें आव्रजन अधिकारियों द्वारा पहले ही प्रसारित की जा चुकी हैं। शेरमैन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं, जो लॉस एंजिलिस में भेजे गए गार्ड सैनिकों और मरीन की देखरेख कर रहे हैं।

# पीयू रोजगार मेले के दूसरे दिन भी बना अवसरों का उत्सव

**जॉब फेयर के बाद विद्यार्थियों में दिखा आत्मविश्वास**



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के केंद्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित रोजगार मेला-2025 का दूसरा दिन शुक्रवार को भी उम्मीदों की उड़ान, उत्साह की बयार और अवसरों की बहार लेकर आया। विश्वविद्यालय परिसर के फार्मेसी विभाग में आयोजित इस रोजगार मेले ने आज न केवल छात्रों को करियर की नई दिशा दी, बल्कि पूर्वांचल की प्रतिभाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों से सीधे जोड़ने का सेतु भी रचा। कंपनी के सामने विद्यार्थियों ने बड़े ही आत्मविश्वास के साथ सवालों का जवाब दिया। शुक्रवार को तकरीबन 300 से भी अधिक विद्यार्थी साक्षात्कार के लिए आए। सुदूर गांवों से लेकर विकसित नगरों तक के दर्जनों महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं आज रोजगार की इस सुनहरी मंज़िल की ओर कदम बढ़ाते दिखे। टी.डी. कॉलेज, राज कॉलेज, मोहम्मद हसन पी.जी. कॉलेज, गलगोटियास यूनिवर्सिटी, कुटीर पी.जी. कॉलेज, नागरिक डिग्री कॉलेज समेत कई संस्थानों से आए छात्रों ने पूरे मनोयोग से साक्षात्कार प्रक्रिया में भाग लिया। जैसे फूलों से सजी वाटिका में भौरों की गूंज होती है, वैसे ही विश्वविद्यालय परिसर युवा ऊर्जा से गूंज उठा। प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने छात्रों से सीधे संवाद किया और उनकी प्रतिभा एवं कौशल का मूल्यांकन किया।

छात्रों के हौसले, व्यक्तित्व और दक्षता ने कंपनियों को प्रभावित किया। विश्वविद्यालय की सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं, शांत शैक्षणिक वातावरण और अनुशासित प्रक्रिया को देखकर प्रतिभागी छात्रों ने इसे आदर्श शिक्षण संस्थान÷ की संज्ञा दी। रोजगार मेले में हिस्सा ले रहे कई छात्रों ने कहा कि वे अब स्नातकोत्तर की शिक्षा पूर्वांचल विश्वविद्यालय से ही लेना चाहेंगे। जहां एक ओर विश्वविद्यालय शिक्षा का मंदिर बनकर युवा मनों को संस्कारित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर यह रोजगार के अवसरों की भूमि बन चुका है।

जॉब फेयर को सफल और सुव्यवस्थित ढंग से कराने में केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अविनाश पाथर्डीकर संयोजक प्रो. प्रदीप कुमार उप समन्वयक सुशील कुमार, डॉ नीतेश कुमार, दीप सिंह, जया शुक्ला, श्यामजी त्रिपाठी समेत टीम के सभी सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## 8वां सालाना उर्स आज

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** हजरत मौलाना महबूब उल्लाह शाह अल मारूफ हकीम मोहम्मद हामिद चिश्ती निजामी सफ़वी, कादरी, रहमानी, रहमतुल्लाह अलैह का 38वां सालाना उर्स मुबारक 14 जून को शनिवार (जिल्हिज्ज़ा की 16 तारीख) को अकीदत व एहतराम के साथ मनाया जाएगा। यह उर्स दरबारे सफ़वी, शाह नूर अलीगंज स्थित खानकाह में अदा किया जाएगा।उर्स की सभी रस्में सुबह की नमाज (फज्र) के बाद कुरान खानी से शुरू होंगी। इसके बाद गुस्ल, चादरपोशी, गागर व दोपहर में महफिल-ए-समा, फातिहा और लंगर का आयोजन किया जाएगा।

इस खास मौके पर हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल हाजी इब्राहीम निजामी (जबलपुर) अपनी विशेष कलाम पेश करेंगे। कार्यक्रम में देशभर की विभिन्न मशहूर खानकाहों के सज्जादानशीन, उलेमा, मोहतमिम, मुरीदीन और अकीदतमंद बड़ी संख्या में शिरकत करेंगे। उर्स की तमाम रस्में दरबारे सफ़वी के सज्जादानशीन हकीम रिज़वान हामिद सफ़वी की सरपरस्ती और निगरानी में अदा की जाएंगी। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और सभी अकीदतमंदों से उर्स में शिरकत करने की अपील की गई है। यह जानकारी मोहब्बाने औलिया कमेटी के सदर मोहम्मद महबूब दावर ने दी।

# प्रारूप-01, 02 पर सूचना वन विभाग को उपलब्ध करायें: डीएम

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला वृक्षारोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला गंगा समिति की मासिक समीक्षा के दौरान असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, रेलवे, रक्षा विभाग द्वारा स्थल का चयन, गड्ढा खुदान की सूचना उपलब्ध नहीं करायी गयी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगले 02 दिन में प्रत्येक दशा में प्रारूप-01, 02 पर सूचना वन विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि अन्तर्विभागीय सत्यापन में खंड शिक्षाधिकारी कुरावली, घिरोर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, अधिशाषी अभियंता नलकूप, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा भी रोपित पौधों का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गयी है। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को सचेत करते हुये कहा कि तत्काल रोपित पौधों का स्थलीय सत्यापन कर वन विभाग को रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने वर्ष 2025 हेतु पौधा रोपण के निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु उपलब्ध पौधों की जानकारी करने पर प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी में बताया कि जनपद की 24 नर्सरी में 54 लाख 07 हजार पौधे तैयार है, जनपद की पौधशालाओं में पर्याप्त मात्रा में पौधे विकसित हो रहे हैं, सरकारी नर्सरी के पौधों से ही लक्ष्य की पूर्ति कर ली जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि वन महोत्सव के अन्तर्गत जनपद में 35 लाख 63 हजार 100 पौधे रोपित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, सर्वाधिक पौधे ग्राम विकास, कृषि, पर्यावरण, उद्यान, पंचायती राज, राजस्व, नगर विकास, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा रोपित किए जाने है, सम्बन्धित विभाग के अधिकारी अपने-अपने विभागीय पौधा रोपण लक्ष्य की पूर्ति हेतु अभी से सभी तैयारियां कर लें। उन्होने खंड विकास अधिकारियों, जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि जिन ग्रामों में ग्राम गंगा समितियां गठित हो चुकी हैं, उन ग्रामों में नियमित रूप से गंगा समितियों की बैठक आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जाये साथ ही आयोजित बैठक का कार्यवृत्त वन विभाग को प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराया जाये।

## संक्षिप्त समाचार

### कामर्शियल उपयोग करने वाले ट्रैक्टर मालिकों पर कार्रवाई तेज, 60 ट्रैक्टरों का चालान



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** यातायात नियमों के उल्लंघन पर अब ट्रैक्टर मालिक भी पुलिस के रडार पर आ गए हैं। शुक्रवार को यातायात पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए कृषि कार्य हेतु पंजीकृत ट्रैक्टरों के व्यावसायिक प्रयोग पर शिकंजा कसा गया। इस दौरान 60 ट्रैक्टरों की गहन जांच की गई, जिनमें अनियमितता पाए जाने पर उनका चालान किया गया और जुर्माना भी वसूला गया। अभियान के दौरान पुलिस ने ट्रैक्टर चालकों को जागरूक करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि कृषि प्रयोग के लिए पंजीकृत ट्रैक्टरों का व्यावसायिक प्रयोग पूर्णतया प्रतिबंधित है। साथ ही ट्रैक्टर चलाने वाले चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। ट्रॉली के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाना आवश्यक है, जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। पुलिस ने यह भी चेतावनी दी कि भविष्य में उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित ट्रैक्टरों को सीज कर लिया जाएगा। इसी क्रम में अवैध स्टैंड पर भी सख्ती दिखाई गई। कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने 6 ऑटो रिक्शा सीज किए, जबकि 25 ऑटो चालकों का चालान किया गया। यातायात पुलिस का यह अभियान नियमों की अनदेखी करने वालों को सख्त संदेश है कि अब लापरवाही नहीं चलेगी। यह कार्रवाई न सिर्फ कानून व्यवस्था के अनुपालन की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि सड़क सुरक्षा को भी सुदृढ़ करेगी।

### विशाल मिश्रा का एसबीआई में पीओ के पद पर चयन



**जौनपुर (जफराबाद) अवधनामा संवाददाता।** आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने से कोई भी असुविधा आड़े नहीं आ सकती। मेहनत और लगन के बल सफलता की बुलंदियों की बुलंदियां हासिल कर गांव व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। कचगांव निवासी नरेंद्र प्रसाद मिश्रा के पुत्र विशाल मिश्रा( 22) वर्ष एसबीआई बैंक में पीओ के पद पर चयन हुआ है। परिजनों में खुशी का माहौल है। विशाल की यह बड़ी सफलता है ग्रामीणों का कहना है कि विशाल ने मेहनत से पढ़ाई करके गांव व प्रदेश का नाम देश में रोशन किया है। विशाल मिश्रा की माध्यमिक शिक्षा प्रकाश ग्लोबल से ग्रहण किए हैं। विशाल कि सफलता पर पिता नरेंद्र प्रसाद व माता क्षमा मिश्रा फूले नहीं समा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रकाश ग्लोबल से इंटर तक की शिक्षा ग्रहण किए।इसके बाद बीएचयू से बीए व एम ए की शिक्षा ग्रहण किया। वह हमेशा से मेहनत करता है जिससे यह सफलता प्राप्त हुआ।इनके दादा स्व राधे मोहन मिश्रा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित थे। उनका प्रभाव पर बच्चों पर पड़ रहा है। इस सफलता पर महेंद्र मिश्रा, सत्येन्द्र, सत्य प्रकाश मिश्रा, राजेश, संतोष, मनोज, सहित अन्य लोगों ने बधाई दिया।

### भाजपा के सभी कार्यक्रम 14 जून तक निरस्त



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** 12 जून को अहमदाबाद गुजरात में हुए विमान दुर्घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने शोक संवेदना व्यक्त किया और कहा कि यह दुर्घटना देश को झकझोर दिया है। ईश्वर पूर्व मुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद विजय रुपाणी सहित सभी दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें। उनके परिजनों को इस घटना को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस घटना को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर 14 जून तक अपने सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में डॉ शैलेश पांडे, कुंज बिहारी मिश्रा, देवेश सिंह, वरुण केसरवानी, राजेश केसरवानी, रमेश पासी, विवेक मिश्रा, विवेक अग्रवाल, अरुण सिंह पटेल, विजय पटेल, विजय श्रीवास्तव, अजय सिंह, सुजीत कुशवाहा, आदि भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना किया।

### रोजगार मेले में 226 अभ्यर्थियों का चयन

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा राजकीय काष्ठकला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कटरा, प्रयागराज परिसर में आज रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 226 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 334 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य, राजकीय काष्ठकला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कटरा, प्रयागराज तथा रोजगार मेला अधिकारी प्रशान्त उपस्थित रहे। रोजगार मेले में के0के0 कुशवाहा, विश्वमोहन द्विवेदी, अनु0 द्वारा प्रीप्लेसमेंट कैरियर काउंसिलिग कार्यक्रम का संचालन किया गया। मेला प्रभारी मारूफ अहमद एवं सेवायोजन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अहमदाबाद विमान हादसा दुखद- किशोर वार्ष्णेय

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय ने गुरुवार को देश में सदी की सबसे बड़ी हवाई त्रासदी अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान क्रेश होने पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि घटना सभी को विचलित कर देने वाली है। एक बहुत गहरा सदमा इस पीड़ा दायक हादसे से देश को लगा है। उन्होंने मामले की न्यायिक जांच तथा जिम्मेदार केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के इस्तीफे की मांग करते हुए सभी 268 मृतकों के प्रति संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

### फाफामऊ ने भानु प्रताप क्लब को हराया



**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** फाफामऊ क्लब ने भानु प्रताप सिंह क्लब को पांच विकेट से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। फाफामऊ मैदान पर शुक्रवार को खेले गये मैच में भानु प्रताप सिंह क्लब ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 242 रन (शुभम गुप्ता 80, अखिल कुमार कश्यप 55, ऋषभ सिंह 45, दिव्यांशु यादव 19, कुलदीप शर्मा 2/36, गौरव पाठक 2/37, अश्वनी दुबे 2/53, ध्रुव प्रताप सिंह 1/22, दिव्यांशु यादव 1/29) बनाये। जवाब में फाफामऊ क्लब ने 27.4 ओवर में 5 विकेट पर 243 रन (गौरव पाठक 115, सौरभ प्रताप सिंह 78 नाबाद, नितिन यादव 35, अखिल कुमार कश्यप 2/16, सुव्रत प्रसाद तिवारी 2/62, ऋषभ सिंह 1/11) बना लिये। मैच में अजय कुमार व हितेश श्रीवास्तव अंपायर और आशीष भारतीय स्कोरर रहे।

### प्रयाग की जीत में सूरज व मानित चमके

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** प्रयाग क्रिकेट क्लब ने गोपाल जी भारतीय स्मारक अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज को 99 रन से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। इस जीत में सूरज चौहान के शानदार अर्धशतक ( 89 रन, 73 गेंद, 14 चौके व दो छक्के ) एवं मानित मालवीय की सटीक गेंदबाजी ( 8 - 0 - 31 - 4 ) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। शुक्रवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयाग क्रिकेट क्लब ने 40 ओवर में आठ विकेट पर 248 रन ( सूरज चौहान 89, सक्षम वर्मा 40, अवनीश कुमार 30, वैभव मिश्रा 25, अनंत पाल 22 रन, मो. अनस 2/36, मो. हमदान 2/37, अभय गौतम 2/49 ) पर बनाए। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज की पूरी टीम 30.2 ओवर में 149 रन ( मो. अनस 29, अभय गौतम 28, मो. हम्माद 20, अब्दुल्लाह हसन 18 रन, मानित मालवीय 4/31, अजीत कुमार 2/35, अंश सिंह 2/46, अनंत पाल 1/08, अवनीश कुमार 1/14 ) पर सिमट गई।

## मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लिए 16 से 30 जून 2025 तक करे आवेदन

**जौनपुर।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य शाहिद जमाल ने अवगत कराया है कि मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का संचालन मत्स्य विभाग द्वारा किया जा रहा है, जो पॉच वर्षो (2022-23 से 2026-27 तक) संचालित की जा रही है, इस योजना में ग्रामसभा के तालाबों के पट्टा धारको, मनरेगा कनवर्जेन्स अथवा अन्य विभागो के माध्यम से सुधारे गये तालाबों एवं अन्य पट्टे के तालाबों के लिए है, इस योजना में न्यूनतम् पट्टा अवधि 04 वर्ष शेष रहनी चाहिए है, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में प्रथम वर्ष निवेश पर अनुदान एंव मत्स्य बीज बैंक की स्थापना हेतु दो उपयोजना है, इन दोनो ही उपयोजनाओं में 04.00 लाख प्रति हेक्टेयर पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा तथा अवशेष 60 प्रतिशत लाभार्थी अंश होगा। यह योजना प्रदेश में स्थानीय पट्टा धारक मत्स्य पालकों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में सहायक होगी तथा प्रदेश में मत्स्य उत्पादन एंव उत्पादकता में वृद्धि होगी व स्वरोजगार का सृजन होगा।

# 70 लाख की चोरी, चौकीदार की मौत

**अब पीड़ित को ही आरोपी के रूप में देख रही है पुलिस**



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मामला नवाबगंज थाने का है, नारेपार ग्राम सभा निवासी उदित नारायण तिवारी पिछले महीने मध्य प्रदेश में बागेश्वर धाम गए, दूसरे दूसरे दिन लौटे तो पूरे घर की आलमारी खुली थी सारे सामान बिखरे थे और उदित नारायण के अनुसार सारे गहने और कैश गायब थे लगभग 70 लाख की चोरी हो गई थी।

जिस दो चौकीदार हीरालाल लालती को उन्होंने घर की देखभाल करने को छोड़ा था उसमें से चौकीदार हीरालाल की मौत हो गई, परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस कस्टडी में मौत हुई लेकिन पुलिस का कहना था कि हीरालाल को हार्ट अटैक आया था, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में भी हार्ट अटैक आया। गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस करके उदित नारायण ने कहा कि पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रही है और उनके चोरी हुए समान या चोरों का पता नहीं लगा रही है।

उदित नारायण तिवारी प्रशाशन के चक्कर लगा रहे है और पीड़ित उदित नारायण के अनुसार पुलिस उनपर ही हीरालाल की पिटाई का आरोप लगा रही है।

न्याय के लिए पत्रकारों से मुखातिब हुए उदित नारायण ने कहा कि उनके परिवार को प्रेस कांफ्रेंस में भी आने से से पुलिस ने रोकने का प्रयास किया और उनके लड़के और समधी को कॉन्फ्रेंस स्थल तक नहीं आने दिया।

पीड़ित का कहना था कि पुलिस तेजी से कार्यवाही करके चोरों का पता लगाए और उनका पूरा धन गया है उसकी रिकवरी करे जिससे उनको हुई हानि की क्षतिपूर्ति हो सके।

# साइबर सुरक्षा एवं आर्थिक सुरक्षा के प्रति किया जागरूक





अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** आयुषी फाउण्डेशन (आयुषेफ) एवं राष्ट्रीय संगठन एंटी क्राईम एंटी करप्शन एवं तथा उत्तर प्रदेश साइबर सेल के संयुक्त तत्वावधान में आज इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एण्ड रूरल टेक्नोलॉजी (आई. ई. आर. टी.) प्रयागराज स्थित प्रांगण के पी. पी. टी. सम्मेलन हाल में साइबर सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैप्टन सुनील कुमार निषाद आईईआरटी, विशिष्ट अतिथि विमल गुप्ता राष्ट्रीय सचिव एवं विशिष्ट अतिथि डॉ श्याम देव अध्यक्ष आयुषी फाउण्डेशन आयुषेफ मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस कार्यशाला में साइबर सेल प्रभारी सुमन सिंह तथा साइबर सेल के सूरज चहल सब इंस्पेक्टर एवं महिला पुलिस आरक्षी पूजा यादव द्वारा साइबर सुरक्षा एवं आर्थिक सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। आज के कार्यक्रम में बच्चों को साइबर सुरक्षा एवं आर्थिक सुरक्षा की जानकारी देने के दौरान क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें एंटी क्राइम एंटी करप्शन के राष्ट्रीय सचिव विमल गुप्ता एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व आयुषी फाउण्डेशन आयुषेफ के अध्यक्ष डॉ श्याम देव ने सही जवाब देने वाले अमन कुमार, हर्ष, अदिति गिरी एवं प्रिया मौर्या आदि का चयन कर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।आयुषी फाउण्डेशन (आयुषेफ) के अध्यक्ष एवं एंटी क्राइम एंटी करप्शन परिवार के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ श्याम देव, राष्ट्रीय सचिव विमल गुप्ता एवं महानगर अध्यक्ष समीर जैन द्वारा साइबर सेल से आए सभी सब इंस्पेक्टर एवं सम्मानित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला में नवनियुक्त साइबर सुरक्षा उत्तर प्रदेश प्रभारी एस पी ठाकुर, समीर जैन महानगर अध्यक्ष, यातायात सुरक्षा मण्डल प्रभारी अंशु अग्रवाल, शिवा मौर्या, आनन्द कुमार राय, अमन कुमार राय, मेजर दिव्य प्रकाश सिंह, विनोद कुमार तिवारी आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन साइबर सुरक्षा प्रभारी सुमन सिंह ने किया।

# 10 लाख की धोखाधड़ी, लगाई न्याय की गुहार



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** गोरखपुर जिले के ग्राम धनौराखुर्द थाना बांसगांव निवासिनी राजकुमारी पत्नी मुन्ना पूनम पत्नी अनिल इस्रावती देवी पत्नी राम प्रसाद आशा देवी पत्नी रामप्रीत सहित महिलाओं ने गोरखपुर से चलकर आजमगढ़ के शाहगढ निवासी मदनपाल शर्मा पुत्र मनीराम के खिलाफ पुलिस कप्तान को प्रार्थना पत्र देकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की पीड़ित राजकुमारी ने बताया मदनपाल शर्मा का हमारे गांव के मोहन पुत्र पलक धारी के यहां आना जाना था हम सभी पीड़ितों को सरकारी योजना के तहत दुकान रोजगार करने के लिए 10 लाख रुपए दिलाने की बात कही जो ब्याज मुक्त होगा उसके झांसे में आकर हम सभी महिलाओं ने मोबाइल जन सेवा केंद्र से मदनपाल के खाते में व मोबाइल नंबर पर कई बार ऑनलाइन रुपया भेजा गया जिसका रिकॉर्ड है जब मदनपाल से लोन पास करने की बात होती टोटल मटोल करने लगता पीड़िता से बात हुई तो उसने कहा लोन देने वाले अधिकारी और रुपए की मांग कर रहे हैं मैं अपनी माता मंती देवी भाई मनोज को गोरखपुर भेज रहा हूं आप सभी 30-30 हजार रुपए दे दीजिए हम सभी लोगों ने पैसा दे दिया अब जब लोन पास करने की बात हो रही है तो वह टाल मटोल कर रहा है हम लोगों ने जब अपना पैसा मांगा तो उसने हम लोगों को शाहगढ बुलाया पैसा मांगने पर मदनपाल शर्मा उसका भाई मनोज उसकी मां मंती देवी द्वारा जाति सूचक मां-बहन की गाली दि और हम सभी लोगों को जान से मारने की धमकी दी हम सभी लोग दलित समाज से आते हैं उपरोक्त घटना की सूचना स्थानीय थाना पर दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई पिड़िता ने कहा दोषी के ऊपर एसटी एक्ट और 420 का केस दर्ज कर कार्रवाई कर हम सभी लोगों का पैसा दिलाया जाए पीड़ित महिलाओं को एसपी द्वारा आश्वासन दिया गया इसकी जांच कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी प्रार्थना पत्र देने वालों में राजकुमारी पत्नी मुन्ना पूनम पत्नी अनिल इस्रावती देवी आशा देवी ममता देवी पूनम रही।

# हुनर द्वारा आयोजित 15 दिवसीय नाटक एवं नृत्य कार्यशाला का समापन



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जनपद में रंगमंच, ललित कलाओं एवं सृजनात्मक सामाजिक कार्यों के लिए सतत प्रयत्नशील हुनर सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थान आजमगढ़ द्वारा जनपद के नवोदित नव प्रतिभाओं के अंदर छिपे हुए हुनर को निखारने के उद्देश्य से 15 दिवसीय नाटक एवं नृत्य की प्रस्तुति परक कार्यशाला हुनर कैम्प का भविष्य समापन प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज के प्रांगण में संपन्न हुआ सरकारी साल 25 मई से लेकर 11 जून तक चली। समापन समारोह का उद्घाटन मुख्य कोषाधिकारी अनुराग कुमार श्रीवास्तव, चिल्ड्रन कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर कृष्ण मोहन त्रिपाठी, सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजेंद्र प्रसाद यादव, जिला पर्यटन संस्कृति परिषद के सचिव रुपेश कुमार गुप्ता, प्रतिभानिकेतन के प्रबंधक रमाकांत वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. तत्पश्चात आए हुए समस्त अथितियों का स्वागत संस्थान अध्यक्ष मनोज यादव,गौरव मौर्या,हेमंत श्रीवास्तव अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह वह बुके देकर किया।. इस कार्यशाला में तैयार की गई प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत सर्वप्रथम गणेश वंदना से हुई तत्पश्चात छोटे बच्चों केनृत्य की मनोहारीप्रस्तुतिया हुई। जनपद के प्रशस्तिक प्रतिष्ठित सहस्त्र बैंड के गायक सावन के नेतृत्व गीतों की भाव पूर्ण प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

समारोह का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी सुनील दत्त विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पे श्रीमती सपना बनर्जी, बबीता राय सुनीता यादव कमलेश सोनकर, राज पासवान डॉक्टर शशी भूषण शर्मा रिमझिम प्रजापति, आस्था दुबे, खुशबू गोंड़ आकाश यादव संतोष तिवारी सहित सभी लोग उपस्थित थे।

## संगम के पास श्रद्धालुओं की डीसीएम पलटी

**प्रयागराज।** संगम स्नान के लिए मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ से आए श्रद्धालुओं की यात्रा उस समय हादसे में बदल गई जब शुक्रवार सुबह उनकी सवारी डीसीएम वाहन पलट गया। यह दुर्घटना फोर्ट रोड पर संगम चौकी के पास सुबह करीब 7 बजे हुई, जब वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ से आए डीसीएम में कुल 27 श्रद्धालु सवार थे, जो संगम स्नान के लिए प्रयागराज आए थे। हादसे में 18 लोग घायल हो गए, जिनमें से एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है।हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और संगम पुलिस चौकी की टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला और तत्काल स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल भेजा गया। डॉ. आर. बी. कमल ने जानकारी दी कि घायलों में अधिकांश को मामूली चोटें हैं और सभी का इलाज चल रहा है। इस मामले में डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि डीसीएम में क्षमता से अधिक लोग सवार थे।

# बम्हौर गांव में लगा पोस्टर पलायन की खबर पूरी तरह झूठी



अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र का बम्हौर गांव काफी सुर्खियों में बना हुआ है।लावा परछन के दौरान घटित पूर्व की घटना को तूल देकर राजनीति कर माहौल को बिगाड़ने का केवल प्रयास है। गांव का माहौल सामान्य है । गांव को छोड़ कर कोई पलायन करने की बात केवल अफ्वाह है। वार्ता करने पर स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां सभी लोग आपस मिलजुल कर रहते हैं। आइए स्थानीय लोगों से जानें उनका इस सम्बन्ध में क्या कहना है। ग्राम सभा बम्हौर निवासी अशोक कुमार ने बताया कि बाहरी लोग आकर यहां के लोगों को बरगलाते है। यहां सभी वर्गों के लोग सदियों से मिल जुल कर रहते हैं। यहां बाहरी लोग आकर उपद्रव करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन उनकी दाल गलने वाली नहीं है। ग्राम निवासी राधे श्याम गौतम ने बताया कि यहां से कोई पलायन नहीं हो रहा है।किसी तरह का कोई तनाव नहीं है। पूर्व में शादी विवाह के अवसर पर मामूली घटना हुई थी।इसी घटना को लेकर राजनीतिक रोटियां सेंकना ठीक नहीं है। मकान पर पोस्टर तो कोई भी लगा सकता है। कौन लगाया इसकी जानकारी नहीं है । मामूली घटना को तूल दिया जा रहा है। बृजेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि वह इहीं पर पले बढ़े हैं। कभी भी इस तरह का माहौल हमने नहीं देखा है।बाप दादा के जमाने से सभी शादी विवाह पर एक दूसरे का साथ मिल कर काम करते थे।।आज जो भी हो रहा है इसमें कुछ भी हम कर नहीं सकते हैं। लेकिन जो भी माहौल को बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है वह ठीक नहीं है। सन्तराजपाल जो इसी मोहल्ला के निवासी हैं उन्होंने बताया कि यहां पर कोई भी किसी को नहीं मार रहा है। दो गाड़ियां गांव में बाहर से आती है।वे लोग नयी उम्र के लोगों को बरगलाते है। यहां कोई भी डर का माहौल नहीं है और न ही कोई पलायन कर रहा है। यह सब अफ्वाह है। ऐसी अफ्वाह क्यों फैला रहे हैं यह तो वहीं जानते हैं या फिर भगवान। श्री राम पाल ने कहा कि विगत दिवस पांच तारीख को हमारे घर पर शादी थी जिसमें सभी हिन्दू मुस्लिम मिल कर बारातियों को खाना खिलाया।सब एक थे।कुछ दिनो से आपसी जो सुलमत थी वह नहीं है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी निरीक्षक निहारनन्दन कुमार ने बताया कि बम्हौर में शान्ति का माहौल पूरी तरह से कायम है।

### 70 लाख की चोरी, चौकीदार की मौत

**प्रयागराज।** नवाबगंज थाने के नारेपार ग्राम सभा निवासी उदित नारायण तिवारी पिछले महीने मध्य प्रदेश में बागेश्वर धाम गए, दूसरे दूसरे दिन लौटे तो पूरे घर की आलमारी खुली थी और सारा सामान बिखरा था। यह बातें उदित नारायण के अनुसार सारे गहने और कैश गायब थे लगभग 70 लाख की चोरी हो गई थी। पीड़ित उदित नारायण तिवारी पुत्र स्वर्गीय रमापति तिवारी निवासी नारेपार, बुदौना, थाना नवाबगंज ने प्रेसवार्ता में बताया। उन्होंने कहा कि जिस दो चौकीदार हीरालाल और लालती को उन्होंने घर की देखभाल करने को छोड़ा था उसमें से चौकीदार हीरालाल की मौत हो गई। परिवार ने आरोप लगाया कि पुलिस कस्टडी में मौत हुई लेकिन पुलिस का कहना था कि हीरालाल को हार्ट अटैक आया था, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में भी हार्ट अटैक आया।

# जून के पहले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा
# 697 अरब डॉलर पर पहुंचा आंकड़ा

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6 जून को समाप्त हफ्ते के दौरान

**मुद्रा भंडार**

**भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर हो गया है।**

5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इससे पहले 30 मई को समाप्त हफ्ते के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 1.237 अरब डॉलर घटकर 691.485 अरब डॉलर रह गया था। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने जानकारी दी



कि यह आंकड़ा 6 जून को समाप्त सप्ताह के दौरान दर्ज किया गया। इसके पिछले हफ्ते यानि 30 मई को समाप्त सप्ताह में इसमें गिरावट देखने को मिली थी। यह 1.237 अरब डॉलर घटकर 691.485 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इसने अपने सर्वकालिक उच्च स्तर को छूया था।

**विदेशी मुद्रा आस्तियों में हुई बढ़ोतरी**

शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 3.47 अरब डॉलर बढ़कर 587.68 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का भी असर शामिल होता है।

**स्वर्ण भंडार 1.58 अरब डॉलर बढ़ा**

रिजर्व बैंक ने कहा कि इस सप्ताह के दौरान सोने के भंडार में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। सोना 1.58 अरब डॉलर बढ़कर 85.88 अरब डॉलर हो गया।

आरबीआई ने कहा कि स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) में भी 102 मिलियन डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई। यह 18.67 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की स्थिति 14 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.4 अरब डॉलर हो गई है।

# एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े के विमानों की होगी सुरक्षा जांच, विमानन नियामक ने दिया आदेश

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े के सभी विमानों की सुरक्षा जांच बढ़ाई गई है। विमानन निदेशालय ने इसके लिए आदेश जारी किए हैं। अहमदाबाद में भीषण विमान हादसे के बाद यह कदम उठाया गया है।

विमानन नियामक डीजीसीए ने शुक्रवार को एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े की सुरक्षा जांच बढ़ाने का आदेश दिया। यह कदम अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के एक दिन बाद उठाया गया है, जिसमें 241 लोगों की मौत हो गई थी।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया के बेड़े में 26 बोइंग 787-8 और 7 बोइंग 787-9 विमान हैं। विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एअर इंडिया को निर्देश दिया है कि वह तत्काल प्रभाव से अपने जेनएक्स इंजन से लैस बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों पर अतिरिक्त रखरखाव (मेंटनेंस) कार्य करे। ये कार्य डीजीसीए के संबंधित क्षेत्रीय



कार्यालयों के समन्वय से किए जाएंगे।

इसके अलावा, डीजीसीए ने आदेश दिया है कि विमान के कैबिन की हवा से जुड़ी मशीनों, इंजन को नियंत्रित करने वाली इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों, ईंधन से चलने वाले इंजन के हिस्से और तेल से जुड़ी प्रणाली की अच्छी तरह जांच की जाए। इसके अलावा, हाइड्रोलिक प्रणाली (जो विमान को हिलाने-चलाने में मदद करता है) की हालत देखने और टेक ऑफ के जरूरी आंकड़ों की भी समीक्षा करने को कहा गया है। डीजीसीए ने कहा कि बी787-8/9 विमानों में पिछले 15 दिनों के दौरान बार-बार आई खराबी की समीक्षा के आधार पर रखरखाव संबंधी सभी लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

जीईएनएक्स इंजन, जीई एयरोस्पेस द्वारा बनाए जाते हैं। गुरुवार को जीई एयरोस्पेस ने कहा कि वह एयर इंडिया और अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच में सहयोग देने के लिए तैयार है। जीई एयरोस्पेस के प्रवक्ता ने कहा, हमने अपनी आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम को सक्रिय कर दिया है।

एअर इंडिया का एक बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद ही यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में कुल 242 लोग सवार थे, जिनमें से केवल एक ही व्यक्ति जीवित बच पाया।

# खाने-पीने की चीजें होंगी सस्ती

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अच्छी बारिश और खाने के तेल में टैक्स कटौती से खाद्य पादार्थों की कीमत सस्ती हो सकती है। हालांकि चेतावनी भी जताई गई कि चरम मौसम संबंधी घटनाएं इसमें बाधा डाल सकती है।

अच्छे मानसून और खाद्य तेल पर आयात शुल्क में कटौती आने वाले महीनों में खाने-पीने की चीजों को सस्ता कर सकती हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है।

इसमें कहा गया कि सरकार ने 30 मई को सूरजमुखी, सोयाबीन और पाम तेल जैसे कच्चे खाद्य तेलों पर आयात शुल्क 20% से घटाकर 10% कर दिया है। इस कदम से खुदरा उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिलने की संभावाना है।

रिपोर्ट में बताया गया कि इस बार मानसून की शुरुआत सकारात्मक रही। केरल में मानसून समय से 5 दिन पहले पहुंच चुका है और देश के दूसरे भागों में भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। मई 2025 में भारत में औसत से लगभग 106% अधिक वर्षा हुई। भारतीय मौसम विभाग ने संभावना जताई है कि मानसून जून में भी सक्रिय रहेगा।

इन सकारात्मक संकेतों के बावजूद बैंक ने मौसम को लेकर चेतावनी जताई है। चरम मौसम संबंधी घटनाएं वर्तमान मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति को बाधित कर सकती हैं। उत्तर भारत में गर्मी अभी भी तेज है और अगर बाढ़ या सूखा जैसी समस्याएं आईं, तो खाद्य पदार्थों की कीमत फिर से बढ़ सकती है। गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में खुदरा महंगाई दर 2.82 प्रतिशत दर्ज की गई। इसका मुख्य कारण सब्जियों, फलों और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) अप्रैल 2025 में 3.16 प्रतिशत पर आ गई।

# वेस्टीज ने लॉन्च किया एश्योर प्रीमियम फ्रेगरेंस कलेक्शन

## ब्लू और एमोर के साथ पेश किया एवरीडे एलिगेंस और सेल्फ एक्सप्रेशन का नया दौर

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी घरेलू डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में शुमार वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी पर्सनल केयर रेंज में नया सब-ब्रांड एश्योर प्रीमियम लॉन्च किया है। इस सब-ब्रांड के तहत एश्योर प्रीमियम फ्रेगरेंस को पेश करते हुए वेस्टीज ने प्रीमियम फ्रेगरेंस सेगमेंट में कदम रखा है। इस रेंज को आपकी मौजूदगी को खास बनाने और आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

बेहतरीन क्वालिटी के साथ खूबसूरती से तैयार की गई इस रेंज में दो नए फ्रेगरेंस~ एश्योर प्रीमियम ब्लू (फॉर मेन) और एश्योर प्रीमियम एमोर (फॉर वीमेन) को लॉन्च किया गया है। इन परफ्यूम में टॉप, मिडिल और बेस नोट्स का खूबसूरत ब्लेंड मिलता है और एक लॉन्ग लास्टिंग इम्प्रेशन पड़ता है। फ्रेश टॉप नोट्स से शुरुआत करते हुए इसकी हर लेयर धीरे-धीरे खुलती है और खास मिडिल नोट की ओर पहुंचती है। आखिर में यह परफ्यूम लॉन्ग लास्टिंग बेस नोट पर सेटल हो जाता है।

एश्योर प्रीमियम ब्लू एक बोल्ड




और सॉफिस्टिकेटेड फ्रेगरेंस है, जो ड्राई वुडी, फ्रेश साइट्रस और फ्रूटी फैमिली से मिलता है। यह पाइनएप्पल, बर्गमॉट, ब्लैक करेंट और एप्पल के बेहतरीन टॉप नोट के साथ शुरुआत करता है, जिससे एक रिफ्रेशिंग एवं जिंदादिल एहसास होता है। इसका मिडिल नोट बर्च, पचौली, मोरक्कन जैस्मिन और गुलाब के रिच ब्लेंड से बना है। आखिर में यह मस्क, ओक मॉस, एम्बरगिस और वनीला के खूबसूरत बेस नोट में बदल जाता है, जिससे एक टाइमलेस मस्कुलिन एलिगेंस मिलता है।

एश्योर प्रीमियम एमोर एक सॉफिस्टिकेटेड फ्लोरल फ्रेगरेंस सिग्नेचर के साथ आधुनिक महिलाओं की पसंद को कैप्चर करता है। इसका टॉप नोट लाइम, लिली ऑफ द वैली, लिलाक, मैग्नोलिया, बर्गमॉट और मंदारिन ऑरेंज के साथ खुलता है और फ्रेशनेस एवं ग्रेस के साथ टोन को सेट करता है। इसका मिडिल नोट जैस्मीन, ट्यूबरोज, लैंग-लैंग, बुल्गेरियन रोज, पीच, वॉयलेट, कार्नेशन और नटमेग के साथ आगे बढ़ता है और मस्क, आइरिस, सैंडलवुड, एंबर, वनीला और क्लोव के बेस के साथ सेटल होता है। एमोर को बहुत ग्रेसफुल, एम्पावरिंग और सेंसुअल तरीके से रिफाइन किया गया है।

फ्रेगरेंस सिर्फ फिनिशिंग टच देने की बात नहीं है, यह आत्मविश्वास का माध्यम है। अध्ययन बताते हैं कि फ्रेगरेंस से इस बात पर असर पड़ता है कि कोई व्यक्ति खुद के बारे में कैसा सोच रहा है।

एक सर्वे में पाया गया कि परफ्यूम लगाने के बाद 90 प्रतिशत प्रतिभागियों ने खुद को ज्यादा दृढ़ अनुभव किया। इसके अतिरिक्त, नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ हेल्थ के एक शोध में सामने आया कि जो लोग अच्छा परफ्यूम लगाते हैं, उनमें ज्यादा आत्मविश्वास होता है।

# स्टेबल मनी ने नंदन नीलेकणी की फंडामेंटम पार्टनरशिप से 173 करोड़ जुटाए

**लखनऊ।** भारत का पहला डिजिटल फिक्स्ड डिपॉजिट निवेश प्लेटफॉर्म स्टेबल मनी ने अपने सीरीज़ बी फंडिंग राउंड में 173 करोड़ जुटाए हैं। इस राउंड का नेतृत्व फंडामेंटम पार्टनरशिप ने किया, जिसकी स्थापना इन्फोसिस के सह-संस्थापक और आधार कार्ड के निर्माता नंदन नीलकेणी ने की है। आदित्य बिड़ला वेंचर्स ने भी निवेश किया, जबकि मौजूदा निवेशकों जेड47, आरटीपी ग्लोबल, और लाइटस्पीड ने भी दोबारा निवेश कर प्लेटफॉर्म की दूरदृष्टि पर अपना भरोसा जताया। यह फंडिंग स्टेबल मनी की पिछली बड़ी सीरीज़ ए राउंड के केवल दस महीने बाद आई है, जो इसके तेज़ विकास और निवेशकों के मजबूत विश्वास का संकेत है।स्टेबल मनी फिक्स्ड इनकम निवेश विकल्प उपलब्ध कराता है–जैसे कि 9.1त्न तक ब्याज दर वाली एफडी, एफडी-समर्थित सुरक्षित क्रेडिट कार्ड, और स्टेबल बॉन्ड्स उपयोगकर्ता 200 से अधिक बैंकों की एफडी दरों की तुलना कर सकते हैं, 3 मिनट से भी कम समय में एफडी बुक कर सकते हैं, 7-दिन की ट्रायल एफडी का लाभ ले सकते हैं और बिना कोई बचत खाता खोले तुरंत निकासी कर सकते हैं।2022 में लॉन्च होने के बाद से स्टेबल मनी ने अब तक देशभर में 20 लाख से अधिक निवेशकों को अपने साथ जोड़ा है और इसके एसेट अंडर मैनेजमेंट ?3,000 करोड़ से अधिक पहुंच चुके हैं। अकेले उत्तर प्रदेश में 2.1 लाख से अधिक उपयोगकर्ता स्टेबल मनी पर भरोसा करते हैं और सुरक्षित, सुनिश्चित रिटर्न प्राप्त कर रहे हैं।

# इस्राइल-ईरान संघर्ष से सोना एक लाख रुपये के पार, चांदी ने दोबारा छुआ शिखर

**नई दिल्ली।** इस्राइल-ईरान संघर्ष ने सोने को साहार दिया। सोने का भाव 2,200 रुपये की तेजी के साथ 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गया। वहीं, चांदी की कीमत 1,100 रुपये बढ़कर 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

भू-राजनीतिक तनाव के बीच शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत बड़ा उछाल आया। सोने का भाव 2,200 रुपये की तेजी के साथ 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर के करीब पहुंच गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु का भाव 1,900 रुपए बढ़कर 1,00,700 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टी की है। इससे पहले 22 अप्रैल को सोना 1,800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

इसके अलावा, शुक्रवार को चांदी की कीमत 1,100 रुपये बढ़कर 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। सोमवार को चांदी ने यह स्तर छुआ था। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर बहुमूल्य धातु के सबसे अधिक कारोबार वाले अगस्त डिलीवरी अनुबंध सुबह के कारोबार में 2,011 रुपये की तेजी के साथ 1,00,403 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गए।

वैश्विक स्तर पर सोना हाजिर 28.30 डॉलर प्रति औंस या 0.84 प्रतिशत बढ़कर 3,415.13 डॉलर प्रति औंस हो गया। मेहता इक्विटीज के कमोडिटीज के उपाध्यक्ष राहुल कलंत्री ने कहा कि सोने की कीमतों ने नई ऊंचाई को छूआ । यह एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम को पार कर गई। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना 3,440 डॉलर प्रति औंस से ऊपर चला गया। बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश की ओर आकर्षित हुए। इस्राइल-ईरान संघर्ष और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की एकतरफा टैरिफ धमिकयों ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी। इसके अलावा, उम्मीद से कम अमेरिकी मुद्रस्फीति के आंकड़ों ने ब्याज कटौती की उम्मीदों को मजबूत किया, जिससे सोने की मांग बढ़ गई।

कोटक सिक्योरिटीज में कमोडिटी रिसर्च की सहायक उपाध्यक्ष कायनात चैनवाला के अनुसार, निवेशकों का ध्यान अब मिशिगन विश्वविद्यालय की आगामी उपभोक्ता भावना रिपोर्ट पर है। इससे बुलियन कीमतों और मौद्रिक नीति परिदृश्य पर आगे की संभावनाएं मिल सकेंगी।

# इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट अध्ययन के सातवें संस्करण की रिपोर्ट जारी

## एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने कांतार के साथ मिलकर जारी किए आंकड़े

**लखनऊ।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने मार्केटिंग डाटा एवं एनालिटिक्स के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी कंपनी कांतार के साथ मिलकर किए गए अपने महत्वाकांक्षी इंडिया प्रोटेक्शन कोशेंट (आईपीक्यू) अध्ययन के सातवें संस्करण से मिले आंकड़े जारी करने की घोषणा की है। 25 भारतीय शहरों में करीब 6,360 परिवारों से मिलकर किए गए आईपीक्यू 7.0 से वंचित समुदायों, विशेष रूप से एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय और कामकाजी महिलाओं के बीच भविष्य की वित्तीय तैयारियों को लेकर बड़ी कमी सामने आई है।

एक्सिस मैक्स लाइफ के सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा, 'आईपीक्यू 7.0 से मिले नतीजों ने वंचित समुदायों के बीच वित्तीय सुरक्षा में असमानता की की तस्वीर सामने रखी है। एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय का प्रोटेक्शन कोशेंट मात्र 35 और महिलाओं का प्रोटेक्शन कोशेंट 48 पर है, जो दिखाता है कि सिर्फ चाहने से तैयारियां मजबूत नहीं हो जाती हैं। इस अंतर को भरने के लिए उद्योग को भरोसा कायम करने, टार्गेटेड तरीके से जागरूकता लाने और पहुंच बढ़ाने पर फोकस करना होगा। एक्सिस मैक्स लाइफ में हमारा मानना है कि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी हो गया है कि एक ऐसा समावेशी फाइनेंशियल इकोसिस्टम बनाया जाए, जो सहानुभूति पर आधारित हो और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के अनुरूप हो।'

एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय का प्रोटेक्शन कोशेंट स्कोर 35 (0 से 100 के पैमाने पर) रहा है। यह डिजिटल रूप से सतर्क शहरी भारतीयों के 56 के औसत से बहुत कम है, जो इस वर्ग की वित्तीय अनिश्चितता की तस्वीर दिखाता है। एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय का नॉलेज इंडेक्स स्कोर भी 61 है, जो डिजिटल-सैवी अर्बन इंडियंस (डीएसयूआई) के 74 की तुलना में काफी कम है, जो इस समुदाय में जीवन बीमा को लेकर जागरूकता की कमी को दिखाता है। जीवन बीमा लेने वालों की संख्या भी 82 प्रतिशत (डीएसयूआई) की तुलना में 66 प्रतिशत ही है। वहीं टर्म इंश्योरेंस लेने वालों की संख्या 48 प्रतिशत (डीएसयूआई) की तुलना में मात्र 27 प्रतिशत पर है। इस समुदाय की वित्तीय सुरक्षा भी कम हुई है। आईपीक्यू 6.0 में वित्तीय सुरक्षा का स्तर 42 था, जो आईपीक्यू 7.0 में घटकर 39 पर आ गया। इससे घर में कमाने वाले की मृत्यु, मेडिकल खर्च और घर के बजट को मैनेज करने को लेकर चिंता बढ़ी है। इस समुदाय ने ऐतिहासिक तौर पर बचत को लेकर मजबूत आदत दिखाई है, लेकिन आईपीक्यू 7.0 में इस समुदाय की फाइनेंशियल प्लानिंग में गिरावट दिखाई दी है, जो फोकस्ड तरीके से फाइनेंशियल एजुकेशन और आइडेंटिटी सेंसिटिव ऑफरिंग्स की तत्काल जरूरत को रेखांकित करता है।

आईपीक्यू 7.0 में कामकाजी पुरुषों और महिलाओं के बीच प्रोटेक्शन गैप बढ़ने की बात सामने आई है। कामकाजी पुरुषों का प्रोटेक्शन कोशेंट बढ़कर 50 (आईपीक्यू 6.0 में 47) पर पहुंच गया है, जबकि कामकाजी महिलाओं का प्रोटेक्शन कोशेंट 48 पर स्थिर बना हुआ है। पिछले साल महिलाओं का प्रोटेक्शन कोशेंट पुरुषों के स्कोर से अधिक था।

# ईरान-इस्राइल संघर्ष के बीच शेयर बाजार में बिकवाली, सेंसेक्स-निफ्टी कमजोर पड़े

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी और इस्राइल के ईरान पर हमले के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमतों में तेजी आई। इसके असर से शुक्रवार को शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत गिरकर बंद हुए। हफ्ते के पांचवे कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 573.38 अंक या 0.70 प्रतिशत गिरकर 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,337.39 अंक या 1.63 प्रतिशत गिरकर 80,354.59 अंक पर आ गया था। वहीं, एनएसई निफ्टी 169.60 अंक या 0.68 प्रतिशत गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव के बीच 13 जून को भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 56 पैसे टूटकर 86.08 रुपये पर पहुंच गया।

सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से पिछड़ गए। दूसरी ओर, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और मारुति में लाभ रहा।

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट में बंद हुए। यूरोपीय बाजार में गिरावट दर्ज की गई। गुरुवार को अमेरिकी बाजार सकारात्मक दायरे में बंद हुए।

वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 7.44 प्रतिशत बढ़कर 74.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गईं, जो इस साल का उच्चतम स्तर है। इससे मुद्रास्फीति की स्थिति पैदा हो सकती है।

# सेगमेंट की सबसे बड़ी बैटरी कैपेसिटी के साथ जल्द लॉन्च होने वाला है आईकू ज़ेड10 लाइट 5जी

**कानपुर।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू, 18 जून को अपना नया फ़ोन आईकू ज़ेड10 लाइट 5जी लॉन्च करने जा रहा है। यह फ़ोन खासतौर परस्टूडेंट्सऔर ऐसे लोगों के लिए बनाया गया है जिनकी लाइफ स्टाइल काफी ऐक्टिव है।आईकू ज़ेड10 लाइट आपके रोज़मर्रा के कामों को आसानी से संभाल सकता है–चाहे वह ऑनलाइन क्लास अटेंड करना हो, दोस्तों और परिवार से जुड़े रहना, वीडियो देखना, रील्स स्क्रॉल करना, चलते-फिरते गेम खेलना या फिर एक साथ कईऐप्सका इस्तेमाल करना। इसमें मिलती है लंबे समय तक चलने वाली बैटरी और तेज़ 5जी कनेक्टिविटी, ताकि आप दिनभर बिना किसी रुकावट के पढ़ाई और एंटरटेनमेंट का मज़ा ले सकें। 6000 एमएएच की ज़बरदस्त बैटरी के साथ, ज़ेड10 लाइट 5जी आपको देता है ज़्यादा समय तक परफॉर्मेंस, वो भी बिना फ़ोन को भारी बनाए।आईकू ज़ेड10 लाइट अपने सेगमेंट का सबसे बड़ी बैटरी वाला 5जी स्मार्टफोन भी है। चाहे क्लास अटेंड करनी हो, असाइनमेंट्स पूरे करने हों, कॉन्टेंट ब्राउज़ करना हो या दोस्तों से जुड़े रहना–इसकी बैटरी पूरे दिन की अलग-अलग ज़रूरतों को आराम से पूरा कर सकती है। इसमें है मीडिया टेक डाइमेंसिटी 6300 5जी प्रोसेसर–जो कि बेहदपावर-एफिशिएंट 6एनएम चिपसेट और अपग्रेडेड ऑक्टा-कोर आर्किटेक्चर के साथ आता है। आईकू ज़ेड10 लाइट आपको देता है स्मूद औरलैग-फ्री मल्टीटास्किंग का एक्सपीरिएंस। इस डिवाइस में 50एमपी का सोनी एआई मेन कैमराहै, साथ में 2एमपी का सेकेंडरी लेंसभी दिया गया है जो बैकग्राउंड को ब्लर करने के लिए काम आता है। इसमें 5एमपी का फ्रंट कैमराभी है, जो रोज़ाना की फोटोग्राफी के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।इसके अलावा, यह फ़ोन कई एआई बेस्ड टूल्सके साथ आता है जोफोटो एडिटिंग और दूसरे कामों में मदद करते हैं।एआई इरेज़से आप फोटो में से चुनी हुई चीज़ों को हटा सकते हैं,

एआई फोटो एन्हांसचेहरे को और साफ दिखाने और पुरानी या ब्लर फोटोस को बेहतरकरने के लिए है।

साथ ही, इसमें एआई डॉक्युमेंट मोड भी है जिससे डॉक्युमेंट की फोटो को साफ और पढ़ने लायकडिजिटल कॉपीमें बदला जा सकता है। आईपी64 डस्ट और वॉटर रेज़िस्टेंस सर्टिफिकेशनके साथ, आईकू ज़ेड10 लाइटको रोज़ाना के इस्तेमाल के लिए मजबूती से तैयार किया गया है।यह दोकलर वेरिएंट्समें लॉन्च होगा टाइटेनियम ब्लूऔरसाइबर ग्रीन। 'मेक इन इंडिया' के वादे को आगे बढ़ाते हुए, आईकू ज़ेड10 लाइट को वीवो की ग्रेटर नोएडा फैसिलिटी में बनाया जाएगा।साथ ही, ग्राहकों को बेहतर आफ्टर-सेल्स सर्विस देने के लिए आईकू ने देशभर में फैले अपने 670+ कंपनी-ओन्ड सर्विस सेंटर्सको अब आईकू कस्टमर्सके लिए भी खोल दिया है, ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो।

# पारस हेल्थ कानपुर समुदाय के लिए मुफ्त मेगा मल्टीस्पेशलिटी हेल्थ कैंप का कर रहा है आयोजन

**कानपुर।** पारस हेल्थ कानपुर रविवार, 15 जून 2025 को मटका चौराहा के पास बिठूर रोड स्थित अपने सेंटर पर मुफ्त मेगा मल्टीस्पेशलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन कर रहा है। इस कैंप का मकसद लोगों को बीमारियों से पहले ही जागरूक करना और सभी को अच्छी मेडिकल सेवाएं उपलब्ध कराना है। हेल्थ कैंप में लोग अनुभवी डॉक्टरों से सलाह ले सकेंगे। ये डॉक्टर हार्ट (कार्डियोलॉजी), कैंसर, किडनी, न्यूरोलॉजी (दिमाग), ऑर्थोपेडिक्स (हड्डियों), महिलाओं की सेहत, बच्चों की सेहत, त्वचा रोग (डर्मेटोलॉजी), ईएनटी (कान, नाक, गला), और पेट रोग (गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) जैसे जरूरी विभागों से होंगे। कैंप में ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, ईसीजी (दिल की जांच), और बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) जैसी जांचें बिल्कुल मुफ्त की जाएंगी। इसके अलावा थायरॉइड, विटामिन D और B12, ब्लड शुगर कंट्रोल (HbAvc), हेपेटाइटिस B और C की जाँचो पर जैसे कई लैब और इमेजिंग टेस्ट पर 65% तक की छूट भी दी जाएगी। पारस हेल्थ कानपुर के फैसिलिटी डायरेक्टर श्री वेंकटेश्वरलु मारापाका ने कहा, रोकथाम वाली हेल्थकेयर लोगों की ज़िंदगी में सच में बड़ा बदलाव ला सकती है। इस हेल्थ कैंप के ज़रिए हम लोगों को विशेषज्ञ डॉक्टरों से मिलने और जरूरी हेल्थ चेकअप कराने का मौका दे रहे हैं। ये जरूरी जांचे अक्सर सेहतमंद रहने की पहली सीढ़ी होती है। हमारा मकसद है कि कानपुर में सभी लोगों तक अच्छी हेल्थकेयर आसानी से पहुँच सके। डॉ. ऋद्धि पुरवार, डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, ने कहा, ÷यह पहल सिर्फ जल्दी बीमारी पकड़ने के बारे में नहीं है, बल्कि जागरूकता फैलाने के लिए भी है। बहुत से लोग समय या पैसे की कमी की वजह से लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं या नियमित जांच नहीं करा पाते। मुफ्त कंसल्टेशन , आसान जांच और सुरक्षित देकर हम लोगों को अपनी सेहत का ध्यान रखने और बीमारियाँ बढ़ने से पहले मदद लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

# सैमसंग ने बी स्पोक एआई उपकरणों के लिए सैमसंग फाइनेंस+ की पेशकश की

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने अपने लोकप्रिय डिजिटल लेंडिंग प्रोग्राम, सैमसंग फाइनेंस+का विस्तार किया है। यह प्रोग्राम लोगों को सैमसंग के बीस्?पोक एआई उपकरणोंआसानी से खरीदने में मदद करता है। बैंगलोर और दिल्ली में सैमसंग आरएंडडी इंस्टीट्यूट द्वारा बनाया गया, सैमसंग फाइनेंस+ फाइनेंसिंग का पूरी तरह डिजिटल और आसान अनुभव देता है, जिसमें 15 मिनट में लोन मिल जाता है। यह प्रोग्राम बिना कागजी कार्रवाई के तेज़ी और आसानी से लोन प्रदान करता है। फाइनेंसिंग से ग्राहकों को सैमसंग के नए एआई-इनेबल्ड उपकरण जैसे रेफ्रिजरेटर्स, वाशिंग मशीनें और एयर कंडिशनर्स आसानी से मिलेंगे।

सैमसंग फाइनेंस+ को वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किया गया है ताकि ग्राहकों को कम से कम कागजी कार्रवाई में फौरन लोन स्वीकृति मिल सके। सैमसंग फाइनेंस+ के लोन डीएमआई फाइनेंस जैसे बड़े वित्तीय संस्थानों के साथ मिलकर दिए जाते हैं, जो डिजिटल लोन में माहिर हैं, ताकि ग्राहकों को तेज़ और सुगम अनुभव मिले।

गुफरान आलम, वाइस प्रेसिडेंट, डिजिटल अप्लायंसेज, सैमसंग इंडिया ने कहा, सैमसंग में, हम पूरे भारत में उपभोक्ताओं तक प्रीमियम टेक्नोलॉजी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सैमसंग फाइनेंस+ हमारी इस सोच का प्रमाण है। डिजिटल नवाचार और आसान पहुंच के साथ, हम फाइनेंसिंग की प्रक्रिया को सरल बना रहे हैं और वित्तीय समावेशन बढ़ा रहे हैं, ताकि उपभोक्ता हमारे बीस्पोक एआई उपकरणों, जैसे रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और एयरकंडीशनर की मदद से अपनी लाइफस्टाइल को औरबेहतर बना सकें।÷

उपभोक्ता samsung.com या रिटेल स्टोर्स पर कुछ आसान चरणों में सैमसंग फाइनेंस+ के माध्यम से लोन ले सकते हैं। रिटेल स्टोर्स पर, उपभोक्ताओं को सैमसंग फाइनेंस+ डेस्क पर केवाईसी सत्यापन के लिए अपने ई-दस्तावेज जमा करने होंगे। सत्यापन और क्रेडिट स्कोरिंग प्रक्रिया पूरी होने पर, 15 मिनट में लोन स्वीकृत हो जाता है। उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुसार ईएमआई के लचीले विकल्प भी उपलब्ध हैं। यह आसान प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि ग्राहक बिना किसी वित्तीय दबाव के अपनी पसंद के सैमसंग उपकरण जल्दी खरीद सकें।

# प्रेम प्रसंग में हुई थी अनिल की हत्या, महिला समेत चार गिरफ्तार

- झाड़ियों में फेंकी गई थी लाश, हत्या में युवती, उसके पिता व दो भाई शामिल थे


हत्याकांड का खुलासा करते एसपी संतोष मिश्रा

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** तीन दिन पूर्व सेवरही थाना क्षेत्र के गांव मठिया भोखरिया नौका टोला के बड़ी नहर के पीच रोड के किनारे हत्या कर झाड़ियों में फेंके गए लाश का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। युवक की हत्या प्रेम प्रसंग में हुआ है। इस हत्याकांड में शामिल महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

शुक्रवार को थाना सेवरही व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घटना का खुलासा करते हुए थाना सेवरही क्षेत्र से घटना में शामिल चार अभियुक्त बालेन्द्र उर्फ बलिंदर यादव पुत्र भृगुराशन यादव राहुल कुमार यादव उर्फ राजा यादव पुत्र बालेन्द्र उर्फ बलिन्दर यादव, बादल यादव पुत्र बालेन्द्र उर्फ बलिन्दर यादव व एक महिला अर्चना यादव पुत्री बालेन्द्र उर्फ बलिन्दर यादव निवासीगण सरैया महन्थ पट्टी थाना चौराखास जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पूछताछ में प्रेम प्रसंग का मामला निकल कर आया है।

मृतक अनिल कुमार यादव का अर्चना के साथ लगभग दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। अर्चना यादव की शादी मार्च 2025 में हो गई थी। शादी के बाद भी मृतक अनिल यादव लगातार महिला से संबंध रखने हेतु दबाव बनाया जा रहा था। इसी से तंग आकर उसके पति ने अर्चना को उसके मायके लाकर छोड़ दिया गया था। इन्ही सब बातों से क्षुब्ध होकर अर्चना यादव व उसके परिजनों द्वारा मृतक अनिल को फोन कर बुलाया और फावड़े व हेलमेट आदि से हमला कर उसकी हत्या कर दी। खुलासा करने वाली टीम को एसपी ने 25 हजार रुपए नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया।

# सीएम योगी से मिले कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक

- विधान सभा क्षेत्र में विकास के लिए मांगा विशेष फंड
- क्षेत्र का समग्र विकास कराना प्राथमिकता


सीएम योगी से मिलते विधायक

अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** शुक्रवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने लखनऊ मुख्यमंत्री आवास में सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान विधायक पी.एन पाठक ने अपने विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और जनहित से जुड़े विषयों पर मुख्यमंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न विकास के मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा साथ ही अन्य विकास कार्यों से संबंधित महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव मुख्यमंत्री के समक्ष रखें। जिस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया है। विधायक पी.एन पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी जी से मिलकर विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास के लिए कई परियोजनाओं की मांग की है, कुशीनगर विधानसभा का सर्वांगीण विकास हो रहा है। विकास के लिए बहुत सारी योजनाओं को लेकर खाका खींचा गया है। सभी योजनाएं मूर्त रूप की ओर अग्रसर है। कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास प्राथमिकता में शामिल है।

# कप्तानगंज पुलिस सक्रिय रही होती तो बच जाती आयुष की जान

अवधनामा संवाददाता



31 मई के अंक में अवधनामा में प्रकाशित खबर की कटिंग

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के छोटी गंडक नदी के फर्दहां घाट डेंजर जोन में घोषित होने के बाद भी यहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में युवक नहाने, सेल्फी व रील बनाने पहुंच रहे थे, लेकिन स्थानीय पुलिस इसपर ध्यान नहीं दे रही थी। इस संबंध में अवधनामा अखबार ने 31 मई 2025 के अंक में ÷प्रशासन नहीं चेती तो फिर नदी में डूबेगी कई जिंदगियां÷ शीर्षक नाम से खबर प्रकाशित किया था, लेकिन पुलिस संज्ञान नहीं लिया। जिसका परिणाम 12वें दिन हाटा के वार्ड नंबर 23 निवासी युवक आयुष वर्मा पुत्र अशोक वर्मा की डूबने से मौत हो गई। अगर प्रशासन पहले से सक्रिय हुई होती तो शायद आयुष की जान बच गई होती।

बता दें कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के छोटी गंडक नदी फर्दहां घाट देशी वाटर पार्क के रूप में प्रसिद्ध हो चुका है। यहां नदी का पानी झरना के आकार में गिरता है और अगल बगल हरे-भरे पेंड़ पौधे से खुशनुमा मंजर देखने को मिलती है जो गर्मी के समय में लोगों को आकर्षित करता है। यही कारण है कि यहां प्रतिदिन दूर-दराज से सैकड़ों लोग घूमने, सेल्फी व रील बनाने के साथ नहाने आते है। लेकिन इस घाट पर डूबने से आधा दर्जन युवकों की मौत भी हो चुकी है। लगातार मौत को देखते हुए कप्तानगंज पुलिस ने उक्त जगह को डेंजर जोन घोषित करते हुए यहां स्नान करने से रोक लगाई थी। प्रशासन की लापरवाही से दो साल बाद फिर यहां स्नान शुरू हो गया है। इसका स्थानीय लोगों ने विरोध किया लेकिन युवक नहाने से बाज नहीं आ रहे थे। इस संबंध में अवधनामा अखबार ने 31 मई 2025 के अंक में प्रशासन नहीं चेती तो फिर नदी में डूबेगी कई जिंदगियां शीर्षक नाम से खबर प्रकाशित किया था लेकिन स्थानीय पुलिस इसका संज्ञान नहीं लिया। आखिरकार खबर प्रकाशित के 12 दिन हाटा निवासी वार्ड नंबर 23 आयुष वर्मा की 11 जून को नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई।

# मनरेगा और पी एम ग्रामीण आवास योजना के कार्यों का सोशल आडिट शुरू

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** पिछले वित्तीय वर्ष में जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत कराए गए कार्यों का सोशल आडिट शुरू हो गया है। गौरीगंज विकास खंड के ओरीपुर गांव में हुए सोशल आडिट का लोकपाल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायतों के अभिलेखों में तमाम खामियां पाई गई हैं।

निदेशक, सोशल आडिट, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर सोशल आडिटर गांवों में जाकर सोशल आडिट कर रहे हैं। ओरीपुर में मनरेगा लोकपाल ओजस्कर पांडेय ने सोशल आडिट का निरीक्षण किया।

इस औचक निरीक्षण के तहत ग्राम पंचायत कार्य तो संतोषजनक पाया गया। परंतु मनरेगा से संबंधित सात रिजस्टर में कुछ खामियां थी।लोकपाल (मनरेगा) ने प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी नरेगा योजना में हुए कार्य की स्वीकृति-तकनीकी, प्रशासनिक-वित्तीय, एस्टिमेट, कार्य आदेश, बिल-वाउचर, माप पुस्तिका, श्रम सामग्री भुगतान उपयोगिता प्रमाण पत्र, पूर्णता प्रमाण पत्र, परिसंपत्ति रजिस्टर, कैश बुक, स्टॉक रजिस्टर, अंतिम संपन्न सामाजिक अंकेक्षण रिपोर्ट सहित अन्य रिकॉर्ड की जांच की गई। मनरेगा द्वारा हुए कार्यों का भौतिक सत्यापन भी किया गया।भौतिक सत्यापन में मनरेगा नागरिक सूचना बोर्ड में कमी को भी जल्द दूर करने का निर्देश दिए।इस अवसर पर लोकपाल (मनरेगा) ओजस्कर पाण्डेय ने ग्रामीणों को बताया कि सोशल आडिट करने का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों को लेकर के अक्सर लोगों के मन में कई तरह की शंकाएं होती हैं। ये शंकाएं काम की गुणवत्ता, कार्यप्रणाली और विकास कार्यों से मानकों से जुड़ी होती हैं।इसका अलावा सरकारी विकास कार्यों में भ्रष्टाचार को लेकर सबसे ज्यादा शंका लोगों के मन में होती है।अक्सर लोगों को इन सवालों का जवाब नहीं मिल पाता है। मगर अब सोशल ऑडिट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों की जांच खुद ग्रामीण कर सकते हैं।

## पातन अनुज्ञा पत्र धारकों को 15 जुलाई तक आवेदन करने का निर्देश

**देवरिया।** प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग देवरिया, कासरला राजू ने उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम-1976 (यथा संशोधित) के अंतर्गत जारी पातन अनुज्ञा पत्र धारकों को जानकारी दी है। वित्तीय वर्ष 2015-16, 2016-17, 2017-18 तथा 2018-19 में एक वृक्ष के पातन के पश्चात दो पौधे तथा वर्ष 2019-20 में एक वृक्ष पातन के उपरांत दस पौधे रोपित किए जाने की शर्त निर्धारित थी।

यदि संबंधित पातन अनुज्ञा धारकों ने उक्त शर्तों के अनुसार सफलतापूर्वक पौधरोपण कर लिया है, तो वे 15 जुलाई 2025 तक संबंधित क्षेत्रीय वन अधिकारी की सत्यापित आख्या के साथ प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, देवरिया के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के साथ वृक्षारोपण स्थल का पूर्ण विवरण, प्लॉट संख्या, रोपित पौधों के जीपीएस लोकेशन सहित फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

# प्रेम प्रसंग में दोस्त ने दोस्त को चाकू घोंपकर कर दिया हत्या

- दोस्त के बहन से था अवैध संबंध, तमकुहीराज क्षेत्र के पथरवा का मामला

अवधनामा संवाददाता

**तारायसूजन, कुशीनगर।** तमकुहीराज थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरवा में प्रेम प्रसंग के मामले को लेकर दोस्त ने ही दूसरे दोस्त की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दिया। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही आरोपी को हिरासत में ले लिया।

मामले में पुलिस आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको जेल भेजने की कारवाई में जुटी हुई है। मित्रता को कलंकित करने वाली एक घटना को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चाएं हो रही है।


मृतक युवक की फाइल फोटो

गुरुवार की देर रात्रि तमकुहीराज थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरवा निवासी फैयाज उर्फ तितली पुत्र सत्तार अंसारी 20 वर्ष को घायलावस्था में गांव के बाहर एक सुनसान स्थान पर अचेत अवस्था में देखा गया। उसके शरीर पर धारदार हथियार से कई वार करके उसे गंभीर रूप से घायल किया गया था। घटना की जानकारी पीड़ित परिजनों को हुई तो आनन फानन में उसे इलाज के लिए लेकर सीएचसी तमकुहीराज पहुंचे। जहां उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार प्रेम प्रसंग के कारण मृतक के करीबी दोस्त उमेश बारी ने अपने दोस्त को चाकुओं से गोदकर हत्या कर दिया। घटना में शामिल आरोपी गिरफ्तार होने के बाद खुद अपना जुर्म स्वीकार कर रहा था। इस संबंध में थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुशील कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजने की कारवाई की जा रही है।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने फंदे से लटककर दे दी जान

**कुशीनगर।** पटहेरवा क्षेत्र के पटहेरवा के यादव टोली में गुरुवार की रात पारिवारिक विवाद के बाद तीस वर्षीय युवक ने पंखे में साड़ी का फंदा बांध लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मृतक की पत्नी अपने मायके में थी।

पुलिस ने विधिक कार्रवाई पूरी की। उक्त गांव के सोहन प्रसाद से विवाद के बाद उसकी पत्नी अपने बच्चों के साथ मायके चली गई । गुरुवार को दिन में सोहन कई बार शराब भट्ठी पर गया और शाम को घर लौटकर अपने कमरे में सोने चला गया। कुछ देर बाद उसकी मां धानमती देवी उसे जगाने गई तो देखा कि वह कमरे में पंखे से साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर चुका था। शोर मचाने पर लोग जुटे व उतारकर चिकित्सक को बुलाया गया लेकिन उसकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

# अहमदाबाद प्लेन क्रेस में मरे लोगों को दी गई श्रद्धांजलि


शोक सभा में शामिल समस्त चिकित्सक

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** गुजरात के अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रेस में मरे लोगों के प्रति देश भर में शोक संवेदना व्यक्त किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को सीएचसी मोतीचक मथौली में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन कर मृतकों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी है।

इस मौके पर प्रभारी डॉ मद्धेशिया ने कहा कि अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रेस बहुत ही दुखद व दर्दनाक घटना है। इस घटना ने पूरे देश को झकझोंर कर रख दिया है। इस हादसे में 270 से ज्यादा लोग असमय मौत के गाल में समा गए।

ईश्वर इन सभी के आत्मा को शांति दें तथा इस दुख की घड़ी में परिजनों को सहन शक्ति प्रदान करने। शोक सभा में चिकित्साधिकारी डॉ सुधीर तिवारी, डॉ उमाशंकर कुशवाहा, डॉ दीपक मिश्रा, डॉ सुमित मिश्रा, डॉ रागिनी मिश्रा, डॉ राज सुमन मौर्य, डॉ श्री दयाल, डॉ धर्मेंद्र कुमार, अमन, डॉ अहमद सरफयाब, डॉ मधु सिंह, डॉ मनोज मौर्या, सत्येंद्र मिश्रा, अनिरुद्ध चौरसिया, इंद्रजीत, मनीष गुप्ता, अखिलेश सिंह, संतोष सिंह, अमित श्रीवास्तव, आदित्यनाथ सिंह सुनील कुमार, अजय वर्मा, राजेश कुमार, रीता मिश्रा, गिरिजेश सिंह, उदय प्रताप सिंह, जगदीश, बबलू शामिल रहे।

# वर्षा काल में लगाए जायेंगे 4364560 पौधे

- अटल वन, एकता वन, आक्सी वन, गोपाल वन, त्रिवेणी वन, पवित्र धारा वृक्षारोपण, खाद्य वन,भाई बहन वृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** आगामी वर्षाकाल में जिले में 4364560पौध लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। गुरुवार को डी एम संजय चौहान ने जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक करके अब तक की तैयारियों की समीक्षा की और सभी विभागों को वर्षा के पहले गड्ढों को खुदवाने का काम पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी संजय कुमार चौहान ने इस वर्षा काल में जनपद में आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष अब तक गड्ढे खुदान की स्थिति, विभिन्न पौधे शालाओं में उपलब्ध पौधों की स्थिति एवं अन्य विभागों द्वारा रोपित किए जाने वाले पौधों के लिए स्थान चिन्हांकन की समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र ने बताया कि इस वर्षा काल में शासन द्वारा जनपद अमेठी को 4364560 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य दिया गया है जिसमें वन विभाग को 200400 तथा अन्य विभागों को 2362160 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से पर्यावरण विभाग को 305000, ग्राम्य विकास को 1203600, राजस्व को 52000, पंचायती राज को 75000, उद्योग को 20000, नगर विकास 17000, लोक निर्माण विभाग 11000, सिंचाई विभाग 60000, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग 6000, कृषि विभाग 251000, रेलवे विभाग 15000, रक्षा विभाग 5000, पशुपालन 19000, सहकारिता 5600, विद्युत 10020, बेसिक शिक्षा 50000, माध्यमिक शिक्षा 8000, प्राविधिक शिक्षा 4000, उच्च शिक्षा 16000, श्रम विभाग 2000, स्वास्थ्य विभाग 14000, परिवहन विभाग 900, उद्यान विभाग 155000 तथा पुलिस विभाग को 5040 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य दिया गया है जिसके सापेक्ष विभिन्न विभागों द्वारा अब तक 66त्न गड्ढों की खुदान की गई है।

उन्होंने बताया कि जनपद में कुल 28 पौधशालाएं हैं जिनमें विभिन्न प्रजातियों के कुल 62.41 लाख पौधे उपलब्ध हैं जिसमें मुख्य प्रजाति के रूप में सागवान, शीशम, नीम, पीपल, पाकड़, बरगद, आम, अमरूद, आंवला, जामुन, महुआ, प्रोसोपिस, बाटलब्रश, गोल्ड मोहर, कचनार, छितवन, कदम्ब, अर्जुन, यूके, खैर आदि के पेड़ हैं इसके साथ ही उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इस वर्षाकाल में विशिष्ट वनों की स्थापना किए जाने के निर्देश दिए गए हैं जिसमें अटल वन, एकता वन, ऑक्सी वन, गोपाल वन, त्रिवेणी वन, पवित्र धारा वृक्षारोपण, खाद्य वन, भाई बहन वृक्षारोपण, सहजन भंडारा आदि वनों को विकसित किया जाना है।

# ऑर्थोपेडिक सेमिनार में डॉ. एस. के. शर्मा को मिला बेस्ट परफॉर्मेंस सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** वाराणसी में आयोजित प्रतिष्ठित ऑर्थोपेडिक सेमिनार में देवरिया व पूर्वांचल के प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक एवं स्पाइन सर्जन डॉ. एस. के. शर्मा को %बेस्ट परफॉर्मेंस इन ऑर्थोपेडिक्स% सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान गोरखपुर के वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सतपाल सिसोदिया द्वारा प्रदान किया गया।



सेमिनार में देशभर के नामचीन हड्डी रोग विशेषज्ञों की मौजूदगी में डॉ. एस. के. शर्मा की चिकित्सा सेवा, आधुनिक तकनीकों का उपयोग, जटिल हड्डी व स्पाइन सर्जरी में निपुणता और मरीजों के प्रति समर्पण को विशेष रूप से सराहा गया। विशेष रूप से ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा शिविरों के माध्यम से डॉ. शर्मा द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों को बहुत सराहना मिली। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. एस. के. शर्मा ने कहा, ÷यह सम्मान मेरे लिए बहुत प्रेरणादायक है। मैं अपने मरीजों की सेवा को ही अपना धर्म मानता हूं और आगे भी पूरी निष्ठा से अपने क्षेत्र में योगदान देता रहूंगा। इस अवसर पर चिकित्सा जगत के अनेक विशेषज्ञ, शिक्षाविद, युवा चिकित्सक और छात्र मौजूद रहे। सेमिनार में हड्डी रोग चिकित्सा के क्षेत्र में नई तकनीकों, अनुसंधानों और चुनौतियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. एस. के. शर्मा की यह उपलब्धि पूर्वांचल और देवरिया जनपद के लिए गर्व का विषय बनी हुई है।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने आयोजित किया विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता




**मुसाफिरखाना/अमेठी।** स्थानीय मंगलम् महाविद्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक भोलानाथ तिवारी ने कार्यक्रम का संयोजन किया। अध्यक्षता पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी ने की।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने नमो सरकार को निशाने पर लिया और भारतीय संविधान की सुरक्षा और लोकतंत्र की रक्षा के लिए देश में राजनीतिक परिवर्तन और भाजपा को सत्ता से हटाने के संदेश दिए गए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने भाजपा सरकार पर संविधान को कमजोर करने, लोकतंत्र को खत्म करने,देश में नफरत फैलाने और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को खराब करने जैसे गम्भीर आरोप लगाये, उन्होंने कहा कि संविधान पर भाजपा सरकार लगातार हमले कर रही है, सरकारी संस्थानों का दुरूपयोग कर मोदी सरकार विपक्ष को कमजोर और दबाने का प्रयास कर रही है, परन्तु मोदी सरकार के सामने नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी चट्टान की तरह खड़े है, सरकार अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पा रही है। जिसका पूरा श्रेय राहुल गांधी को जाता है।

जगदीशपुर विधानसभा के पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी ने कहा कि हम बाबा साहब के बताये रास्ते शिक्षित,संगठित व संघर्ष का पालन करते हुए संविधान बचाओं अभियान का महत्व ऐसे में और बढ़ जाता है जब देश में मंहगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी अपने चरम पर है, मोदी सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हुई है,राहुल गांधी बिना किसी भय के युवाओं महिलाओं, किसानों मजदूरों की आवाज बनकर उनके साथ खड़े हैं। संगठन प्रभारी फरहान वारसी ने जय भीम,जय संविधान के नारे लगाए और कहा कि राहुल गांधी देश की आवाज हैं।देश की जनता राहुल गांधी में बदलाव की ताकत महसूस करते हुए भाजपा के खिलाफ संगठित हो रही है। कार्यक्रम का संचालन राजीव लोचन तिवारी ने किया।

# बहन मायावती को मुख्यमंत्री बनाना समय की जरूरत : दिलीप कुमार

- गांव चलो अभियान के अन्तर्गत दुलारी नगर और मोहनगंज में हुई बसपा की बैठक, विधानसभा कमेटियों का पुनर्गठन किया गया

अवधनामा संवाददाता





**अमेठी/तिलोई।** गांव चलो अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी की दो? कार्यकर्ता बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में अयोध्या मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल और डॉ दयाराम राजभर ने संगठन के कार्यों की समीक्षा की। संगठन का काम की प्रगति संतोषजनक नहीं मिली। कार्यकर्ताओं की राय से जगदीशपुर और तिलोई विधानसभा की विधानसभा कमेटियों का पुनर्गठन किया गया।

मुख्य मंडल प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने कहा कि बसपा राजनीतिक दल से अधिक एक विचार धारा है जो सामाजिक परिवर्तन, आर्थिक मुक्ति और भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना के लिए संघर्षरत है। बहुजन समाज को मान , सम्मान और स्वाभिमान की जिंदगी बसपा की देन है। पिछले दस सालों से उत्तर प्रदेश में अन्याय अत्याचार की घटनाएं लगातार बढ़ी है। बेरोज़गारी और मंहगाई से दुःखी जनता बहन मायावती जी के शासन की याद कर रही है। उत्तर प्रदेश में सर्वसमाज के कल्याण और कानून के राज की स्थापना को मिशन -2027की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया और कहा कि पांचवीं बार बहन मायावती को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना समय की जरूरत है।

मंडल प्रभारी डॉ दयाराम राजभर ने कहा कि पिछड़ी जातियों में राजनीतिक चेतना बी एस पी की देन है। कांग्रेस, भाजपा सहित सभी राजनीतिक दलों ने पिछड़ी जातियों को हमेशा वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। इसी लिए आज तक जातीय जनगणना नहीं हो पाई। भारतीय संविधान को भी ठीक ढंग से नहीं लागू हो पाया। बसपा की चार बार की सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कार्यकर्ताओं को गांव गांव जाकर ईमानदारी और निष्ठा से संगठन के काम पूरा करने के संदेश दिए।

बैठक का संचालन बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने किया। जिला प्रभारी नन्हे सिंह चौहान, अरुण कुमार गौतम और पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने प्रमुख रूप से बैठक को संबोधित किया।

दुलारी नगर में जगदीशपुर विधानसभा की बैठक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष साहबलाल भारती के आवास पर हुई। बैठक में विजय प्रजापति को विधानसभा अध्यक्ष, जितेन्द्र सरोज और सालिकराम बौद्ध को विधानसभा प्रभारी और कृष्ण लाल भारती को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य अबरार अहमद, इसरार अहमद उर्फ राजा गूजर,लालमणि विश्व कर्मा,राम बोध, मनीराम गौतम, राकेश कुमार, हरीराम, त्रिभुवन सरोज, डॉ अनिल कुमार बौद्ध, रघुनाथ प्रसाद, रोशन लाल, बृज लाल, शिवबहादुर भारती, दिनेश विक्रम, सरवन कुमार, जगन्नाथ, हीरालाल सरोज,हरि प्रसाद, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर किशोरी वाटिका जेल रोड सुल्तानपुर में संगोष्ठी जन-जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें टेंट मेरिज लॉन एसोसिएशन, केटरर्स एसोसिएशन, लाइट एसोसिएशन एवं सजावट एसोसिएशन के साथ साथ अन्य गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में मधुबन राम सहायक श्रम आयुक्त सुलतानपुर द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों का स्वागत करते हुए बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 यथा-संसोधित 2016 में उल्लेखित प्राविधानों, व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों के साथ शपथ लेते हुए संकल्प लिया गया कि हम अपने आस-पास बाल मजदूरी नहीं होने देंगे तथा प्रदेश में बाल श्रम मुक्त प्रदेश बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए बालश्रमिकों के परिवारों को प्रेरित करेंगे किं वे बच्चों को शिक्षा हेतु विद्यालय भेजे, क्योंकि भारत देश में शिक्षा का अधिकार लागू हैं। प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा पाने का अधिकार है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि अटल आवासीय विद्यालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित बच्चों एवं निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए संचालित की जा रही है किन्तु उसमें दाखिला हेतु कठिन परीक्षा से गुजरना पड़ता है। उन कठिन परिस्थितियों से गुजरते हुए हमारे जनपद सुलतानपुर के 58 बच्चे अटल आवासीय विद्यालय रुदौली अयोध्या के कक्षा 06 से लेकर कक्षा-10 में अध्ययनरत हैं और जिले का नाम रोशन कर रहें हैं। हम सभी का दायित्व है कि बच्चों को शिक्षा से जोड़े। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा यह आश्वस्त किया गया कि हम लोग इस दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए सर्वप्रथम परिसर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायेगे% कि हमारे परिसर में 18 वर्ष से कम आयु के श्रमिकों का नियोजन पूर्णतया प्रतिबन्धित है। अन्त में सभी का धन्यबाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समाधन किया गया। कार्यक्रम में टेंट मैरिज लॉन की ओर से स्वामी प्रसाद गौड़, हरप्रीत सिंह, राकेश जायसवाल, जगतनारायण दुबे, संजय कुमार, पुनीत कुमार जायसवाल, विवेकसिंह, एसोसिएशन की ओर से मनोज चौरसिया, भारत, राम, मोटवानी, रामसहाय मिश्रा एवं लाईट एसोसिएशन की ओर से कन्हैयालाल गौड़, विजयरावत, सुरेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## फर्जीबाड़े में एक अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा पैट्रोल पम्प दिलाने के नाम पर फर्जीवाडा करने वाले अभियुक्त आदित्य जैन उर्फ सनी को गिरफ्तार किया।सौरभ दीक्षित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में वांछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तार हेतु जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा पैट्रोल पम्प दिलाने के नाम पर फर्जीवाडा करने वाले अभियुक्त आदित्य जैन उर्फ सनी जैन पुत्र सुरेशचन्द्र जैन निवासी विजय अपार्टमेन्ट विजयनगर थाना हरिपर्वत कमिश्नेट आगरा को विजय नगर कालोनी आगरा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त आदित्य उर्फ सनी जैन थाना सिरसागंज के मु0अ0सं0 316/25 धारा 318 (4)/316 (2) /338/336 (3)/ 340(2)/ 352 /351(4) बीएनएस में वांछित था। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह, उ0नि0 अशोक कुमार, हे0का0 1051 पवन कुमार, का0 127 अमित, म0का0 1525 सुधा थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस

■ श्रम विभाग ने आयोजित किया संगोष्ठी, जागरूकता एवं लाभार्थी सम्मान कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा संगोष्ठी, जागरूकता एव लाभार्थी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन बाल श्रम निषेध दिवस अवसर पर श्रम द्वारा जागरूकता का मनीष असीजा विधायक सदर, फिरोजाबाद उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राहायक श्रम आयुक्त फिरोजाबाद यशवंत कुमार द्वारा मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी बाल श्रमिक विद्या योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ श्रम विभाग द्वारा: संचालित अन्य विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। राहायक श्रम आयुक्त द्वारा बाल श्रम से मुक्त हुये बच्चों के प्रभावी पुनर्वासन के बारे में जानकारी देते हुये बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) संशोधित अधिनियम, 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन व प्रवर्तन से सम्बन्धित जानकारी दि ग्लास इण्डस्ट्रियल सिंडीकेट एवं व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ साझा की।

ललितेश जैन, अध्यक्ष दि ग्लास इण्डस्ट्रियल सिंडीकेट, फिरोजाबाद ने बताया कि वर्तमान में जनपद के किसी भी कारखाने में बाल श्रमिकों से कार्य नहीं कराया जा रहा है, बाल श्रम रोके जाने हेतु समस्त सेवायोजकों द्वारा संयुक्त रूप से प्रयारा किया गया है। व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा जनपद में बाल श्रम रोके जाने हेतु किये जाने वाले प्रयासों से अवगत कराया एवं उन्होंने बच्चों से सम्बन्धित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अत्यधिक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल के प्रभारी निरीक्षक द्वारा बाल श्रम रोके जाने हेतु पुलिस से सम्बन्धित कार्यो को बाताया एवं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से बच्चों को शिक्षित करने की सलाह दी। चिराग सोसाइटी से डॉ0 जफर आलम द्वारा बाल श्रम व बाल तस्करी से सम्बन्धित घटनाओं के उदाहरणों को साझा करते हुये बाल श्रम तरकरी से सम्बन्धित समस्याओ के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की।

## कुएं में गिरे बंदर को घंटों की मशक्कत के बाद सकुशल निकाला गया बाहर



**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के पारा बाजार गांव में शुक्रवार को एक बंदर पुराने खंडहरनुमा कुएं में गिर गया। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम, फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बंदर को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में पशु चिकित्सक डॉ.सुशील कुमार यादव, पारा बाजार चौकी इंचार्ज चंद्र शेखर सोनकर और कांस्टेबल इंद्रेश यादव ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे और प्रशासन के कार्य में सहयोग किया। बंदर को बाहर निकालने के बाद पशु चिकित्सक ने उसका प्राथमिक उपचार किया। अधिकारियों ने बताया कि बंदर पूरी तरह सुरक्षित है और उसे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। ग्रामीणों ने वन विभाग और पुलिस प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना किया।

## राजनीति विज्ञान की मौखिकी परीक्षा 17 जून को

**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** राणा प्रताप पी जी कॉलेज, बी ए षष्ठम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान विषय की मौखिक / प्रायोगिक परीक्षा 17 जून दिन मंगलवार को महाविद्यालय में प्रातः 08:00 बजे कला संकाय राजनीति विज्ञान विभाग में सम्पन्न होगी। छात्र/छात्राएं अपने प्रवेश-पत्र, प्रोजेक्ट एवं अन्य आवश्यक सामग्री के साथ उक्त तिथि एवं समय पर महाविद्यालय में उपस्थित रहें। परीक्षा छूट जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं छात्र/छात्राओं की होगी। यह जानकारी आंतरिक परीक्षक डॉ मंजू ठाकुर ने दी।

## जनता की जान खतरे में डाल, बिना सुरक्षा के नौका वाले सैर करा रहे है गोमती नदी की, चैन की नींद सो रहा है प्रशासन

**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** रात के समय गोमती नदी में बिना लाइफ जैकेट और बिना फ्लोट टयूब के वहाँ आने वाले नगरवासियों को अप्रशिक्षित नाव चलाने वाले घुमा रहे हैं। किसी बड़ी अनहोनी को दावत गोमती नदी का नौका सैर दे रहा है। कैसे एक परिवार बच्चो संग बिना सुरक्षा के गोमती नदी की सैर कर रहा है। राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी प्रदेश प्रभारी ने इस पर सवालिया निशान खड़ा किया है। उन्होंने कहा मत्स्य विभाग कुंभकर्णी नीद सो रहा है और आम जन के लोगों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है। जो किसी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर जल्द ही नियम कानून लागू नहीं किए गए तो मत्स्य विभाग के खिलाफ गौ रक्षा वाहिनी आंदोलन छेड़ेगा।

## भाजपा द्वारा घोषित पदाधिकारियों की सूची पर मचा घमासान

**सुलतानपुर, अवधनामा संवाददाता।** भाजपा नगर मंडल की घोषित कार्यकारिणी में सामान्य वर्ग की अलका शुक्ला को पिछड़ी जाति की सूची में कोषाध्यक्ष के रूप में शामिल करने पर घमासान मचा हुआ है। जिले के एक प्रतिष्ठित ब्राह्मण परिवार की बहू अलका शुक्ला को पिछड़ी जाति के पदाधिकारियों की सूची में शामिल कर कोषाध्यक्ष बनाने को लेकर कार्यकारिणी की विश्वसनीयता संदेह के घेरे में आ गई है। उक्त गड़बड़झाले से आहत अलका शुक्ला ने अपने पद से त्यागपत्र देते हुए इसे मानहानि की श्रेणी में बताया है। उनका कहना है कि उनके परिवार की छवि धूमिल करने के षडयंत्र में शामिल लोगों के खिलाफ वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगी।

## अवैध असलाह सहित एक पुलिस गिरफ्त में



**फिरोजाबाद, अवधनामा संवाददाता।** थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को अवैध असलाह सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त बिलाल उर्फ फिरोज पुत्र मो0 रफीक निवासी रेशमा धर्मकाँटा के पास, दुर्गेश नगर थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को एक अदद तमंचा व जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ डाक बंगला के पास से गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना रसूलपुर पर मु0अ0सं0 270/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामदगी व गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 प्रदीप कुमार, उ0नि0 विमल कुमार, है0का0 1057 बाबू जालिम सिंह थाना रसूलपुर जनपद फीरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## डीएम ने किया ईवीएम वेयरहाउस व वीवीपैट का त्रैमासिक निरीक्षण

**फिरोजाबाद, अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने ईवीएम वेयरहाउस एवं वीवीपैट का त्रैमासिक निरीक्षण विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया, उन्होने ताला खुलवाकर ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की जांच की, जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ईवीएम वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, जिलाधिकारी के अलावा कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि राम शंकर राजौरिया, जिलाध्यक्ष कांग्रेस रामनिवास यादव, पूर्व महा सचिव कांग्रेस धर्म सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी डा0 विजय आर्य, जिलाध्यक्ष बसपा यादवेन्द्र सिंह, सीपीआईएम के जिला मंत्री नवल सिंह एडवोकेट, पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा सोनू भारती सहित उप जिला निर्वाचन अधिकारी विशु राजा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।



## अहमदाबाद में मारे मृतकों को सरकार दे उचित मुआवजा



**टूंडला।** सूचना का अधिकार टास्क फोर्स की एक शोकसभा लाइनपार स्थित आहाता शोभाराम कैंप कार्यालय पर आयोजित की गई। शोकसभा में पदाधिकारियों ने अहमदाबाद जहाज दुर्घटना में मारे गए मृतकों के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। टास्क फोर्स प्रदेश सचिव डॉ. बीएस गौतम ने कहा कि हमारी संवेदनाएं दुर्घटना में मारे गए 241 मृतकों के परिवारों के साथ है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि इस हृदय विदारक घटना ने देश को स्तब्ध कर दिया है। उन्होंने कहा कि बेहद दुखद घटना को लेकर सरकार मृतक आश्रितों को उचित मुआवजा तथा सहानुभूति प्रदान करे। शोक सभा में एमपी सिंह राजपूत, हेमंत चाहर, अनिल उपाध्याय, जमील खान, अजमल खान, अब्दुल अजीज कुरैशी, शैलेंद्र शुक्ला, अजय यादव, रणवीर सिंह, प्रताप सिंह, प्रमोद रावत, धर्मेंद्र कुमार, सरफराज खान, सत्य प्रकाश, राजुद्दीन अली, खेरी सिंह राणा, नवेद आलम, वेद प्रकाश धाकरे आदि उपस्थित रहे।

## राजस्व की शान, भ्रष्टाचार बनी पहचान, किसान हो रहे हैं हलकान

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** राजस्व विभाग में कार्यरत अधिकतर कर्मचारी अधिकारियों की भ्रष्टाचार पहचान बन चुकी है।जहां वे वादकारी किसानों से सुविधा शुल्क वसूली करना अपनी शान समझते हैं।सरकार के जिम्मेदार सब कुछ जानते हुए आंख बंद कर मौन साध रखा है। राजस्व विभाग में भ्रष्टाचार अपने चरमोत्कर्ष पर हैं।बिना सुविधा शुल्क के कोई कार्य मौजूदा समय में संभव नहीं है। गौरतलब हो की भ्रष्टाचार, महंगाई ,बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के मुद्दे पर भाजपा ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। आज वही ज्वलंत मुद्दे दिन दूना रात चौगुनी तर्ज पर बढ़ते जा रहे है।वर्तमान समय में तहसील, कलेक्ट्रेट व कमिश्नरी में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी अधिकतर बेलगाम होकर नियम कानून को ताक पर रख मोटे सुविधा शुल्क वसूली में मस्त रहते हैं। ऐसे में जो वादकारी किसान मोटी सुविधा शुल्क अदा करने में असमर्थ है, उन्हें न्याय पाना संभव नहीं है। वहीं दूसरी तरफ धनाढ्य, बाहुबली, वादकारी किसान, भू माफिया, प्रॉपर्टी डीलर मुंह मांगी सुविधा शुल्क के बल नियम कानून को धता बता कर सफलता अर्जित करने में कामयाब है।

# लाईसेंसी पिस्टल सहित दो गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज क्षेत्रान्तर्गत टोल प्लाजा के पास हुई फायरिंग की घटना का सफल अनावरण करते हुए थाना सिरसागंज व सर्विलांस पुलिस टीम द्वारा मात्र 04 घण्टे में घटना में प्रयुक्त लाईसेन्सी पिस्टल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

थाना सिरसागंज क्षेत्र में गुराऊ टोल प्लाजा के पास कार सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी अजीत सिंह पुत्र माधव सिंह ग्राम गुराऊ थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद से फालूदा खाने के बाद रूपयों को लेकर हुए विवाद के कारण गाली गलौज करते हुए वादी के ऊपर लाइसेन्सी पिस्टल से जान से मारने की नियत से फायर कर दिया जिसमें वादी बाल बाल बच गया तथा राह चलते एक व्यक्ति जिसका नाम राहुल चौधरी निवासी जनपद मथुरा के गोली लगने से घायल हो गया था। वादी अजीत सिंह की लिखित तहरीर के आधार पर थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0 317/2025 धारा 109/352 बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरोजाबाद द्वारा उक्त घटना के खुलासे हेतु/अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। थाना सिरसागंज पुलिस टीम व सर्विलांस टीम द्वारा महज 04 घण्टे में घटना का सफल अनावरण करते हुए प्रकाश में आये अभियुक्तगण अनुज पुत्र रामस्वरुप निवासीी जसवन्त नगर थाना जसवन्त नगर जनपद इटावा उम्र करीब 35 वर्ष, हरिशंकर पुत्र शिवकुमार सिंह निवासी ग्राम बिलासपुर थाना जसवन्त नगर जनपद इटावा उम्र करीब 32 वर्ष मय घटना में प्रयुक्त लाईसेन्सी पिस्टल व वाहन संख्या न्ह्75।क्6557 सफेद रंग की कार सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0 320/2025 धारा 109/352 बीएनएस में धारा 5/25/27 आर्म्स एक्ट बढोत्तरी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्तगण को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है। विधिक कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह, सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 अमित तौमर मय सर्विलाइंस टीम जनपद फिरोजाबाद, उ0नि0 राजनारायण सिंह, उ0नि0 भैयालाल, उ0नि0 अशोक कुमार, हे0का0 1051 पवन कुमार, का0 127 अमित, का0 959 राहुल पाल, का0 का0 604 अमित कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** बेसिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि 16 जून से प्रारम्भ होने वाले नवीन शिक्षण सत्र के लिए समयपूर्व सभी तैयारियां कर ली जायें। डीएम ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए प्राप्त होने वाली पुस्तकें भण्डार कक्ष में डम्प न रहें बल्कि प्रत्येक पंजीकृत बच्चे को समय से पाठ्य पुस्तके प्राप्त हो जायें। डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवीन ऊर्जा के साथ नवीन शिक्षण सत्र का आगाज़ करें तथा स्वमूल्यांकन यह सुनिश्चित करें कि पिछले सत्र में जो कमियां रह गई थीं उनकी पुनरावृत्ति न होने पाये।

बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि नवीन शिक्षण सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व सफाई कर्मचारियों के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित कर लें कि विद्यालय पूरी तरह से नीट एण्ड क्लीन हो जाये।

इसके अतिरिक्त विद्यालय से सम्बन्धित अन्य व्यवस्थाओं के लिए सभी सम्बन्धित को निर्देशित कर दिया जाय ताकि स्कूल में आने पर बच्चों को खुशनुमा माहौल मिले। विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया कि असंतृप्त विद्यालयों को शीघ्र से शीघ्र विद्युत कनेक्शन से आच्छादित कर दिया जाय। जिससे बच्चों को गर्मी में असुविधा न हो। गर्मी के मौसम को देखते हुए डीएम ने विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्थाओं को क्रियाशील रखने के भी निर्देश दिये।

बैठक के दौरान आधार सीडिंग कार्य की समीक्षा के दौरान विकास खण्ड मिहींपुरवा की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की सराहना की। डीएम ने खण्ड शिक्षा अधिकारियों का आहवान किया कि ब्लाक मिहींपुरवा से सीख लेते हुए अपने-अपने ब्लाकों में प्रगति को बढ़ायें। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में डीएम ने खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिया कि सर्वप्रथम न्यून उपस्थिति वाले विद्यालयों को चिन्हित कर कम उपस्थिति का कारण पता कर समस्या का समाधान कराएं। विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, मिड-डे-मील सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिले।

## उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की मांग तीस जून तक बढ़े ग्रीष्मकालीन अवकाश

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ बहराइच ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एंव जिलाधिकारी को पत्र भेज कर अत्यधिक धूप के कारण छात्रहित में 30 जून तक विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश रखने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि भीषण गर्मी पड़ रही है और मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार हीट वेव अभी जारी रहेगी ,इसलिए छात्रों के स्वास्थ्य को देखते हुए 30 जून तक विद्यालय बंद रखे जाएं। ज्ञात हो कि बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित विद्यालय की ग्रीष्मकालीन अवकाश 15 जून को खत्म हो रहा है।

इस संबंध में जिला अध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने कहा माध्यमिक के स्कूल बंद है वर्तमान समय में तापमान 45 से 50 डिग्री के मध्य चल रहा है । डिहाइड्रेशन होने की संभावना है विद्यालय में शीतलता के लिए कोई साधन उपलब्ध नहीं है। सभी विद्यालयों में पंखे, कूलर भी उपलब्ध नहीं है साथ ही विद्यालय समय में विद्युत कटौती होती रहती है। ठंडा पेयजल भी उपलब्ध नहीं है। अतः छात्र-छात्राओं के हित में विद्यालय का संचालन नहीं होना चाहिए। यदि विद्यालय का संचालन कराया जाता है। औरशिक्षक छात्र को अगर किसी प्रकार की अनहोनी का शिकार होना पड़ता है तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा क्या विभाग इसकी जिम्मेदारी लेगा।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मुस्तरी बेगम पत्नी मुन्ना अली निवासी बजरिया 45 कटरा शमशेर खां,जनपद इटावा (उत्तर प्रदेश) को अब (भविष्य में) मुस्तरी बेगम उर्फ शहनाज बेगम के नाम से जाना जाए। ईश्वर मेरी मदद करें।

### सूचना

मैं सुरेश चन्द्र आयु लगभग 66 वर्ष पुत्र स्व. कमल चन्द्र व मेरी पत्नी रानी आयु लगभग 58 वर्ष निवासी-859/720/8 द्वारिकापुरी, तेलीबाग, पी.जी.आई. लखनऊ का निवासी हूं।

मैं अपने पुत्र सचिन कुमार उर्फ शुभम उसकी पत्नी सुमिता उर्फ तन्नू को उनके गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरा इन लोगों से कोई लेना देना नहीं है। अतः मेरे पुत्र सचिन कुमार उर्फ शुभम व उसकी पत्नी सुमिता उर्फ तन्नू द्वारा किसी भी कृत्य से मेरा व मेरी पत्नी का कोई लेना देना नहीं होगा।

### सूचना

मैं सैय्यद शबाब रजा जैदी आयु 62 वर्ष पुत्र जुल्फीकार हुसैन जैदी निवासी-444/271/2, अली कालोंन मल्लाही टोला राधाग्राम पोस्ट-चौक, ठाकुरगंज लखनऊ का निवासी हूं। मेरे लाइसेन्स में मेरा नाम गलती शबाब रजा जैदी लिख गया है जो कि गलत है मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सैय्यद शबाब रजा जैदी है जो कि सही है। अतः मुझे सैय्यद शबाब रजा जैदी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से प्रदेश के 19.94 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर हुए लाभान्वित

अवधनामा संवाददाता

■ उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर

**बांद।** कोविड-19 महामारी के दौरान रोज कमाने-खाने वाले लाखों शहरी पथ विक्रेताओं की आजीविका पर संकट के बादल छा गए थे। प्रदेश के रेहड़ी-पटरी, ठेला, खोमचा और फुटपाथ पर व्यवसाय करने वाले छोटे दुकानदारों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई थी। ऐसे संकट के समय में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 1 जून 2020 को शुरू की गई प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि योजना) ने लाखों लोगों को दोबारा कारोबार खड़ा करने का संबल दिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने 19.94 लाख से अधिक शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित कर उन्हें फिर से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर किया है। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश को पूरे देश में प्रथम स्थान पर ले आई है। योजना के तहत पंजीकृत पथ विक्रेताओं को तीन चरणों में ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है- प्रथम चरण में 10,000 का कार्यशील पूंजी ऋण

उसके सफल भुगतान के बाद 20,000 का द्वितीय ऋण

द्वितीय ऋण चुकाने के पश्चात 50,000 तक का तृतीय ऋण भी प्रदान किया जा रहा है।

अब तक प्रदेश में 9,45,379 पथ विक्रेताओं को डिजिटली एक्टिव कर डिजिटल लेन-देन की ओर भी प्रेरित किया गया है। इसके साथ ही उन्हें 8 अन्य केन्द्रीय योजनाओं से भी जोड़ा गया है, जिससे उनका समग्र सामाजिक और आर्थिक विकास हो सके।

लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गाजियाबाद और आगरा जैसे प्रदेश के 10 मिलियन प्लस शहरों ने इस योजना के अंतर्गत सबसे अधिक लाभार्थियों तक पहुँच बनाकर उदाहरण प्रस्तुत किया है।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को 2023-24 में प्रेज अवार्ड से सम्मानित किया गया, जो राज्य के प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता है। सरकार के सहयोग से अब पथ विक्रेता बैंक से ऋण लेकर अपने रोजगार को पुनः शुरू कर रहे हैं, उनकी दैनिक कमाई फिर से शुरू हो चुकी है और वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं।

## सुनील दत्त तिवारी ने योग पर दिया गया व्याख्यान

**सुल्तानपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 13 जून को व्याख्यान कक्ष-4 में एक विशेष योग व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के माननीय प्रधानाचार्य डॉ. सलील कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और समर्थन में किया गया।योग प्रशिक्षक श्री सुनील दत्त तिवारी ने इस अवसर पर योग के महत्व, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव, और चिकित्सा क्षेत्र में योग के समावेश के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक लचीलापन बढ़ाता है, बल्कि मानसिक शांति और तनाव मुक्ति में भी सहायक है, जो चिकित्सा पेशेवरों के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य और एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय जाट महासभा भारत ने सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** राष्ट्रीय जाट महासभा भारत ने नगर टूंडला क्षेत्र में हिंदू हृदय सम्राट महाराजा सूरजमल की प्रतिमा स्थापना करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार टूंडला को सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि क्षेत्रीय हिंदू समाज के लोग लम्बे समय से मांग करते आये है कि जनपद फिरोजाबाद की तहसील टूडंला क्षेत्र एटा रोड़ निहाल सिंह की पुलिया चौराहे पर हिंदू सम्राट महाराजा सूरजमल की प्रतिमा स्थापित की जाए। महाराजा सूरजमल एक महान शासक और वीर योद्धा थे जिन्होंने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए। उन्होंने हिंदुत्व की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी उनकी वीरता साहस और न्यायप्रियता के कारण उन्हें हिंदू हृदय सम्राट के रूप में जाना जाता है। नगर क्षेत्र में महाराजा सूरजमल की प्रतिमा स्थापित होने से हमारे क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को बढ़ावा मिलेगा और आने वाली पीढ़ियों को उनके जीवन और कार्यो से प्रेरणा मिलेगी। महाराजा सूरजमल की प्रतिमा स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। ज्ञापन देने वालों में बृज क्षेत्र अध्यक्ष चौ.अमर सिंह पचहरे,जिलाध्यक्ष कु.सुधीर सिंह चौ. निरंजन सिंह पोनियां,जितेंद्र पोनियां राजेंद्र सिंह पूर्व प्रधान,मुकेश सोलंकी हरी बाबू सूरज चौधरी रोहित पचहरे पुस्पेंद्र सिंह भोला डॉ. इंद्रपाल सिंह डॉ. मुन्नेश कुमार इंद्रजीत सिंह हिमांशु पचहरे महिपाल सिंह पूरन सिंह जुरेल, विनोद चौधरी राजेंद्र सिंह, आदित्य सिंह मंजीत चौधरी हर्ष चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई– निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 11.07.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 06602025 दिनांकः- 13.06.2025 | |
| 2. | कार्य का नाम | वरि० मण्डल अभियन्ता–तृतीय/उ०रे०/लख० के कार्य क्षेत्र में सहायक मण्डल अभियन्ता–वाराणसी के अधीन वाराणसी यार्ड में किमी0 773.898 पर समपार सं० 04/स्पे०/लूप को बन्द किये जाने हेतु अन्त से अन्त तक रैम्प सहित पैदल उपरिगामी पुल (स्टील ढांचा को छोड़कर) का प्रावधान। | |
| 3. | अनुमानित लागत | Rs. 50,05,263.36 | |
| 4. | धरोहर राशि | 1,00,100.00 | |
| 5. | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से आठ (08) माह। |
| 6. | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं. 01 के लिए | 27.06.2025 |
| 7. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 01 के लिए | 11.07.2025 15:00 बजे |
| 8. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | |

नोटः तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रो को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नयी दिल्ली का पत्र सं० 74-W/O/Pt-XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1760/25

# हमीरपुर में चल रहे हैं कई अवैध ईंट भट्ठे

हिफजुर्रहमान

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जनपद में ईंट भट्ठा उद्योग के संचालन को लेकर गंभीर अनियमितताएँ सामने आ रही हैं। जिला पंचायत अधिकारी, हमीरपुर के अनुसार, जनपद में केवल 15 ईंट भट्ठों को जिला पंचायत द्वारा संचालन के लिए अधिकृत किया गया है, जिनके मालिकों ने विगत वर्ष संचालन हेतु निर्धारित सरकारी शुल्क जमा किया है। हालांकि, हकीकत यह है कि जनपद में कई भट्ठे अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं, जिन्हें न तो जिला पंचायत और न ही अन्य संबंधित विभागों से कोई अनुमति प्राप्त है। इन भट्ठों में पर्यावरणीय नियमों, अवैध मिट्टी खनन, और बाल श्रम कानूनों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है, जो जांच का गंभीर विषय बन गया है।

**पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी-** जनपद के मौदहा, राठ, और अन्य क्षेत्रों में संचालित अधिकांश ईट भट्ठे पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (PPCB) के नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। इनमें से कई भट्ठों ने न तो "Consent to àßstablish" (CTàß) और न ही

### पर्यावरण, अवैध खनन और बाल श्रम के उल्लंघन का गंभीर

"Consent to Oà¿erate" (CTO) प्राप्त किया है। इसके अलावा, केंद्र और राज्य सरकार द्वारा अनिवार्य ज़िग-ज़ैग तकनीक का उपयोग न करने के कारण ये भट्ठे भारी मात्रा में काला धुआं और प्रदूषण फैला रहे हैं। थर्मल पावर प्लांट्स के 100 किमी दायरे में फ्लाई ऐश ईंटों का उपयोग अनिवार्य होने के बावजूद, अधिकांश भट्ठे पारंपरिक मिट्टी आधारित ईंटों का उत्पादन कर रहे हैं, जिससे मिट्टी का अंधाधुंध दोहन हो रहा है। स्थानीय निवासियों की शिकायत है कि इन भट्ठों से निकलने वाला धुआं और धूल उनकी फसलों, स्वास्थ्य, और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है।

**अवैध मिट्टी खनन का बोलबाला-** जनपद में अवैध मिट्टी खनन एक गंभीर समस्या बन चुका है। अधिकांश भट्ठे बिना खनन विभाग की अनुमति के नदियों, तालाबों, और उपजाऊ कृषि भूमि से मिट्टी निकाल रहे हैं। यह न केवल पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ रहा है, बल्कि सरकारी राजस्व को भी भारी नुकसान पहुंचा रहा है। एक पर्यावरण



कार्यकर्ता ने बताया, अवैध खनन के कारण नदियों का प्रवाह बाधित हो रहा है और उपजाऊ मिट्टी की कमी से किसानों की आजीविका खतरे में है।

**बाल श्रम का अमानवीय चेहरा-** जनपद के ईट भट्ठों में बाल श्रम का मुद्दा भी गंभीर रूप ले चुका है। बाल श्रम निषेध और विनियमन अधिनियम, 1986 के तहत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का रोज़गार प्रतिबंधित है, लेकिन कई भट्ठों में कम उम्र के बच्चे खतरनाक परिस्थितियों में काम करते पाए गए हैं। इन बच्चों को कम मज़दूरी पर लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर किया जाता है, और उन्हें न तो सुरक्षा उपकरण और न ही बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं।स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बताया कि कई गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा से वंचित होकर भट्ठों में काम करने को मजबूर हैं। यह न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि समाज के भविष्य को भी अंधकारमय बना रहा है।

**जिला पंचायत का दावा और हकीकत-** जिला पंचायत अधिकारी ने दावा किया कि जनपद में केवल 15 भट्ठे अधिकृत हैं और इनके द्वारा नियमों का पालन किया जा रहा है। लेकिन स्थानीय सूत्रों का कहना है कि दर्जनों भट्ठे बिना लाइसेंस, पर्यावरणीय मंजूरी, और श्रम कानूनों के अनुपालन के संचालित हो रहे हैं। इनमें बिजली चोरी, अवैध खनन, और प्रदूषण नियंत्रण मानकों की अनदेखी जैसे उल्लंघन आम हैं। प्रशासन की कथित निष्क्रियता और मिलीभगत ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है।

**नागरिकों और कार्यकर्ताओं की मांग-** जागरूक नागरिकों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने अवैध भट्ठों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि ये भट्ठे पर्यावरण, स्थानीय संसाधनों, और श्रमिकों के अधिकारों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे हैं। एक कार्यकर्ता ने कहा, प्रशासन को तत्काल इन भट्ठों की जांच करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही, बाल श्रम को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने की ज़रूरत है।

**सरकारी निर्देश और चुनौतियाँ-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण, अवैध खनन पर रोक, और श्रम कानूनों के अनुपालन के लिए सख्त निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद, हमीरपुर में अवैध भट्ठों का संचालन प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है। अधिकृत भट्ठों में भी ज़िग-ज़ैग तकनीक और फ्लाई ऐश ईंटों का उपयोग पूरी तरह लागू नहीं हो पाया है। भट्ठा संचालकों का कहना है कि तकनीकी बदलाव के लिए प्रारंभिक निवेश और प्रशिक्षण की कमी एक चुनौती है। जनपद में अवैध ईट भट्ठों का मुद्दा पर्यावरण, अर्थव्यवस्था, और सामाजिक न्याय से जुड़ा है। जिला प्रशासन, PPCB, और खनन विभाग को समन्वय के साथ एक पारदर्शी जांच करनी होगी। अवैध भट्ठों पर तत्काल रोक, बाल श्रम के खिलाफ सख्त कार्रवाई, और अधिकृत भट्ठों की नियमित निगरानी आवश्यक है। साथ ही, फ्लाई ऐश ईंटों और ज़िग-ज़ैग तकनीक को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता और सब्सिडी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा।

# दिवंगत बब्बर शेर मनन की तृतीय पुण्यतिथि मनाई

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** इटावा सफारी पार्क के दिवंगत बब्बर शेर मनन की तृतीय पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर शुक्रवार को बब्बर शेर मनन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए तथा सफारी पार्क प्रशासन द्वारा बब्बर शेर मनन की स्मृति में एक पीपल के वृक्ष का रोपण किया गया। इसके अतिरिक्त उत्तराखण्ड वानिकी प्रशिक्षण अकादमी हल्द्वानी में प्रशिक्षणरत लगभग 70 वन आरक्षियों को इटावा सफारी पार्क में शैक्षिक भ्रमण कराने के उपरांत इटावा सफारी पार्क के निदेशक द्वारा मनन सभागार में शेर मनन की स्मृतियों को साझा किया गया। इटावा सफारी पार्क में प्रथम जोड़े के रूप में बब्बर शेर मनन एवं शेरनी कुंवरि को दिनांक 11.04.2014 को लाया गया था। तब से लेकर दिनांक 13 जून 2022 तक बब्बर शेर मनन 09 संतानों- सिम्बा, सुल्तान, बाहुबली, भारत, रूपा, सोना, केसरी, नीरजा और गार्गी नामक शेर/शेरनियों का पिता बना। इस मौके पर सफारी पार्क के बॉयोलाजिस्ट बी0एन0 सिंह, वन्यजीव चिकित्सक डा0रोबिन सिंह यादव, डा0शैलेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, शशांक पटेल एवं सफारी पार्क के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। इटावा सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सालय में उपचार की उत्तम व्यवस्था के दृष्टिगत प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देश के क्रम में दिनांक 12.06.2025 को ललितपुर वन प्रभाग के मड़ावरा रेंज के अन्तर्गत ग्राम भौंती की पुलिया के नीचे से घायल अवस्था में लेपर्ड रेस्क्यू कर उपचार हेतु इटावा सफारी पार्क लाया गया है। जहां सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सकों द्वारा घायल तेन्दुआ का उपचार प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही बब्बर शेरनी रूपा का ब्लड सैम्पल जांच हेतु भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली भेजा गया है। उक्त शेरनी का उपचार सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सकों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। यह जानकारीडा0 अनिल कुमार पटेल निदेशक इटावा सफारी पार्क ने दी।

# स्थलीय परीक्षण कर प्रभावी कार्यवाही करने के दिये निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ आकांक्षात्मक ब्लाक चतरा में शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा की, समीक्षा के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी केन्द्र, कौशल विकास मिशन के तहत ब्लाक चतरा में योजनाओं से संतृप्त करने की प्रगति व इन्डीकेटर्स की समीक्षा किये, समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें, जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्ड चतरा में आये बदलाव का स्थलीय परीक्षण भी किया जाये और इसकी एक विस्तृत रिपोर्ट प्रति सप्ताह प्रस्तुत की जाये और ब्लाक में किये जा रहे



कार्यो की साप्ताहिक समीक्षा की जाये, उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा संचालित इन कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की प्राथमिकता अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा एवं विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री जी ने इन कार्यक्रमों को 'अन्त्योदय' की संकल्पना का जीवन्त उदाहरण बताते हुए प्रत्येक जनपद एवं विकास खण्ड को सतत निगरानी और परिणाम आधारित रणनीति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिएं हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लाक क्षेत्रों में योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन के लिए माइक्रो प्लानिंग की जाए और नियमित अनुश्रवण हो, जनपद, ब्लॉक या व्यक्ति को विकास के लाभ से वंचित न रखा जाए। आकांक्षात्मक जनपद और विकास खण्ड जैसे कार्यक्रम 'सबका साथ, सबका विकास' को धरातल पर उतारने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# पंसारी टोला जैन मंदिर में शिक्षण शिविर का किया गया समापन

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** नगर के प्राचीन श्री पंचायती दिंगबर जैन मंदिर पंसारी टोला में जैन शिक्षण शिविर की धूम मची हुई है आठ दिवसीय कार्यक्रम का समापन बडी हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें उत्साही शिविरार्थीयो ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रात्रि के कार्यक्रम में मंगलाचरण के बाद जैन बारह भावनाओं की नृत्य नाटक को मंच पर प्रदर्शित किया गया। वैराग्य से विभोर इन बारह भावनाओं को बहुत ही सराहना गया। इस कार्यक्रम में काशी राम शास्त्री जी भोपाल से पधारे हुऐ है शिविर मे बच्चों को जैन बारह भावनाएं जैन धर्म में ध्यान और चिंतन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह बारह भावनाएं व्यक्ति को संसार, कर्म और आत्मा के बारे में सोचने और उसके अनुसार जीने के लिए सदैव ही प्रेरित करती रहती हैं। यह सभी भावनाएं संसार का अभाव करने



में सहयोगी रहती हैं। भोर सवेरे योगा कक्षा के बाद श्री जिनेंद्र भगवान का अभिषेक, पूजन आदि आयोजित हुए। बच्चों को पूजन से संबंधित क्रियाओ एवं उनके भावों को समझाया गया। जिसमें पूजन के पांच अंग, उसकी विधि, अपने परिणामों की विशुद्ध, कैसे पूजन करते हुए तत्व चिंतन करें आदि बताया गया। आपको बताते चले जैन संस्कार शिविर के इस भव्य आयोजन से आसपास के क्षेत्र से और जैन शिविरार्थी प्रतिदिन जुड़ते जा रहे हैं जिससे उनकी संख्या में इजाफा हो रहा है। इस भव्य आयोजन के लिए पूरी टीम ही सदैव घंटे की मेहनत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी हुई है। जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान वाले बच्चों को प्रमाण पत्र गिफ्ट के साथ सम्मानित किया गया इसके भोपाल से आये शास्त्री जी को मंदिर कमेटी के सुशील जैन अभय जैन पिंटू महिला मंडल श्रीमती रचना जैन नीता जैन ज्योति जैन ममता जैन अलका जैन श्वेता जैन आदि द्वारा पटका पहनकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### एस एस पी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में शुक्रवार को जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचित/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। उन्होंने विभिन्न थानाक्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी(पुलिस), थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना इटावा पुलिस की प्राथमिकता है।

### डीबीए इटावा में हुई शोक सभा



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के हॉल में अहमदाबाद में हुई वायुयान दुर्घटना में मारे गए सभी यात्रियों व डॉक्टर्स व क्रू मेंबर्स तथा वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय सर्वेश पाठक के असामयिक मृत्यु के लिए शोक सभा की गई तथा दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित एवं रूपेन्द्र सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से बताया कि सभा का संचालन महामंत्री देवेंद्र सिंह पाल ने किया तथा अध्यक्षता अनिल कुमार गौर द्वारा की गई। शोक सभा में राजेश त्रिपाठी, संतोष चौहान, प्रवल प्रताप सिंह, अवनीश यादव, रूपेन्द्र चौहान, हरबिलास, विद्याराम भारती, विमल तिवारी, संदीप अग्रवाल शिवम सेंगर अतुल श्रीवास्तव साक्षी शर्मा, हंसमुखी, नितिन तिवारी, निशांत पोरवाल, उमेश यादव, देवेंद्र मिश्रा आदि अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

### डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन वेलफेयर ट्रस्ट की बैठक संपन्न

**सोनभद्र।** सोनभद्र 13 जून 2025 डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन वेलफेयर ट्रस्ट सोनभद्र की डी बी ए सभागार में अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में दिन के 11.30 हुआ जिसका संचालन ट्रस्ट के सचिव पवन कुमार सिंह एड ने किया। जिसमें ट्रस्ट में वकालतनामा,कूपन, सदस्यता फार्म पर गहन विचार विमर्श किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट ने कहा कि न्यास मुख्य रूप से न्यास के सदस्यों की मृत्यु तथा दुर्घटना होने पर उनके आश्रितों को आर्थिक मदद करना है। तथा सदस्यों का स्वास्थ्य बीमा जीवन बीमा व पेंशन योजना की भी रूपरेखा इस ट्रस्ट में की गई है। महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एड बताया कि अधिवक्ताओ के कल्याण हेतु डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन वेलफेयर ट्रस्ट सोनभद्र का सभी प्रारूप तैयार कर अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रयास है की जुलाई तक ट्रस्ट के सारे कार्य को लागू किया जाए। पूर्व अध्यक्ष श्यामबिहारी यादव एड ने कहा कि न्यास के सदस्यों की आर्थिक, बौद्धिक एवं सामाजिक स्तर में वृद्धि एवं विधि व्यवसाय में गुणात्मक विकास के लिए बिना हानि लाभ के ट्रस्ट की स्थापना की गई है तथा मुख्य रूप से न्यास के सदस्यों की मृत्यु तथा दुर्घटना होने पर उनके आश्रितों को आर्थिक मदद करना है। तथा सदस्यों का स्वास्थ्य बीमा जीवन बीमा व पेंशन योजना की भी रूपरेखा इस ट्रस्ट में की गई है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी गण राजेश कुमार यादव व राजेश कुमार मौर्य, रमेशचंद्र सिंह, वी पी सिंह, सुरेश कुशवाहा,कामता प्रसाद यादव, वीरेन्द्र कुमार राव, सरिता भास्कर, चर्तुभुज शर्मा, दसरथ यादव, विनीता, सरस्वती देवी, मो याकूब, अवदेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### अवैध तमंचे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**हमीरपुर,अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध नियंत्रण और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत राठ पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त की पहचान शिवम (20 वर्ष), पुत्र अरविंद, निवासी ग्राम पचखुरी, थाना जरिया, जनपद हमीरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने शिवम को राठ कस्बे में पोस्टमार्टम हाउस से लगभग 50 कदम पहले गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक 315 बोर का अवैध देशी तमंचा बरामद हुआ। इस मामले में थाना राठ पर मुकदमा संख्या 283/2025, धारा 9/25 आर्म्स एक्ट के तहत पंजीकृत कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजू सिंह, उपनिरीक्षक ओम प्रकाश यादव और कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल थे। पुलिस का यह अभियान जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रभावी कदम साबित हो रहा है।



# बालिका सशक्तीकरण अभियान कार्यक्रम बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक: राजीव अकोटकर



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा अपने प्रमुख नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम बालिका सशक्तीकरण अभियान (जेम) 2025 के सफल समापन का भव्य आयोजन किया गया। यह मिशन आसपास के क्षेत्रों की सरकारी स्कूलों की 120 बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु बीते 18 मई से प्रारंभ हुआ था, जिसका समापन समारोह 13 जून 2025 को एनटीपीसी सिंगरौली परिसर में स्थित मनोरंजन केंद्र सभागार में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

एक माह तक चलने वाले इस जेम कार्यक्रम के तहत छात्राओं को शैक्षणिक विषयों के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा, कंप्यूटर शिक्षा, पर्यावरण अध्ययन, योग, नृत्य, आत्मरक्षा, कला एवं शिल्प, संवाद कौशल और नैतिक मूल्यों की ट्रेनिंग दी गई। इस प्रशिक्षण में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा बालिकाओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को विकसित किया गया। समापन समारोह के दौरान बालिकाओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें पारंपरिक नृत्य, नाट्य प्रस्तुति और सामुहिक गीत शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली ने बालिकाओं की सराहना करते हुए कहा कि, बालिका सशक्तिकरण अभियान (जेम) कार्यक्रम बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें समाज में सशक्त भूमिका निभाने के लिए सहायक सिद्ध होते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से हम न केवल बालिकाओं के आत्मविश्वास और प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें नेतृत्व, टीमवर्क और संवाद कौशल जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं से भी सुसज्जित करते हैं। ऐसे प्रयास समाज में लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करते हैं और एक समावेशी एवं सशक्त राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस संदर्भ में वनिता समाज, शक्तिनगर की अध्यक्षा पीयूषा अकोटकर ने भी बालिकाओं को प्रेरित करते हुए शिक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली हमेशा बालिकाओं के उवल भविष्य के लिए संकल्पबद्ध रहेगा। बता दें कि, जेम मिशन, भारत सरकार की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अनुरूप, लड़कियों को समान अवसर और सशक्त मंच प्रदान करने का उद्देश्य रखता है। अब तक यह कार्यक्रम देशभर के कई एनटीपीसी परियोजना स्थलों पर 10,000 से अधिक बालिकाओं को लाभान्वित कर चुका है। एनटीपीसी सिंगरौली सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से प्रेरित होकर शिक्षा, सशक्तिकरण और समानता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर ऐसे प्रयास करता रहेगा।

# लालपुरा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में नीलकंठ क्लब बना विजेता



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** लालपुरा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट समापन समारोह देर शाम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि लालपुरा सभासद प्रतिनिधि अरविंद यादव ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया एवं विजेता टीम को ट्रॉफी देकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में जीत और हार तो लगी रहती है, यह खेल का एक हिस्सा है हारने वाली टीम को आगे और तैयारी करके जीतने के लिए खेलना चाहिए और जीतने वाली टीम को आगे के लिए और ऊंचे पायदान के लिए खेलना चाहिए। लालपुरा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच लालपुरा नाइट राइडर्स एवं नीलकंठ क्लब के बीच खेला गया। सभासद प्रतिनिधि अरविंद यादव ने टॉस करके मैच का शुभारंभ किया। जिसमें नीलकंठ क्लब द्वारा टॉस को जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। नीलकंठ क्लब के द्वारा निर्धारित आठ ओवरों में बल्लेबाजी करते हुए अपनी विपक्षी टीम को 92 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें रोमन ने 21, सौरभ ने 15, राजा ने 42, अमन ने 9, गोलू ने 8 रन बनाए। 92 रनों का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स 82 रन ही बना सकी। इस मौके पर देवेश कुशवाहा, अनुराग श्रीवास्तव, सिक्का यादव, ऋषभ यादव, सौरव यादव, सनी यादव, अनमोल यादव, शिवम यादव , छोटू यादव, रोमन यादव मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से 19.94 लाख स्ट्रीट वेण्डर लाभान्वित

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** प्रदेश में कोविड-19 के दौरान छोटे-बड़े शहरों में रेहड़ी वाले, पटरी व सड़क किनारे दुकान, कोई धन्धा, कारोबार करके रोज कमाने रोज खाने वाले काफी दुकानदार एवं वेण्डर्स अपनी रोजी-रोटी चलाते थे, वह लॉकडाउन के दौरान बन्द हो गया था। ये शहरी पथ विक्रेता ऐसे होते थे जो प्रतिदिन वस्तुएं खरीदते और उसे प्रतिदिन बेचते थे। ये पथ विक्रेता प्रतिदिन जो कमाते थे उससे उनके परिवार का पालन पोषण होता था। ऐसे शहरी पथ विक्रेताओं की संख्या प्रदेश में लाखों है। जो लोग दैनिक आजीविका के कारोबार करते थे, धनाभाव के कारण बन्द हो गया। कारोबार बन्द होने से शहरी पथ विक्रेताओं के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया था। शहरी पथ विक्रेताओं की इन्हीं समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए भारत के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 01 जून, 2020 से ष्प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पी0एम0 स्वनिधि) योजनाष् का शुभारम्भ किया है, जिसके अन्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को पुनः अपना कार्य शुरू कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा आर्थिक पैकेज के रूप में आसान किश्तों पर ऋण की सुविधा देकर कार्यशील पूँजी बनाने में उनकी सहायता की जा रही है। प्रदेश सरकार बेरोजगार हुए हर वर्ग के लोगों की सहायता कर रही है। प्रदेश सरकार खेतिहर, मजदूर, किसान, कारीगर, कुशल/अर्द्धकुशल श्रमिक, उद्योग-धंधों के लोगों, उद्यमी व्यवसायी सभी को आवश्यक सहायता कर रही है। जिससे उनका विकास हो और प्रदेश समृद्ध बने। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में शहरी रेहड़ी पटरी वालों व छोटी-मोटी दुकान वालों को अपना कारोबार फिर से खड़ा करने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से प्रदेश सरकार पथ विक्रेताओं को लाभान्वित करा रही है। जो लोग पहले से वेंडिंग कर रहे है, वे वेंडर्स इस योजना से लाभ उठा रहे है। इस योजना के अन्तर्गत लाभ लेने के लिए सर्वेक्षण कराते हुए उनका पंजीयन किया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के समस्त नगर निगमों, नगर निकायों से चिहिन्त पंजीकृत शहरी पथ विक्रेताओं का डाटा विवरण योजना के पोर्टल पर उपलब्ध कराये गये है। प्रधानमंत्री स्वनिधि-योजनान्तर्गत शहरी पथ विक्रेता को रू010 हजार का अनुदान आधारित प्रथम ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रथम ऋण की वापसी के उपरान्त द्वितीय ऋण रू0 20 हजार एवं द्वितीय ऋण की वापसी के उपरान्त तृतीय ऋण रु0 50 हजार बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा 19.94 लाख से अधिक पटरी पथ विक्रेताओं को ऋण वितरित करते हुये पूरे देश में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान पर है। प्रदेश के लाखों पथ विक्रेताओं एवं उनके परिवार के सदस्यों को 8 अन्य केन्द्रीय योजनाओं से लाभान्वित कराया जा चुका है। प्रदेश में अब तक 9,45,379 पथ विक्रेताओं को डिजिटली एक्टिव कराया गया है। प्रथम 10 मिलियन प्लस शहरो में सर्वाधिक ऋण वितरण में प्रदेश के 6 शहर- लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गाजियाबाद व आगरा सम्मिलित हैं। भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु वर्ष 2023-24 में ष्प्रेज अवार्डष् से पुरस्कृत किया गया है। प्रदेश सरकार आवेदन फार्म तथा संबंधित बैंक के बन्धक पत्र में भी आवश्यक सहयोग कर रही है, जिससे वेण्डर्स दैनिक कमाई करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकें। प्रदेश के शहरी पथ विक्रेता इस योजना का लाभ उठाते हुए अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार करते

# हमीरपुर ने विकास में फिर मारी बाजी, सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में चौथा स्थान

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर ने विकास कार्यों, राजस्व कार्यों और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दम पर मई 2025 की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में 92.20 अंकों के साथ प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। इससे पहले मार्च 2025 में जनपद ने प्रथम रैंक प्राप्त की थी, जो इसकी निरंतर प्रगति को दर्शाता है।सीएम डैशबोर्ड के तहत विभिन्न योजनाओं में जनपद ने शत-प्रतिशत अंकों के साथ ए ग्रेड प्राप्त किया। इनमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, ग्राम उन्नति सोलर स्ट्रीट लाइट, एकीकृत बागवानी विकास मिशन, पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो इरिगेशन, खराब ट्रांसफार्मर शिकायत निस्तारण, दैनिक विद्युत आपूर्ति, कृषि रक्षा रसायन डीबीटी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, मनरेगा भवन निर्माण, सड़क निर्माण, 102 व 108 एम्बुलेंस सेवाएं, टेली रेडियोलॉजी, सिटी स्कैन सेवाएं, दूध मूल्य भुगतान, सहकारी दुग्ध समितियां, दिव्यांग पेंशन, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण विद्यालय निरीक्षण, निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, शादी अनुदान योजना, मत्स्य उत्पादन, कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, सेतु निर्माण, ओडीओपी टूलकिट वितरण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, जिला सहकारी बैंक ऋण वितरण और रबी फसल टेल फीडिंग जैसी योजनाएं शामिल हैं। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने इस उपलब्धि के लिए सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मिलकर योजनाओं को और बेहतर ढंग से लागू करें, ताकि जनपद प्रदेश में सर्वोच्च स्थान बनाए रखे।

# आज भी सूरज की तपिश से झुलसेगा प्रदेश

**तपिश**
- रातें भी होंगी गर्म, आठ जिलों का तापमान 45 डिग्री के करीब रहा
- गर्मी से पांच और बिजली गिरने से तीन की मौत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गर्म हवा के थपेड़ों के साथ झुलसा देने वाली भीषण गर्मी का कहर जारी है। बृहस्पतिवार को झांसी, आगरा, बांदा समेत 8 जिलों में पारा 45 डिग्री के आसपास रहा। प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, सुल्तानपुर में भी लोग तपिश और गर्म हवा के थपेड़ों से बेहाल रहे। आसमान से बरसती आग से अभी दो दिनों तक राहत की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार 15 जून से पश्चिम व पूरब दोनों संभागों में बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार हैं। वहीं, मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी के गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़, मथुरा समेत 11 जिलों में लू चलने का ऑरेंज अलर्ट और अन्य 14 जिलों में लू के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इन इलाकों में रातें भी सामान्य से ज्यादा गर्म रहेंगी। पश्चिमी यूपी में में 14 जून तक प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों से राहत की उम्मीद नहीं है। वहीं, पूर्वांचल में शुक्रवार से मौसम में बदलाव का पूर्वानुमान हैं। शुक्रवार को पूर्वी दक्षिणी यूपी और तराई के 35 जिलों में गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश में 14 जून तक हीट वेव की परिस्थितियां है। 15 जून से पश्चिम व पूरब में बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार हैं। (बहराइच/श्रावस्ती/ कानपुर/ झांसी)। भीषण गर्मी से जूझ रहे तराईवासियों को बृहस्पतिवार को हुई हल्की बारिश से राहत मिली है। आषाढ़ माह के पहले दिन श्रावस्ती के जमुनहा, गिरंट, तुलसीपुर, भंगहा व भिनगा में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। वहीं, बहराइच में शाम चार बजे के बाद तेज हवा व बदली से मौसम सुहाना हो गया। रिसिया विकास खंड में झमाझम बारिश शुरू हो गई। कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी राम छवि जायसवाल (50) की बिजली गिरने से मौत हो गई। इसके अलावा बुंदेलखंड के ललितपुर में बिजली गिरने और आंधी के बीच हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, बांदा और चित्रकूट में लू से पांच लोगों की मौत हो गई।

**लखनऊ में लू के थपेड़ों के साथ पारे ने छुआ 44 डिग्री का आंकड़ा, बृहस्पतिवार सबसे गर्म दिन रहा**

जेठ के गुजर जाने के बाद अब गर्मी पूरे तेवर में है। आषाढ़ के पहले दिन (प्रतिपदा) बृहस्पतिवार को राजधानी में इस वर्ष पारे ने 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचकर गर्मी का नया रिकॉर्ड बनाया। यह तापमान सामान्य से 4.7 डिग्री ज्यादा था। दिन की गर्मी का असर शाम धूप ढलने के बाद भी बना रहा। अंधेरा होने के बाद भी गर्म हवा के थपेड़े महसूस हुए। दिन चढ़ने के साथ ही राजधानी में लू के थपेड़े महसूस हुए। गर्मी से बचने के लिए कूलर, पंखे जैसे उपाय फेल हो गए। मौसम विभाग के मुताबिक लखनऊ में यह हीटवेव का पहला दिन था। दोपहर बाद लोग सड़कों पर अनावश्यक निकलने से बचते रहे। जिन्हें जरूरी काम से निकलना पड़ा वह भी छांव तलाशते नजर आए। बृहस्पतिवार को दिन का अधिकतम तापमान दो डिग्गी की उछाल के साथ 44 डिग्री सेल्सियस और रात्त का न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री की बढ़त के साथ 31.2 डिग्री सेल्सयस रिकॉर्ड हुआ, जो सामान्य से चार डिग्री ज्यादा था।

# किसान की समृद्धि से ही प्रदेश की प्रगति होगी

- मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल की 'औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी' का आयोजन
- बाजार की मांग के दृष्टिगत औद्यानिक खेती करें किसान: दिनेश प्रताप सिंह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा अपनी स्वर्णिम यात्रा के 50 वर्ष पूरा करने के उपलक्ष्य में औद्यानिक फसलों को बढ़ावा देने एवं किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रदेश के मण्डलों में औद्यानिक उन्नयन गोष्ठियों का अयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद मेरठ में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में मेरठ एवं सहारनपुर मण्डल की गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया तथा प्रदर्शनी भी लगायी गयी। इस गोष्ठी का शुभारम्भ उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह ने की। उद्यान मंत्री ने कहा कि किसानों की आय वृद्धि हेतु सरकार द्वारा लगातार सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। किसान भाइयों को विभिन्न योजनाओं एवं कृषि प्रणालियों के तहत आशानुरूप इसका लाभ भी प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बाजार की मांग को देखते हुए औद्यानिक खेती का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। मेरठ एवं सहारनपुर के किसानों द्वारा शहद उत्पादन के कारण हमारे उत्तर प्रदेश का सम्मान दुनिया में बढ़ा है। इतना ही नहीं प्रदेश के किसानों द्वारा औद्यानिक खेती के माध्यम से फूलों, मसालों आदि का भी उत्पादन बहुत ही बेहतरीन तरीके से किया जा रहा है। उद्यान मंत्री ने कहा कि शिमला मिर्च, स्ट्रॉबेरी, फूलों, मसालों आदि की खेती में पारंपरिक खेती की अपेक्षा बेहतर आमदनी होती है। इन सभी की खेती करने पर प्रदेश सरकार किसानों को सहायता और अनुदान प्रदान कर रही है। हम संरक्षित खेती के लिए भी किसानों को सहायता राशि प्रदान कर रहे हैं। अगर किसानों के साथ सरकार है तो किसानों को भी पारंपरिक खेती के साथ ही नकदी या औद्यानिक खेती की ओर ध्यान देना चाहिए। उद्यान मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उद्यान विभाग उत्तरोतर प्रगति कर रहा है। उसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश 'खुशहाल किसान एवं समृद्ध प्रदेश' की तरफ अग्रसर है।

# अन्तर्राष्ट्रीय गणित ओलम्पियाड में सी.एम.एस. छात्र को प्रथम रैंक

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा-9 के मेधावी छात्र दक्ष राज सिंह ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सिंगापुर एवं एशियन स्कूल्स मैथ ओलम्पियाड (एस.ए.एस.एम.ओ.- 2025) में देश में प्रथम रैंक एवं विश्व स्तर पर द्वितीय रैंक अर्जित कर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर लखनऊ का नाम रोशन किया है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्र की इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है, साथ ही विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। खन्ना ने बताया कि इस ओलम्पियाड में विश्व के लगभग 42 देशों के 66,000 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें सी.एम.एस. छात्र ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी बहुमुखी प्रतिभा व गणित ज्ञान का जोरदार प्रदर्शन कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। विदित हो कि सिंगापुर एवं एशियन स्कूल्स मैथ ओलम्पियाड एक वार्षिक अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जो कि दुनिया भर के प्रतिभाशाली छात्रों को गणित के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा, सहयोग और नवाचार के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच प्रदान करता है। यह प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में छात्रों को गणित के अनूठे सवालों को हल करने की उनकी क्षमता का परीक्षण करता है, साथ ही गणितीय कौशल को बढ़ाने के साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल करने का अवसर प्रदान करता है। खन्ना ने बताया कि वैज्ञानिक युग के महत्व को स्वीकारते हुए सी.एम.एस. अपने छात्रों का दृष्टिकोण वैज्ञानिक एवं विश्वव्यापी बनाने के उद्देश्य से जोरदार प्रयास कर रहा है। सी.एम.एस. में छात्रों की प्रतिभा निखारने के लिए पूरे वर्ष विभिन्न विषयों पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताऐं आयोजित की जाती हैं, जिससे छात्रों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलता है।

## शिया हुसैनी फंड की तरफ से होगा ग़दीरी कैंप का आयोजन

**लखनऊ।** शिया हुसैनी फंड की तरफ से ईदे ग़दीर के मौके पर शिया कॉलेज नखास विक्टोरिया स्ट्रीट पर ग़दीरी कैंप का आयोजन किया गया है इस ग़दीरी कैंप का आयोजन ईदे ग़दीर के मौके पर किया जायेगा जिसे शिया समुदाय अपने पहले इमाम हजरत अली अलैहिस सलाम की एलाने विलायत के दिन मनाता है।

शिया समुदाय में यह ईद ईदे अकबर के नाम से भी जानी जाती है इस खुशी के मौके पर शिया हुसैनी फंड के द्वारा विक्टोरिया स्ट्रीट शिया कॉलेज नखूख़ास पर ग़दीरी कैंप में नज़्र दिलाई जाएगी जिसमें मौलाना सैफ़ अब्बास, मौलाना जहीर अब्बास, मौलाना मुस्तफा अली खां, मौलाना एजाज अतहर और मौलाना यासूब अब्बास शिरकत करेंगे। संस्था के ग़दीरी कैंप में शिया हुसैनी फंड की तरफ से पूरे दिन खाने , शरबत तथा मिठाई का वितरण किया जाएगा।

# एआई प्रज्ञा' प्रशिक्षण कार्यक्रम से युवाओं को मिलेगा नई तकनीकों का ज्ञान

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज, लखनऊ में 'एआई प्रज्ञा' नामक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विशेष सचिव, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग/राज्य समन्वयक, सेंटर फॉर ई-गवर्नेंस (ब्मळ) नेहा जैन एवं प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

नेहा जैन ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा एवं नई उभरती तकनीकों में दक्ष बनाएगा। इससे उन्हें भविष्य की नौकरियों के लिए तैयार किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की मंशा है कि इस तरह के नवाचारात्मक प्रशिक्षण प्रदेश के अन्य आईटीआई संस्थानों में भी संचालित किए जाएं ताकि अधिक से अधिक युवाओं को लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान राज कुमार यादव, प्रधानाचार्य, आईटीआई अलीगंज ने कहा कि 'एआई प्रज्ञा' कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इससे उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को सीखने का सीधा मौका मिलेगा, जो वर्तमान समय में रोजगार के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण से छात्र-छात्राएं भविष्य के औद्योगिक परिवेश में सफलतापूर्वक कदम रख सकेंगे।

'एआई प्रज्ञा' कार्यक्रम का आयोजन 1ड1ठ (व्दम डपससपवद वित व्दम ठपससपवद) संस्था के सहयोग से किया गया। पहले चरण में 100 से अधिक छात्र-छात्राओं को एआई, साइबर सुरक्षा, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी तथा प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। 1ड1ठ संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि वे छात्रों को इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स, नवाचार एवं मेंटरशिप के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## चारबाग रेलवे स्टेशन के आउटर पर मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के आउटर पर शुक्रवार सुबह हुई मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार कर लिया गया है। जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) और बदमाश की मुठभेड़ प्लेटफार्म नंबर सात के आउटर पर हुई। बदमाश फिरोज को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। वह हरदोई जिले का रहने वाला है। फिरोज के खिलाफ रेलवे में सात आपराधिक केस दर्ज हैं। घटना पर थाना चारबाग के पुलिस उपाधीक्षक रेलवे अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर सात के आउटर पर एक संदिग्ध व्यक्ति होने की जानकारी मिली और जब बुलाने का प्रयास किया गया तो पुलिस पर फायरिंग झोंक दी। जवाबी कार्रवाई में युवक घायल हो गया। पूछताछ में पता चला कि उसका नाम फिरोज है और उस पर नौ मुकदमे दर्ज हैं।

# सैलानियों को मिलेगा दुधवा नेशनल पार्क में जंगल सफारी का आनन्द

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पहली बार दुधवा नेशनल पार्क के मोहम्मदी रेंज को मानसून सीजन में भी पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। अब तक इस मौसम में देश के अधिकांश टाइगर रिजर्व और नेशनल पार्क बंद रहते थे। उत्तर प्रदेश इको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड की इस नई पहल का मकसद पर्यटकों को वर्षा ऋतु में जंगल की अनदेखी और अद्भुत खूबसूरती से रूबरू कराना है। इससे मानसून सीजन में भी स्थानीय समुदायों व व्यवसायों को आय का नया जरिया मिलेगा। यह जानकारी देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह ने बताया कि मानसून के दौरान दुधवा टाइगर रिजर्व का मोहम्मदी रेंज बेहद आकर्षक नजर आता है। इस मौसम में जंगल स्वयं को पुनर्जीवित करता है। हरियाली और गहरी हो जाती है। रंग-बिरंगे फूल व घासें खिल उठती हैं, जिससे यह क्षेत्र खास नजर आता है। इस विशेष पहल से दुधवा का मानसून अब 'ऑफ-सीजन' नहीं रहेगा, बल्कि उन लोगों के लिए खास बन जाएगा, जो प्राकृतिक सुंदरता को करीब से अनुभव करना चाहते हैं।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि दुधवा नेशनल पार्क का शेष क्षेत्र 15 जून से चार महीने के लिए मानसून के कारण बंद हो जाता है, वहीं मोहम्मदी रेंज इस बार खुला रहेगा। इस रेंज में 24 किलोमीटर लंबा सफारी ट्रैक है, जो वन्यजीवों से भरपूर है। इस क्षेत्र में 25 से अधिक बाघों के साथ-साथ हिरण, नीलगाय सहित अन्य शाकाहारी जीवों की अच्छी-खासी आबादी है। इस दौरान पर्यटक जंगल को सबसे अधिक हरे-भरे रूप में देख सकेंगे। बारिश के दिनों में यह पूरा वन क्षेत्र हरियाली की चादर ओढ़ लेता है। मौसमी जलधाराएं दृश्य को मनोरम बना देती है। दुर्लभ मानसूनी फूल व घास से मैदान सज जाते हैं। कुल मिलाकर कहें तो पर्यटकों को सफारी का भरपूर आनंद प्राप्त होगा।

# ऊर्जा मंत्री के निजीकरण के बयान से बिजलीकर्मी खफा

- 22 जून को लखनऊ में महापंचायत का ऐलान
- निजीकरण के लाभ पर मंत्री को खुली चुनौती
- महापंचायत में आमने-सामने होंगे सरकार और कर्मचारी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली निजीकरण के मुद्दे पर विवाद गहराता जा रहा है। ऊर्जा मंत्री श्री अरविंद कुमार शर्मा द्वारा निजीकरण के पक्ष में दिए गए बयान से बिजली कर्मचारियों में भारी रोष है। इसी क्रम में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने आगामी 22 जून को लखनऊ में एक विशाल बिजली महापंचायत का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इस महापंचायत में ऊर्जा मंत्री और पॉवर कारपोरेशन प्रबंधन को भी आमंत्रित किया गया है ताकि वे निजीकरण के लाभ को बिजली कर्मियों, किसानों और आम उपभोक्ताओं के सामने स्पष्ट कर सकें।

संघर्ष समिति ने ऊर्जा मंत्री के उस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है जिसमें उन्होंने ग्रेटर नोएडा और आगरा में बिजली के निजीकरण की प्रशंसा करते हुए सुधार का दावा किया था। समिति का कहना है कि आरडीएसएस योजना के तहत 44 हजार करोड़ रुपये खर्च कर जब प्रदेश की बिजली व्यवस्था सुदृढ़ हो गई है, तो सरकारी पैसे से व्यवस्था सुधार कर निजी घरानों को सौंपना किस सुधार प्रक्रिया का हिस्सा है। समिति ने यह भी आरोप लगाया कि आगरा में टोरेंट पॉवर कंपनी को बिजली व्यवस्था सौंपने के बाद पॉवर कारपोरेशन को करोड़ों का घाटा हुआ है। 2200 करोड़ रुपये का बकाया आज तक एकत्र नहीं हुआ, और प्रति यूनिट बिजली खरीद पर भी पॉवर कारपोरेशन को सालाना 274 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है।

ग्रेटर नोएडा में नोएडा पॉवर कंपनी लिमिटेड के खराब प्रदर्शन का हवाला देते हुए समिति ने सवाल उठाया कि यदि निजी कंपनी इतना अच्छा काम कर रही है, तो उत्तर प्रदेश सरकार उसका लाइसेंस समाप्त कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में क्यों लड़ रही है। समिति ने दिल्ली में भी निजी बिजली कंपनियों (बीएसईएस राजधानी पॉवर लि. और बीएसईएस यमुना पॉवर लि.) का लाइसेंस रद्द करने की भाजपा सरकार की कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि एक तरफ दिल्ली में निजीकरण विफल हो रहा है, वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रदेश के 42 जिलों की बिजली व्यवस्था निजी कंपनियों को सौंपने की वकालत कर रहे हैं। निजीकरण के विरोध में प्रदेश भर में बिजली कर्मियों का आंदोलन लगातार 198वें दिन जारी रहा। वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर सहित विभिन्न शहरों में विरोध प्रदर्शन किए गए। आगामी महापंचायत में किसानों, आम उपभोक्ताओं और सामाजिक संगठनों के राष्ट्रीय नेताओं के भी शामिल होने की संभावना है, जिससे यह मुद्दा और गरमा सकता है।

# भाषा विश्वविद्यालय में वेबीनार का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में विरासत से विकास~ योग की भूमिका÷ विषय पर एक वेबीनार का आयोजन किया गया। यह वेबीनार माननीय राज्यपाल महोदया के निर्देशानुसार तथा कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण में आयोजित किया गया। इस विशेष वेबीनार में लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग से डॉ. उमेश कुमार शुक्ला को विशिष्ट वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपने व्याख्यान में भारतीय सांस्कृतिक विरासत में योग के महत्व तथा आधुनिक विकास यात्रा में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। डॉ. शुक्ल ने बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का साधन नहीं है, बल्कि यह मानसिक, सामाजिक और आत्मिक उत्थान का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने उदाहरणों व शोधों के माध्यम से योग की वैज्ञानिकता और समकालीन महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मोहम्मद शारिक (शारीरिक शिक्षा विभाग) एवं डॉ. नलिनी मिश्रा (समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वेबीनार में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग विषयक जिज्ञासाओं पर विशेषज्ञ से संवाद भी किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं संयोजन डॉ. नलिनी मिश्रा द्वारा किया गया, तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मोहम्मद शारिक द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन ने योग को लेकर जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ किया तथा योग की प्राचीन विरासत को आधुनिक युग के संदर्भ में पुनः प्रासंगिक रूप में प्रस्तुत किया।

## विभिन्न जनपदों हेतु 09 करोड़ 07 लाख 98 हजार अवमुक्त

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत आजमगढ़ मण्डल के विभिन्न जनपदों के कुल 34 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 09 करोड़ 07 लाख 98 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इन 34 चालू कार्यों में जनपद आजमगढ़ के 20, बलिया के 13 व मऊ के 01 कार्य सम्मिलित हैं। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। शासनादेश में यह भी निर्देश दिये गये हैं किर्यो की वित्तीय/भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षण/सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट हर माह शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

# आरडीएसओ में विशेष योग कार्यशाला का आयोजन




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आरडीएसओ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून)के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही गतिविधियों की श्रृंखला में 13 जून, 2025 को एकविशेष योग कार्यशालाका भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यशाला कार्मिक निदेशालय द्वारा संस्थान के ऑडिटोरियम मेंविशेष रूप से आउटसोर्स एवं लेवल-वन कर्मचारियों के लिए आयोजित की गई थी, ताकि उन्हें भी योग की महत्ता से परिचित कराया जा सके। कार्यशाला का संचालनप्रसिद्ध योग विशेषज्ञस्मृति वंदना अर्णवाल, राज्य समन्वयक, पतंजलि योग समिति, उत्तर प्रदेशद्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को योग केमूल सिद्धांतों, प्राणायाम, ध्यान, एवंसरल योगासनोंका अभ्यास करवाया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कियोग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह एक समग्र जीवनशैली है, जो मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संतुलित करता है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया औरनियमित योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। आरडीएसओ प्रशासनने इस पहल की भूरी-भूरी सराहना की तथा यह आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार की स्वास्थ्य-संबंधी कार्यशालाएं सभी श्रेणी के कर्मचारियोंको ध्यान में रखते हुए आयोजित की जाती रहेंगी।

## त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत 278.18 लाख मंजूर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद गोरखपुर में नाला निर्माण से संबंधित कार्य के लिए 278.18 लाख रूपये मंजूर किए हैं। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, गोरखपुर को प्रेषित कर दी गई है।

शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से जनपद गोरखपुर के मदन मोहन मालवीय तकनीकी विश्वविद्यालय, सिंघड़िया तक आर0सी0सी0 नाला निर्माण का कार्य कराया जायेगा। इस संबंध में निर्देशित किया गया है कि मंजूर की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जाएगी। कार्यों को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के सेथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जाएगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

# ईरान पर इस्राईली हमला को क्षेत्र में तीसरा विश्व युद्ध छेड़ने जैसा: मौलाना कल्बे जवाद

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** इमामे जुमा मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नक़वी ने ईरान पर इस्राईल के हमले की निंदा करते हुए इसे क्षेत्र में तीसरा विश्व युद्ध छेड़ने के समान बताया। मौलाना ने अपने बयान में कहा कि हम ईरान पर इस्राईल के हमले की कड़ी निंदा करते हैं और इस हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। विशेष रूप से हम ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह ख़ामनाई के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं।

मौलाना ने कहा कि इस समय केवल ईरान ही अमेरिका और इस्राईल का मुक़ाबला कर रहा है। किसी भी मुस्लिम देश में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह अमेरिका और इस्राईल के ख़िलाफ़ एक शब्द भी कह सके। यही वजह है कि ईरान हमेशा साम्राज्यवादी और अहंकारी ताक़तों की आँखों में खटकता रहता है।मौलाना ने कहा कि अमेरिका और इस्राईल इंसानियत के खुले दुश्मन हैं और अब दुनिया को इस सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुसलमान ख़ैबर को भुला सकते हैं, लेकिन यहूदी नहीं भूल सकते। ध्यान रखिए कि सोशल मीडिया पर जितनी भी पोस्ट साम्राज्यवादी ताक़तों की ओर से डाली जाती हैं, वे या तो पैग़म्बर मुहम्मद (स.) के ख़िलाफ़ होती हैं या हज़रत अली (अ.) के। क्योंकि यहूदी आज भी ख़ैबर की हार को नहीं भूले हैं। हज़रत अली (अ.) ने ख़ैबर में यहूदियों को शिकस्त दी थी, और आज इंशाअल्लाह आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामनाई इस्राईल को शिकस्त देंगे। मौलाना ने आगे कहा कि आज कौन है जो इस्राईल को ग्रेटर इस्राईल योजना पर अमल करने से रोक सके? क्या ये गुलाम मुस्लिम देश रोक पाएंगे? क्या वे लोग रोकेंगे जो अपनी इज़्ज़तो ओ नामूस को अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने पेश कर रहे थे? आज मिस्र और जॉर्डन जैसे देश खुलेआम इस्राईल का समर्थन कर रहे हैं। मुस्लिम देशों द्वारा इस्राईल को हथियार और रसद पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ये अरब देश इतने बेशर्म हैं कि अपने आलीशान महलों और अय्याशियों के बदले मक्का और मदीना भी दे देंगे। हज़ारों मासूम ग़ज़ा में मार दिए गए, लेकिन इनके कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। मौलाना ने अपने बयान में कहा कि यक़ीनन ज़ालिमों का अंत होकर रहेगा। अब इस्राईल के विनाश के दिन क़रीब हैं। इंशाअल्लाह ईरान का जवाब निर्णायक होगा, इस पर पूरी दुनिया को यक़ीन है।

**अहमदाबाद हादसे पर शोक व्यक्त किया**

मौलाना सैय्यद कल्बे जवाद नक़वी ने अहमदाबाद में एयर इंडिया के यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर भी गहरा शोक व्यक्त किया। मौलाना ने हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा दिल दहला देने वाला है। हम अपने देशवासियों की मौत पर सदमे में हैं। इस मुश्किल घड़ी में हम उनके परिवारों के साथ हैं। मौलाना ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह हर संभव प्रयास करे ताकि भविष्य में ऐसे हादसे दोबारा न हों।